आश्विन शुक्ल पक्ष अष्टमी 12:07 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 11 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 52, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पृथ्वी जैसे जीवनयोग्य ग्रहों का पता लगाना होगा आसान 16
70 बरस की हुई रेखा, 1966 में आई थी पहली फिल्म 15

## गठबंधन के तहत ही सपा कांग्रेस लड़ेंगे उपचुनाव



- अखिलेश यादव ने अटकलों पर लगाया विराम कांग्रेस को सीट मिलना तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में 10 सीट के लिए होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस को सीटें न देने की चल रहीं अटकलों पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने विराम लगाया है। उन्होंने गुरुवार को उप चुनाव को लेकर तो कुछ नहीं कहा, लेकिन स्पष्ट किया कि उप्र. में सपा और कांग्रेस का गठबंधन जारी रहेगा। ऐसे में उप चुनाव में कांग्रेस को कुछ सीटें मिलने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

अखिलेश यादव, सैफई में अपने पिता और सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे।

मालूम हो कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सपा को एक भी सीट नहीं दी थी। इसके बाद जैसे ही सपा ने उप चुनाव के लिए 6 उम्मीदवारों की घोषणा की तो ऐसी अटकलें तेज हो गयी थीं कि अखिलेश भी यहां कांग्रेस को सीट नहीं देंगे।

## दक्षिण कोरिया की हान कांग को साहित्य का नोबेल



**स्टाकहोम।** इस वर्ष साहित्य के नोबेल पुरस्कार के लिए दक्षिण कोरियाई लेखिका हान कांग (53) को चुना गया है। स्वीडिश अकादमी की नोबेल समिति के स्थायी सचिव मैट्स माल्म ने गुरुवार को इस पुरस्कार की घोषणा की। नोबेल समिति के अनुसार हान कांग के गहन काव्यात्मक गद्य के लिए यह सम्मान दिया जाएगा। कांग को 2016 में उनकी कृति द वेजिटेरियन के लिए अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। द वेजिटेरियन एक उपन्यास है।

# एक युग का अंत : रतन टाटा पंचतत्व में विलीन

- मुंबई में राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

मुंबई, एजेंसी

प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा का अंतिम संस्कार गुरुवार शाम मध्य मुंबई स्थित एक शवदाह गृह में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। मुंबई पुलिस ने उन्हें श्रद्धांजलि और गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

वर्ली स्थित शवदाह गृह में टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा समेत उनके परिवार के सदस्य और टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन समेत शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। शवदाह गृह में मौजूद एक धर्म गुरु ने बताया कि अंतिम संस्कार पारसी परंपरा के अनुसार किया गया। पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा (86) का बुधवार रात शहर के एक अस्पताल में निधन हो गया।



रतन टाटा की अंतिम विदाई के मौके पर मौजूद केंद्रीय गृहमंत्री शाह व अन्य।

### मार्गदर्शन करती रहेगी उनकी विरासत : शाह

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा की विरासत लंबे समय तक देश के औद्योगिक क्षेत्र का नेतृत्व करने वालों का मार्गदर्शन करती रहेगी। शाह ने मुंबई में रतन टाटा को श्रद्धासुमन अर्पित करने तथा उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद सोशल मीडिया पर यह बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से भी रतन टाटा के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। कहा कि रतन टाटा ईमानदारी के प्रतीक के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे।

### श्रद्धांजलि देते समय रो पड़े पीयूष गोयल

मुंबई। केंद्रीय मंत्री एवं उत्तर मुंबई से लोकसभा सांसद पीयूष गोयल गुरुवार को दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि देते समय रो पड़े। गोयल, टाटा के साथ बिताए अपने समय को याद करते हुए भावुक हो गए और कहा कि उनका आम से लेकर खास लोगों के प्रति प्यार और समर्पण ने उन्हें हजारों लोगों के दिलों का मसीहा बना दिया। उन्होंने कहा कि वह एक बार मुंबई में नाश्ते के लिए हमारे घर आए थे, तो हमने केवल साधारण इडली, सांभर, डोसा परोसा था, लेकिन उन्होंने बहुत सराहना की।

## एक नजर

### महानवमी पर उप्र. में आज सार्वजनिक अवकाश

**लखनऊ।** महानवमी के अवसर पर शुक्रवार को प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न संगठनों की मांग पर नवमी के अवसर पर 11 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की। यह पहला अवसर है जब नवमी के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अन्य विभागों में अब शुक्रवार के साथ दशहरे पर शनिवार को भी सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इसके पहले राज्य के परिषदीय स्कूलों में अवकाश घोषित करने की सूचना शिक्षा निदेशालय ने जारी की थी। कर्मचारी संगठनों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

### सोना तस्करी : राष्ट्रपति को पत्र भेजेंगे राज्यपाल

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने गुरुवार को कहा कि वह राज्य में एक हवाई अड्डे के माध्यम से बड़े पैमाने पर सोने की तस्करी को लेकर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के बयान के संबंध में राष्ट्रपति को पत्र भेजने के लिए जानकारी जुटा रहे हैं। खान ने आरोप लगाया कि सोने की तस्करी राष्ट्र के खिलाफ अपराध है और मुख्यमंत्री ने राज्य में हो रही ऐसी राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को लेकर उन्हें अंधेरे में रखा। राज्यपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मुझे कभी भी इस बारे में नहीं बताया। विजयन ने खुद कहा था कि सोने की तस्करी राष्ट्र के खिलाफ अपराध है।

# विश्व में संघर्षों और तनाव के समय भारत-आसियान मित्रता महत्वपूर्ण

## लाओस में आसियान शिखर सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

- कहा-हमारे ऐतिहासिक संबंधों को मिली नई ऊर्जा, दिशा और गति

विएंतियान (लाओस), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि ऐसे समय में जब विश्व के कई हिस्से संघर्ष और तनाव का सामना कर रहे हैं, भारत-आसियान मित्रता बहुत महत्वपूर्ण है। यहां 21वें भारत-आसियान शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने 10 साल पहले एक्ट ईस्ट नीति की घोषणा की थी और पिछले दशक में इसने भारत और आसियान देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को नई ऊर्जा, दिशा और गति दी है। भारत-आसियान शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब क्षेत्र में दक्षिण चीन सागर में समुद्री मुद्दों को लेकर फिलीपीन और चीन के बीच तनाव है तथा म्यांमा में संकट है, जहां जातीय समूह सैन्य शासन से संघर्ष कर रहे हैं।

मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि 21वीं सदी, जिसे एशियाई सदी भी कहा जाता है, भारत की और आसियान देशों की सदी है। उन्होंने कहा कि भारत-आसियान मैत्री, समन्वय वार्ता और सहयोग ऐसे समय में बहुत महत्वपूर्ण है जब विश्व के कई हिस्से संघर्ष और तनाव का सामना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और आसियान देश पड़ोसी हैं और वैश्विक दक्षिण में साझेदार हैं। उन्होंने कहा कि हम शांतिप्रेमी देश हैं और एक दूसरे की राष्ट्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान करते हैं तथा क्षेत्र के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। मोदी ने कहा कि आसियान की केंद्रीयता को ध्यान में रखते हुए भारत ने 2019 में हिंद-प्रशांत महासागर पहल शुरू की थी। उन्होंने कहा कि पिछले साल, क्षेत्रीय सुरक्षा एवं स्थिरता के लिए समुद्री अभ्यास शुरू किए गए।



आसियान शिखर सम्मेलन में ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री अल्बानीज, बाएं और लाओस के प्रधानमंत्री सिपांडोन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

### जल से लेकर अंतरिक्ष तक पहुंचा हमारा सहयोग

मोदी ने कहा कि आज हमारा सहयोग जल से लेकर अंतरिक्ष क्षेत्र तक पहुंच गया है और हमारी साझेदारी पिछले दशक में अधिक व्यापक हो गई है। 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत-आसियान शिखर सम्मेलन फलदायी रहा। हमने इस बारे में चर्चा की कि भारत और आसियान के बीच समग्र रणनीतिक साझेदारी को और कैसे मजबूत किया जाए। हम व्यापार संबंधों, सांस्कृतिक संबंधों और प्रौद्योगिकी, कनेक्टिविटी तथा ऐसे अन्य क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने की आशा करते हैं।

### जन केंद्रित प्रयास विकास साझेदारी की बुनियाद

प्रधानमंत्री ने कहा कि जन-केंद्रित प्रयास भारत और आसियान के बीच विकास साझेदारी की बुनियाद हैं। मोदी ने कहा कि आसियान क्षेत्र के 300 से अधिक छात्रों को नालंदा विश्वविद्यालय से छात्रवृत्ति मिली है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी लाओस, कंबोडिया, वियतनाम, म्यांमा और इंडोनेशिया की साझा धरोहर के संरक्षण में भी कारगर रही है। मोदी ने कहा कि कोविड महामारी हो या प्राकृतिक आपदाएं हों, हमने हमारी मानवीय जिम्मेदारियों को पूरा करते हुए एक दूसरे की मदद की है। उन्होंने कहा कि भारत और आसियान ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी कोष, डिजिटल कोष और हरित कोष स्थापित किया है तथा नई दिल्ली ने इन पहलों में 30 करोड़ डॉलर से अधिक का योगदान दिया है।

## दिल्ली से 2,000 करोड़ रुपये की कोकीन बरामद

- मात्रा 200 किग्रा, एक सप्ताह में दूसरी बड़ी जब्ती

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पश्चिमी दिल्ली से 2,000 करोड़ रुपये मूल्य की 200 किलोग्राम कोकीन जब्त की है जो एक सप्ताह में बरामद की गई मादक पदार्थों की दूसरी बड़ी खेप है। एक अधिकारी ने गुरुवार की शाम को बताया कि इससे पहले दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के महिपालपुर से 5,000 करोड़ रुपये मूल्य के 562 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किए गए थे और हाल में बरामद कोकीन का संबंध भी महिपालपुर से जब्त मादक पदार्थों से होने का संदेह है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी दिल्ली के रमेश नगर इलाके में छापे मारे जा रहे हैं।

वहीं दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने 5,500 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ की जब्ती मामले में उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले से एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हापुड़ के निवासी अखलाक के रूप में हुई है। इस मामले में अब तक सात लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। दिल्ली पुलिस ने दो अक्टूबर को दक्षिण दिल्ली के महिपालपुर में एक गोदाम से 560 किलोग्राम से अधिक कोकीन और 40 किलोग्राम अन्य मादक पदार्थ जब्त करने का दावा किया था।

## आईआईटी में पीएचडी की छात्रा ने दी जान

- 10 माह के भीतर संस्थान में आत्महत्या की चौथी घटना से तरह-तरह की चर्चाएं
- कमरे से 4 पेज का सुसाइड नोट मिला, जिसमें मौत का जिम्मेदार खुद को बताया
- पुलिस ने हॉस्टल के कमरे का दरवाजा तोड़कर फंदे से लटक रहा शव नीचे उतारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार :** आईआईटी की रिसर्च स्कॉलर ने फंदे से लटक कर जान दे दी। 27 वर्षीय प्रगति खरया हॉस्टल में रहकर अर्थ साइंस में पीएचडी कर रही थी। सुसाइड नोट में उसने अपनी मौत का जिम्मेदार खुद को बताया है। गुरुवार को कमरे का दरवाजा नहीं खुलने की सूचना पर पहुंची कल्याणपुर थाना पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो भीतर पंखे के सहारे रस्सी से लटक रहा शव मिला। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। 10 माह के भीतर आईआईटी में आत्महत्या की चौथी घटना से सन्नाटा पसरा है और तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

चकेरी थानाक्षेत्र में सनिगवां निवासी गोविंद खरया बिरहाना रोड स्थित एक ज्वैलर्स के यहां काम करते हैं। परिवार में पत्नी संगीता, तीन बेटे सत्यम, शिवम, सुंदरम और इकलौती बेटी प्रगति खरया थी। पिता ने बताया कि प्रगति आईआईटी से अर्थ साइंस में पीएचडी कर रही थी। उसका यह आखिरी वर्ष था। 9 अक्टूबर को उससे बात हुई थी। गुरुवार दोपहर 12:30 बजे आईआईटी प्रशासन और पुलिस ने फोन करके बेटी के फांसी का फंदा लगाने की जानकारी दी। वह भाई स्वरूप नगर निवासी गोपालदास और भतीजे के साथ मौके पर पहुंचे। उधर, पुलिस के अनुसार प्रगति के कमरे का दरवाजा तोड़ने पर सफेद नई नॉयलॉन की रस्सी से बने फंदे पर उसका शव लटकता मिला।

> आईआईटी प्रशासन की सूचना पर पुलिस मौके पर जांच करने पहुंची। दरवाजा तोड़कर शव फंदे से उतारा गया। पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच कर रही है। सुसाइड नोट को जांच के लिए भेजा गया है। **-विजयेंद्र द्विवेदी, एडीसीपी पश्चिम**

नीचे स्टूल रखा था और दीवार किनारे फोल्डिंग पलंग खड़ा था, जिसकी प्लाई निकली हुई थी। कमरे से 4 पेज का सुसाइड नोट मिला। प्रगति का मोबाइल पुलिस ने कब्जे में लिया है। पुलिस के अनुसार उसने आत्महत्या के लिए नॉयलॉन की रस्सी ऑनलाइन खरीदी थी।

**गलत बिल आने पर युवक ने कर ली थी आत्महत्या**

## बिजली विभाग के एक्सईएन एसडीओ और जेई निलंबित

- ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दिए जेई एसडीओ पर एफआईआर दर्ज कराने के आदेश

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार :** अचलगंज थाना क्षेत्र के कुशलपुर निवासी युवक के बिजली का बिल अधिक आने से दुखी होकर आत्महत्या किए जाने पर ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने मामले में दोषी अधिशासी अभियंता (एक्सईएन), एसडीओ व जेई को निलंबित करने के साथ एसडीओ और जेई पर रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। उन्होंने इसकी जानकारी एक्स पर दी।

अचलगंज थाना क्षेत्र के गांव वैसाना के मजरा कुशलपुर निवासी शुभम (30) पुत्र महादेव बुधवार सुबह घर से बिना बताए कहीं चला गया था। देर तक न लौटने पर परिजन उसे तलाश करने निकले तो उसका शव घर के बगल में मवेशियों के लिए भूसा भरने वाली कोठरी में दुपट्टे से लटका मिला था। पुलिस जब घर पहुंची तो पता चला कि उसके घर का बिजली बिल बीते माह एक लाख नौ हजार 21 रुपये आया था। इस बिल को ठीक कराने के लिए उसे रिश्वत तक देनी पड़ी। रिश्वत देने के बाद ही बिल संशोधित हुआ और उसने 16 हजार रुपये जमा किए। लेकिन इस माह फिर विभाग ने 8000 का बिल भेज दिया। एसओ राजेश्वर त्रिपाठी को शुभम के पिता महादेव ने बताया कि शुभम मजदूरी कर परिवार पालता था। घर में दो बल्ब, एक पंखा, एक एलईडी टीवी है। इसके बावजूद इतना बिल आना समझ से परे है। इस बात से शुभम परेशान था। दुखी होकर उसने आत्महत्या कर ली। एसओ ने बताया कि यह आरोप महादेव ने मौखिक लगाए कुछ लिखकर नहीं दिया। गुरुवार को ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने मामले का संज्ञान लिया और एक्स अकाउंट पर इस घटना पर दुख जताया और लिखा कि पीड़ित परिवार के प्रति उनकी संवेदना है। इस घटना से वह स्तब्ध हैं और कार्रवाई की जानकारी दी। ऊर्जा मंत्री ने जिलाधिकारी गौरांग राठी व विद्युत विभाग के अधिकारियों से भी बात की। इसके बाद अधिशासी अभियंता-2 गोकुल बाबा सूर्योदय कुमार वर्मा, बंथरा के एसडीओ रवि यादव व अचलगंज उपकेंद्र के जेई आशीष सिंह को निलंबित कर दिया। उन्होंने एसडीओ व जेई पर रिपोर्ट दर्ज कराने के भी आदेश दिए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा है कि मामले की जांच की जा रही है। यदि किसी और कर्मचारी की इसमें संलिप्तता मिली तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी। एसओ राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि उन्हें अभी विभाग या परिजन से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलती है तो जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## हिज्ब-उत-तहरीर को किया गया प्रतिबंधित

- सरकार ने कहा-इस्लामी राष्ट्र स्थापित करना इसका मंसूबा

**नई दिल्ली।** सरकार ने इस्लामी समूह हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) को गुरुवार को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया क्योंकि इसका उद्देश्य जिहाद और आतंकवादी गतिविधियों के माध्यम से वैश्विक स्तर पर इस्लामी देश और खिलाफत स्थापित करना है। वैश्विक इस्लामी समूह एचयूटी 1953 में यरुशलम में बना था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि एचयूटी युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें आईएसआईएस जैसे आतंकवादी संगठनों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने तथा आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन जुटाने में संलिप्त है।

## इलाज के लिए अपनी ही बच्ची की चढ़ा दी बलि

- दंपती को पुलिस ने किया गिरफ्तार, कुबूला जुर्म

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में पुलिस ने बीमारियों के इलाज के लिए एक तांत्रिक की सलाह पर अपनी ही एक महीने की बच्ची की बलि देने के आरोप में एक दंपती को गिरफ्तार किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) आदित्य बंसल ने गुरुवार को बताया कि गोपाल कश्यप और उसकी पत्नी ममता को बुधवार रात भोपा थाना क्षेत्र के बेलदा गांव में अपनी ही बच्ची की हत्या के मामले में हिरासत में लिया गया था। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपनी बच्ची की हत्या का जुर्म कुबूल कर लिया। बंसल के मुताबिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि ममता काफी समय से बीमार थी और एक तांत्रिक ने सलाह दी थी कि अगर बीमारियों से छुटकारा पाना है तो अपनी ही एक माह की बच्ची की बलि देनी होगी। इस पर दंपती ने बच्ची की बलि देकर उसका शव जंगल में छुपा दिया था। पुलिस दंपती के बयान के आधार पर बच्ची के शव की तलाश कर रही है। साथ ही हरेंद्र नामक उस तांत्रिक को भी पकड़ने की कोशिश की जा रही है जिसने उन्हें बीमारी के इलाज के लिए बच्ची की हत्या करने की सलाह दी थी।

## नई बिजली दरें घोषित, नहीं हुई बढ़ोतरी

### सरकार से उप्र पावर कॉरपोरेशन को 17,511 करोड़ की सब्सिडी

- तीन किलोवाट के उपभोक्ता भी ले सकेंगे थ्री फेस का कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने गुरुवार को नई बिजली दरें घोषित कर दीं। आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व सहायक निगमों की ओर से वर्ष 2024-25 के लिए दरें बढ़ाने पर जोर दिए जाने के बावजूद पांचवें साल भी किसी भी श्रेणी की दरों में बढ़ोतरी नहीं की है।

अब तीन किलोवाट के उपभोक्ता भी थ्री फेस का बिजली कनेक्शन ले सकेंगे। आयोग ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर बिजली काटने व जोड़ने के लिए प्रस्तावित शुल्क खारिज कर दिया है। नोएडा क्षेत्र के उपभोक्ताओं को 10 प्रतिशत की छूट जारी रहेगी। सरकार ने ग्रामीण व नलकूप किसानों को राहत देने के लिए पावर कॉरपोरेशन को 17,511 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने की व्यवस्था दी है। नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह ने नई बिजली दरों की घोषणा करते हुए कहा कि पांचवें साल भी प्रदेश में बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। पावर कॉरपोरेशन ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर कनेक्शन जोड़ने व काटने पर 50 रुपये वसूल करने व उपभोक्ताओं को मोबाइल पर सूचना देने के लिए 10 रुपये एसएमएस शुल्क का प्रस्ताव दिया था, जिसे आयोग ने खारिज कर दिया है।

### दरों में कमी के लिए जल्द दाखिल होगी याचिका

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने बिजली दरें न बढ़ाए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि बिजली उपभोक्ताओं का कंपनियों पर सरप्लस निकल रहे 33,122 करोड़ के एवज में दरों में कमी किए जाने का तर्क दिया गया था, पर इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। दरों में कमी के लिए आयोग में शीघ्र ही पुनर्विचार याचिका दाखिल की जाएगी।

## मैं असुरक्षित, डरी हुई, इसलिए छोड़ रही शहर

### उर्सला अस्पताल के सर्जन को थाने से जमानत मिलने पर महिला डॉक्टर ने उठाया कदम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**विभागाध्यक्ष को लिखा पत्र**

- महिला डॉक्टर ने लगाया है छेड़छाड़ करने और तेजाब डालने की धमकी का आरोप

**अमृत विचार :** उर्सला अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.केएन कटियार के विरुद्ध एक साल से पीछा करने, छेड़छाड़ करने और तेजाब डालने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए स्वरूप थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने वाली जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर (जेआर) ने आरोपी डॉक्टर को थाने से जमानत मिलने की जानकारी होते ही परिवार समेत शहर छोड़ दिया। पीड़ित महिला डॉक्टर ने विभागाध्यक्ष को पत्र लिखकर आरोपी डॉक्टर से खुद को असुरक्षित बताया और डर के कारण परिवार समेत शहर छोड़ने की जानकारी दी है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की जूनियर रेजीडेंट ने 4 अक्टूबर को स्वरूप नगर थाने में उर्सला अस्पताल के नेत्र रोग सर्जन डॉ.केएन कटियार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें महिला डॉक्टर ने आरोप लगाया था कि डॉ.कटियार पिछले एक वर्ष से पीछा करके परेशान कर रहा है। आरोपी के खिलाफ थाने में प्रार्थना पत्र दिया था, तो वह माफी मांगकर शांत हो गया था। लेकिन इसके कुछ दिन बाद अनजान नंबर से फोन करके आरोपी डॉक्टर ने छेड़छाड़ की। तेजाब डालने की धमकी देते हुए कहा कि अगर वह उसकी नहीं हुई तो किसी और की भी नहीं होने देगा। इसी के बाद उसने एफआईआर दर्ज कराई थी। डॉक्टर के थाने से छूटने पर महिला डॉक्टर ने जीएसवीएम मेडिकल कालेज की नेत्र रोग विभागाध्यक्ष प्रो. शालिनी मोहन को पत्र लिखकर खुद को शहर में असुरक्षित बताते हुए 15 दिनों की छुट्टी ले ली। डॉ.शालिनी मोहन ने बताया कि पीड़िता काफी ज्यादा परेशान थी। उनके पति का भी फोन आया था। मामले की जानकारी प्राचार्य प्रो. संजय काला को दी है।

### तुम मेरी नहीं हुई तो किसी और की भी नहीं होने दूंगा

पीड़ित महिला डॉक्टर के अनुसार आरोपी डॉक्टर ने उससे कहा था कि 'तुम मेरी नहीं हुई तो किसी और की भी नहीं होने दूंगा। तुम्हें भी मार दूंगा और तुम्हारे पति को भी। तुम्हारे चेहरे पर तेजाब डाल दूंगा, जिससे तुम्हारा पति तुम्हें छोड़ देगा।' डॉक्टर की इसी धमकी से परेशान होकर उसने स्वरूप नगर थाना में तहरीर दी थी। इस पर पुलिस ने डॉ. कटियार के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर बुधवार को उसे गिरफ्तार किया था। लेकिन थाने से पांच घंटे के भीतर ही उसे जमानत मिल गई।

## न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए बाबा नारायण हरि



- हाथरस भगदड़ में 121 लोगों की मौत के बाद चर्चा में आया था नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाथरस भगदड़ में तीन माह पहले 121 लोगों की मौत मामले में बाबा नारायण साकार हरि उर्फ सूरजपाल लखनऊ स्थित सचिवालय (जनपथ) में न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए और अपना बयान दर्ज करवाया। इस दौरान कथित बाबा के सैकड़ों अनुयायी भी सड़कों पर इधर-उधर खड़े नजर आए। जिन्हें संभालने के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। लगभग दो घंटे की पेशी के बाद वह निकल गए। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में उनके वकील एपी सिंह ने कहा कि हमें राजेश यादव उर्फ फौजी पर षडयंत्र रचने का शक है। हमें राज्य सरकार और न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है।

अपने अनुयायियों के बीच भोले बाबा के नाम से प्रसिद्घ नारायण हरि गुरुवार को भाजपा विधायक बाबूराम पासवान के साथ उन्हीं की सफेद रंग की फॉर्च्यूनर गाड़ी से न्यायिक आयोग पहुंचे।

# औद्योगिक हब की डीपीआर कंसल्टेंट बनाएगा

## कुंभी में कचरा निस्तारण, आयल और मिल्क प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनियां पहले से ही कर रही हैं काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर देहात के कुंभी में प्रस्तावित औद्योगिक हब के लिए जल्द ही कंसल्टेंट की नियुक्ति की जाएगी। कंसल्टेंट ही इस योजना का डीपीआर बनाएगा। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम को बढ़ावा देने के लिए साढ़े सात करोड़ रुपये से औद्योगिक हब बनाने की महत्वाकांक्षी योजना पर काम किया जा रहा है। प्रदेश सरकार व्यापार-कारोबार को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के लिए कुंभी में 50 एकड़ भूमि के आवंटन को मंजूरी प्रदान कर चुकी है। जल्दी ही यह भूमि उद्योग विभाग को स्थानांतरित हो जाएगी।

अकबरपुर तहसील में सेंगुर नदी के किनारे कुंभी गांव में पहले ही औद्योगिक इकाइयां दस्तक दे चुकी हैं। यहां औद्योगिक इकाईयों का कचरा निस्तारण करने वाली रैम्की और भारत आयल के साथ ही मिल्क प्रोडक्ट बनाने वाली जीजेएफ जैसी

- कानपुर देहात के कुंभी गांव में बसेगा औद्योगिक क्षेत्र, तैयारी शुरू की गई

**50** हेक्टेयर क्षेत्र में बनेगा इंडस्ट्रियल हब

**150** से अधिक यूनिट हो सकेंगी स्थापित

**05** हजार युवाओं को मिल सकेगा रोजगार

**02** औद्योगिक क्षेत्रों से नजदीकी का लाभ

यूनिटें काम कर रही हैं। कुछ समय पहले इस इलाके को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने की मांग उठाई गई थी।

इस पर एडीएम न्यायिक के साथ जीएम डीआईसी मो. सऊद व क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने मौके पर स्थिति देखने के बाद जमीन का आकलन कर विकास प्रस्ताव शासन को भेजा था, इसमें करीब 50 हेक्टेयर क्षेत्र को इंडस्ट्रियल हब बनाने की बात कही गई है। शासन से इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई है। यूपीएसआईसी के अधीक्षण अभियंता प्रभात कुमार बाजपेई ने कहा कि औद्योगिक हब के लिए कंसल्टेंट नामित किया जा रहा है, ताकि योजना की डीपीआर जल्दी ही बनाई जा सके। अधिकारी जल्द मौके का निरीक्षण करेंगे।

### कानपुर-दिल्ली हाईवे से जुड़ा है क्षेत्र, मिलेंगी सारी सुविधाएं

- अधिकारियों का कहना है कि यह क्षेत्र कानपुर-दिल्ली हाई-वे से जुड़ा होने के कारण उद्यमियों के लिए सुविधाजनक है। इससे इकाइयों में बने उत्पाद तेजी से इधर-उधर भेजे जा सकेंगे। आवागमन की बेहतर सुविधा से औद्योगिक इकाईयों को भी किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। इसके साथ ही औद्योगिक कचरे के निस्तारण के लिए यहां पहले से ही दो बड़ी कंपनियां काम कर रहीं है। इससे पर्यावरण भी दुरुस्त रहेगा। नए औद्योगिक क्षेत्र में 150 से अधिक यूनिट लगाए जाने का प्रस्ताव है। इनको कॉमन ट्रीटमेंट प्लांट, इफ्युलिएंट ट्रीटमेंट प्लांट, सड़क, सीवर, निर्बाध बिजली सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की योजना है।



### 5 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार

- इंडस्ट्रियल हब तैयार होने से जिले के 5 हजार से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने का दावा किया जा रहा है। अधिकारी मान रहे हैं कि नया हब बनने पर यहां तेजी से औद्योगिक इकाइयों का विस्तार होगा। इससे क्षेत्र के युवाओं को सीधे नौकरी के साथ अप्रत्यक्ष रूप से भी रोजगार के अवसर पैदा हो सकेंगे।

### जैनपुर व रनिया के करीब होने का भी मिलेगा लाभ

- अधिकारियों का मानना है कि जिले में इस तीसरी औद्योगिक योजना को अन्य दो औद्योगिक क्षेत्रों जैनपुर व रनिया से नजदीकी का भी लाभ मिलेगा। जैनपुर व रनिया में लगभग 400 यूनिट पहले से ही स्थापित हैं।

# व्यापारियों का पूर्व पार्षद फोरम को समर्थन

**गृहकर व नामांतरण मुद्दा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गृहकर के बढ़े बिलों और नामांतरण शुल्क के खिलाफ पूर्व पार्षद फोरम ने अपना संघर्ष सड़क पर उतार दिया है। गुरुवार को पूर्व पार्षदों ने नयागंज में व्यापारियों को पत्र देकर समर्थन मांगा। व्यापार मंडलों ने नगर निगम की अवैध वसूली पर अपना समर्थन दिया।

पूर्व पार्षद मदन लाल भाटिया ने बताया कि नगर निगम ने कई वर्षों से अनियमित रूप से भवनों का नामांतरण शुल्क एक प्रतिशत कर रखा है, जो कि नियम विरुद्ध है। पूरे प्रदेश में किसी भी शहर एवं नगर निगम में इस तरह का शुल्क लिए जाने की व्यवस्था एवं नियम नहीं है। पूर्व पार्षद इस जन विरोधी कानून एवं जबरन वसूली के खिलाफ हैं। नयागंज में उद्योग व्यापार मंडल व वनस्पति व्यापार एसोसिएशन के महामंत्री मनोज गुप्ता और मुद्रा विनिमय के हेमू मिश्रा व लाल सिंह को समर्थन के लिये पत्र सौंपा।



पूर्व पार्षद फोरम ने गृहकर एवं नामांतरण के मुद्दे पर नयागंज में व्यापारियों को दिया समर्थन पत्र। अमृत विचार

इस दौरान पूर्व पार्षदों ने कहा कि भवन के नामांतरण के समय इस अवैधानिक शुल्क का भुगतान न करें।

ललित मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि नगर निगम द्वारा भवनों के गृहकर निर्धारण के लिये किसी प्राइवेट कंपनी को ठेका देकर, जीआईएस सर्वे कराया जा रहा है, जिसके कर्मचारी मनमाने तरीके से कर निर्धारण कर रहे हैं। हम टैक्स वृद्धि एवं सर्वे के विरोधी नहीं है लेकिन जिन भवनों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान ना किया जाए। अशोक केसरवानी, मोहम्मद इशहाक, योगेश वर्मा, अंजिला वर्मा, सुमन तिवारी, अमीन बाबा, मनीष शर्मा, फूलमती यादव, अफजाल अहमद, शमी इकबाल, अंबर त्रिवेदी, मोहम्मद हसीन,अबरार अहमद, तहव्वर खान, शमीम आजाद रहे।

# गोविंदपुरी से रवाना होंगी चार सुपरफास्ट ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दीपावली और छठ पूजा के लिए रेलवे कई स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। चार सुपरफास्ट ट्रेनें गोविंदपुरी स्टेशन से होकर जाएंगी।

उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि ट्रेन 02250 दिल्ली से 24 और 31 अक्टूबर की रात 11.55 बजे चलेगी और सुबह 7.15 बजे गोविंदपुरी स्टेशन आएगी। दस मिनट ठहराव के बाद ट्रेन प्रयागराज के रास्ते शाम 4.40 बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी। रिवर्स ट्रेन 02249 पटना से 25 अक्टूबर की शाम 5.50 बजे चलेगी और अगले दिन सुबह 3.45 बजे गोविंदपुरी आएगी। पांच मिनट बाद रवाना होकर सुबह 11 बजे दिल्ली पहुंचेगी। इसी तरह 26 व 29 अक्टूबर को नई दिल्ली से जयनगर के लिए ट्रेन 04052 दोपहर 2.20 बजे चलेगी, जो रात 9.15 बजे गोविंदपुरी आएगी। दस मिनट बाद जयनगर रवाना होगी। 27 व 29 अक्टूबर को इसकी रिवर्स ट्रेन 04051 जयनगर से शाम छह बजे चलेगी, जो अगले दिन सुबह 11.30 बजे गोविंदपुरी आएगी। शाम 6.50 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। इसी तरह 27 व 30 अक्टूबर, 2 व 5 नवंबर को नई दिल्ली से ट्रेन 04054 दोपहर 2.20 बजे चलेगी और रात 9.15 बजे गोविंदपुरी आएगी। दस मिनट ठहराव के बाद अगले दिन सुबह 11 बजे ट्रेन बरौनी स्टेशन पहुंचेगी। 28 व 31 अक्टूबर, 3 व 6 नवंबर को इसकी रिवर्स ट्रेन 04053 बरौनी से दोपहर 12.30 बजे चलेगी, जो रात दो बजे गोविंदपुरी आएगी। स्टॉपेज के बाद ट्रेन अगले दिन सुबह 9.10 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

# 9 साल से परेशान थे, आज का दिन दीवाली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फर्जी मुकदमे वापस लिए जाने पर मंत्री सुरेश खन्ना का दर्शनपुरवा में जोरदार स्वागत
- सीसामऊ विधानसभा में 12 कैंप लगाए गए, 5688 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली

**अमृत विचार।** दर्शनपुरवा में वर्ष 2015 में धार्मिक जुलूस के दौरान हिंदू देवी-देवताओं के अपमान का विरोध करने को लेकर लगाए गए फर्जी मुकदमे वापस लिए जाने के प्रदेश सरकार के निर्णय से उत्साहित पीड़ितों ने गुरुवार को वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना का गुमटी में जोरदार स्वागत किया। पीड़ितों ने कहा कि आज का दिन हमारे लिये दीवाली की तरह है। पिछले 9 वर्षों से लोग परेशान थे। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार में किसी भी परिवार को प्रताड़ित नहीं किया जा सकता है। किसी भी अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति को छोड़ा भी नहीं जा रहा है। सरकार ने जांच में पाया कि आप सब युवा साथियों पर फर्जी तरीके से मुकदमे दर्ज किए गए थे इसलिये मुकदमे वापसी लेने की संस्तुति की गई।



मंत्री सुरेश खन्ना का माला पहनाकर स्वागत करते। अमृत विचार

मंत्री सुरेश खन्ना एकदिवसीय प्रवास के दौरान रायपुरवा, चुन्नीगंज और कौशलपुरी मंडल में भाजपा द्वारा लगाए गये सदस्यता कैंपों में पहुंचे। सीसामऊ विधानसभा में रहने वाले लोगों को पार्टी का सदस्य बनाते हुए सदस्यता अभियान को गति दी। बस्तियों में संपर्क संवाद कर भाजपा प्रत्याशी को इस बार सीसामऊ विधानसभा में जिताने की अपील की। सुबह 11 बजे सुरेश खन्ना ग्वालटोली केडीए पार्क पहुंचे। चुन्नीगंज मंडल द्वारा लगाए गए सदस्यता कैंप का प्रारंभ किया। नागरिकों को मिस्ड कॉल कर सदस्यता ग्रहण कराई, इसके बाद ईदगाह कॉलोनी फूलवती तिराहा, कौशलपुरी मंडल में प्रेम नगर चौराहा, लेनिन पार्क बालाजी चौक, गुमटी सदस्यता कैंप में पहुंचकर सदस्यता कराई। वह दो बजे रायपुरवा मंडल के अंतर्गत गुंजन टॉकीज जीटी रोड पर लगे कैंप में पहुंचे यहां पूर्व महापौर रविन्द्र पाटनी के आवास पर उनसे भेंट की। मंत्री चंद्रिका देवी चौराहा, हलीम कॉलेज चौराहा, संगीत टॉकीज भी पहुंचे। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे और मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा ने स्वागत किया। अनुराग शर्मा ने कहा कि सीसामऊ विधानसभा के अंतर्गत 12 कैंप लगाए गए जिसमें 5688 लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। कैंपों में प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, विधायक सुरेंद्र मैथानी, महेश त्रिवेदी, अरुण पाठक, सलिल विशनोई, अनूप अवस्थी, अनूप पचौरी, जमन्मेजय सिंह, आनंद मिश्रा, अवधेश सोनकर, आकाश शुक्ला, करण यादव, अभिमन्यु सक्सेना, गौरव पांडेय रहे।

## सार-संक्षेप



दशहरा उत्सव में शामिल बच्चे। अमृत विचार

### दशहरा उत्सव में दिया समरसता का संदेश

**कानपुर।** मनोरमा एजुकेशन सेंटर गोविन्द नगर में गुरुवार को दशहरे उत्सव का आयोजन किया गया। समारोह में स्कूली बच्चों ने नाटकों व सांस्कृतिक आयोजनों के जरिए बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। बच्चों ने राम, सीता, लक्ष्मण, रावण और हनुमान की वेशभूषा धारण कर मन मोह लिया। डांडिया उत्सव भी मनाया गया। अंत में रावण का दहन किया गया। समारोह में प्रधानाचार्या भक्ति जुनेजा ने दशहरे के महत्व को बताया। कहा कि असत्य पर सत्य की विजय होती है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का चरित्र सारे विश्व को आदर्श प्रस्तुत करता है। प्रत्येक बच्चों को उनके जीवन को आत्मसात करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में डायरेक्टर अंकित सिंह, प्रबन्ध अमित सिंह सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।

### दहेज के लिए तीन तलाक का आरोप

**कानपुर।** रेलबाजार निवासी महिला के अनुसार उसका विवाह जनवरी 2023 में जाजमऊ निवासी युवक के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही आरोपी ससुरालीजन दहेज में तीन लाख रुपये और कार देने की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता के अनुसार वह वैवाहिक जीवन बचाने के लिए ससुरालीजनों का उत्पीड़न झेलती रहीं। आरोप है कि 15 सितंबर को आरोपी पति समेत ससुरालीजनों ने दहेज के लिए मारापीटा। पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि मामले की जांच कार्रवाई होगी।

### बेटियों की शिक्षा का दिया संदेश

**कानपुर।** समाजसेवी संगठन यती संकल्प संस्थान ने गुरुवार को बेनाझाबर कॉलोनी में कन्या पूजन आयोजित किया। कार्यक्रम में सैकड़ों बच्चियों ने हिस्सा लिया। संस्थान की सचिव नीतू सिंह ने बच्चियों के पांव पखार कर उन्हें चुनरी पहनाई व तिलक कर प्रसाद वितरित किया। उन्होंने बेटियों को शिक्षित करने का भी लोगों से आह्वान किया। ऐसे अभिभावक जो बेटियों और बेटों के बीच भेदभाव करते हैं उन्हें बराबरी की सीख दी। बालिकाओं को उपहार स्वरूप बैग, पाठ्य सामग्री भेंट की गई। इस दौरान बीरबल, सन्तोष निगम, वीरेन्द्र, प्रमोद उपाध्याय, पीयूष आनन्द उपस्थित रहे।

# अद्वित को 5वीं व सत्यम को 8वीं वरीयता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर टेबल टेनिस एसोसिएशन और द स्पोर्ट्स हब की ओर से स्टैग ग्लोबल टीएसएच थर्ड यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन 14 से 16 अक्टूबर तक द स्पोर्ट्स हब आर्यनगर में होगा। करीब 600 खिलाड़ी भाग लेंगे। टूर्नामेंट में विजेता, उप विजेता व सेमी फाइनलिस्ट खिलाड़ियों को मेडल्स के साथ 1.5 लाख रुपये नकद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में 13 टेबल का प्रयोग होगा।

उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव पाठक, इंटरनेशनल टेबल टेनिस प्लेयर गीता टंडन कपूर, सचिव संजय टंडन और द स्पोर्ट्स हब के डायरेक्टर ऑपरेशंस पीके श्रीवास्तव व आरपी सिंह ने बताया कि पुरुष वर्ग में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव और महिला वर्ग में




पत्रकारों से बात करते संजीव पाठक व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

- टीएसएच में तीन दिवसीय स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता के मुकाबले 14 से
- 24 इवेंट होंगे, 74 वर्ष से अधिक आयु के महिला और पुरुष भी आजमाएंगे हाथ

गाजियाबाद की अनिका गुप्ता को प्रथम वरीयता दी है। शहर के अद्वित गुप्ता को पांचवीं व सत्यम गिरि गुप्ता को आठवीं वरीयता है। टूर्नामेंट में मुख्य निर्णायक अंतरराष्ट्रीय अंपायर लखनऊ के अतिन रस्तोगी व कंप्टीशन मैनेजर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी संजय टंडन होंगे। टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 24 इवेंट होंगे। इनमें पुरुष व महिला के अलावा बालक-बालिका अंडर-11, 13, 15, 17 व 19 की एकल स्पर्धा व वेटरेंस में 39+, 49+, 59+, 64+, 69+, 74+ आयु वर्ग के पुरुष और महिला वर्ग शामिल हैं। आशीष कपूर, अरुण दुबे, आशुतोष सत्यम झा, आलोक अग्रवाल, अभिसारिका यादव, अनिल वर्मा, सत्यम मिश्रा, सूर्यांश मिश्रा रहे।

# पत्र वितरक पर हमला करने वालों की गिरफ्तार करें

**कानपुर।** सर्वोदय नगर में कार्यवाहक अध्यक्ष लाल जी वर्मा की अध्यक्षता में समाचार पत्र विक्रेता सभा कानपुर महानगर की बैठक हुई।

इसमें घाटमपुर पतारा नंदना चौकी क्षेत्र के तरगांव में पत्र वितरक प्रताप भान मिश्रा पर दबंग लाखन सिंह व उसके साथियों द्वारा अकारण प्राण घातक हमला करने की कटु शब्दों में निंदा की गई। पत्र वितरकों ने हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। अध्यक्ष संतोष कुमार तिवारी, महामंत्री ज्ञान प्रकाश आर्य, संगठन मंत्री राजेश कुशवाहा, कार्यवाहक अध्यक्ष लाल जी वर्मा, शिवशंकर मिश्रा, रमेश चंद्र निषाद, दीपक कुमार वर्मा, रमेश चौरसिया, डॉ.आरके विश्वकर्मा, अमर सिंह पाल समेत आदि वितरक मौजूद रहे।

# खंड शिक्षा अधिकारी के निलंबन की संस्तुति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अनुशासनहीनता को लेकर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी
- स्थानांतरण के बाद नहीं किया ज्वाइन, जिलाधिकारी ने कहा लापरवाही क्षम्य नहीं

**अमृत विचार।** ट्रांसफर के बाद ब्लॉक में ज्वाइन न करना बेसिक शिक्षा विभाग के एक खंड शिक्षा अधिकारी को भारी पड़ गया। बेसिक शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे जिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी की अनुशासनहीनता पर निलंबन की संस्तुति आदेश दे दिए। जिलाधिकारी ने जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को रोज बच्चों के साथ मध्याह्न भोजन योजना (मिडडे मील) खाने और उसकी फोटो शिक्षा अधिकारियों को भेजने के भी आदेश दिए।

जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरसैयाघाट नवीन सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में शिक्षा विभाग में चल रही योजनाएं ऑपरेशन कायाकल्प,निपुण भारत अभियान मिशन, मिशन शक्ति,आत्मरक्षा प्रशिक्षण विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी पतारा एमडीएम का मेन्यू नहीं बता पाए। इस पर नाराजगी जिलाधिकारी नराज हुए। खंड शिक्षा अधिकारी भरत कुमार वर्मा का तबादला होने के 40 दिन बीतने पर ब्लॉक न जाने पर उनके निलंबन की संस्तुति किए जाने के आदेश शिक्षा अधिकारी को दिए गए। लापरवाही पर नाराज हुए।

**सम्मेलन** सीएसजेएमयू में दोनों देशों के विशेषज्ञों ने शोध और नवाचार को बढ़ाने पर दिया जोर

# भारत का ज्ञान और रूस का विज्ञान दुनिया में अव्वल है

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू में अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं अकादमिक सहयोग प्रकोष्ठ एवं रूस की पेन्ज़ा स्टटे यूनिवर्सिटी की ओर से अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। भारतीय और रूसी ज्ञान प्रणाली पर हुए सम्मेलन में भारत और रूस के विद्वानों के बीच ज्ञान और संस्कृति के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने ऑन लाइन जुड़कर भारत के ज्ञान और रूस के विज्ञान को दुनिया में अव्वल बताते हुए कहा कि इसके मिश्रण से नवाचार और शोध चमत्कारिक बदलाव ला सकते हैं।

सम्मेलन की शुरुआत विवि के अधिष्ठाता, अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं अकादमिक सहयोग प्रकोष्ठ के प्रो सुधांशु पांडिया ने की। प्रति कुलपति, प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने भारत की प्राचीन शिक्षा प्रणाली और रूसी विज्ञान व अनुसंधान के आदान-प्रदान की महत्ता को रेखांकित किया। पेंज़ा स्टेट यूनिवर्सिटी, रुस की प्रो. डॉ. तातियाना ने कार्यक्रम का विस्तृत परिचय दिया। वाइस-रेक्टर (अनुसंधान और नवाचार) प्रो. डॉ. सर्गेई वासिन ने भारतीय एवं रूसी ज्ञान प्रणाली के क्षेत्रों में नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों देशों के बीच तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग को महत्वपूर्ण बताया।



कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते प्रो . सुधांशु पांडिया, प्रति कुलपति प्रो . सुधीर कुमार व अन्य प्रोफेसर। अमृत विचार

रजिस्ट्रार डॉ. अनिल कुमार यादव ने भी विचार व्यक्त किए। सत्र का संचालन डॉ राजीव मिश्रा, डॉ अंजू दीक्षित ने किया। सम्मेलन में सीबीएमआर लखनऊ के डॉ. नरेंद्र कुमार वर्मा ने 'प्राचीन भारत और मधुमेह' विषय पर व्याख्यान दिया। ब्रह्मानंद कॉलेज कानपुर के प्रो. अनोखे लाल पाठक ने कहा कि वैदिक गणित पर शोध के द्वारा कई महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर विकसित किए जा सकते हैं। अहमदाबाद के वैज्ञानिक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने प्राचीन बीमारियों के उपचार की विधियों पर प्रकाश डाला। एचबीटीयू कानपुर के डॉ. योगेश पुरी ने 'प्राचीन भारतीय शास्त्रों से कॉर्पोरेट जीवन के लिए सीख' पर विचार प्रस्तुत किए। सम्मेलन के दौरान दो सौ शोध पत्र भी प्रस्तुत किए गए। प्रो. डॉ. गलेब सिंत्सोव, प्रो. डॉ. अलेक्जेंडर टाईचोव, डॉ. तातियाना रजुवाएंजा, प्रो. डॉ. तातियाना दुबरोव्स्काया, डॉ. पावेल गोलुबकोव और डॉ. अन्ना कुट्स उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय से सीडीसी निदेशक प्रो. आरके द्विवेदी, डीन एकेडमिक्स प्रो. ब्रिष्टि मित्रा, चीफ प्रॉक्टर प्रो. नीरज कुमार, और डॉ. रश्मि गोरे उपस्थित रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रंजय कुमार वर्मा पुत्र बेचन प्रसाद वर्मा है। मैं साकिन– अजान, पोस्ट व थाना–लोटन, तहसील– नौगढ़, जनपद– सिद्धार्थनगर का मूल निवासी हूँ। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिवश रंजन कुमार वर्मा हो गया है। जिसमें मेरा सही नाम रंजय कुमार वर्मा दर्ज किया जाए। **रंजय कुमार वर्मा**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपना नाम PREM CHAND SINGH से बदलकर PREM CHANDRA SINGH रख लिया है। भविष्य में मुझे PREM CHANDRA SINGH **पुत्र रामभजन सिंह निवासी 633/237, कृष्णविहार कालोनी फैज़ाबाद रोड, लखनऊ** से जाना पहचाना जाये।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम जुबेर अंसारी पुत्र पुत्तन अंसारी है। यह नाम आधार कार्ड में भी अंकित है। लेकिन कागज में सिर्फ जुबेर पुत्र पुत्र पुत्तन अंसारी है। जुबेर को अपना पासपोर्ट बनवाना है। जुबेर अंसारी पुत्र पुत्तन अंसारी के नाम से जाना और पहचाना जाए। **–जुबेर अंसारी पुत्र पुत्तन अंसारी, निवासी– कोट बाजार पयागपुर, बहराइच उत्तर प्रदेश**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **आनन्द कुमार पुत्र स्व. भगवती प्रसाद दीक्षित, पूर्व नि0ग्राम व पो0– सिसेडी जिला लखनऊ, वर्तमान पता– जे0 403 इन्द्रलोक कालोनी**, मैं अपने नाम के आगे दीक्षित जोड़ रहा हूँ। अब मुझे आनन्द कुमार दीक्षित पुत्र स्व0 भगवती प्रसाद दीक्षित के नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि आधार कार्ड सं0, 578362985852 में त्रुटिवश मेरा नाम नवनीत मणि लिख गया है जो कि गलत है। पैनकार्ड, वोटर आईडी में मेरा नाम नीरज मिश्रा है जो कि सही नाम है। **नीरज मिश्रा पुत्र श्री राधिका प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम–पूरे धन्नी, पोस्ट पूरे बसालत पर0 तह0 व जिला–गोण्डा**

## आज का मौसम

गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

| 33.0° | 22.6° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06:06 | सूर्यास्त 05:44 |

## नवम सिद्धिदात्री




मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। देवी सिद्धिदात्री की पूजा से केतु का असर कम होता है।

बीज मंत्र- ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नमः।

# त्योहारों पर स्पेशल वंदेभारत तेजस ट्रेन का तोहफा मिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नई दिल्ली और पटना के बीच संचालित होंगी दोनों प्रीमियम ट्रेनें आरक्षण प्रक्रिया हुई शुरू



**अमृत विचार।** त्योहारों पर यात्रियों को घर पहुंचने के लिए प्रीमियम ट्रेनों का तोहफा मिलेगा। प्रीमियम ट्रेनों में स्पेशल वंदेभारत और तेजस भी शामिल हैं, जो नई दिल्ली से पटना स्टेशन के बीच संचालित होंगी। इन ट्रेनों में आरक्षण की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि नई दिल्ली से स्पेशल वंदेभारत 02252 सुबह 8.25 बजे चलेगी और दोपहर 1.02 बजे सेंट्रल आएगी। सेंट्रल पर ट्रेन का सिर्फ तीन मिनट ठहराव होगा। यहां से रवाना होकर ट्रेन रात आठ बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी। स्पेशल वंदेभारत 30 अक्टूबर और एक, तीन, छह नवंबर को चलेगी। इसकी रिवर्स ट्रेन 02251 पटना से 31 अक्टूबर, दो, चार, सात नवंबर की सुबह 7.30 बजे चलेगी। यह सेंट्रल स्टेशन पर दोपहर 2.18 बजे आएगी और दो मिनट ठहराव होगा। ट्रेन शाम सात बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। तेजस स्पेशल सुपरफास्ट 02248 नई दिल्ली से 29 व 31 अक्टूबर, दो व 5 नवंबर की सुबह 8.25 बजे रवाना होगी, जो दोपहर 1.12 बजे सेंट्रल आएगी। तीन मिनट स्टॉपेज के बाद रात 8.30 बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी। इसकी रिवर्स ट्रेन 02247 पटना से 30 अक्टूबर, एक, तीन व छह नवंबर की शाम 7.30 बजे चलेगी। दोपहर 2.38 बजे सेंट्रल आकर दो मिनट ठहराव के बाद शाम 7.35 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

# समानांतर हाईवे का बदल सकता है अलाइनमेंट

विकास कुमार, कानपुर

- रमईपुर से कबरई तक बनना है ग्रीनफील्ड फोरलेन मार्ग
- परिवहन मंत्रालय में किया जा रहा डीपीआर का परीक्षण
- भूमि अधिग्रहण समिति से दोबारा लेनी पड़ सकती मंजूरी

**अमृत विचार।** कानपुर में रमईपुर से हमीरपुर होते हुए कबरई (महोबा) तक प्रस्तावित फोरलेन समानांतर हाईवे की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट का परीक्षण सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में किया जा रहा है। यह ग्रीन फील्ड हाईवे नौबस्ता-हमीरपुर रोड के समानांतर बनाया जाना है। जानकारी के मुताबिक मंत्रालय ने इस हाईवे का नए सिरे से अलाइनमेंट निर्धारण करने के लिए कहा है। अलाइनमेंट में बदलाव होने पर प्रोजेक्ट को भूमि अधिग्रहण समिति के पास दोबारा अंतिम मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

नौबस्ता से हमीरपुर होते हुए कबरई जाने वाले मार्ग की स्थिति बहुत खराब है। इस मार्ग पर आए दिन हादसे होते हैं। जाम तो दिन और रात दोनों समय लगता है। कई बार जाम खत्म कराने में आठ से दस घंटे तक लग जाते है। इस दौरान एंबुलेंस के साथ

> अलाइनमेंट का निर्धारण नए सिरे से किया जाएगा। इसके लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से ही प्रक्रिया की जा रही है।
>
> -अमन रोहिल्ला, परियोजना निदेशक, एनएचएआई

बड़ी संख्या में यात्री भी फंसे रहते हैं। जाम लगने की वजह दो लेन के हाईवे पर रोज 40 हजार से अधिक डंपरों का आवागमन होना है। कबरई से गिट्टी, मौरंग लदे ट्रक कानपुर, लखनऊ, सीतापुर, गोंडा, बहराइच, अयोध्या, लखीमपुर आदि जिलों को इसी रास्ते से जाते हैं। सांसद देवेंद्र सिंह भोले के प्रस्ताव पर समानांतर हाईवे का प्रोजेक्ट तैयार किया गया था। योजना के तहत रमईपुर में रिंग रोड से फोरलेन हाईवे शुरू होगा और कबरई होते हुए छतरपुर हाईवे में मिलेगा। भूमि अधिग्रहण समिति प्राथमिक रूप से प्रोजेक्ट को मंजूरी दे चुकी है लेकिन मंत्रालय की ओर से प्रोजेक्ट परीक्षण और अलाइनमेंट निर्धारण हो रहा है। ऐसे में भूमि अधिग्रहण के लिए पुनः समिति से मंजूरी लेने की प्रक्रिया राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की कानपुर इकाई द्वारा की जाएगी। फिलहाल प्राधिकरण के अधिकारी इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि मंत्रालय नया अलाइनमेंट कहां से निर्धारित करता है। इस हाईवे के लिए कानपुर नगर, हमीरपुर, फतेहपुर जिले में भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। वर्तमान में जो अलाइनमेंट है, उसके अनुसार जहां से यह मार्ग गुजरना है, वहां भू उपयोग परिवर्तन, भवन निर्माण, पौधरोपण आदि पर रोक लगी हुई है।

### कानपुर से हमीरपुर मार्ग के दाहिनी तरफ होना है निर्माण

- समानांतर फोरलेन हाईवे कानपुर से हमीरपुर मार्ग के दाहिनी तरफ प्रस्तावित है। रमईपुर से साढ़ जाते समय 1.7 किलोमीटर लंबी सड़क बनाकर नए हाईवे को वर्तमान हाईवे से जोड़ दिया जाएगा। फिलहाल 37 सौ करोड़ रुपये इस प्रोजेक्ट की लागत प्रस्तावित है। इसमें 2000 करोड़ रुपये भूमि अधिग्रहण पर खर्च होना है। करीब 700 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण होना है। समानांतर फोरलेन की लंबाई 120 किलोमीटर होगी।



| | |
|---|---|
| **3700** करोड़ रुपये प्रोजेक्ट की अभी है लागत | **2000** करोड़ भूमि अधिग्रहण पर खर्च होना है |
| **700** हेक्टेयर भूमि का किया जाना है अधिग्रहण | **120** किमी प्रस्तावित है समानांतर फोरलेन की लंबाई |

## शहर में आज

- **टूर्नामेंट :** ऑल इज वेल एंड वेलनेस फाउंडेशन द्वारा पनकी आरएलबी ग्राउंड में क्रिकेट टूर्नामेंट सुबह आठ बजे से।
- **जयंती :** गांधी शांति प्रतिष्ठान केंद्र की ओर से जेपी नारायण जयंती कार्यक्रम खलासी लाइन शास्त्री भवन में चार बजे।
- **महोत्सव :** श्रीमानस प्रचार समिति द्वारा 53वां श्री रामलीला महोत्सव नवाबगंज में शाम छह बजे से।

## एक नजर

### कारोबारी के घर हुई कुर्की

**कानपुर।** कोतवाली क्षेत्र में बंगाली मोहाल निवासी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि तीन साल पहले चौक में दुकान चलाने वाले मनोज वर्मा ने उनसे करीब 30 किलोग्राम चांदी ली थी। जिसका अब तक भुगतान नहीं किया है। मनोज के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वर्तमान में चांदी की कीमत करीब 27 लाख रुपये है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मनोज के घर कुर्की कार्रवाई की।

# अब बाइक सवार लुटेरों ने महिला से लूटी चेन

## काकादेव थानाक्षेत्र में घटना, कुत्ते को टहलाते समय हुई वारदात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** काकादेव थानाक्षेत्र में कुत्ते को सड़क पर टहला रही महिला के गले से झपट्टा मारकर पल्सर सवार लुटेरों ने चेन लूट ली। पीड़िता ने शोर मचाकर कुछ दूर तक पीछा किया लेकिन आरोपी भाग निकले। पीड़िता ने पुलिस को जानकारी देकर मामला दर्ज कराया। इन दिनों शहर में चेन लूट की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन अभी कोई शातिर पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा है।

काकादेव के पांडु नगर निवासिनी सोनू पत्नी नरेंद्र सिंह अरोड़ा ने पुलिस को बताया कि वह सुबह सड़क पर कुत्ते को टहला रही थीं, तभी इंदिरा पार्क के पास दो युवक काली पल्सर बाइक से आए और गले में पड़ी सोने की चेन को झपट्टा मारकर लेकर भाग निकले। एक लड़के ने लाल रंग की टीशर्ट पहनी थी। पीड़िता ने थाने पहुंचकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। काकादेव पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज देखे हैं।

### युवक से मोबाइल छीनकर भाग निकले बाइक सवार

- पनकी रतनपुर कलोनी निवासी आलोक सिंह के अनुसार गुरुवार शाम वह ई-रिक्शा से मोबाइल पर बात करते हुए कल्याणपुर की ओर जा रहे थे। बारासिरोही नहर के पास बाइक सवार दो युवक झपट्टा मारकर उसका मोबाइल छीन ले गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है।

### सेवानिवृत्त एयरफोर्स कर्मी से चेन लूट में पूछताछ

- जाजमऊ थानाक्षेत्र में सेवानिवृत्त एयरफोर्स कर्मी से चेन लूट के मामले में पुलिस लगातार सीसीटीवी फुटेज के आधार संदिग्धों को उठाकर पूछताछ कर रही है। तिवारीपुर कैलाश नगर निवासी रिटायर एयरफोर्स कर्मी अरुण कुमार गिरी से मंगलवार तड़के बाइक सवार लुटेरे चेन लूटकर भाग निकले थे। पुलिस लगातार घटनास्थल से लेकर उनके भागने के रूट के फुटेज देखकर उनकी तलाश में जुटी है। पुलिस ने आठ से दस संदिग्धों को उठाकर पूछताछ भी की है। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।



अतिक्रमण ढहाता नगर निगम का बुलडोजर। अमृत विचार

# मंदिर मार्ग पर अतिक्रमण बुलडोजर ने ढहा दिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर मार्केट रोड पर दो दुकानों सहित 27 पक्के निर्माणों को हटाया गया
- पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे नगर निगम अधिकारियों ने कब्जा कराया खाली

**अमृत विचार।** कल्याणपुर स्थित शोभनाथ मंदिर के रास्ते में कच्चे-पक्के अतिक्रमण नगर निगम की टीम ने ढहा दिए। गुरुवार को डीसीपी और एसीपी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। नगर निगम अधिकारियों ने 2 पक्की दुकानों के साथ 27 पक्के चबूतरे और 48 अस्थाई अतिक्रमण गिरा दिए। सुबह 10 बजे से शुरू हुआ अभियान देर शाम तक चलता रहा। अब मंदिर जाने वाला मार्ग चौड़ा किया जायेगा, ताकि श्रद्धालु आसानी से मंदिर में दर्शन कर सकें।

कल्याणपुर क्रासिंग मार्ग पर गुरुवार सुबह जैसे ही नगर निगम दस्ता पहुंचा व्यापारियों में हड़कंप मच गया। सहायक नगर आयुक्त संतोष यादव व अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव के नेतृत्व में दस्ते ने पुलिस बल के सहयोग से अतिक्रमण हटाना शुरू किया। बुलडोजर देखकर फुटपाथ तक कब्जा किये दुकानदार खुद ही पीछे हटने लगे। मंदिर जाने वाले मार्ग पर दो पक्की दुकाने बनी थीं। जिन्हें खाली करने के लिये समय दिया गया फिर बुलडोजर ने निर्माण धराशायी कर दिया। इसके बाद बुलडोजर ने फुटपाथ व सड़क तक बने पक्के चबूतरों को भी तोड़ दिया। मंदिर व आसपास की जमीन पर 48 अस्थाई कब्जे नगर निगम अधिकारियों ने हटवा दिए। जोनल अधिकारी रविशंकर यादव ने बताया कि मंदिर पौराणिक है। अतिक्रमण से श्रद्धालु दर्शन करने नहीं आ पाते थे। प्रवर्तन प्रभारी कर्नल आलोक नारायण टीम के साथ मौजूद रहे।

### नोटिस न देने को लेकर हंगामे की कोशिश

- अभियान के दौरान कई दुकानदारों ने कहा कि नगर निगम ने कोई नोटिस नहीं दी और दुकानें तोड़नी शुरू कर दीं। इस पर सहायक नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम की जमीन पर कब्जा किये हैं इसकी कोई नोटिस नहीं दी जाती है, पहले सूचना दी जा चुकी थी। अगर लोग विरोध करेंगे तो कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## सौहार्द का कायम रहे इकबाल...



मोहम्मद सलीम की तीन पीढ़ियां दशानन के पुतले का निर्माण कर रही हैं। रेल बाजार रामलीला मैदान में 32 वर्षों से रावण का पुतला बना रहे इक़बाल ने बताया कि उनकी तीन पीढ़ियों से परिवार के लोग लगभग 85 साल से रावण के पुतले बना रहे हैं| कानपुर शहर के आलावा आस पास के जिलों और कस्बों जैसे पुखरायां, कन्नौज, बिल्हौर, कानपुर देहात मे आयोजित होने वाली रामलीला के पुतले भी उनके द्वारा बनाए जाते हैं। फोटो – मनोज तिवारी

# जीएसटी टीम ने सेंट्रल स्टेशन से 2 ट्रक माल पकड़ा

**कानपुर।** कर चोरी करके श्रमशक्ति एक्सप्रेस से लाई जा रही होजरी व इलेक्ट्रानिक गुड्स की शिकायत पर जीएसटी अफसरों ने गुरुवार को सेंट्रल स्टेशन पर छापा मारा और दो ट्रक माल पकड़ा। सेंट्रल पर पुलिस की मौजूदगी में हुई छापेमारी में ट्रेन से उतारे गए 209 नग माल सीज कर दिए गए। मौके पर माल के कागजात न दिखाने पर टीम सीज माल को लखनपुर स्थित कार्यालय ले गई।

जीएसटी टीम के अफसरों ने बताया कि लगातार शिकायतें मिल रहीं थीं कि श्रमशक्ति एक्सप्रेस में कर चोरी करके नई दिल्ली से कानपुर माल लाया जा रहा है। गुरुवार को जीएसटी अधिकारी संजय सिंह की टीम ने सेंट्रल स्टेशन पर छापा मारा। कार्रवाई देर शाम तक चली।

**केडीए की कवायद** किसानों से 24 हेक्टेयर भूमि लेना मुआवजे के चलते साबित हो रहा टेढ़ी खीर

# बिनगवां टाउनशिप के लिए दोबारा सर्वे होगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- योजना की जमीन का एक हिस्सा पांडु नदी की बाढ़ में हर साल डूब जाता
- 60 हेक्टेयर में विकसित होनी है टाउनशिप, मिलेंगे लोगों को सस्ते प्लॉट
- किसानों से जमीन खरीदने के लिए केडीए को शासन जारी कर चुका है 50 करोड़

**अमृत विचार।** कानपुर-सागर मार्ग पर नौबस्ता गल्ला मंडी के आगे केडीए बिनगवां आवासीय योजना विकसित करने जा रहा है। लेकिन योजना को धरातल पर उतारने में किसानों की 24 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण और पांडु नदी की बाढ़ आड़े आ रही है। शासन ने जमीन खरीदने के लिये 50 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कर दी थी, पर न्यू कानपुर सिटी की तरह ही यहां भी किसानों से जमीन खरीदना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। योजना जहां प्रस्तावित हैं वहां पहले ही निजी बिल्डर्स सक्रिय हैं। इस कारण कई किसान जमीन देने को राजी नहीं हैं, तो कुछ किसान सर्किल रेट से चार गुना राशि मांग रहे हैं। योजना की जमीन का एक हिस्सा पांडु नदी की बाढ़ में डूबने की वजह से भी परेशानी है, जिसका समाधान ग्रीन बेल्ट के रूप में खोजा गया है। ऐसे में योजना का दोबारा सर्वे किया जा सकता है।

न्यू कानपुर सिटी की तरह केडीए ने नौबस्ता बिनगवां में भी टाउनशिप विकसित करने की योजना बना रखी है। 60 हेक्टेयर में विकसित होने वाली इस टाउनशिप का सर्वे पूरा हो चुका है। 24 हेक्टेयर जमीन खरीदी जानी है, बाकी केडीए की है। केडीए सचिव की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने पाया है कि पांडु नदी की बाढ़ में योजना का कुछ हिस्सा डूब जाता है। इसे देखते हुए दोबारा सर्वे की तैयारी हो रही है। अभियंत्रण विभाग मौके पर जाकर किसानों से संपर्क कर रहा है। किसानों से जमीन खरीदने के लिए शासन 50 करोड़ रुपये दे चुका है। अगले साल तक योजना को धरातल पर लाने की तैयारी है। केडीए सचिव अभय पांडेय ने बताया कि बिनगवां योजना में प्रस्तावित जमीन का कुछ हिस्सा बाढ़ से प्रभावित है। हर बरसात में जमीन डूब रही है। इसे देखते हुए नए सिरे से जमीन का सर्वे कराया जा रहा है। जो जमीन बाढ़ में डूब रही है उसे ग्रीन बेल्ट में शामिल किया जा सकता है।

### 31 हेक्टेयर भूमि ग्राम समाज की या ऊसर-बंजर

- बिनगवां हाउनशिप योजना 60 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर बसाई जानी है। इसमें 31 हेक्टेयर जमीन ग्राम समाज की है या ऊसर, बंजर है। 5 हेक्टेयर भूमि सीलिंग की है। यह जमीन केडीए के पक्ष की है। ऐसे में 24 हेक्टेयर जमीन किसानों से खरीदने के लिये केडीए प्रयास कर रहा है।

### निम्न वर्ग के लोगों को मिलेंगे छोटे प्लाट

- केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल ने बताया कि योजना में मध्यम वर्ग, निम्न-मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए छोटे प्लॉट विकसित किए जाएंगे। न्यू कानपुर सिटी की तुलना में यहां प्लाटों की कीमत कम होगी। ले-आउट बनने के बाद प्लॉटों की कीमत तय की जाएगी।

नवरात्रों की शुभकामनाएं
First Time Single Window Service in U.P.
AUTHORISED SERVICE PROVIDER SALES & SERVICE & (12.5 x 500 KVA)
Kirloskar
RAMAN ELECTRICALS
124/120,C-BLOCK, GOVIND NAGAR, KANPUR Co.No 9415733368 9628168108
ramanelectricals@rediffmail.com
24x7 Services

एडवांस आर्थोपेडिक साइंसेज
Enjoy Latest Scientific Solutions In Orthopedics
डा. अनुपम सचान
स्पाइन, एण्डस्पाइन एण्ड स्कोपी सर्जन
घुटने की चोट (ACL, PCL, MCL, MEINSCUS Injury)
कन्धे का दर्द (Frozen Shoulder,Rotator Cuff Tear)
कमर दर्द, सियाटिका, Cervical Pain
सब्जी मण्डी चौराहा, बर्रा–2, कानपुर – मो. : 9839530716
साभार – डॉ दिनेश कटियार

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
Dr. M.K. Prajapati Managing Director
आयुष्मान योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज
SD HOSPITAL
ICU NICU PICU
133/190 'O' Block, Juhi Hamirpur Road (Near Baradevi Chauraha), Kidwai Nagar, Kanpur • Helpline : 9336724186, 9389731446

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
Chandrabhal Hospital
Multi Speciality Hospital
आयुष्मान योजना से सम्बद्ध
24 घंटे सुविधा उपलब्ध
डा. राजेश बाजपेयी (MBBS, D.Ortho, Mch.) हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
ICU, NICU, EMERGENCY, MEDICAL STORE
Y-1280, Kidwai Nagar, Near R.B.I. Colony, Kanpur Mob.: 7571810604

यूपीसीडा मेगा ई-नीलामी
भूखंड पाने का सुनहरा अवसर
औद्योगिक तथा व्यावसायिक भूखंड
11.10.2024 10:00 AM – समस्त प्रपत्र डाउनलोड करने व पंजीकरण की आरंभ तिथि
17.10.2024 06:00 PM – कैटलॉग फीस, प्रोसेसिंग फीस व ई.एम.डी. भुगतान करने की अंतिम तिथि
18.10.2024 06:00 PM – समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि
25.10.2024 10:00 AM to 01:00 PM – ऑनलाइन ई-नीलामी प्रारंभ
नोट : पंजीकरण और अन्य विवरणों के लिए कृपया नीलामी पोर्टल- https://eauction.etender.sbi/SBI पर जायें।
व्यावसायिक भूखंड जनपद
बरेली (वेयर हाउस) | जालौन (होटल) | बाराबंकी (ग्रुप हाउसिंग)
प्रयागराज (होटल, मल्टीप्लेक्स व हॉस्पिटल) | मुरादाबाद (पेट्रोल पम्प)
ट्रान्स गंगा सिटी उन्नाव (क्लब, कम्यूनिटी सेन्टर, सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, हॉस्पिटल, मल्टी पर्पज हॉल (बारात घर/बैन्क्वेट हॉल), वर्किंग वूमेन हॉस्टल, ऑफिस/बीपीओ, पेट्रोल/सीएनजी फिलिंग स्टेशन, सेक्टर शॉपिंग)
औद्योगिक भूखंड जनपद
अमेठी, अमरोहा, बाँदा, हमीरपुर, मैनपुरी, उन्नाव
पंजीकरण एवं ई-नीलामी प्रक्रिया के संबंध में जानकारी के लिए –
हेल्पलाइन नंबर : 022-22811110 पर (सोमवार से शुक्रवार प्रातः 10:00 बजे से सायं 7:00 बजे तक प्रथम व तृतीय शनिवार सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक) संपर्क करें
UPSIDA उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (UPSIDA)
यूपीसीडा कॉम्प्लेक्स A1/4 लखनपुर, कानपुर-208024 : ईमेलः eauction@upsida.co.in

डेन्टल इम्प्लान्ट्स एण्ड वेलनेस स्टूडियो
(AN ISO CERTIFIED 9001:2015 DENTAL CLINIC)
डॉ. देविना प्रधान एवं डॉ. लोकेश शर्मा
हमारी क्लीनिक पर सभी तरह के दंत रोगों का परामर्श होता है
समय : सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक शाम 4:30 बजे से रात 8:00 बजे तक
उपलब्ध सेवायें
• रूट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT)
• अल्ट्रासोनिक मशीन द्वारा दाँतो की सफाई
• बत्तीसी • दाँतो में कैप लगाना।
• दाँतों के रंग की फिलिंग।
• आड़े–टेढ़े दाँतों का इलाज
तम्बाकू रहित सलाह एवं परामर्श
दाँतो की सफाई पर भारी छूट मात्र 1000/– रु. में
सम्पर्क करें:– मो0: 8173914009, 8009365109
Website: dentalimplantstudio.co.in, Email: dentalimplantswellnessstudio@gmail.com
117/708 'Q' ब्लाक (निकट अनुराग हास्पिटल) शारदा नगर, कानपुर

आप सभी को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
Dr. Kashif Mahtab
10 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
सारिम आई केयर हॉस्पिटल
डॉ. काशिफ महताब M.B.B.S., M.S. (EYE) AMU Phaco, Glaucoma & LASIK Surgeon
20000 से अधिक फेको मोतियाबिन्द आपरेशन का अनुभव
• PM आयुष्मान योजना • CGHS की सुविधा उपलब्ध है।
• CM पंडित दीन दयाल उपाध्याय कर्मचारी कैशलेस योजना
पता (1): 176ए/4 गंगा विहार, Swan Tower Apartment के सामने, गल्ला गोदाम चौराहे के पास, जाजमऊ, कानपुर (समय– प्रातः 11 से 2.30 बजे तक)
पता (2): 105/37 ए, गुरुद्वारा के पास, प्रेम नगर, कानपुर (समय– सायं 5 से 8 बजे)
मो.: 9389721497, 8931924420

# ओमपुरवा व जगईपुरवा में सड़ता कूड़ा, पेयजल आपूर्ति न होना बड़ी समस्या

अमृत विचार आपकी आवाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



पार्षद जितेंद्र चौरसिया को समस्या बतातीं क्षेत्रीय जनता। अमृत विचार


- अमृत विचार के शिविर में पार्षद ने समस्याएं सुनीं

**अमृत विचार।** ओमपुरवा और जगईपुरवा क्षेत्र के लोग नगर निगम के अधिकारियों की कार्यशैली से खफा हैं। उनका कहना है कि नगर निगम समस्याओं का समाधान नहीं कर रहा है। अमृत विचार आपकी आवाज मुहिम के तहत ओमपुरवा में लगाए गए शिविर में पार्षद जितेंद्र चौरसिया ने लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान कराने का आश्वासन दिया। लोगों ने गंदगी, पीने के पानी, जल निकासी और सीवर भराव की समस्या प्रमुखता से बताई।

पार्षद जितेंद्र चौरसिया के कार्यालय आयोजित शिविर में पहुंचे लोगों ने उन्हें समस्याओं से अवगत कराया। सुधा शुक्ला ने कहा कि नगर निगम ने सड़क खोदकर ऐसे ही छोड़ दी है। इससे आवागमन में दिक्कत है। सड़क बन जाए तो जो लोग परेशान हैं उन्हें समस्या से मुक्ति मिल जाएगी। सोनी शुक्ला ने कहा कि क्षेत्र में 15 दिनों से जलापूर्ति की समस्या है। जलकल में शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हुई। पप्पी सिंह ने कहा कि क्षेत्र में सीवर की समस्या काफी बड़ी है। क्षेत्र में जलजमाव होता है। कई बार तो बच्चे गंदे पानी में निकलते समय गिरकर चुटहिल तक हो जाते हैं। रानी गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र में इंटरलॉकिंग टाइल्स तो बिछा दी गई, लेकिन नाली बनाना भूल गए, जिसकी वजह से बारिश का पानी सड़क पर भरता है। पार्षद ने समस्या समाधान के लिए आश्वस्त किया।



क्षेत्र में साफ-सफाई नहीं होती है। गोवंश दिनभर घूमा करते हैं, जिसकी वजह से हादसे का डर रहता है। – **माया साहू**



क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या सीवर समस्या है, जिसकी वजह से कई जगहों पर गंदा पानी जमा रहता है। बीमारी फैलती है।– **सरवन मिश्रा**



पाइप लाइन पड़ी होने के बाद भी 20 साल से उसमें पानी नहीं आया। हाउस टैक्स भी बढ़ा दिया गया है। सुविधाएं नहीं हैं। – **रामचंद्र कनौजिया**



क्षेत्र में सीवर की समस्या है, साथ ही खंभों पर लगी लाइटें भी बंद हैं। खंभे सड़क के बीच में लगे हुए हैं। हटाए जाएं।– **मधु देवी**



गली में सात साल पहले सड़क बनी थी, जो कुछ समय के बाद खराब हो गई, तब से बनी नहीं है। बनवाई जाए।– **संतोष कुमार**



सड़क किनारे नली नहीं होने से गली में बारिश और सीवर का पानी भर जाता है, जिससे बच्चों को दिक्कत होती है। – **सीता देवी**



बिजली खंभों में फैले मकड़जाल की वजह से छज्जे व घर में करंट का खतरा बना रहता है। घर के सामने कबाड़खाना बना है।– **शीलू शर्मा**



क्षेत्र में नली न होने की समस्या के साथ ही पानी की भी समस्या है। हैंडपंप भी खराब हैं। समाधान त्वरित होना चाहिए।– **विक्रम प्रताप सिंह**



आठ माह से वह बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। वह 90 हजार रुपये का बकाया बिल जमा करने में आसमर्थ हैं।– **अमित वर्मा**



क्षेत्र में पानी, सीवर और नली की समस्या प्रमुख समस्या है, इसकी शिकायत करने पर भी समाधान नहीं होता है।– **गीता देवी**



नगर निगम ने गली में इंटरलॉकिंग तो की, लेकिन दोनों तरफ नाली नहीं बनाई, जो नाली पहले से थी उसे भी बंद कर गए। – राजेश्वरी



नगर निगम कर्मी क्षेत्र में सफाई करने कभी-कभी आते हैं, शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होता है।– **नेहा**

## एक नजर

### बाजारों में गश्त कर सुरक्षा का एहसास कराया

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल दिनेश त्रिपाठी ने त्योहारों को देखते हुए अनवरगंज सर्किल के मुख्य मार्गो, बाजार व अन्य भीड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त की। गश्त के दौरान सड़क किनारे गलत तरीके से वाहन पार्क करने वालों व सड़कों पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए यातायात व्यवस्था सुगम रखने के दिशा-निर्देश दिए।

### उधार सामान न देने पर दुकानदार को पीटा

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के संजीव नगर निवासी राजेश कुमार परचून दुकानदार हैं। उनके अनुसार मोहल्ले का एक युवक पांच दिन पहले दुकान से उधार में सामान लेकर गया था। आरोपी दोबारा दुकान पर आया और उधार सामान मांगने लगा। राजेश द्वारा मना करने पर आरोपी अपने साथी के साथ आया और मारपीट की।

### आधुनिक फायर उपकरणों से बुझेगी आग, दिया प्रशिक्षण

**कानपुर।** आगामी दुर्गा पूजा, दशहरा व दीपावली पर्व को देखते हुए अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय लखनऊ द्वारा कानपुर को उपलब्ध कराए गए आधुनिक फायर क्विक रिस्पान्स व्हीकल तथा फायर बुलेट विद हाईप्रेशर पम्प का मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा के नेतृत्व में फायर स्टेशन फजलगंज में कर्मचारियों को प्रशिक्षण एवं डिमास्ट्रेशन दिया गया।

### ट्रैफिक पुलिस ने जागरुक किया और कार्रवाई की

**कानपुर।** यातायात निदेशालय के आदेश पर चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के क्रम में गुरुवार को भी लोगों को जागरुक किया गया। टीआई दक्षिण जोन प्रभारी ने हमीरपुर रोड पर वाहनों की चेकिंग की और दिशा निर्देश दिए। टीआई पश्चिमी जोन प्रभारी ने सचेंडी पर वाहनों की चेकिंग की। टीआई सेंट्रल जोन प्रभारी ने गंगा बैराज पर वाहनों की चेकिंग की और लोगों को जागरुक किया। टीआई पूर्वी जोन प्रथम ने इलाहाबाद रोड पर वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान 06 मॉडिफाइड साइलेंसर, 01 हूटर, 09 प्रेशर हार्न और 44 काली फिल्म हटवाई।

### सड़क बनवाने की मांग

कानपुर। सड़क बनाओ समिति ने डीएम राकेश सिंह को ज्ञापन देकर सड़क बनवाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष विवेक, जितेंद्र, अभिलाश, कमलेश तिवारी, विवेक भदौरिया उपस्थित रहे।

एल्डर्स कमेटी ने फाइनल सूची जारी की, सभी नामांकन पत्र जांच में दुरुस्त मिले

# अध्यक्ष और महामंत्री पद पर 8-8 प्रत्याशी मैदान में

- बार एसोसिएशन के निर्वाचन में जीत के लिए उम्मीदवारों ने लगाई प्रचार में ताकत
- मतदाताओं को लुभाने के लिए घर-घर जाकर हाथ जोड़ने लगे प्रत्याशी

चुनाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन चुनाव नामांकन के बाद गुरुवार को 12 से 3 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच की गई। किसी प्रत्याशी ने नाम भी वापस नहीं लिया। इस तरह कुल 99 प्रत्याशियों की सूची एल्डर्स कमेटी ने फाइनल कर दी। विभिन्न पदों पर ये दावेदार ताल ठोक रहे हैं। नामांकन के पहले दिन 51 व दूसरे दिन 48 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया था। हालांकि पहले दिन आचार संहिता उल्लंघन में चार नामांकन निरस्त हुए थे, लेकिन क्षमा याचना पर दूसरे दिन चारों प्रत्याशियों ने दोबारा नामांकन कराया था।

एल्डर्स कमेटी ने गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया में जमा हुए प्रपत्रों की जांच की। जिसमें सभी 99 ठीक पाए गए। अब शुक्रवार को फाइनल सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 24 अक्टूबर को डीएवी डिग्री कालेज में मतदान और 26 अक्टूबर से मतगणना चालू होगी। इस बीच प्रत्याशी अपने पक्ष में समर्थन के लिए जुट गए हैं। गुरुवार को दिनभर दावेदारों ने अधिवक्ताओं के चेंबर पहुंचकर समर्थन मांगा। कई जगह प्रत्याशी तो कई जगह समर्थक अधिवक्ताओं से संपर्क करते दिखे। अध्यक्ष पद पर 8, महामंत्री पर 8, वरिष्ठ व कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर 7-7, कोषाध्यक्ष पद पर 5, मंत्री पर 4, संयुक्त मंत्री प्रशासन पर 6, संयुक्त मंत्री प्रकाशन पर 7 व संयुक्त मंत्री पुस्तकालय पर 6 दावेदार ताल ठोंक रहे हैं। इसी तरह वरिष्ठ कार्यकारिणी पद पर 18 व कनिष्ठ कार्यकारिणी पर 23 दावेदार मैदान पर हैं।

### मतदाताओं का क्यूआर कोड होगा स्कैन

- एल्डर्स कमेटी ने निर्णय लिया है कि मतदान के दिन रिटायर्ड फोर्स कर्मियों की तैनाती की जाएगी। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि मतदान के दिन वोटरों को दी जाने वाली मतदान पर्ची पर क्यूआर कोड होगा। जिसे प्रवेश द्वार पर मौजूद लोग स्कैन करने के बाद ही अंदर जाने देंगे। इस काम की जिम्मेदारी एल्डर्स कमेटी के पर्यवेक्षकों ने राजेश यादव व धीरेंद्र वीर सिंह जी सौंपी है।

### एल्डर्स कमेटी ने याद दिलाई आचार संहिता

- एल्डर्स कमेटी ने गुरुवार को पत्र जारी कर प्रत्याशियों को आचार संहिता याद दिलाई। नियमावली के तहत जुलूस, नारेबाजी, भोज व सामूहिक स्वल्पाहार से बचे। पोस्टर, बैनर और स्टीकर बार एसोसिएशन व जजशिप प्रांगण में निषेधित है। एल्डर्स कमेटी को किसी भी प्रत्याशी की प्रत्याशिता समाप्त करने का निर्णय अंतिम समय तक है। इस कारण प्रत्याशियों को आगाह किया जाता है कि निर्देशों का पालन चुनाव के निर्णय आने तक सुनिश्चित करें। एल्डर्स कमेटी ने चुनाव प्रक्रिया के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति भी की है। प्रत्याशियों को निर्देशित किया है कि बार एसोसिएशन व जजशिप प्रांगण से पोस्टर व बैनर हटा लें।

# युवक की मौत, अवैध संबंध में हत्या का शक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गुजैनी थानाक्षेत्र की घटना पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार।** गुजैनी थानाक्षेत्र में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने युवक के साथ रह रही महिला पर प्रेमी के साथ मिलकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक के भाई का आरोप है कि बुधवार रात हुई घटना के बाद गुरुवार सुबह शव के अंतिम संस्कार की तैयारी बिना बताए की जाने लगी इस पर मोहल्ले के लोगों ने उन लोगों को सूचना देकर पुलिस बुला ली।

सजेती थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने आरोप लगाया कि 7 साल पहले उसके बड़े भाई ने हमीरपुर की एक महिला को अपने साथ गांव में रख लिया था। उन्हें तीन बच्चे हुए। आरोप लगाया कि महिला का चरित्र ठीक नहीं था टोकने और विवाद के बाद उसने भाई की हत्या कर दी थी। आरोप है कि मामले में पुलिस ने जांच की लेकिन आरोपी महिला पर कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद महिला ने दूसरे नंबर के भाई को अपने जाल में फंसा लिया। उनका 35 वर्षीय भाई कर्रही में जरौली फेस-2 में किराए का कमरा लेकर प्राइवेट काम करता था। आरोप है कि बड़े भाई के साथ रहने वाली महिला उसके साथ कर्रही में रहने लगी। यहां भी पास में रहने वाले एक मिस्त्री से चक्कर हो गया। इस पर महिला और भाई में विवाद हुआ। आरोप है कि इस पर महिला ने मिस्त्री के साथ मिलकर भाई को रास्ते से हटाने के लिए बुधवार रात खाने में कुछ मिलाकर खिला दिया और दोनों ने जमकर पीटा। इलाके के लोगों को बताया कि नाले मे गिरने से भाई की मौत हो गई है। लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने पूछताछ किया।

# सीएसजेएमयू टीम बनी जूडो चैंपियन

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से गुरुवार को अंतर महाविद्यालयी जूडो प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में 109 प्रतिभागियों ने शिरकत की। सीएसजेएमयू कैंपस की टीम ने ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता। गौरव चौधरी व शिवानी गोंड ने गोल्ड पर कब्जा किया।

विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के109 पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। 60 किलो केटेगरी में गौरव चौधरी ने गोल्ड, शिवम वर्मा ने सिल्वर व अवतार कुमार मौर्य ने ब्रॉन्ज जीता। 66 किलो केटेगरी में आशु गोंड़ ने गोल्ड, प्रणव पांडे ने सिल्वर व हर्ष यादव ने ब्रॉन्ज पर कब्जा किया। 73 किलो केटेगरी में अनुराग त्रिपाठी ने गोल्ड, अभिषेक पाल ने सिल्वर व यश कुमार ने ब्रॉन्ज जीता। इसी तरह 81 किलो केटेगरी में विवेक यादव ने गोल्ड, 90 किलो केटेगरी में शिवम यादव ने गोल्ड, 100 किलो में अंकित शुक्ला ने गोल्ड जीता।



कार्यक्रम में उपस्थित छात्र- छात्राएं। अमृत विचार

# मां के पैरों के नीचे जन्नत, हर बेटी है मां

**कानपुर।** गुरुवार को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच कानपुर प्रांत संयोजक अशफ़ाक सिद्दीकी के नेतृत्व में एमएच एम पब्लिक स्कूल आवास विकास हंसपुरम नौबस्ता में कन्या सम्मान का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक स्वामी मुरारी दास जी ने बताया कि मां के पैरों के नीचे जन्नत है, हर बेटी मां है, इसलिए हमें सभी बेटियों का सम्मान करना चाहिए। स्कूली बच्चों को किताबें देकर सम्मानित किया गया। कन्या भोज कराया गया। बच्चों को त्योहारों के बारे में बताया गया। समाज सेविका सुमन दीक्षित, सबिहा खान, जावेद अख्तर, रियाज, एडवोकेट शाहरुख खान, रुखसाना, तृप्ति झा, शिफा बानो, रुकैया खान, काजल, अदीबा, हदीसा, रौशनी उपस्थित रहीं।

# फर्जी कॉल : शिक्षक को दी गोलियों से भूनने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** काकादेव थानाक्षेत्र में साइबर अपराधियों ने आतंकवादी और फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर बनकर शिक्षक को कॉल कर 10 लाख रुपये देने के लिए कहा। ऐसा न करने पर उसे और पूरे परिवार को गोलियों से भून डालने की धमकी दे डाली। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई।

शास्त्री नगर निवासी शिक्षक सुधांशु मिश्रा ने बताया कि 15 सितंबर को रात 10.07 बजे उनके फोन नंबर पर एक व्हाटसएप कॉल आई। इसमें मुबारिक खान नाम बताते हुए कहा गया कि वह एक आतंकवादी समूह से संबंधित है। 10 लाख रुपये दे दें, वर्ना उनका नग्न वीडियो नेट पर अपलोड कर देंगे और पूरे परिवार को सुबह होने से पहले गोलियों से भून देंगे। साइबर अपराधियों ने फर्जी वीडियो उनके एक रिश्तेदार को भेज दिया। जान का खतरा होने का डर लगा इसलिये पैसे देने का फैसला किया। आरोपियों ने करीब 50 व्हाटसएप कॉल की। वकील से बात कराने पर उनकी कॉल आना बंद हुई।

### सीबीआई डायरेक्टर बनकर जान से मारने की धमकी दी

- पीड़ित शिक्षक ने बताया कि 27 सितंबर को 12 .59 पर राकेश अस्थाना (नकली पूर्व सीबीआई डायरेक्टर) नामक व्यक्ति ने फोन कर जान से मारने की धमकी दी। वह अपने मोबाइल में सीबीआई साइबर क्राइम पुलिस की वर्दीधारी तस्वीर लगाए हुए है। उसने दुर्दांत आतंकवादी मुबारिक खान मामले में समझौता कर लो। अपराधियों ने उनसे 1,16,000 रुपये का साइबर फ्रॉड किया है। काकादेव इंस्पेक्टर मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर दोनों लोगों के खिलाफ डर दिखाकर जबरन वसूली की रिपोर्ट लिखी गई है।

## सार-संक्षेप



रतन टाटा को श्रद्धांजलि देते उद्यमी। अमृत विचार

### रतन टाटा को मर्चेंट चेंबर में दी गई श्रद्धांजलि

**कानपुर।** टाटा संस के मानद चेयरमेन रतन टाटा की स्मृति में गुरुवार को मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश में शोक सभा हुई। इसमें समाजसेवी व उद्योगपति पदम् विभूषण रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। चेंबर के पदाधिकारियों महेंद्रनाथ मोदी, सुशील शर्मा, राकेश गर्ग, प्रेम मनोहर गुप्ता, आईएम रोहतगी व स्वतंत्र सिंह ने भारत के विकास और उद्योगों की प्रगति के लिए टाटा के निस्वार्थ योगदान, प्रेरक नेतृत्व, अपार समर्पण व परोपकारों को याद किया। चेंबर की ओर से शोकाकुल टाटा परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की गई। चेंबर की ओर से नोएल टाटा, टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई को शोक सन्देश भी भेजा गया।



राशन किट बांटते सचिन तांगड़ी और सपा पदाधिकारी। अमृत विचार

### नेता जी की पुण्यतिथि पर तांगड़ी ने वितरित की राशन किट

**कानपुर।** धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर सपा कार्यालय में दिन में नगर सपा कार्य समिति, पीडीए युवा टीम, विधानसभा अध्यक्षों, वार्ड अध्यक्षों, जोनल सेक्टर प्रभारियों व फ्रंटल संगठनों से जुड़े युवाओं के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि नेता जी ने किसानों, गरीबों, अल्पसंख्यकों व सभी वर्ग के लोगों की मदद की। मुलायम सिंह यादव के रक्षा मंत्री बनने के आदेश से ही शहीद जवानों का पार्थिव शरीर उनके घर पर पहुंचता है, नहीं तो पहले सिर्फ जवानों की टोपी और बेल्ट ही घर आती थी। भारत सरकार राष्ट्रीय नेता मुलायम सिंह यादव को भारत रत्न देने में हिचकिचा रही है। इधर, वरिष्ठ समाजवादी नेता सचिन तागड़ी ने मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर डबल पुलिया काकादेव में सैकड़ों गरीबों व मजदूरों को राशन किट वितरण की, उनके साथ महानगर अध्यक्ष फजल महमूद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र व महासचिव बंटी सिंह सेंगर समेत आदि सपाई रहे। जबकि बैठक में सचिव केके शुक्ला, विधायक अमिताभ बाजपेई, विधायक हाजी मोहम्मद हसन रूमी, पूर्व विधायक रामकुमार एडवोकेट, मजदूर सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राम गोपाल पुरी, पूर्व नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्रा, आनंद शुक्ला, परमवीर सिंह गंभीर, सत्यनारायण गहरवार, हाजी एहसान खान समेत आदि लोग रहे।

# त्योहार पर भी बिजली गुल रहने से जनता परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केस्को की लचर व्यवस्था की वजह से प्रतिदिन लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन बिजली समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। बुधवार रात 11 बजे के बाद ग्वालटोली फीडर से जुड़े घरों की बिजली फीडर वीसीबी में फॉल्ट होने से गुल हो गई। गुरुवार को कई क्षेत्रों में घंटों बिजली गायह रही।

ग्वालटोली में रात एक बजे तक भी बिजली नहीं आने पर सैकड़ों लोगों ने केस्को के हेल्पलाइन और टोल फ्री नंबर पर कॉल की, जब समस्या का समाधान नहीं हो सका तो लोग सबस्टेशन पहुंचे। तब फाल्ट को ढूंढ़ कर्मियों ने ठीक और सुबह चार बजे के बाद बिजली आई। , सिद्धनाथ घाट फीडर की बिजली वितरण ट्रांसफार्मर स्थापित करने व एचटी लाइन डालने के कारण गुरुवार दोपहर तीन बजे के बाद बिजली गुल हो गई, जो रात आठ तक भी नहीं आ सकी। पांडु नगर की बिजली वितरण ट्रांसफार्मर में अनुरक्षण कार्य की वजह से सुबह 10 बजे के बाद से 12 बजे तक, पॉवर ट्रांसफार्मर में फाल्ट होने से आरपीएच न्यू उपकेंद्र के सभी फीडरों की बिजली दोपहर 11 बजे से 12 बजे तक और इंसुलेटर क्षतिग्रस्त होने की वजह बिजली सुबह 10 बजे के बाद से दोपहर डेढ़ बजे तक नहीं रही।

दस्तक अभियान | आशा व आंगनबाड़ी घर-घर बीमार लोगों की बनाएंगी सूची, मिलेगा इलाज

# अपर निदेशक ने निरीक्षण कर देखी हकीकत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिले में गुरुवार को दस्तक अभियान की शुरूआत की गई, जो 31 अक्टूबर तक चलेगा। संचारी व दस्तक अभियान की जमीनी हकीकत जानने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर मंडल की अपर निदेशक डॉ.संजू अग्रवाल ने कल्यानपुर ब्लाक के मसूदाबाद के आसपास क्षेत्रों का भ्रमण किया। जिला मलेरिया अधिकारी एके सिंह साथ रहे।



मसूदाबाद में अभियान की हकीकत जानने पहुंची अपर निदेशक डॉ .संजू अग्रवाल व साथ में जिला मलेरिया अधिकारी। अमृत विचार

अपर निदेशक ने बताया कि संचारी व दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य का हाल लेंगी। बुखार, खांसी के रोगियों, इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई), टीबी, फाइलेरिया, कालाजार और कुष्ठ के रोगियों और कुपोषित बच्चों को भी खोजने का काम करेगी। अभियान के दौरान इस बार हाइपरटेंशन और डायबिटीज के मरीजों की भी लिस्ट बनाई जानी है। सीएमओ डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि 31 अक्टूबर तक आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर दस्तक देंगी। रिपोर्ट अपलोड करेंगी।

वह घर-घर जाकर लक्षणयुक्त व्यक्तियों का नाम, पता और मोबाइल नंबर पूछकर ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी। अभियान में उन क्षेत्रों और मकानों की भी सूची बनाई जाएगी, जहां पर मच्छरों का प्रजनन अधिक पाया जाएगा। मच्छर मारने की दवा का छिड़काव कराया जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण की निगरानी ऑनलाइन डैशबोर्ड के जरिये प्रतिदिन की जा रही है।

## एक नजर

### अमेजन कंपनी का माल चुराने वाला भेजा गया जेल

**कानपुर।** सेन पश्चिम पारा पुलिस ने अमेजन कंपनी का माल डिलीवरी के दौरान चोरी करने वाले शातिर चोर नितेश कुमार न्यू आजाद नगर को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी गौतम सिंह ने बताया कि आरोपी पैंकिंग का सामान निकालकर रख लेता था और पैकेट में नकली सामान ग्राहक को सौंप देता था। उसके पास से 18 प्लास्टिक की बोरियों में आरो, डाग बैग, 68 जोड़ी रेड चीफ शूज, 41 रेड चीफ शर्टस, 5 जोड़ी क्राक्स चप्पल, 280 जोड़ी मोजे, 84 चाकू कटर, 2 सीलिंग फैन, 3 चमडे के लांग बूट, 8 कपल कास्टिंग किट, 16 रेड चीफ हुडी, 24 रेड चीफ (टी-शर्ट), 24 हंगर, ट्राली बैग सफारी, 4 कोट पैंट, 2 शेरवानी, 2 मिक्सर जार, 2 बाइक कवर, 1 तकिया, 21 टच स्क्रीन ग्लव्स, 9 रिस्ट बैंड, 28 रेड चीफ जींस, 3 लोअर, 2 डीपर (बच्चों वाली) मच्छरदानी (बच्चों की) 16 जोड़ी चप्पल, 8 कुशन के पास से बरामद किए गए हैं।

### पत्नी का हत्यारोपी पति गया जेल

**कानपुर।** गुजैनी के अंबेडकर नगर में अवैध संबंधों के शक में पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी को गुरुवार को पुलिस ने जेल भेज दिया। कानपुर देहात के मैधा कोड़वा निवासी पुष्पांजलि उर्फ पूजा (35) की शादी 2011 में अंबेडकर नगर निवासी गल्ला व्यापारी हरीशंकर अग्निहोत्री से हुई थी। दोनों के 11 साल का बेटा भी है। सोमवार देर रात पत्नी किसी से फोन पर बात कर रही थी। इसी दौरान उसका विवाद हो गया। जिस पर पत्नी को बांट से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया था। पुलिस ने पूजा को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। मृतका के पिता रजोल ने 11 साल के बेटे, जेठ, जेठानी, ननद समेत अन्य लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। बुधवार को गुजैनी पुलिस ने हरीशंकर को गिरफ्तार करते हुए आलाकत्ल बरामद किया था। गुरुवार सुबह पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे कैंटीन कर्मी की मौत

**कानपुर।** रेलवे की कैंटीन में कर्मचारी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बाबूपुरवा थानाक्षेत्र में झकरकटी बस अड्डे पर पड़ा मिला। पुलिस ने मामले की जांच की और परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने शव की दशा देखकर हत्या का आरोप लगाया है। बहराइच के थाना रानीपुर के गुदुवापुर गांव निवासी 42 वर्षीय राजन सिंह प्रयागराज से मेरठ के बीच ट्रेन में ठेकेदार के अंडर में कैंटीन में काम करते थे। बाबूपुरवा पुलिस का कहना है, कि युवक की हादसे का शिकार हुआ है। परिवार की तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेड इंजरी मौता का कारण आया है।

### 24 से मिलेंगी गोबर की गणेश प्रतिमाएं

**कानपुर।** कानपुर गौशाला सोसाइटी में दीपावली के लिए गोबर की गणेश लक्ष्मी प्रतिमाएं 24 से खरीदारों को मिलेंगी। इस बार सोसाइटी ने 5 सौ प्रतिमाएं बनाने का निर्णय लिया है। कानपुर गौशाला सोसाइटी के उपसभापति सुरेश गुप्ता ने बताया कि इस बार गणेश लक्ष्मी के साथ ही कुबेर की प्रतिमाएं भी बनाई जाएंगी। इन प्रतिमाओं की लंबाई 6 इंच और 8 इंच होगी। हर साल विदेशों से इन प्रतिमाओं की मांग आती है।

---

### आईआईटी में पीएचडी छात्रा के जान देने की घटना, सुसाइड नोट में लिखी बातों की फोरेंसिक कर रही जांच

# गले में फंदा डालने के लिए ऑनलाइन मंगाई थी रस्सी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी कैंपस के चौथे हॉस्टल के कमरा नंबर डी-116 में रहकर अर्थ साइंस में पीएचडी कर रही प्रगति खरया ने गले में फंदा डालकर आत्महत्या करने के लिए नॉयलॉन की रस्सी ऑनलाइन मंगवाई थी। यह जानकारी पुलिस को घटना की जांच-पड़ताल में हुई। पुलिस के अनुसार कमरे के एक कोने में ऑनलाइन डिलीवरी का पैकेट पड़ा था, जिसमें रस्सी पैक होकर आई थी। इसे बतौर सबूत कब्जे में लिया गया है।

प्रगति के पिता चकेरी थाना क्षेत्र के सनिगवां निवासी गोविंद खरया ने बताया कि वह इकलौती बेटी थी। परिवार में पत्नी संगीता, तीन बेटे सत्यम, शिवम, सुंदरम हैं। बड़ा बेटा सत्यम एचडीएफसी बैंक से नौकरी छोड़ने के बाद स्टेशनरी का काम करता है। दूसरा बेटा शिवम राउरकेला स्थित एनटीपीसी में है, तीसरा बेटा सुंदरम इनफोसिस में कार्यरत है। पिता ने बताया कि प्रगति हाईस्कूल से ग्रेजुएशन तक टॉपर रही। बीएससी हंसराज कॉलेज दिल्ली और एमएससी बुंदेलखंड यूनीवर्सिटी से किया। वर्ष 2021 में आईआईटी ज्वाइन किया था। भाई सत्यम की दो वर्षीय बेटी दिशा उससे बहुत हिली-मिली थी। प्रगति रोज सुबह उसे वीडियो कॉल करती थी। वह दिशा पर जान छिड़कती थी। 7 सितंबर को आईआईटी कैंपस में दिशा का जन्मदिन परिवार वालों ने धूमधाम से मनाया था।


घटना की जानकारी देते पिता गोविंद खरया व चाचा। अमृत विचार

#### स्टूल पर खड़े होकर घटना अंजाम दी

- हॉस्टल के कमरे में प्रगति के फांसी का फंदा लगाकर जान देने की सूचना पर जब पुलिस पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़ने पर सफेद नई नॉयलॉन की रस्सी से बने फंदे पर प्रगति का शव लटका था। नीचे स्टूल रखा था। दीवार किनारे फोल्डिंग पलंग खड़ा था, जिसकी प्लाई निकली थी।

#### भाई बोला, कल सुबह बात हुई थी

- भाई सत्यम ने कहा कि प्रगति से बुधवार सुबह बात हुई थी। तब वह बिल्कुल नॉर्मल थी। कोई परेशानी नहीं थी। एक बार नहीं लगा कि वह ऐसा कर सकती है। हमें अंदाजा नहीं है कि उसने आत्महत्या क्यों की है?

#### होनहार युवा शोधकर्ता का दुर्भाग्यपूर्ण निधन : आईआईटी

- आईआईटी कानपुर गहरे दुख के साथ पृथ्वी विज्ञान विभाग की पीएचडी छात्रा प्रगति खरया के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करता है। खरया दिसंबर 2021 में पीएचडी कार्यक्रम में शामिल हुईं। मौत की परिस्थितियों की जांच के लिए पुलिस की फोरेंसिक टीम ने परिसर का दौरा किया है। संस्थान कारण निर्धारित करने के लिए पुलिस जांच के परिणामों की प्रतीक्षा कर रहा है। प्रगति के निधन से संस्थान ने एक होनहार युवा शोधकर्ता खो दिया है। संस्थान अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है और इस बड़ी क्षति की घड़ी में उनके परिवार और दोस्तों को शक्ति और सांत्वना देने की प्रार्थना करता है।

प्रगति ने कहीं किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं बताई थी, फिर उसने ये खौफनाक कदम कैसे और क्यों उठा लिया। पुलिस ने बताया सुसाइड नोट में एक छात्र का नाम व एक मोबाइल नंबर मिला है।


बच्ची के साथ प्रगति खरया। अमृत विचार

### मैं अपनी मौत की खुद जिम्मेदार... कोऑपरेट के लिए दोस्तों को थैंक्स

पुलिस को शव के पास चार पेज का सुसाइड नोट मिला। कल्याणपुर पुलिस के अनुसार इसमें छात्रा ने अंग्रेजी में लिखा था कि मैं अपनी मौत की खुद जिम्मेदार हूं। अपने दोस्तों के लिए लिखा आप लोगों ने मुझे बहुत कोऑपरेट किया, थैंक्स। ये कदम हम अपने मन से उठा रहे हैं।

#### क्लास में न आने पर कमरे पहुंचे छात्र

- प्रगति के गुरुवार सुबह क्लास में न पहुंचने पर साथियों ने उसके मोबाइल पर फोन किया। लेकिन फोन नहीं उठा। अनहोनी की आशंका से जब वह लोग कमरे में पहुंचे तो नहीं खुला। इस पर एडमिन को बताया गया।

#### बेटी ये तूने क्या कर डाला

- बेटी प्रगति का पोस्टमार्टम में शव रखा देखकर पिता गोविंद बार-बार यही कहते रहे कि मेरी होनहार बेटी ये तूने क्या कर डाला। जब किसी चीज की कोई दिक्कत नहीं थी, तो मुझे बताना चाहिए था। ये कहते हुए वह बार-बार अपना माथा पकड़ते रहे।

#### फंदे से जान देने का इतिहास, 10 माह के भीतर चौथी घटना

- झारखंड के दुमका की प्रियंका जायसवाल ने 29 दिसंबर, 2023 को फंदा लगा जान दी थी। वह केमिकल इंजीनियरिंग से पीएचडी कर रही थी।
- उड़ीसा निवासी फैकल्टी सदस्य डॉ पल्लवी चिल्का ने 19 जनवरी, 2024 को आत्महत्या कर ली थी। उसने भी फंदा लगाया था।
- जनवरी माह 2024 में ही पीएचडी छात्र विकास मीणा ने भी फंदा लगाकर जान दे दी थी।
- 2022 में वाराणसी निवासी पीएचडी छात्र प्रशांत सिंह ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी।
- 2021 में असिस्टेंट रजिस्ट्रार सुरजीत दास ने फंदा लगा आत्महत्या की थी।
- 2020 में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर प्रमोद सुब्रमण्यन ने फंदा लगाकर जान दी थी।
- 2019 में सिक्योरिटी गार्ड आलोक श्रीवास्तव ने फंदा लगाकर जान दी थी।
- 2018 में फिरोजाबाद निवासी पीएचडी छात्र भीम सिंह ने फंदा लगाकर जान दे दी थी।

---

# पत्रकार सोनू पांडेय व मोहित भगोड़ा घोषित, नोटिस चस्पा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दोनों के घर मुनादी करा नोटिस लगाई

**अमृत विचार।** सिविल लाइंस में मैरी एंड मैरीमैन कंपाउंड की 1000 करोड़ से ज्यादा की बेशकीमती जमीन पर कब्जा करने के प्रयास में कानपुर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित को पुलिस ने संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज करते हुए जेल भेज दिया था। इस मामले में फरार चल रहे अवनीश के पत्रकार साथी सेन पश्चिम पारा निवासी सोनू पांडेय उर्फ विवेक और यशोदा नगर निवासी मोहित बाजपेई को न्यायालय ने भगोड़ा घोषित कर दिया है। कोतवाली थाना पुलिस ने दोनों के घरों पर मुनादी करने के बाद नोटिस चस्पा कर दी। पुलिस ने घर में रहने वालों को बताया कि अभी भी दोनों हाजिर नहीं होते हैं, नियमानुसार कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

28 जुलाई 2024 को अवनीश दीक्षित साथियों के साथ मैरी एंड मैरीमैन स्कूल स्थित नजूल की जमीन पर कब्जा करने गए थे। शासन के निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे। इस पर आरोपी अवनीश दीक्षित, जितेश झा, राहुल वर्मा, अली अब्बास, विक्की चार्ल्स, मोहित बाजपेई, नौरिस एरियल, कमला एरियल, अभिषेक एरियल, अपर्णा एरियल, संदीप शुक्ला, हरेंद्र मसीह, सोनू पांडेय उर्फ विवेक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की गई थी। पुलिस ने क्रिस्टल पार्किंग से अवनीश दीक्षित को गिरफ्तार कर लिया था। अन्य आरोपी फरार हो गए थे।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने सभी नौ आरोपियों पर 50-50 हजार का इनाम रखा था। पुलिस ने झांसी के हरेंद्र मसीह, पत्रकार सोनू पांडेय उर्फ विवेक व मोहित बाजपेई को छोड़कर सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इंस्पेक्टर संतोष शुक्ला ने बताया कि जमीन कब्जा करने के प्रयास में 50 हजार का इनामिया हरेंद्र मसीह, सोनू पांडेय और मोहित बाजपेई फरार हैं। तीनों के लिए टीमें कई जिलों में डेरा डाले हैं। गुरुवार दोपहर में सोनू पांडेय और मोहित बाजपेई के घर पर भगोड़ा घोषित कर मुनादी कराई और नोटिस चस्पा कर दी गई।


नोटिस चस्पा कर मुनादी कराती कोतवाली थाना पुलिस। अमृत विचार

---

# मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताकर ली गई थी जमानत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उर्सला अस्पताल के नेत्र सर्जन की छेड़छाड़ से डरकर महिला डॉक्टर के शहर छोड़ने की घटना

**अमृत विचार।** स्वरूप नगर पुलिस ने आरोपी डॉक्टर उर्सला अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. केएन कटियार को बुधवार को उसके घर से गिरफ्तार किया था। उसे थाने लाया गया। लेकिन कुछ देर बाद डॉक्टर के परिजन एक वकील को लेकर थाने पहुंचे। वकील ने जमानत के पेपर दिखाए। वकील ने कोर्ट में डॉक्टर की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने और बीमारी का हवाला दिया है। इसके बाद आरोपी को जमानत पर रिहा किया गया।


डॉ. केएन कटियार।

**ये था मामला :** जीएसवीएम मेडिकल कालेज की महिला डॉक्टर के मुताबिक वह जिला अस्पताल यूएचएम (उर्सला) में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. केएन कटियार के अंडर में 2023 में इंटर्नशिप कर रही थी। इसी दौरान मुलाकात हुई थी। इसके बाद से वह परेशान करने लगा। कई बार विरोध किया तो प्रताड़ित करने लगा। आरोपी डॉक्टर कॉल करके या वॉट्सएप पर मैसेज करके परेशान करता और मिलने का दबाव बनाता था। वॉट्सएप पर ब्लॉक कर दिया तो वह बीती 8 अगस्त को नशे में धुत होकर जीएसवीएम हॉस्टल आ गया था। गाली-गलौज करके कमरे का दरवाजा पीटने लगा था और मारने की धमकी दी। गार्ड ने डॉक्टर को वहां से निकाला था, इस संबंध में स्वरूप नगर थाने में तहरीर दी थी, लेकिन डॉक्टर के माफी मांगने पर उसे छोड़ दिया गया था। पीड़ित महिला डॉक्टर के अनुसार आरोपी के दोबारा परेशान करने और तुम मेरी नहीं हुई तो किसी और की भी नहीं होने दूंगा। मार देने और चेहरे पर तेजाब डालने जैसी धमकी से डरकर उसने स्वरूप नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।


एवी विद्यालय की दुर्गा पूजा में धुनुची करतीं श्रद्धालु महिलाएं। अमृत विचार


माल रोड स्थित दुर्गा पूजा में मां की आरती लेने के लिए उमड़े लोग। अमृत विचार

# धुनुची नृत्य, रॉक बैंड व डांडिया की धूम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दुर्गा पंडालों में शंख ध्वनि से वातावतरण हुआ शुद्ध, देर रात तक झूमते रहे भक्त

**अमृत विचार।** दुर्गा पूजा उत्सव पर शहर के पूजन पंडालों में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए मां दुर्गा की स्तुति की जा रही है। धुनुची नृत्य के साथ श्रद्धालुओं ने मां की आरती की और उनसे सुख- समृद्धि की कामना की।

किदवई नगर स्थित किदवई पार्क में आयोजित उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धुनुची नृत्य करते हुए श्रद्धालुओं ने माता की आरती उतारी। छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर वाहवाही लूटी।

भक्तों ने रॉक बैंड का भी आनंद लिया। समिति के चेयरमैन उग्रसेन सिंह ने बताया कि माता के तीन दिवसीय कार्यक्रम में लगातार भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। पूजा संयोजन में शैलेंद्र प्रताप सिंह, शुभंकर मुखर्जी, सुरजीत गुहा, वीरेंद्र गुप्ता, देवदत्त बक्शी, संतोष सैनी, विपिन सिंह, अजय, मानस, पंकज आदि रहे। वहीं अशोकनगर में साउथ कानपुर दुर्गा पूजा के 83वें दुर्गा महोत्सव में दूसरे दिन सप्तमी पूजा हुई। क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने पुरस्कार जीते। शाम को संध्या आरती में ढाक के ताल पर भक्तजन झूमते रहे। शंख ध्वनि और दीप जलाओ प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। रात में रवींद्रनाथ ठाकुर की कालजयी रचना चंडालिका का मंचन किया गया। अदिति मुखर्जी, अनुश्री मुखर्जी, श्वेता अवस्थी, अदिति सूबेदार, गौरांश, श्रीजा, सिद्धांत, यशिका, अपराजिता, इंद्रोजीत आदि ने डांस से लोगों को आनंदित किया।

नाटक भाडाते चाई का मंचन किया गया। जिसमें अदिति सूबेदार, अनुश्री, श्वेता, सयोनी, मृणमय, अनामिका आदि ने अपनी प्रतिभा दिखाई। एवी विद्यालय मालरोड, डीएवी लॉन, हीरा पन्ना गेस्ट हाउस आदि जगहों पर आयोजित उत्सव में भी विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# दशहरा मेला में पुलिस हर कहीं रहेगी चौकन्ना

**कानपुर।** दहशरा के दौरान कानपुर कमिश्नरेट पुलिस अलर्ट मोड पर रहेगी। तीन कंपनी पीएसी, एलआईयू, कमांडो समेत 500 पुलिस कर्मियों को सुरक्षा ड्यूटी में लगाया गया है। अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था हरीश चंदर ने बताया कि संवेदनशील और अतिसंवेदशील को चिन्हित कर लिया गया है। शुक्रवार और शनिवार को दिन और रात में ड्रोन से निगरानी की जाएगी। जिन घरों की छतों पर बोतलें या पत्थर मिलेंगे, उन्हें हटवाकर घर वालों से रखने की वजह पूछी जाएगी।

मेले और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस की टीमें सादी कपड़ों में तैनात रहेंगी। पुराने विवाद वाले स्थानों पर पुलिस की स्पेशल टीमें लगाई गई हैं। जो लोग पुराने विवादों में शामिल रहे हैं, उनकी निगरानी की जा रही है। सोशल मीडिया पर माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एडिशनल सीपी हरीश चंदर ने बताया कि मेले और लीला के दौरान सादी वर्दी में पुलिस तैनात रहेगी, मनचलों पर निगाह रहेगी।

---

**उत्सव** — परेड रामलीला में कुंभकरण का पुतला दहन, आतिशबाजी से आसमान हुआ सतरंगी

# लक्ष्मण को लगी शक्ति, श्रीराम ने किया कुंभकरण का वध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लंका पर चढ़ाई के लिए प्रभु राम ने सेतुबंध रामेश्वर की स्थापना की। लक्ष्मण और मेघनाद में युद्ध हुआ। लक्ष्मण मेघनाद के घातक प्रहार से मुर्छित हो गए। मूर्छा खत्म हुई तो प्रभु राम और कुंभकरण में घनघोर युद्ध हुआ। प्रभु ने कुंभकरण का वध कर दिया। वहां मौजूद श्रद्धालुओं ने जय-जय श्रीराम का जयघोष किया। पुतला दहन हुआ तो आतिशबाजी से आसमान सतरंगी हो उठा। इस लीला का मंचना परेड रामलीला मैदान में किया गया।

भाई विभीषण ने लंका नरेश रावण को समझाया कि वे जानकी जी को प्रभु राम को सम्मान सहित लौटा दें ताकि युद्ध न हो पर अहंकार के वशीभूत रावण ने उनकी एक न सुनी, बल्कि उन्हें पैरों की ठोकर मारकर लंका से बाहर कर दिया।


परेड रामलीला में लक्ष्मण के मूर्छित होने पर विलाप करते श्रीराम। अमृत विचार


कुंभकरण का हुआ पुतला दहन। अमृत विचार

बड़े भाई से मिले अपमान से आहत होकर विभीषण भगवान श्रीराम की शरण में पहुंचे।

वहां प्रभु राम ने उन्हें गले लगा लिया और उनसे समुद्र को पार कर लंका जाने का सुझाव मांगा। विभीषण ने कहा कि बिना सेतु की स्थापना के लंका नहीं पहुंच सकते हैं। प्रभु ने सेतुबंध रामेश्वर की स्थापना की। लंका नरेश रावण भी जानकी जी के साथ स्थापना के लिए आचार्य बनकर पहुंचा। बालि पुत्र अंगद को प्रभु ने रावण के पास भेजा। अंगद ने उन्हें समझाया कि सीता को वह सम्मान सहित वापस कर दे, लेकिन रावण नहीं माना। अंगद ने कहा कि जानकी को वापस करने पर प्रभु उसे माफ कर देंगे पर रावण तैयार नहीं हुआ। अंगद वहां से लौट आए और उन्होंने प्रभु राम को सारा वृतांत सुनाया। इसके उपरांत श्रीराम और लंकेश की सेना में युद्ध हुआ। मेघनाद ने लक्ष्मण को मुर्छित कर दिया। हनुमान जी संजीवनी बूटी लेकर आए तो उनकी मूर्छा खत्म हुई। रावण ने भाई कुंभकरण को युद्ध के लिए भेजा। प्रभु ने उसका वध कर दिया। कुंभकरण वध सुनकर रावण आहत हो गया और राक्षसों में हाहाकार मच गई। इस अवसर पर रावण के पुतले का दहन किया गया।


रामलीला का मंचन करते बच्चे। अमृत विचार

# केडीएमए में मना दशहरा उत्सव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केडीएमए इंटरनेशनल में गुरुवार को दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान समारोह में आए हुए लोगों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। समारोह में पीजी से कक्षा द्वितीय के छात्रों ने एक सामूहिक गान 'मेरे घर राम आए है' की प्रस्तुति को सभी की सराहना मिली। इस दौरान स्कूली बच्चों की ओर से एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई। नाटक में बच्चे राम, लक्ष्मण, सीता के रूप में एवं हनुमान की वेशभूषा में सजे थे।

कार्यक्रम में रामायण पर आधारित प्रश्नोत्तरी में पूछे गए सवालों का बच्चों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया जिसके लिए उन्हे पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान सजे रावण के पुतले का निर्माण विद्यालय में विद्यार्थियों एवं कला अध्यापिकाओं द्वारा किया गया। प्रांगण में रावण का विशाल पुतला जलाते ही बच्चे खुशी से तालियाँ बजाने लगे एवं जय श्री राम के नारे लगाने लगे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या प्रियंका सहगल ने बच्चों को असत्य पर सत्य की विजय का महत्व भी समझाया।

कार्यक्रम का संचालन आकाश शुक्ला के नेतृत्व में कक्षा 9 की छात्रा अनायशा सिह एवं काव्या श्रीवास ने किया। इस इस दौरान विद्यालय की एक्टीविटी इंचार्ज भारती सिंह, कोआर्डिनेटर गीता आनन्द, सीमा नागपाल, नेहा लोधी, दिलप्रीत कौर एवं अध्यापकगण उपस्थित थे।

# लेखपाल को घूस लेते एंटी करप्शन ने दबोचा

## वरासत के नाम पर लिए दस हजार रुपये ,रिपोर्ट दर्ज कराई

संवाददाता,बिल्हौर

**अमृत विचार।** वरासत के नाम पर 10 हजार रुपये का घूस मांगने वाले लेखपाल को गुरुवार एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ दबोच लिया। घूस मांगने की शिकायत पर टीम ने जाल बिछाया था। खुर्द खोजनपुर गांव के समीप मकनपुर मार्ग पर लेखपाल को टीम ने गिरफ्तार कर लिया। रिपोर्ट दर्ज कर टीम ने जांच शुरू की है।

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के रौगांव में तैनात लेखपाल विपिन कुमार के खिलाफ एंटी करप्शन टीम को शिकायत मिली थी, कि उसने वरासत के नाम पर 10 हजार रुपये घूम की मांग की है। इस पर टीम ने निगरानी शुरू की और मामले की सत्यता परखने का जाल बिछाया। गुरुवार शाम रौगांव निवासी विकास कुमार पुत्र राजा राम ने एंटी करप्शन यूनिट से घूस की शिकायत की। जिसके बाद टीम ने खुर्द खोजनपुर गांव के समीप बिल्हौर मकनपुर मार्ग पर लेखपाल को को गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन टीम ने प्रेसनोट के माध्यम से जानकारी भी दी कि लेखपाल ने वरासत के नाम पर दस हजार की घूस ली है। टीम ने लेखपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है। बता दें कि लेखपालों की कार्यशैली से क्षेत्र की जनता परेशान है।



घूस के मामले में गिरफ्तार लेखपाल विपिन कुमार ( लाल घेरे में )। अमृत विचार

### जिलाधिकारी भी लगा चुके फटकारा

- लेखपाल विपिन कुमार ही अकेले नहीं हैं। इससे पहले रहीमपुर विषधन गांव में तैनात लेखपाल गोपाल दीक्षित को भी एक मामले में जिलाधिकारी जमकर फटकार चुके हैं। लेकिन उनमें सुधार नहीं आया है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि लेखपाल काम में हीलावली करते हैं। गोपाल दीक्षित काफी समय से रहीमपुर विषधन में तैनात हैं। राजस्व के सैकड़ों मामले लंबित हैं और निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

# अंधेपन को किया जा सकता कम

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया। डॉ. दिग्विजय शर्मा व सहायक निदेशक डॉ. मुनीश रस्तोगी ने छात्र-छात्राओं को नेत्र स्वास्थ्य एवं दृष्टि देखभाल के महत्व बताए।

कहा कि टाले जा सकने वाले अंधेपन को कम करने, गुणवत्तापूर्ण नेत्र देखभाल का बढ़ावा देने और दृष्टिदोष के बढ़ते मामलों को सम्बोधित करने के लिये आवश्यक प्रयास किये जाने की जरूरत है। संभावी तकनीकों के साथ जुड़ाव इसमें अहम भूमिका निभा सकता है। पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगता व पीपीटी प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें ऑटोमेट्री के विभिन्न छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। वरिष्ठ शिक्षिका डॉ. वर्षा प्रसाद, नेहा शुक्ला, चन्द्रशेखर कुमार, डॉ. आदर्श कुमार श्रीवास्तव, हिना वैश, आकांक्षा बाजपेई, डॉ. अनामिका दीक्षित, आमिना जैदी, धीरज कुमार, उमेश कुमार मौर्या, संतोष कुमार यादव मौजूद रहे।



नाट्य मंचन में श्रीराम ने किया रावण का वध। अमृत विचार



डांडिया नृत्य प्रस्तुत करतीं विद्यालय की छात्राएं। अमृत विचार

# महिषासुर व रावण वध होते गूंजे जयकारे

चौबेपुर, संवाददाता

- पूर्णा एजूकेशन सेंटर में बच्चों ने खेली डांडिया, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

**अमृत विचार।** स्कूल व कालेजों में इस समय दुर्गा पूजा व दशहरा का पर्व मनाया जा रहा है। गुरुवार को कई विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यकम हुए। जिसमें बच्चों ने महिषासुर व रावण वध का मंचन हुआ। इस मौके पर बच्चों को गुस्सा, घमंड, लालच व ईर्ष्या का त्याग करने की सीख दी गई।

कस्बा स्थित पूर्णा एजुकेशन सेंटर में गुरुवार को बच्चे मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों, राम, सीता व हनुमान के रूप में पहुंचे। नाट्य मंचन के माध्यम से बच्चों ने देवी स्वरूप दिखाया और महिषासुर का वध किया। वहीं राम ने रावण का वध कर अधर्म पर धर्म व बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक अंगन लाल गुप्ता व पूर्णेंद्र गुप्ता ने बच्चों को बताया कि दुर्गा पूजा व दशहरा हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहार हैं। इस मौके पर बच्चों ने डांडिया खेली। राम दरबार की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य आकांक्षा गुप्ता, पूनम शुक्ला, संध्या चौरसिया, लाली, दीक्षा, सानिया, तन्वी, वंशिका, प्रियंका, धनंजय, अभिषेक आदि रहे।

# सपा संस्थापक को दी श्रद्धांजलि, किया याद

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को सपा पदाधिकारियों व इकाइयों ने पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। पदाधिकारियों ने कहा कि उनके दिखाए रास्तों पर चलकर समाज व राष्ट्र को उन्नति की ओर ले जाना है। यहीं सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने कई गांवों में सभाकर सपा संस्थापक को श्रद्धांजलि दी और उनके कार्यों को याद किया। विनय यादव ने कहा कि नेताजी राष्ट्रवाद, समाजवाद, लोकतंत्र व धर्मनिरपेक्षता में गहरी आस्था रखते थे। वह पिछड़ों, वंचितों व अल्पसंख्यकों के हितों के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे। विधानसभा प्रभारी रचना सिंह ने कहा कि उनके दिखाए रास्ते पर चलकर हम लोगों को समाज व राष्ट्र को उन्नति की ओर ले जाना है। सभी को उन्नति के समान अवसर मिले, उनका यह सपना पूरा करना होगा। ब्लाक अध्यक्ष आशीष कटियार, शशिकांत पाल, पवन यादव, कल्लू यादव, सुनील यादव, राजू पाल आदि रहे।

### मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि मनाई

- **घाटमपुर।** विधानसभा कार्यालय मे मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा हुई। सपाइयों ने उनके जीवन के संघर्षो, व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने विचार रखे। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष राजू वर्मा, पूर्व जिला सचिव प्रवीण पंकज, महासचिव अमर सिंह यादव, मनोज यादव ब्लाक अध्यक्ष, चन्द्रभान, नरेंद्र सिंह, विरजन बाबू सचान, प्रेम प्राजपति, रणधीर सचान आदि रहे।

# स्टेशन के पुनर्विकास में धार्मिक स्थल बाधा

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- कैंट साइड में धार्मिक स्थल की जगह पर बनना है 500 केवीए का विद्युत सबस्टेशन
- धार्मिक स्थल के जिम्मेदार रेलवे अधिकारियों से मांग रहे हैं दूसरे स्थान पर जमीन

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट में देश के कई रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय बनाना शामिल है। इस योजना में कानपुर सेंट्रल भी शामिल है। पिछले वर्ष प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट जैसा बनाने के लिए कानपुर सेंट्रल के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास किया था। योजना पर करीब 700 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन स्टेशन के कैंट साइड में एक धार्मिक स्थल इस काम में मुसीबत बन गया है। बीते कई माह से इसे हटाने की कवायद चल रही है। अब निर्माण कार्य में लगी कंपनी ने साफ कह दिया है कि धार्मिक स्थल हटाए बिना काम आगे नहीं बढ़ सकता है।

सेंट्रल स्टेशन के कैंट साइड में जहां धार्मिक स्थल है, वहां 500 केवीए का इलेक्ट्रिक सबस्टेशन बनना है, यहीं से पूरे स्टेशन को बिजली की आपूर्ति दी जाएगी। ऐसे में यहां बना धार्मिक स्थल हटाया जाना जरूरी है। कुछ दिनों पूर्व रेलवे की निर्माण शाखा ने धार्मिक स्थल के जिम्मेदारों से बात की तो उन्होंने नया स्थान दिए जाने की मांग रख दी। इसके बाद रेलवे अधिकारियों ने पुलिस अधिकारियों से बात की तो धार्मिक स्थल के पास कुछ लोगों ने जमावड़ा लगाकर प्रदर्शन शुरू करा दिया। रेलवे अफसरों ने समस्या पर सांसद रमेश अवस्थी से भी संपर्क किया है। फिलहाल निर्माण कार्य रुका है। ऐसे में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों से संपर्क करने के बाद रेलवे अधिकारियों ने धार्मिक स्थल पर एक नोटिस चस्पा कर दिया था कि 24 सितंबर तक इसे अन्यत्र स्थापित कर लें, अन्यथा रेलवे इस स्थान से हटा देगा। मसला हल करने के लिए डिप्टी सीटीएम के कक्ष में बीते दिनों एसीएम संतोष त्रिपाठी, रेलवे अभियंताओं, धार्मिक स्थल के जिम्मेदारों, कई संगठनों एवं पूर्व सांसद के साथ बैठक हुई। लेकिन इसमें भी रेलवे अधिकारियों से धार्मिक स्थल के लिए दूसरा स्थान देने की मांग आगे कर दी गई, जिससे अधिकारियों ने मना कर दिया। रेलवे अफसरों का कहना है कि सुप्रीमकोर्ट ने हाल में स्पष्ट आदेश दिया है कि धार्मिक स्थल हो या अन्य अवैध निर्माण अगर बाधक है, तो उसे हटाना ही चाहिए। ऐसे में अवैध रूप से बनाये गए धार्मिक स्थल को रेलवे की ही जमीन पर दूसरी जगह कैसे शिफ्ट किया जा सकता है। सेंट्रल स्टेशन पर कैंट साइड में एक और घंटाघर साइड में तीन धार्मिक स्थल बने हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय से हर सप्ताह निर्माण कार्य की मानीटरिंग में पूछा जाता है कि कितने प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उधर, निर्माण कार्य के लिए जिस कंपनी को ठेका दिया गया है, उसने जेसीबी, पोकलैंड, मजदूर समेत सारी व्यवस्था कर रखी है। लेकिन रेलवे कब्जे खाली कराकर भूमि उपलब्ध नहीं करा पा रहा है।



> इंजीनियरिंग विभाग का मसला है। अभी निर्माण कंपनी के काम से मना करने जैसी कोई बात नहीं है। जैसे-जैसे काम आगे बढ़ेगा, रास्ते की सारी दिक्कतों को दूर किया जाएगा। कैंट साइड में कोशिश है कि किसी तरह समस्या का समाधान हो जाए।
>
> – संतोष त्रिपाठी, सहायक वाणिज्य प्रबंधक, कानपुर सेंट्रल स्टेशन।

## सार-संक्षेप

### बंबे में युवक की डूबने से मौत



**शिवराजपुर।** शिवराजपुर थानाक्षेत्र में गुरुवार शाम छतरपुर गंगा रोड के पास रजबहे में कस्बा निवासी एक युवक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस युवक को सीएचसी शिवराजपुर लेकर गई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वार्ड नंबर एक अंबेडकर नगर निवासी 26 वर्षीय कोमेश शाम के समय छतरपुर रजबहे के नजदीक गया था जहां पर उसका पैर गहरे पानी में चले जाने से उसकी मौके पर मौत हो गई। थाना प्रभारी अरविंद सिंह सिसोदिया ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### मानसिक बीमार महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**घाटमपुर।** भीतरगांव रोड क्रॉसिंग के पास गुरुवार सुबह मानसिक बीमार एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घाटमपुर के वीरपुर गांव निवासी 35 वर्षीय पुष्पा पत्नी रोहित मानसिक रूप से बीमार रहती थी। रोहित के अनुसार पुष्पा गुरुवार सुबह घर से निकल गई थी। वहीं उसे कुछ घंटे बाद सूचना मिली कि पुष्पा की ट्रेन के चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला की शिनाख़्त कराते हुए सूचना परिजनों को दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

नोटिस

अन्र्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्र्तगत द्वारा अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्री आदित्येश मिश्रा पुत्र शम्भू दयाल, निवासी– बडी फूफई इकदिल तहसील इटावा जनपद इटावा** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ हलफनामा/ उपजिलाधिकारी के द्वारा निर्गत आदेश के क्रम में नाम **पुष्कर मिश्रा पुत्र श्री आदित्येश मिश्रा पुत्र शम्भू दयाल, निवासी– बडी फूफई इकदिल तहसील इटावा जनपद इटावा** जन्म **दिनाँक**– 16/06/2006 प्रस्तुत किया गया है। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल
इटावा

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

नोटिस

अन्र्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्र्तगत द्वारा अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्री बृजेश कुमार शर्मा पुत्र राजाराम, निवासी–सडक बाजार इकदिल, तहसील इटावा जनपद इटावा** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ हलफनामा/ उपजिलाधिकारी के द्वारा निर्गत आदेश के क्रम में नाम **प्रतीक शर्मा पुत्र श्री बृजेश कुमार शर्मा पुत्र राजाराम, निवासी–सडक बाजार इकदिल, तहसील इटावा जनपद इटावा** जन्म **दिनांक दिनाँक**– 01/11/2010 प्रस्तुत किया गया है। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल
इटावा

# बच्चियों ने माता के नौ स्वरूपों के दर्शन कराए

त्योहारी उत्साह

संवाददाता,बिठूर

**अमृत विचार।** दशहरा व नवरात्र के अवसर पर महाराणा प्रताप इंटर कालेज मंधना में बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने राम-लक्ष्मण व सीता, हनुमान की झांकी प्रस्तुत की। छोटी-छोटी बच्चियों ने माता नवदुर्गा के नौ दिव्य स्वरूपों के दर्शन कराए। आकर्षक झांकियां देखकर छात्र-छात्राएं व शिक्षक आनंदित हुए।

कक्षा 11 के छात्र दिव्यांश और अनिका ने दशहरा व नवरात्र का महत्व बताया। इस मौके पर कालेज प्रबंधक प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य राघवेंद्र सिंह, किरन यादव, कार्तिकेय, अजीत, तनु, प्रिंसी रस्तोगी आदि रहे।





रामलीला का मंचन करते बच्चे और दीप जलाते लोग। अमृत विचार

### सैकड़ों दीपों से जगमगाया श्रीशेषावतार मंदिर

- **घाटमपुर।** क्षेत्र के परास गांव स्थित प्राचीन श्रीशेषावतार मंदिर में हर साल की तरह नवरात्र की दुर्गाअष्टमी पर भव्य दीपोत्सव किया गया। आसपास गांव के लोगों की भीड़ उमड़ी। एक साथ सैकड़ों दीप जलने व रंग–बिरंगी लाइटों से मंदिर परिसर जगमग हो उठा। मंदिर की अदभुत छटा देखते ग्रामीणों की भीड़ उमड़ती रही। दीपदान के बाद महाआरती व महाभोग भी लगाया गया। माता जयकारों व देवी गीतों से मंदिर परिसर के आसपास का माहौल भक्तिमय रहा। इस दौरान रामजी शुक्ला, राजन तिवारी, आशुतोष शुक्ला, अभिनव अवस्थी, दुष्यंत तिवारी, प्रवीन मिश्रा, मानस तिवारी, अंकित पांडेय, संदीप त्रिवेदी आदि रहे।

# नेत्रदानी परिवारीजनों का किया गया सम्मान

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग में गुरुवार को नेत्रदानी परिवारीजनों को सम्मानित किया गया। इसमें बहल और मंगलानी के परिवारीजन शामिल रहे। विभागाध्यक्ष प्रो. शालिनी मोहन ने बताया कि इस वर्ष वर्ड साइड डे का थीम बच्चों की आंखों से प्यार करिए रखी गई है। इसलिए उन बच्चों को बुलाया गया है, जो ऑपरेशन के बाद फिर से दुनिया को देख पा रहे हैं। बच्चों ने कई गीत, कहानियां व चुटकुले सुनाएं, उन्हें पुरस्कार स्वरूप पेंटिंग भेंट की गई। कानपुर ऑफ्थेलमिक सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. मनीष महिंद्रा ने कहा कि नेत्रदान करने के लिए सभी को आगे आना चाहिए। एलियंस क्लब डिस्ट्रिक्ट गवर्नर हरजीत कौर ने कहा कि एलियंस क्लब समय-समय पर नेत्र विभाग की संभव मदद करने करता रहेगा। प्रो.पारुल सिंह, प्रो.सुरभी अग्रवाल, डॉ. स्नेहा रंजन, समाजसेवी मदन गांधी मौजूद रहे।

**यूको बैंक** शाखा इटावा (2516): प्राइवेट, अवस्थी मार्केट, बस स्टैंड, नयापुरा नैकाना, मकानिया पुरवा, महोबा, उ.प्र.–210427 — **अनडिलीवर्ड डिमांड नोटिस**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अन्तर्गत अनडिलीवर्ड डिमांड नोटिस के संबंध में**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन एवं प्रतिभूति–हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत अधोलिखित ऋणी को मांग नोटिस डॉक द्वारा भेजा गया था लेकिन नोटिस बिना तामील के वापस लौट आया है। नोटिस के अनुसार ऋणियों/जमानतदारों को बकाया राशि ब्याज व खर्चे अतिरिक्त का भुगतान मांग नोटिस की दिनांक से 60 दिनों में करना था। बकाया राशि को भुगतान करने में असफल होने पर बैंक के पास गिरवीकृत अचल सम्पत्ति का कब्जा धारा 13(4) के अंतर्गत अधोहस्ताक्षरी द्वारा ऋण वसूली हेतु किया जायेगा। बिना तामील के नोटिस की प्रति शाखा प्रबंधक से प्राप्त करें तथा नोटिस की तारीख से 60 दिन में बकाया राशि का भुगतान ब्याज व अन्य खर्चो सहित जमा करना सुनिश्चित करें। सरफेसी अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, इस नोटिस की प्राप्ति पर आपको बैंक की सहमति के बिना व्यवसाय के सामान्य पाठ्यक्रम को छोड़कर उपरोक्त प्रतिभूतियों का निपटान या व्यवहार करने से रोक दिया जाता है। सम्पत्ति की किसी भी प्रकार की बिक्री खरीद **यूको बैंक महोबा शाखा (2516)** के प्रभार के अधीन होगी।

| ऋणी / गारन्टर का नाम | बंधक अचल सम्पत्ति का विवरण | डिमांड नोटिस की तारीख/एनपीए की तिथि | नोटिस के अनुसार देय राशि |
|---|---|---|---|
| **ऋणी/बंधक/जमानतकर्ता: श्री सरविंद सिंह पुत्र गोपाल सिंह (सह–उधारकर्ता) श्री ब्रजेश सिंह** **दोनों पता:** 888 भटीपुरा, महोबा –210427<br>**जमानतकर्ता : श्रीमती सुमन देवी पत्नी स्वर्गीय फूलसिंह, पता: 418 बीजा नगर रोड, महोबा–210427**<br>**शाखा का नाम: महोबा (2516)** | सम्पत्ति के सभी भाग जिसमें **1080 वर्ग फीट या 100.36 वर्ग मीटर** का भूमि एवं भवन शामिल हैं। बही संख्या **1**, जिल्द सं. **1924**, पेज सं. **161 से 190**, क्रम सं. **1243** पर दिनांक **25.02.2013** को सब–रजिस्ट्रार महोबा पर पंजीकृत की गई है। जो कि **भटीपुरा वार्ड संख्या 7, गाटा संख्या 227 महोबा** पर स्थित है। और जो **श्री सरविंद सिंह पुत्र गोपाल सिंह** के नाम पर है। एवं जो कि **888 भटीपुरा महोबा 210427** के निवासी है।<br>**सीमाओं का विवरण (विलेख के अनुसार)** **पूर्व**: विक्रेता का प्लॉट, **पश्चिम**:20 फीट चौड़ा रास्ता, **उत्तर**: 20 फीट चौड़ा रास्ता, **दक्षिण**: राजेश कुमार का पलॉट | **29.08.2024**<br>**29.07.2024** | दिनांक 21.08.2024 तक **रु.12,58,668.78/– (रूपये बारह लाख अट्ठावन हजार छह सौ अड़सठ एवं पैसा अठहत्तर मात्र)** (31.03.2024 तक सम्मिलित ब्याज सहित) जिसमें सावधि ऋण खाता संख्या 1: 25160610003008 जिसका बकाया शेष **रु.10,06,488.80/– (रूपये दस लाख छह हजार चार सौ अट्ठासी एवं पैसा अस्सी मात्र)** एवं सावधि ऋण खाता संख्या 2: 25160610002421 जिसका बकाया शेष **रु. 2,52,179.98/– (रुपये दो लाख बावन हजार एक सौ उन्यासी एवं पैसा अट्ठानबे मात्र)** एवं अदायगी तक सविंदागत दर से भावी ब्याज के साथ प्रासंगिक व्यय, लागत, शुल्क आदि देय। |

**दिनांक : 11.10.2024** **स्थान : महोबा** **प्राधिकृत अधिकारी**

लापरवाही

## मुख्य विकास अधिकारी ने जलकुंभी हटवाने व टूटे चबूतरों की मरम्मत कराने का दिया आदेश

# सैबसी झील में जलकुंभी और पॉथवे पर मिली घास

संवाददाता, सरसौल

**अमृत विचार।** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के निर्देश पर गुरुवार को सीडीओ दीक्षा जैन ने विकासखंड सरसौल स्थित सैबसी झील का निरीक्षण किया। झील के पाथवे पर जमी घास और जलकुंभी हटाने के निर्देश खंड विकास अधिकारी का दिया। कहा कि कार्ययोजना बनाकर ग्राम पंचायत से यह काम करवाए जाए।

सीडीओ ने अधिकारियों से कहा कि जलकुंभी से खाद तैयार करके उसकी बिक्री कराई जाए। झील की साज सज्जा के लिए जिला पंचायत से लगाई गई सामग्री में सोलर लाइट आदि चोरी होने पर जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी को निर्देश दिए कि प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। निचली गंगा नहर के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि झील के समीप जो ग्रामसमाज की भूमि है, उस पर तालाब का निर्माण कराया जाए। इसी तालाब में घरों का पानी एकत्र हो, जिसका शोधन के बाद झील में भेजा जाए। इसके बाद ग्राम पंचायत सलेमपुर में अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। सीडीओ ने कहा कि अमृत सरोवर में पानी भरवाया जाए। तालाब के चारों ओर कूड़ा व प्लास्टिक की बोतलें मिलने, एक चबूतरा टूटा होने पर साफ-सफाई व चबूतरा ठीक कराने का निर्देश दिया। इसके बाद विद्यालय का निरीक्षण किया। जहां 99 के सापेक्ष 40 बच्चे ही मिले। इस पर शिक्षकों ने बताया कि नवरात्र के कारण बच्चे कम आए हैं। स्टाफ उपस्थित मिला। विज्ञान प्रयोगशाला में सामग्री उपलब्ध मिली। प्रयोगशाला की स्थिति देखकर सीडीओ ने कहा जैसे यहां काफी समय से प्रयोग नहीं हुआ है। इस पर बेसिक शिक्षा अधिकारी से संबंधित अध्यापिका व प्रभारी प्रधानाचार्या का स्पष्टीकरण लेने को कहा। दिव्यांग शौचालय में हैंडल लगाने का आदेश दिया और कहा कि यह ध्यान रखा जाए कि दिव्यांग शौचालय के अंदर ट्राई साइकिल सहित दिव्यांग प्रवेश कर सकें। खंड विकास अधिकारी को साफ-सफाई का आदेश दिया। विकास खंड कार्यालय परिसर में प्रेरणा कैंटीन एक साल से बंद होने के जवाब पर कहा कि स्वयं सहायता समूह को कैंटीन दें।



सैबसी झील का निरीक्षण करतीं सीडीओ दीक्षा जैन व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### महाराजपुर गौआश्रय स्थलों का किया निरीक्षण

सीडीओ निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सचिव राजकुमार मौर्य ने बताया कि अस्थायी गौआश्रय स्थल में 133 गोवंश संरक्षित हैं। गिनती करवाले ने पूरी संख्या मिली। गोवंश स्थल में बने तालाब का प्रयोग न होते मिला। खाद निर्माण के लिए बने पिट्स में क्रासिंग ठीक नहीं मिली, जिससे केंचुओं के न आने से खाद नहीं बन पा रही। इस पर सीडीओ ने कहा कि पिटस् के निर्माण में लापरवाही बरतने वाले इंजीनियर का स्पष्टीकरण लिया जाए और पिट्स को ठीक से बनवाया जाए। मत्स्य विभाग से तालमेल बैठाकर मछलियों के बीज तालाब में डलवाए जाए। ग्राम पंचायत सचिव को आदेश दिया कि गोशाला में चारे के लिए घास, बरसीम आदि की बुआई कराई जाए। गौआश्रय स्थल की दीवारों पर पेंटिंग कराई जाए।

# विरासत: कानपुर के परेड से भी पुरानी शिवली की रामलीला

## एक नजर

### आज से तीन दिन तक रहेगा अवकाश

**कानपुर देहात।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से दुर्गा नवमी के दिन छुट्टी से संबंधित पत्र जारी कर दिया गया है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि परिषद के अधीन संचालित स्कूल और मान्यता प्राप्त स्कूलों में 11 अक्टूबर को छुट्टी रहेगी। इसके बाद 12 अक्टूबर को विजयदशमी के चलते सभी सरकारी स्कूल-कॉलेज, बैंक, दफ्तर आदि बंद रहेंगे। वहीं 13 अक्टूबर को रविवार होने के कारण साप्ताहिक अवकाश रहेगा।

### मैथा तहसील में अधिवक्ता चेंबर का उद्घाटन आज

**शिवली।** मैथा तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं लायर्स एसोसिएशन के महामंत्री राजा तिवारी के नव निर्मित चेंबर का उद्घाटन शुक्रवार को किया जाएगा। अधिवक्ता राजा तिवारी ने बताया कि ग्रामीणों को न्याय दिलाने के लिए सतत सक्रिय रहते हैं। आम लोगों की समस्याओं के लिए उनके साथ सतत खड़े रहेंगे। उद्घाटन के मौके पर अधिवक्ता साथी मौजूद रहेंगे।


राजा तिवारी।

## परंपरा बरकरार

गीतेश अग्निहोत्री, शिवली

- पहली बार 1849 में हुआ था मंचन, 175 साल से परंपरा बरकरार

**अमृत विचार।** शिवली के साकेत धाम और लंका मैदान पर रामलीला का मंचन व दशहरा मेला का आयोजन 175 साल पुराना है। शिवली की रामलीला कानपुर की परेड रामलीला से भी पुरानी मानी जाती है। उत्तर भारत में सबसे पहले कानपुर में रामलीला की शुरुआत वर्ष 1774 में हुई थी। सचेंडी के राजा अक्षय हिंदूसिंह ने जाजमऊ में गंगा तट पर धनुष यज्ञ का मंचन कराया था। कानपुर के सुशील गुप्ता ने बताया कि शिवली रामशाला पर 1849 में पहली बार लीला शुरू हुई। वर्ष 1861 में सरसौल पाल्हेपुर में शुरू हुई। वर्ष 1877 में प्रयाग नारायण तिवारी ने परेड रामलीला की नींव रखी। शिवली में रामलीला देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। शिवली को लहुरिया काशी के साथ छोटी अयोध्या भी कहा जाता है। वर्तमान समय में साकेत धाम रामलीला के अध्यक्ष अमित मिश्रा व लंका मैदान रामलीला के अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी छइयन बखूबी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।


साकेत धाम मंदिर में स्थापित राम दरबार।


साकेत धाम मंदिर परिसर में लगी सनेही जी की मूर्ति।

### जनक के अभिनय में आंसू बहा देते थे वंशलाल

रामलीला के रंगमंच पर जनक का अभिनय करने वाले वंशलाल त्रिपाठी को कुशल अभिनय के चलते शलभ की उपाधि दी गई। बताते हैं कि मंच पर जब विदेह के रूप में अभिनय करने आते थे तो दर्शक उनको देखते रह जाते। उनकी वाणी का ओज व कविताओं के सम्मिश्रण से दर्शकों को वास्तविक सीता विवाह का आभास होने लगता। धनुष लीला में कलाकारों द्वारा उनका नाम बड़े आदर के साथ लिया जाता है। 40 के दशक से जनक का अभिनय शुरू करने वाले वंशलाल त्रिपाठी ने करीब 60 दशक तक अभिनय में अपनी धाक जमाए रखी। पिछले वर्ष उनके निधन से इस विधा में उनके अभिनय के नजदीक दूर-दूर तक कोई नहीं दिखाई देता है।


स्व. वंशलाल त्रिपाठी।

### रामायण काल से जुड़े कई स्थानों के नाम


- शिवली की रामलीला को काफी प्राचीन माना जाता है। कस्बे में रामायण काल के विख्यात स्थानों से जुड़े कई नामों के स्थान हैं, जिससे यहां रामायण काल का दृश्य नजर आने लगता है। यहां एक साकेत धाम मंदिर है और दूसरी तरफ लंका मैदान है। लंका मैदान के समीप ही रामेश्वर शिव मंदिर भी है। लंका मैदान के समीप पंथा माता का मंदिर है। जटायु मरण का स्थान जटाचिरई भी है।


### साकेत बिहारी धाम के लिए सब कुछ कर दिया अर्पण

- जो निकसे इस गैल सौ सब सौ सीताराम। यह पंक्ति उस राम भक्त की है, जिसने शिवली में साकेत धाम मंदिर बनाने को अपना सब कुछ लगा दिया। जमींदार परिवार से ताल्लुक रखने वाले सनेही जी के आराध्य श्रीराम रहे। वह आजीवन ब्रह्मचर्य का पालन करते रहे। पूजा साधना ही मुख्य काम रहा। अपनी खेती-बाड़ी घर सब कुछ भगवान राम के मंदिर को बनाने में समर्पित कर दिया।


### परशुरामी के लिए विख्यात हुए शिवदत्त लाल अग्निहोत्री

- कस्बे के स्व. शिवदत्त लाल अग्निहोत्री रामलीला में उत्तर भारत में परशुराम कलाकार के रूप में विख्यात हुए। धनुष भंग लीला में महिंद्राचल की देन उन्हीं की मानी जाती है। वह अद्भुत कला कौशल में प्रवीण थे। उनकी कला को देखकर लोग दांतों तले उंगलियां दबा लेते थे। उनके अद्भुत अभिनय के चलते मयंक की उपाधि दी गई थी। कस्बे के स्व. देवनारायण पाठक रसिकेश, स्व. शिवकुमार मिश्र, स्व. भगवती प्रसाद द्विवेदी, स्व. छोटे लाल मिश्र, स्व. विश्वनाथ त्रिपाठी, स्व. छोटेलाल अग्निहोत्री प्रसिद्ध परशुराम अभिनेता हुए है।


शिवदत्तलाल अग्निहोत्री।


शिवली की रामलीला बहुत पुरानी है। रामचरित मानस के आधार पर यहां पहली बार लीला हुई। रामलीला की परंपरा आज भी बरकरार है।
**-रामचंद्र शुक्ल अवकाश प्राप्त शिक्षक**


शिवली की रामलीला प्राचीन है। रामलीला मंचन में कलाकारों का प्रदर्शन उत्कृष्ट है। आज भी यहां की रामलीला अपनी अलग पहचान रखती है।
**-विनोद मिश्रा, महंत नहरीबरी मंदिर**


शिवली की रामलीला को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। रामलीला में अभिनय के लिए बेहतरीन कलाकारों का चयन किया जाता है। साथ ही कस्बे में कई स्थान रामायण के अनुसार रखे गए हैं।
**-राजकुमार मिश्र, शिवली**

# मारपीट में महिला वकील समेत दो के खिलाफ केस

## पिछले दिनों एक मुकदमे की पैरवी के दौरान हुआ था विवाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- एकीकृत बार एसोसिएशन के पास पहुंचा था मामला
- पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर पर दर्ज हुई एफआईआर

**अमृत विचार।** पिछले दिनों एक मुकदमा की पैरवी दौरान हुए विवाद में एक अधिवक्ता ने अपने साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए एक महिला अधिवक्ता सहित दो के खिलाफ एकीकृत बार एसोसिएशन में प्रार्थना पत्र दिया था। एसोसिएशन की जांच में घटना की पुष्टि होने और कार्रवाई की संस्तुति किए जाने के बाद पीड़ित अधिवक्ता ने अकबरपुर कोतवाली में गुरुवार को मुकदमा दर्ज कराया है।

पिछले माह 26 सितंबर को कचहरी में पारिवारिक न्यायालय में चल रहे एक मुकदमे की सुनवाई के बाद दोनों पक्षकारों के अधिवक्ताओं के बीच विवाद हो गया था। दोनों अधिवक्ताओं की ओर से अलग-अलग बार संगठनों में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था। पिछले सप्ताह एकीकृत बार एसोसिएशन की ओर से महिला अधिवक्ता वंदना गुप्ता की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र पर जांच के बाद घटना की पुष्टि होने पर संस्था ने अधिवक्ता संतोष दीक्षित को छह वर्ष के लिए संस्था की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया था। इसके साथ ही आरोपी अधिवक्ता संतोष दीक्षित व उनके सहयोगी अधिवक्ता अदभुद दुबे के खिलाफ कार्यवाही के लिए बार काउंसिल को पत्र भेजा था।

वहीं दूसरी ओर अधिवक्ता संतोष दीक्षित की ओर से जिला बार एसोसिएशन माती मुख्यालय को प्रार्थना पत्र दिया गया। इसकी जांच के बाद संगठन के महामंत्री अरविंद कुशवाहा ने घटना में महिला अधिवक्ता वंदना गुप्ता को दोषी ठहराते हुए कार्यवाही की संस्तुति की थी। पीड़ित अधिवक्ता अदभुद दुबे ने गुरुवार को अकबरपुर कोतवाली में महिला अधिवक्ता वंदना गुप्ता व लखनऊ के कोरी नरौला द्वारिकापुरी निवासी शहनबाज के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

## कोर्ट ने तलब की विवेचना रिपोर्ट

**कानपुर देहात।** मूसानगर क्षेत्र के एक गांव की महिला ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में कहा था कि 2 अप्रैल की शाम उसकी चौदह वर्षीय पुत्री शौच के लिए खेतों की ओर गई थी।

वहां पहले से मौजूद पथार गांव के शिवम, मूसानगर क्योंटर बांगर के अजय निषाद, घाटमपुर हुसैना के मोहित यादव व गोविंद यादव ने उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। पुत्री के वापस न आने पर तलाश की तो वह अस्त-व्यस्त हालत में खेत में मिली। उसने आपबीती बताई। पॉक्सो कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बाद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने व विवेचना की जानकारी न होने पर पीड़िता की मां की ओर से कोर्ट में गुरुवार को प्रार्थना पत्र दिया गया। पीड़िता के अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव ने बताया कि अदालत ने मामले में विवेचना के संबंध थाना प्रभारी से रिपोर्ट तलब की है। सुनवाई के लिए 18 अक्टूबर की तिथि नियत की है।

# पुत्र की गिरफ्तारी का भय दिखा 40 हजार की ठगी

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के काशीपुर गांव निवासी युवक से पुत्र की गिरफ्तारी का भय बताकर एक साइबर ठग ने खुद को क्राइम इंस्पेक्टर बताकर 40 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित ने इसकी शिकायत साइबर डेस्क में दर्ज कराई है।

काशीपुर निवासी राजेश कुमार ने बताया कि उसके पास मंगलवार को एक अंजान नंबर से फोन आया। उसने खुद को क्राइम इंस्पेक्टर बताकर कहा कि उसका पुत्र मनीष किसी आपराधिक जुर्म में पकड़ा गया है। जिसे सुनते ही वह घबरा गया। युवक ने जब उक्त अज्ञात युवक से अपने पुत्र से बात कराने को कहा तो उसने किसी से बात कराई। उसको अपने पुत्र की आवाज लगी। जिसके बाद फोनकर्ता ने पीड़ित के पुत्र को बचाने के एवज में 80 हजार रुपये मांगे। उसने किसी तरह 40 हजार रुपये फोनकर्ता के बताए खाते में भेज दिए। उसी दौरान उसके पुत्र का फोन आ गया। उसने अपने आप को कानपुर में सकुशल होने की जानकारी दी। जब उसने उसी अंजान नंबर पर कॉल की तो वह बंद बताने लगा। साइबर प्रभारी अतेंद्र ने बताया कि मामले में शिकायत मिली है। जांच की जा रही है।

### घर से पार किए नकदी-जेवर

**शिवली।** सुनवरसा गांव में बिल्डिंग मिस्त्री के घर से चोरों ने रात में 10 हजार की नकदी-जेवरात पार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। मैथा चौकी के सुनवरसा गांव का पंकज शर्मा बिल्डिंग मिस्त्री है। उसने बताया कि देर रात चोर सो जाने के बाद घर में दाखिल हुए और अलमारी खोलकर 10 हजार रुपये और जेवर ले गए। रात में अलमारी खुली देख घटना की जानकारी हुई। ग्राम प्रधान टिल्लू पाल व गांव वाले मौके पर पहुंचे। सूचना पर पुलिस भी रात में ही पहुंची और पीड़ित से जानकारी ली। चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप


स्कूल में रावण वध की लीला का मंचन करते बच्चे। अमृत विचार

### स्कूल में बच्चों ने मनाई विजयादशमी, फूंका पुतला

**रनियां।** नगर के किशरवल रोड स्थित विद्यालय में विजयादशमी धूमधाम से मनाई गई। बच्चों ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों का मंचन कर तालियां बटोरीं। स्वामी विवेकानंद जूनियर हाईस्कूल में विजयादशमी को लेकर रावन दहन कार्यक्रम का हुआ। बच्चों ने राम, लक्ष्मण व सीता के वेश में लीला की। अन्य बच्चों ने गीतों पर नृत्य किया। प्रधानाचार्य एसदयाल ने छात्र-छात्राओं को विजयादशमी के बारे जानकारी दी। राम ने जैसे ही बुराई रूपी रावण के पुतले में आग लगाई, वैसे ही बच्चों ने जयकारे लगाए। यहां अध्यापक राजकुमार शर्मा, दुर्गेश कुमार, अभय सिंह, शिवांगी अवस्थी, नैंसी देवी, प्रियांशी शर्मा, प्रिया शर्मा, अंजली देवी, दिव्यांशी शर्मा, नैंसी सिंह आदि रहे।


बारात घर निर्माण के लिए भूमि पूजन करते बीडीओ। अमृत विचार

### जलालपुर डेरापुर में बरातघर निर्माण के लिए भूमि पूजन

**संदलपुर।** ब्लाक क्षेत्र की मॉडल ग्राम पंचायत जलालपुर डेरापुर में नए मिनी गेस्ट हाउस (बारात घर) के लिए भूमि पूजन किया गया। ग्राम पंचायत को मुख्यमंत्री पुरस्कार योजना के तहत प्रथम किस्त दी गई है। बीडीओ धनप्राप्त यादव ने गुरुवार को मॉडल ग्राम पंचायत जलालपुर डेरापुर में मिनी गेस्ट हाउस (बारातघर) का भूमि पूजन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुरस्कार की तरफ से मिनी गेस्ट हाउस के लिए प्रथम किस्त के रूप में दस लाख रुपये दिए गए हैं। मिनी गेस्ट हाउस बनने के बाद ग्रामिणों को लाभ मिल सकेगा। इससे आसपास गांवों के लोगों को भी राहत मिल सकेगी। आचार्य रमेशचंद्र पांडेय ने मिनी गेस्ट हाउस का भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया। इस मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष परवेश कटियार, सचिव नीलम कटियार, प्रधान प्रतिनिधि विनोद कटियार, संजय कटियार, छोटेलाल आदि रहे।

### छात्र-छात्राओं के अभिनय ने सबका मन मोहा

**शिवली।** नवररत्र व दशहरा के अवसर पर रामेश्वर पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं ने माता के विभिन्न रूपों व राम-रावण युद्ध, रावण वध का सुंदर अभिनय प्रस्तुत किया। साथ ही वनवासी राम- सीता, लक्ष्मण व हनुमान की सुंदर झांकी बनाई। प्रबंधक डॉ. रामशरण तिवारी ने माता के नौ रूपों व राम दरबार की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रधानाचार्य प्रीती दीक्षित ने छात्रों को विजयदशमी पर्व का महत्व और माता के नौ रूपों के विषय में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार तिवारी, दीक्षा, कविता मौर्य, रागिनी, देवांशी, दीपिका, रितिका, पूर्णिमा, पूनम, अंकिता, ख़ुशी, दिव्या, श्रेया, सृस्टि, अंशिका, अपर्णा, पूर्णिमा, आदित्य, अनुराग आदि लोग उपस्थित रहे।

### शासकीय अधिवक्ता की सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**कानपुर देहात।** फास्ट ट्रैक कोर्ट में कार्यरत सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रदीप पांडेय के गुरुवार को सेवानिवृत होने पर सभी शासकीय अधिवक्ताओं ने उनके अंतिम कार्य दिवस पर फूलमाला पहना व स्मृति चिंह देकर भावभीनी विदाई दी। कार्यकाल के दौरान उन्होंने फास्ट ट्रैक कोर्ट में चल रहे चर्चित दस्यु मंगली केवट के खिलाफ चल रहे मुकदमे में अभियोजन की ओर से सक्रिय पैरवी कर उसे दस साल के कारावास की सजा दिलाई थी। इस मौके पर जिला शासकीय अधिवक्ता राजू पोरवाल, सहायक शासकीय अधिवक्ता धनंजय पांडेय, राकेश कुमार मिश्रा, अजय कुमार त्रिपाठी, विकास सिंह, देवेंद्र कुमार मिश्रा, विशाल कटियार, विवेक कुमार त्रिपाठी, राम रक्षित शर्मा, अमित सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

### संगठन कार्यकर्ताओं ने रतन टाटा को दी श्रद्धांजलि

**शिवली।** मानव सेवा संगठन के औनहा स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर रतन टाटा को नम आंखों से मोमबत्ती जलाकर श्रंद्धाजलि दी गई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष त्रिवेदी ने रतन टाटा को याद करते हुए कहा कि वे एक कुशल उद्योगपति ही नहीं, बल्कि दयावान इंसान थे। इस दुनिया से एक नायाब हीरा चला गया है। उनका स्थान सदैव रिक्त रहेगा। देशवासियों को उनकी कमी सदैव खलती रहेगी। इस मौके अजय राजपूत, आशू तिवारी, राम बहादुर सिंह चंदेल, ज्ञानेंद्र मिश्रा, छोटे लाल राजपूत रहे।

### पूर्व कैबिनेट मंत्री ने पार्टी कार्यालय में की बैठक

**कानपुर देहात।** भाजपा की बैठक पार्टी कार्यालय माती में संपन्न हुई। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री जगदीश मुखी ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बैठक का शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला ने स्वागत किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने जिले में चल रही सदस्यता की समीक्षा की और भाजपा की सदस्यता बूथ स्तर पर करने पर जोर दिया। इस दौरान राजेश तिवारी, डॉ. सतीश शुक्ला, पूर्व विधायक निर्मला शंखवार, राजेंद्र सिंह चौहान, नीरज पांडेय, विजय मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### शॉर्ट सर्किट से दोना-पत्तल की दुकान में लगी आग

**मंगलपुर।** संदलपुर में बुधवार देर रात शॉर्टसर्किट से अभिषेक गुप्ता की दोना-पत्तल की दुकान में भीषण आग लग गई। जिससे लाखो रुपए का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा सामान जलकर खाक हो गया।

# किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, मंगलपुर

- खोजबीन के दौरान खेत पर रोती मिली थी किशोरी, जांच शुरू

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ खेत में दुष्कर्म के प्रयास के आरोप में पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

मंगलपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने मंगलपुर पुलिस को दिए तहरीर में गांव के ही प्रदीप उर्फ बबलू पर आरोप लगाते हुए बताया कि बीते मंगलवार को उसकी दस साल की पुत्री को आरोपी बहला फुसलाकर बाजरे के खेत में ले गया और वहां पर दुष्कर्म का प्रयास किया। बेटी की खोजबीन की जा रही थी। इसी बीच खेतों की तरफ जाने पर बेटी के रोने की आवाज मिली और जाकर देखा तो बेटी रोती मिली।

आरोपी आहट पाकर मौके से फरार हो गए। बेटी ने बताया कि आरोपी दुष्कर्म करने का प्रयास कर रहा था। थाना प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि बालिका को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेजा गया है। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# महिलाओं के लिए हर थाने में हेल्प डेस्क

संवाददाता, राजपुर/संदलपुर

**अमृत विचार।** महिला मिशन शक्ति फेज 5 के तहत महिला कांस्टेबलों ने भीड़भाड़ वाले इलाके व बाजार में महिलाओं को टोल फ्री नंबरों व आत्मसुरक्षा के बावत जानकारी दी।

गुरुवार को राजपुर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम के निर्देशन में महिला कांस्टेबल रोशनी कुमारी व इंद्रा ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार बहुत सख्त है। महिलाओं की शिकायत के लिए हर थाने में महिला हेल्प डेस्क है। जिसमें हर समय महिलाओं की शिकायत सुनने के लिए महिला कांस्टेबल मौजूद रहतीं हैं।

उन्होंने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विभिन्न टोल फ्री नंबर जारी किए हैं। जिसमे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा 24 घंटे निशुल्क सेवा में हैं। इसी के साथ सड़क पर बाइक से घूम रहे संदिग्ध युवकों से पूछताछ की गई। वहीं डेरापुर थाना क्षेत्र में एंटी रोमियो टीम ने हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई।


मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को पंपलेट देतीं पुलिस कर्मी। अमृत विचार

## किसान लापता, खेत पर मिलीं चप्पलें

**राजपुर।** नवीपुर से एक किसान परिजनों से नाराज होकर घर से चला गया। गुरुवार को चप्पलें खेत पर मिलने से पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से छानबीन की।

कमलपुर के मजरे नवीपुर के राघवेंद्र ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह उसके पिता आलोक कुमार उर्फ नाहर सिंह नाराज होकर बगैर बताए घर से चले गए। रिश्तेदारी में तलाश के बाद भी पता नहीं चला। बुधवार को उसकी चप्पलें खेत पर मिलने पर पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष दिनेश गौतम ने डॉग स्क्वायड की मदद से खेतों के आसपास छानबीन की। उन्होंने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर तलाश की जा रही है।

**शारदीय नवरात्र** — रामनवमी पर आज राजपुर में निकलेगी मां भगवती की शोभायात्रा

# भक्तों ने महागौरी की पूजा कर मांगा सौभाग्य

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र पर कस्बा के शीतला माता मंदिर में गुरुवार को माता के अष्टम महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। महिलाओं व पुरुषां ने माता के दरबार में मन्नत मांगी। वहीं घरों में कन्या पूजन कराया गया। कहते हैं कि मां महागौरी की सच्चे मन और अनुशासन से पूजा करने पर हर तरह के पाप मिट जाते हैं और महिलाओं को अखंड सुहाग व सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

राजपुर में आस्था का केंद्र शीतला माता मंदिर में सुबह व शाम देवी भक्तों की भीड़ लगी रहती है। माता के दरबार में श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना कर मुराद पूर्ण होने की कामना करते हैं। गुरुवार को मंदिर में मां दुर्गा के अष्टम महागौरी स्वरुप की पूजा अर्चना की गई। मान्यता है कि हिंदू धर्म में महा अष्टमी का विशेष महत्व है। इस दिन कन्या पूजन भी कराया जाता है।

पौराणिक कथा के अनुसार मां पार्वती ने भगवान शिव को पाने के लिए जीवन में कई हजारों सालों तक कठोर तपस्या की थीं। उस दौरान उन्होंने जल और अन्न का भी त्याग कर दिया था। इसलिए उनका शरीर काला पड़ गया था। मां पार्वती की तपस्या को देख भगवान शिव प्रसन्न हुए और उन्होंने मां पार्वती को अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया। तपस्या के दौरान शरीर काला पड़ने की वजह से महादेव ने उन्हें गंगा जल से पवित्र किया। जिसके बाद उनका शरीर फिर से कांतिमय हो गया।

गंगा जल के द्वारा उनका का वर्ण सफेद हो गया। जिस कारण वह महागौरी कहलाईं। कमेटी के अध्यक्ष अवध विश्नोई व सहयोगी चुन्नी विश्नोई ने बताया कि रामनवमीं के दिन देवी भक्तों की ओर से मां दुर्गा की भव्य झांकियां निकाली जाएंगी। इस मौके पर विनोद दीक्षित उर्फ राजू, विवेक दुवे उर्फ लल्ला, ऊर्वीदत्य उपाध्याय, रामू कटियार, दीपक मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


कात्यायनी देवी मंदिर में पूजन करते डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति।

### डीएम-एसपी ने कात्यायनी देवी का किया पूजन

**राजपुर।** सट्टी के कथरी गांव स्थित मां कात्यायनी देवी मंदिर में भोर पहर से ही लंबी कतारें लग गई। यहां मेला भी लगा। दोपहर में डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने कात्यायनी देवी मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही पूजा-अर्चना की। इसके बाद गांव में भ्रमण कर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान भोगनीपुर एसडीएम सर्वेश कुमार, सीओ संजय सिंह, सटटी थानाध्यक्ष संजेश कुमार, एसआई सीलेश कुमार, नियाज़ हैदर आदि मौजूद रहे।

# मां मुक्तेश्वरी दिलाती हैं संकट से छुटकारा

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र की दुर्गा अष्टमी पर कालिंद्री तट पर स्थित सिद्धपीठ मां मुक्तेश्वरी मंदिर में दर्शन पूजन के लिए सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने माता के आठवें महागौरी स्वरूप के रूप में दर्शन प्राप्त किए। माता के जयकारों और घंटों की ध्वनि से मंदिर परिसर गूंजता रहा।


मां मुक्तेश्वरी देवी।

मंदिर के पुजारी अशोक द्विवेदी ने बताया कि नवरात्र पर कानपुर नगर, देहात, हमीरपुर, जालौन, फतेहपुर, उन्नाव, औरैया आदि जिलों से श्रद्धालु दर्शन पूजन करने आए हैं। साथ ही भक्तों ने मां के दरबार में मनौतियां मांगी। जिसके अनुसार महिलाएं अपने बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराती हैं। मां के दरबार में कई भक्त लेटकर दंडवत करते हुए मंदिर पहुंचे। इस मौके पर मेला सा लगा रहता है।

मां मुक्तेश्वरी देवी के दर्शन पूजन से हर संकट से छुटकारा व मनोकामनाएं पूरी होती है। मनौती पूरी होने पर भक्त संकल्प के अनुसार पीतल के घंटे, ध्वजा, नारियल आदि का चढ़ावा चढ़ाते हैं। पंडित सुमित तिवारी द्वारा मां के दरबार में दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है, जो पूरे नौ दिन चलता है। इस दौरान मां मुक्तेश्वरी जीर्णोद्धार सेवा समिति के अध्यक्ष महेंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष बउआ शुक्ला, कोषाध्यक्ष गयाराम निषाद, मेला प्रभारी हुब्बलाल पाल, अवधेश अवस्थी, केशव मिश्रा, रमेश मिस्त्री, सोहन लाल निषाद आदि रहे।

## एक नजर

### गांधी संस्थान के संस्थापक गिरिजा शंकर पांडेय का निधन

**शुक्लागंज उन्नाव।** गुरुवार भोर पहर 83 वर्षीय गिरजा शंकर पांडेय को दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद उन्हें परिवारजन तुरंत कार्डियोलॉजी ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी निधन की खबर सुनते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। जी एस पांडेय ने वर्ष 2011 में मिश्रा कॉलोनी झंडा चौराहे पर गांधी संस्थान के तहत राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित की थी। तब से वहां हर राजनीतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। दोपहर को उनका शव गांधी संस्थान लाया गया, जहां उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### भाइयों से हुए विवाद के बाद युवक ने फांसी लगा दी जान

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** भाइयों से हुई कहासुनी से आहत एक भाई ने फंदे से लटककर जान दे दी। उसका शव लटका देख परिजन बेहाल हो गए। पुलिस में जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के अरगूपुर गांव निवासी नौमीलाल (40) पुत्र गुरुदयाल का बुधवार देररात अपने भाइयों गुड्डू बब्लू व महेंद्र से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इसी से क्षुब्ध होकर वह घर के बाहर पड़े छप्पर की बल्ली में रस्सी का फंदा बनाकर लटक गया। देररात करीब 12 बजे लघुशंका के लिए बाहर निकले भाई ने उसका शव लटका देख शोर मचाया। सूचना पर पहुंची बेहटा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव फांसी के फंदे से नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। नौमीलाल अविवाहित था और भाइयों में दूसरे नंबर पर था। जवान बेटे की माता-पिता रो-रोकर बेहाल हैं।

### जहरीले कीड़े के काटने से बच्ची की मौत

**उन्नाव।** मां के साथ सो रही सात वर्षीय बच्ची को जहरीले कीड़े ने काट लिया। चीख सुन जागी मां ने वहां सर्प देखकर शोर मचाया। बेटी की हालत बिगड़ती देख परिजन उसे कानपुर के हैलट अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन, उसकी मौत हो गई। बारासगवर थानाक्षेत्र के कर्मी गढ़ेवा निवासी शिवांशी (7) बुधवार रात मां अर्चना, भाई शिवांश और बहन कमल के साथ जमीन पर सो रही थी। तभी रात में शिवांशी को जहरीले कीड़े ने काट लिया। उसकी चीख सुन जागी अर्चना ने अपने पैर के पास सर्प देख शोर मचाया। इस पर ससुर मेड़ीलाल ने डंडे से सर्प को पीटकर मार दिया। उसे पहले पीएचसी फिर जिला अस्पताल और वहां से कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया। परिजन उसे कानपुर ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई।

### युवकों को रेकी करने के शक में ग्रामीणों ने पकड़ा

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के रहमत पुर ददान गांव में शुक्रवार दोपहर दो युवक गांव में घूम-घूमकर भीख मांग रहे थे। युवकों को भिक्षा मांगते देख ग्रामीणों को शक हुआ कि यह लोग आए दिन क्षेत्र में हो रही चोरियों के लिए रेकी तो नहीं कर रहे हैं। इस पर दोनों को ग्रामीणों पकड़ लिया और अजगैन पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को कोतवाली ले गई। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि दोनों युवक हसनगंज क्षेत्र के थे। पूछताछ कर छोड़ दिया गया है। उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है।

### भड़की भैंस ने महिलाओं को पटका, दो घायल

**बांगरमऊ।** नगर के मोहल्ला कस्बा टोला निवासी सुशीला देवी (44) और किरन (35) मोहल्ले की करीब आधा दर्जन महिलाओं के साथ लखनऊ मार्ग पर रेलवे क्रासिंग के पास स्थित बाला देवी के दर्शन करने गई थीं। लौटते समय रेलवे क्रासिंग के पास गुरुवार शाम सड़क पर मौजूद भैंस के झुंड में एक भैंस अचानक भड़क गई और उसने सड़क किनारे आ रहीं महिलाओं को पटक दिया। इसमें सुशीला और किरन गंभीर घायल हो गईं। परिजनों ने घायल महिलाओं को सीएचसी में भर्ती कराया।

स्कूल भवन को असुरक्षित घोषित किया जा चुका, लेकिन जिम्मेदारों ने नहीं दिया ध्यान

# दावे फेल, पढ़ने को नौनिहालों के सिर पर छत तक नहीं नसीब

हाल-ए-शिक्षा विभाग

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** एक ओर जहां सरकार बच्चों को उच्च शिक्षा और सुविधाएं देने का दावा करते थक नहीं रही है। वहीं दूसरी ओर सफीपुर विकासखंड क्षेत्र के अतहा गांव में यह सभी दावे खोखले साबित होते दिख रहे हैं। यहां शिक्षा व्यवस्था के हालात बेहद दयनीय हैं। स्थानीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को खुले आसमान के नीचे पढ़ने को मजबूर होना पड़ रहा है। जहां वे धूप, बारिश व ठंड से दो-चार होते हुए अपना भविष्य संवारने की जुगत कर रहे हैं।

अतहा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय की छत कई साल पूर्व कमजोर हो चुकी थी। बीते वर्ष बारिश के दौरान यह पूरी तरह से गिर गई। छत का प्लास्टर गिरने के बाद स्कूल भवन को असुरक्षित घोषित किया गया था, लेकिन इस घटना के बावजूद भी जिला प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।




विद्यालय भवन की जर्जर छत। अमृत विचार



विद्यालय के बाहर खुले आसमान के नीचे पढ़ाई करते बच्चे। अमृत विचार

घटना के बाद स्कूल के प्रधान शिक्षक को निलंबित भी किया गया था। तब ऐसा कहा गया था कि छत की जर्जर हालत की सूचना प्रधानाचार्य को पहले से थी बावजूद इसके उन्होंने इसकी अनदेखी की। हालांकि, उनके निलंबन के बाद भी स्कूल में बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा को लेकर कोई सुधार नहीं हो सका। आज भी बच्चे बिना छत के खुले आसमान के नीचे पढ़ने को मजबूर हैं। अभिभावक इस स्थिति को लेकर बेहद परेशान हैं। उनका कहना है कि बच्चों को पढ़ने के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक स्थान मिलना चाहिए।

### बोले अभिभावक



अभिभावक संतोष अग्निहोत्री ने कहा कि हम अपने बच्चों को स्कूल इसलिये भेजते हैं ताकि वे अच्छी शिक्षा पा सकें। लेकिन यहां तो उनकी जान का खतरा बना रहता है।



अभिभावक अशोक कुमार बताते हैं कि बिना छत के इस विद्यालय में जाने तक में डर लगता है। लेकिन, बच्चों को शिक्षा दिलाने के लिए वे रिस्क लेकर भी विद्यालय भेजते हैं।

भवन जर्जर होने के कारण बच्चे खुले मैदान में बैठ रहे हैं। टेंडर की प्रक्रिया जारी है। जल्द ही सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद नवीन भवन का निर्माण कराया जाएगा।

अनीता शाह, एसडीआई

## पंडाल में मां दुर्गा की आरती संग हुआ भंडारा

**शुक्लागंज उन्नाव।** मन्नीबिहारी पुरम स्थित विनी गेस्ट हाउस में गुरुवार को श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा मां की महाआरती कराई गई। इस अवसर पर बंगाली समाज के अलावा नगर के विभिन्न स्थानों से आए सैकड़ों भक्तों ने मां की आरती उतारकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। समिति द्वारा भंडारे में प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में तरित चटर्जी, शशांक वर्मन, सुशांत चटर्जी, अभिषेक दास, मिनोति भौमिक, पीके चटर्जी और देवाशीष गोस्वामी आदि मौजूद रहे। देरशाम समिति ने बच्चों की एक डांस प्रतियोगिता आयोजित की। जिसमें बच्चों ने नृत्य कर प्रतिभा प्रदर्शित की।

### 12 को होगा परशुराम मंदिर के लिये भूमिपूजन

**बांगरमऊ।** ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित बैठक में परशुराम मंदिर निर्माण हेतु क्षेत्र के गांव हफीजाबाद के पास कल्याणी नदी तट पर स्थित बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में सर्व सम्मति से भूमि का चयन किया गया है। अब मुहूर्त के अनुसार 12 अक्टूबर की दोपहर 3 बजे भूमिपूजन किया जाना है। ब्राह्मण समाज ने क्षेत्र के नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक भाग लेने की अपील की है।

## मिट्टी को गणेश-लक्ष्मी का आकार देने में जुटे मूर्तिकार

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही मूर्ति बाजार में रौनक आ गयी है। मूर्ति के खरीददार इसके निर्माता के घर जुटना शुरू हो गए हैं। मिट्टी की मूर्तियों की मांग अधिक देख मूर्तिकार भी इन्हें बनाने में तेजी से लगे हैं।

बता दें कि शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में पांच दर्जन से अधिक मूर्तिकार हैं। जो लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां बनाने का काम करते हैं। मूर्ति निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। मूर्ति के रंग-रोंगन का काम चल तेजी से रहा है। इस कार्य में मूर्तिकार के पूरे परिवार के साथ-साथ उनके रिश्तेदार भी सहयोग कर रहे हैं। सभी मूर्तिकारों में आपसी प्रतिद्वंद्विता साफ दिख रही है। मूर्तिकार अधिक से अधिक मूर्तियां बनाने में जुटे हैं। ताकि वे अपने इस कारोबार में प्रतिद्वंद्वी से कमजोर न पड़ जायें। उनके पास एक से बढ़कर एक मूर्ति बनकर तैयार हैं। मूर्तियों का निर्माण कार्य चरम पर है। दूर-दराज व ग्रामीण क्षेत्रों के मूर्ति विक्रेता उनके घर पर जुटना शुरू हो गए हैं। मूर्तिकार राकेश कुमार ने कहा कि अब मिट्टी से बने लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की मांग कमजोर पड़ गयी है। बाजार में प्लास्टर आफ पेरिस, मेटल, पीतल व चांदी आदि से निर्मित मूर्तियों का प्रचलन अधिक है। जिसके चलते मिट्टी की मूर्तियों के खरीदार कम हो गये हैं। इससे उनकी मेहनत व लागत के हिसाब से दाम नहीं मिल पा रहे हैं। बताया कि यह उनका पुस्तैनी धंधा है इसलिए इसे छोड़ नहीं सकते हैं। एक समय था कि जब मिट्टी के लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति के कद्रदान बहुत थे। लेकिन बाजार के ट्रेंड के साथ सभी बदलते चले गये। अब सभी कीमत पर ध्यान देते हैं। इस से उन लोगों को आर्थिक मार झेलनी पड़ रही है।



मिट्टी की लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति का रंग रोपन करता मूर्तिकार। अमृत विचार

## ट्रैक्टर-ट्राली उछलने से चालक पहिये के नीचे आया, गई जान

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

● उन्नाव-हरदोई मार्ग पर स्पीड ब्रेकर पर उछली ट्रैक्टर-ट्राली

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में उन्नाव-हरदोई मार्ग पर एक स्कूल के सामने स्थित स्पीड ब्रेकर पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर अचानक उछलने से चालक जमीन पर आ गिरा। तभी ट्राली का पहिया उसके ऊपर से निकल जाने से वह गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के गांव भगवंतपुर गोटपाली निवासी अर्जुन (19) पुत्र दयाराम गांव में एक ईंट-भट्ठे पर ट्रैक्टर चालक था। वह गुरुवार को ट्रैक्टर ट्राली से ईंट डालने कालीमिट्टी गया था। वापस आते समय गुरुवार देरशाम तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित एक स्कूल के सामने स्थित स्पीड ब्रेकर पर अचानक ट्रैक्टर तेजी से उछल गई। ट्रैक्टर से उछलते ही अर्जुन जमीन पर आ गिरा और उसके ऊपर से ट्राली गुजरने से वह गंभीर घायल हो गया। एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की खबर मिलते ही मां दयावती, पिता अर्जुन व चचेरे भाई मनीष अस्पताल पहुंचे और शव देख चीख पड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। अर्जुन दो भाइयों करन और राजू से बड़ा था और ईंट-भट्ठे के ट्रैक्टर से ईंट की ढुलाई कर परिवार पालता था। परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य की अचानक मौत से उसके भाइयों की पढ़ाई व भरण-पोषण का संकट पैदा हो गया है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** बेहटा मुजावर थानांतर्गत संडीला मार्ग स्थित लखनऊ-आगर एक्सप्रेस-वे के अंडर पास के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। हरदोई जिला के गांव काजीपुर निवासी राजकुमार (50) पुत्र रामसेवक गुरुवार को बाइक से बेहटा मुजावर से बांगरमऊ आ रहा था। शाम करीब 4 बजे संडीला मार्ग स्थित एक्सप्रेस-वे के अंडर पास के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की जेब से बरामद आधार कार्ड के पते से उसके परिजनों को घटना की सूचना दी।

**आमने-सामने टकराई बाइकें, 3 घायल : बांगरमऊ** कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित गांव भिखारीपुर रुल्ल के सामने तेज रफ्तार दो बाइकों में टक्कर हो गई। इसमें एक बाइक सवार उत्तम व विनय निवासी गांव दशहरी और दूसरी बाइक सवार विकास निवासी गांव हफीजाबाद थाना फतेहपुर चौरासी गंभीर घायल हो गए। सीएचसी से तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### कार ने साइकिल सवार अधेड़ को रौंदा, हंगामा

**उन्नाव।** खेत से फसल की रखवाली कर लौट रहे अधेड़ की साइकिल में तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। उछलकर सड़क पर गिरे अधेड़ की सिर में आई गंभीर चोट से मौत हो गई। जानकारी पर पहुंचे परिजन शव देख बिलख उठे। कार्रवाई की मांग करते हुए परिजन ग्रामीणों के संग शव रोड पर रखकर बैठ गए और हंगामा काटने लगे। कार चालक के हिरासत में लिए जाने की जानकारी के बाद अक्रोशित परिजन शांत हुए तब शव मोर्चरी भेजा गया। मौरावां थाना व कस्बा निवासी रज्जाक (55) फसल की रखवाली कर देररात साइकिल से घर लौट रहा था। तभी थानाक्षेत्र के गुलरिहा मार्ग पर उन्नत खेड़ा गांव के पास तेज रफ्तार कार ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर से वह उछलकर सड़क पर गिर गया। सिर में आई चोट से उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी पर आसपास के लोग पहुंचे और सूचना परिजनों को दी। आक्रोशित परिजनों ने सड़क पर शव रखकर मार्ग जाम कर दिया और हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर एसओ चंद्रकांत सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाया। कार्रवाई के आश्वासन पर परिजन शांत हुए। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, पुलिस ने कार चालक मोहम्मदपुर निवासी पवन को पकड़ लिया है।

## सार-संक्षेप



मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि देते सपाई। अमृत विचार

### पुण्यतिथि पर मुलायम सिंह यादव को याद कर दी श्रृद्धांजलि

**बांगरमऊ उन्नाव।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर गुरुवार को नगर के बाईपास मार्ग पर पावर हाउस के पास स्थित केंद्रीय कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। इसमें पार्टी कार्यकर्ताओं ने नेता जी को गरीबों और मजलूमों का मसीहा बताया। श्रद्धांजलि सभा में कार्यकर्ताओं ने नेता जी को याद कर श्रद्धांजलि दी। सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष अल्वी मिश्रा ने कहा कि नेता जी ने ही स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण लागू कर दलितों, पिछड़ों व महिलाओं को भी पंचायत की सर्वोच्च कुर्सी पर आसीन होने का मार्ग प्रशस्त किया। पार्टी के जिला सचिव श्रवण यादव, महिला सभा की गंजमुरादाबाद ब्लॉक अध्यक्ष मोना सैनी, मुकीम अहमद, रेशमा गौतम, शिवम यादव, पुष्पा राठौर, रामदुलारी, मनीष दीक्षित व आसिफ अली आदि ने भी नेता जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। सपा के जिला सचिव श्रवण यादव ने चौघड़ा स्थित अपने आवास पर भी श्रद्धांजलि सभा की।

### नेता जी ने गरीबों, कमजोरों व किसानों के हित में काम किया

**उन्नाव।** समाजवादी पार्टी कार्यालय सिविल लाइन्स में नेता जी स्व. मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने नेता जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेता जी ने सदैव ग़रीब, कमजोर, नवजवानों व किसानों के हित में काम किया। देश के रक्षामंत्री रहते हुए शहीद सैनिकों के पार्थिव शरीरों को उनके घर लाने की व्यवस्था की। वहीं किसानों के लिए मुफ्त सिंचाई और अस्पतालों में एक रुपये में दवा का पर्चा और मुफ्त बेड की व्यवस्था की। इस दौरान पूर्व सांसद अन्नू टंडन, पूर्व मंत्री सुधीर रावत, पूर्व एमएलसी सुनील साजन, पूर्व विधायक रामकुमार, पूर्व विधायक उदय राज यादव व सीके त्रिपाठी ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान बीतेंद्र यादव, अलवी मिश्रा, मंजीत यादव, हेमंत पाल, मनीष सैनी, कुलदीप यादव, अंशुमान सिंह, हाजी इरफान, सैफ़ खान, सुबोध त्रिपाठी, राजेश मिश्रा आदि ने भी श्रद्धांजलि दी।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला का उसके देवर ने नहाते समय वीडियो बना लिया था और वॉयरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसकी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। गुरुवार को पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा है। कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला का नहाने के दौरान उसके देवर दीपू ने वीडियो बना लिया था। जिसके बाद उसने वीडियो वॉयरल करने की धमकी देते हुये उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला ने इसकी जानकारी पति सोनू को दी। जिस पर पति ने भी उसका साथ दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति और देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। देवर दीपू को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया।

### पर्व को देख एएसपी ने मातहतों के साथ किया पैदल गश्त

**शुक्लागंज।** नवरात्र, दुर्गा पूजा व रामलीला के मौके पर नगर में बढ़ती भीड़भाड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन सुरक्षा के प्रति सतर्क है। गुरुवार शाम एएसपी अखिलेश सिंह ने गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में फोर्स के साथ कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर फोरलेन पर पैदल गश्त की। एसपी के निर्देश पर एएसपी ने कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह के साथ गश्त की। इस दौरान उन्होंने रामलीला मंचन वाले स्थान भी देखे और समिति पदाधिकारियों से जानकारी ली। एएसपी ने दुर्गा मंदिर समेत अन्य धार्मिक स्थलों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में पर्याप्त फोर्स तैनात करने का निर्देश दिया।



जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठी राहेमीन और पास खड़े जिलाधिकारी गौरांग राठी।



एसपी की कुर्सी पर बैठी खुशबू और बगल में बैठे एसपी दीपक भूकर। अमृत विचार

## राहेमीन एक दिन की जिलाधिकारी तो खुशबू बनी एसपी

संवाददाता उन्नाव

● मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5 के तहत अधिकारियों ने छात्राओं को दी अपनी कुर्सियां

● छात्रा ने कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठकर लोगों की समस्याएं सुनीं

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5 के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग उप्र द्वारा अक्टूबर से दिसम्बर माह तक आयोजित होने वाली गतिविधियों के अंतर्गत बीती पांच अक्टूबर को आयोजित हुई कला एवं निबन्ध प्रतियोगिता में अव्वल आने वाली राजकीय बालिका इंटर कालेज उन्नाव की इंटर की छात्रा राहेमीन को एक दिन का सांकेतिक जिलाधिकारी बनाया गया। इस दौरान छात्रा ने कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठकर लोगों की समस्याएं सुनीं। इसके अलावा छात्रा खुशबू चौरसिया को एक दिन का सांकेतिक पुलिस अधीक्षक बनाया गया। इस दौरान जिलाधिकारी गौरांग राठी व एसपी दीपक भूकर द्वारा दोनों छात्राओं को इन पदों के दायित्यों की जानकारी भी दी गई।

जिससे देश व प्रदेश भर में बालिकाओं में संवैधानिक व प्रशासनिक पदों पर पहुंचने की प्रेरणा मिल सके।

## एबीसी डालने के दौरान घंटों बिजली गुल

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर के सुभाष नगर में गुरुवार को एबीसी लाइन डालने का कार्य किया गया। जिस कारण करीब छह सौ से अधिक घरों की बिजली सुबह से लेकर शाम तक बाधित रही। इससे सैकड़ों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

सुबह करीब 11 बजे 630 केवीए ट्रांसफार्मर की बिजली सप्लाई बंद कर दी गई, जिसके बाद कर्मचारियों ने गलियों में लगी एलटी लाइन को हटाने का काम शुरू किया। शाम करीब 7 बजे तक काम पूरा नहीं हुआ, जिससे लगभग आठ घंटे तक बिजली गुल रही। इस दौरान कई घरों में लगे इन्वर्टर भी बंद हो गए, जिससे गर्मी में लोगों को काफी कठिनाई हुई। इसके अलावा, पानी की सप्लाई भी प्रभावित हुई।

आवास की आस | वृद्ध महिला ने कहा आजादी के बाद सरकारें तो बदलीं लेकिन उसकी स्थिति नहीं बदली

# एक पक्का आवास दिला दो, तिरपाल के नीचे गुजर गई जिंदगी

संवाददाता औरास उन्नाव

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के बछौली गांव निवासी निराश्रित वृद्धा रामदुलारी पत्नी राम अधार आर्थिक तंगी के चलते अभी तक कच्चे मकान में जीवन गुजार रही है। उसका कहना है कि देश को आजादी मिलने से अब तक कई बार सत्ता बदली लेकिन उसके मकान की हालत नहीं बदली।

वृद्ध महिला का कहना है कि वैसे तो प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत हर गरीब को आवास देने का वादा किया है। लेकिन, उनके अधीनस्थ अफसरों की लापरवाही के चलते उसको आज तक आवास नसीब नहीं हो सका। इसे पक्की छत का उसका सपना अब तक सपना ही रह गया। बताया कि कई बार उसने ब्लॉक अधिकारियों की चौखट पर परिक्रमा की लेकिन अब वह दौड़-दौड़कर थक चुकी है। कहा कि कई बार प्रधान व जिम्मेदारों से गुहार लगाई लेकिन कोई सुनवाई न हुई। उसके बड़े बेटे कन्हैयालाल की 15 साल पहले मौत हो चुकी है। छोटे बेटे मदन की भी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है जिसके चलते वह कच्ची दीवार में तिरपाल डालकर रह रहा है।

कुछ वर्ष पहले बारिश में उसकी एक कच्ची दीवार ढह गई थी। इसका संज्ञान लेकर एसडीएम हसनगंज ने लेखपाल से उसका सर्वे भी कराया था। जिसमें बारिश में दीवार गिरने की पुष्टि भी हुई थी। लेखपाल ने एसडीएम को इसकी रिपोर्ट भी पेश की थी। लेकिन, आज तक वृद्ध महिला को आवास न मिल सका है। वृद्धा ने जिलाधिकारी से उसे पक्का घर दिलाने की मांग की है।



बछौली गांव स्थित रामदुलारी का कच्चा घर। अमृत विचार



घर में तिरपाल के नीचे बैठी रामदुलारी।

## सदस्यता अभियान तेज करने पर दिया जोर

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** अपना दल एस द्वारा गुरुवार को हरदोई रोड स्थित विधानसभा कैंप कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक आयोजित की गई। इसमें लखनऊ मंडल के उपाध्यक्ष अमरेश पटेल ने सदस्यता अभियान तेज करने और अपना दल एस की नीतियों को आमजन तक पहुचाने की अपील की। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि बचे हुए बूथ व सेक्टर जल्द से जल्द पूरा करें। कहा कि 17 अक्टूबर को अपना दल के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल का परिनिर्वाण दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित होने चालिये।

उन्होंने कहा कि पदाधिकारी सदस्यता अभियान को गति देते हुए दल की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाये। कहा कि आगामी 4 नवंबर को दल के स्थापना दिवस कार्यक्रम में भारी संख्या में शामिल हों। कार्यक्रम के अंत में जन्नतुन बानो को सक्रिय सदस्यता दिलाई गई। अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष अमरेश पटेल ने और संचालन विकास पटेल ने किया। डॉ. राजेश पाल, अमन खान, बंशीलाल अर्कवंशी, अमन शर्मा, शैलेंद्र कटियार, आशीष गुप्ता, अतहर खान, सुनील, मोनू पाल आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को किया जाता सम्मानित। अमृत विचार

## एक नजर

### विकास और निर्माण कार्यों में तेजी लायें अधिकारी

**उन्नाव।** कलक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने निर्माण कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति विस्तृत समीक्षा की। जिसमें उन्होंने विभिन्न विभागों से जुड़ी विकास परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में कहा कि अधिकारी निर्धारित समयसीमा में निर्माणाधीन परियोजनाओं को पूर्ण कराएं। साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। यह भी कहा कि वरिष्ठ अधिकारी निर्माणाधीन परियोजनाओं का खुद निरीक्षण कर नियमित रूप से प्रगति का जायजा लेते रहें। सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, सीएमओ डा. सत्यप्रकाश व विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि रहे।

### कंटीले तार में फंसने से खेत मालिक घायल, रेफर

**गंजमुरादाबाद।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव खांभामऊ के मजरा पुरईखेड़ा निवासी सुनील (40) गुरुवार देरशाम किराए के ट्रैक्टर से खेत जुतवा रहा था। वह खेत की मेड़ पर खड़ा था। तभी अचानक मेढ़ पर लगी कंटीला तार हेरो में उलझकर सुनील से लिपट गया। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। परिजन आनन-फानन उसे बांगरमऊ सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# आरओबी निर्माण को मरहला चौराहे से हटेगी पुलिस चौकी

## दोनों तरफ बनी आधा सैकड़ा दुकानें भी हटाई जाएंगी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


मरहला चौराहे पर बनी इन्हीं दुकानों को दिया गया हटाने का अल्टीमेटम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बैराज मार्ग स्थित सरैयां आरओबी के लिए शासन द्वारा 150 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है, जिससे आरओबी निर्माण का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस परियोजना के तहत मरहला चौराहे के आगे नया खेड़ा तक आरओबी का निर्माण किया जाएगा।

प्रोजेक्ट मैनेजर के निर्देश पर सेतु निगम के अधिकारियों ने पुलिस चौकी और चौराहे के दोनों तरफ की दुकानों को हटाने का अल्टीमेटम जारी किया है, जिससे स्थानीय लोगों और दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। करीब सवा साल से धन के अभाव में रुका हुआ आरओबी का कार्य अब फिर से तेज हो गया है, जिसके चलते प्रशासनिक कार्रवाई भी तेजी से हो रही है। सेतु निगम के अधिकारियों ने दो-तीन दिन से अस्थाई पुलिस चौकी को हटाने के निर्देश दिए हैं, साथ ही चौराहे के दोनों तरफ स्थित करीब पचास दुकानों, जैसे चाय, मसाला और पानी की दुकानों को भी हटाने के लिए कहा गया है।

इससे दुकानदारों में चिंता की लहर दौड़ गई है, क्योंकि उन्हें अपनी रोजी-रोटी का डर सताने लगा है। वहीं प्रोजेक्ट मैनेजर बी सेन ने बताया कि पुलिस चौकी के पास आरओबी का पिलर बनेगा और उसके दोनों ओर सर्विस लेन का निर्माण किया जाएगा, इसलिए दुकानों और चौकी को हटाना आवश्यक है। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन यथाशीघ्र सभी प्रक्रिया को पूरा करेगा, ताकि आरओबी का कार्य समय पर पूरा हो सके।

# दहेज हत्या में पति को आठ साल की कैद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित कर जान लेने के लिए मजबूर करने वाले पति को कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए आठ साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर 10 हजार जुर्माना भी लगाया है।

बता दें कि माखी थानाक्षेत्र के वीरमपुर गांव निवासी पवन कुमार ने 16 जून-2018 को सफीपुर कोतवाली में अपने बहनोई नीरज व उसकी मां सोना पर दहेज की मांग पूरी न करने पर उसकी बहन रन्नो देवी की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी तहरीर में उसने बताया था कि दो वर्ष पूर्व रन्नो की शादी सफीपुर कोतवाली के छूही गांव निवासी नीरज से हुई थी। शादी के बाद से पति व उसकी मां अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर बहन को प्रताड़ित करते थे। इसकी जानकारी बहन ने कई बार मायके में दी, लेकिन सुलह समझौते से मामला निपट गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर नीरज व उसकी मां सोना को जेल भेजा था। तत्कालीन सीओ विवेक रंजन राय ने जांच कर नीरज के विरुद्ध 27 अक्टूबर 2018 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। केस एडीजे-1 की कोर्ट में विचाराधीन था। गुरुवार को शासकीय अधिवक्ता अजय कुशवाहा की दलीलों व साक्ष्य के आधार पर एडीजे मो. असलम ने नीरज को 8 साल की सजा सुनाई।

### एनडीपीएस एक्ट में युवक को मिली सजा

**उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के सलेह नगर करौंदी गांव निवासी राजेश उर्फ डिग्गा को 30 जनवरी-2024 को दबिश देकर गिरफ्तार किया था। उसके पास से 1.200 किलो गांजा बरामद हुआ था। केस दर्ज कर उसे जेल भेजा गया। 15 फरवरी-2024 को आईओ जितेंद्र पांडेय ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। गुरुवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई में शासकीय अधिवक्ता विनय प्रकाश शुक्ला की दलील के आधार पर एडीजे ने राजेश को एनडीपीएस एक्ट का दोषी करार देते हुए नौ माह की सजा के साथ उस पर 8000 का जुर्माना भी लगाया है।

## सार-संक्षेप

### डीएसएम स्कूल में बच्चों ने नवदुर्गा का रूप रख मनाया दशहरा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गुरुवार को शुक्लागंज के डीएसएम पब्लिक स्कूल में नवरात्र पर्व एवं दशहरा महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने मां दुर्गा के नौ रूपों की भव्य प्रस्तुति दी, जिसने अभिभावकों और शिक्षकों को धार्मिक अनुष्ठान की अनुभूति कराई। छोटी कक्षाओं की छात्राओं ने मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का वेश धारण कर भक्ति भावना को उजागर किया। स्कूल प्रबंधन, जिसमें प्रबंधक अवनीश शुक्ला और प्रधानाचार्या रीता सिंह शामिल थे, ने नव देवी बनकर तैयार की गई छात्राओं को तिलक लगाकर उपहार भेंट किए। इस कार्यक्रम के दौरान गौरी, इशिका, आराध्या, तान्या, हुनर, हंसिका, रितिका, अवंतिका और उन्नति जैसी छात्राओं ने डांडिया खेलकर समारोह को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम ने विद्यालय में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना का संचार किया।


नवदुर्गा के रूप में डीएसएम की छात्राएं।

### उपासना ने तीसरी बार मेडल जीतकर नाम किया रोशन

**औरास (उन्नाव)।** औरास विकासखंड के जूनियर विद्यालय रामपुर गढ़ौवा में उपासना ने कई प्रतियोगिताओं में मेडल जीतकर स्कूल के साथ गांव का भी नाम रोशन किया है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने भी छात्रा के खेलों में लगातार अच्छे प्रदर्शन पर शुभकामनाएं दी। 73वें माध्यमिक खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन में पहुंचे जिलाधिकारी ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। उन्होंने खेल के साथ शिक्षा पर भी उतना ही ध्यान देने की बात कही। सभी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एक बालक व एक बालिका को कम से कम तीन वर्ष तक की स्कॉलरशिप और डाइट की व्यवस्था करवाने की भी बात कही। छात्रा उपासना को उसकी लगातार तीसरी जीत पर शिक्षकों व अधिकारियों ने आशीर्वाद के साथ बधाई दी। उसके पिता भी बेटी की जीत पर प्रसन्नता महसूस क़र रहे हैं। शिक्षकों में प्रदीप वर्मा, शशी देवी, रमनजीत कौर, शाहे खुबा सहित ब्लॉक से आदर्श शिक्षिका लक्ष्मी यादव, रेखा यादव, प्रतिक्षा, तैमूर आलम, संतोष शर्मा, अतुल, राजबहादुर, खेल शिक्षक रईसुल इस्लाम गौहर, जिला व्यायाम शिक्षक पुरुषोत्तम यादव व निशा सिंह आदि ने शुभकामनाएं दी।


जीत के बाद मेडल के साथ उपासना।

### जिलाधिकारी के आदेश पर ढहाया गया अवैध कब्जा

**पुरवा।** हिलौली ब्लाक के गांव भाटनखेड़ा के मजरे बक्सपुर स्थित सुरक्षित व सरकारी भूमि अभिलेखों में चारागाह दर्ज है। इसी भूखंड पर कुदरा निवासी जफर आलम ने अवैध रूप से कब्जा कर पोल्ट्री फार्म का निर्माण करा लिया था। गुरुवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम उदित नारायण सेंगर फोर्स व राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अवैध कब्जे को बुलडोजर से गिरवा दिया।

### हर तहसील में एक शिकायत काउन्टर बनाया जाए: जिलाधिकारी

**उन्नाव।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जिले एसडीएम व तहसीलदारों के साथ हुई बैठक में वरासत अभियान, दाखिल खारिज नामांतरण, खसरा फीडिंग व जनसामान्य से जुड़े महत्वपूर्ण बिन्दु खतौनी में खातेदारों के अंश निर्धारण के संबंध में निर्देश दिये। एसडीएम व तहसीलदारों को सभी तहसीलों में गांव वासियों से अपील की कि अगर उनकी खतौनियों के अंश निर्धारण में समस्या है तो वे किसी भी कार्य दिवस में तहसील में शिकायत कर सकते हैं। उन्होंने सभी तहसीलों में इसके लिये एक काउंटर बनाने को भी कहा। जिसमें प्रार्थनापत्र लेने के लिए एक बैनर लगाया जायेगा।

# घर में आतिशबाजी बनाने के लिए रखा बारूद बरामद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- **अवैध रूप से आतिशबाजी बनाए जाने की सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस ने छापा मारा**

**अमृत विचार।** अवैध रूप से आतिशबाजी बनाए जाने की सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस ने सीओ फायर के साथ दबिश दी। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी भाग निकले। लेकिन बारूद बरामद कर पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम के तहत उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के ककरहा बाग मोहल्ला निवासी छोटे बाबू उर्फ अहमद अली के घर में पुलिस को अवैध तरीके से आतिशबाजी बनाने के लिए बारूद के भंडारण की सूचना मिली थी। इस पर सीएफओ अनूप सिंह व अपराध निरीक्षक राजेश यादव फोर्स के साथ दबिश देने पहुंचे। पुलिस को देख छोटे बाबू घर से भाग गया। वहां उसकी पत्नी और बच्चे मौजूद मिले। जो लाइसेंस संबंधी कोई जानकारी नहीं दे सके। पुलिस ने मौके से काफी मात्रा में फुलझड़ी बनाने वाला बारूद बरामद किया। अपराध निरीक्षक ने बताया कि सिर्फ बारूद मिला है। आरोपी भाग गया है। सदर चौकी इंचार्ज दीपक पटेल की तहरीर पर अवैध बारूद भंडारण की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## जादू टोना के आरोप में सास-बहू को पीटा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के हाजीपुर चौकी क्षेत्र के बहरौला गांव में श्रीदेवी पत्नी स्व विद्याधर और उनकी बहू श्रीकांती पर गांव के कुछ लोगों ने जादू टोने का आरोप लगाकर जमकर मारपीट की। आरोपियों का कहना था कि श्रीकांती के जादू के कारण उनकी भैंस दूध नहीं दे रही। पीड़ित महिलाओं ने हाजीपुर चौकी प्रभारी और कोतवाली गंगाघाट में प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। श्रीदेवी का कहना है कि वह और उनकी बहू घर पर अकेली रहती हैं, जबकि उनका बेटा अवधेश शर्मा विदेश में नौकरी करता है। उन्होंने बताया कि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। कभी भी कोई घटना हो सकती है।

# छोटे बच्चों ने मंच पर रामायण की झाकियां प्रस्तुत कर मन मोह लिया

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


राम-लक्ष्मण के वेशभूषा में खड़े अंबिका के बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल एवं लिटिल किंगडम में दशहरा महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। छोटे बच्चों ने राम, सीता, हनुमान और रावण जैसे पात्रों की वेशभूषा पहनकर रामायण की झाकियां प्रस्तुत की, जिससे दर्शकों का मन मोह लिया।

गुरुवार को स्कूल प्रबंधन ने धार्मिक परंपराओं की जागरूकता बढ़ाते हुए इस महोत्सव का आयोजन किया। लिटिल किंगडम के बच्चों ने रामायण के पात्रों के रूप में सभी का ध्यान आकर्षित किया। वहीं, बड़े बच्चों ने बिग बैश ताल में डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें उड़ी उड़ी जाये, ढोल बाजे-ढोल बाजे और रंगीला म्हारो ढोलना जैसे गानों पर धमाल मचाया। प्रबंधक अजय त्रिवेदी, प्रधानाचार्या डेफनी लेम्यूर और कोआर्डिनेटर मनीषा अवस्थी ने डांडिया में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया। संतोष त्रिवेदी, दीपा त्रिवेदी और दिनेश त्रिवेदी भी मौजूद रहे।

# बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने दुआ गांव में शिक्षकों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)


सम्मानित शिक्षकों व बच्चों संग बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी।

**अमृत विचार।** विकासखंड बिछिया के दुआ गांव स्थित प्राथमिक व जूनियर विद्यालय में आयोजित उत्कृष्टता शिक्षक सम्मान समारोह में गुरुवार को मुख्य अतिथि राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी ने शिक्षको को सम्मानित किया।

प्राथमिक व जूनियर विद्यालय में सम्मानित करते हुए शिक्षकों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि आज का दिन हमारे शिक्षकों के शिक्षण, निरंतर उत्साह और प्रतिबद्धता में उत्कृष्टता का उत्सव मनाने का दिन है। इसके साथ उन्होंने अंतरिक्ष प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास, पंचायत भवन व आईटी केंद्र आदि जगह का निरीक्षण करते हुए गांव में कराये जा रहे कार्यों की सराहना भी की। ग्राम सरपंच अजय सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय के इंचार्ज शिक्षक आदित्य दीक्षित, सहायक शिक्षक भरत कपूर, प्राथमिक विद्यालय की प्रधान शिक्षिका साधना यादव, शिक्षक नरेंद्र सिंह व प्रभारी गंगाबक्स सिंह आदि रहे। विकासखंड सुमेरपुर के मलयपुर विद्यालय में भी उन्होंने शिक्षकों को सम्मानित किया। उन्होंने एक कस्तूरबा गांधी विद्यालय का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षकों को सम्मानित किया और बाल अधिकार संरक्षण के तहत शिक्षकों को निर्देश भी दिये। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कनौजिया, जिलाध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्रा, विनीत बाजपेई अध्यक्ष बिछिया, वैष्णव कनौजिया आदि रहे।

# प्रभु राम की हुई सुग्रीव से मित्रता, हनुमान ने जलाई लंका

संवाददाता बिछिया उन्नाव


लीला के दौरान जंगल में सीता माता को ढूंढते राम-लक्ष्मण।

**अमृत विचार।** जरगांव स्थित मां तपेश्वरी मंदिर परिसर में श्रीराममंदिर समिति के द्वारा तेजेश्वर बाबा मंडल के कलाकारों द्वारा रामलीला में तीसरे दिन राम सुग्रीव मित्रता व लंका दहन लीला का मंचन किया गया। जिसमें श्रीराम मंदिर समिति सचिव विजय दास ने आरती उतार कर शुभारंभ कराया।

रामलीला मंचन में राम और लक्ष्मण सीता को खोजते हुए ऋष्यमूक पर्वत की तरफ निकल पड़ते हैं। हनुमान राम के पास पहुंचते हैं और उन्हें पहचान कर सुग्रीव से मित्रता कराने आते हैं। राम ने सुग्रीव से इस पर्वत पर निवास करने का कारण पूछा तो वही बालि का वध करने का सुग्रीव को भरोसा दिलाते हैं, तो वही सुग्रीव राम को सीता को खोजने का भरोसा दिलाकर मित्रता होती है। हनुमान सीता को खोजते हुए लंका पहुंच जाते हैं जहां अशोक वाटिका में सीता से भेंट होने के बाद वाटिका में लगे फल को खाने की इच्छा व्यक्त करते हुए वाटिका को तहस-नहस कर देते हैं। मेघनाथ हनुमान में युद्ध के बाद ब्रह्मास्त्र का प्रयोग कर हनुमान को बांधकर रावण के दरबार में लाते हैं, जहां रावण ने हनुमान के पूंछ में आग लगा दी और देखते ही देखते हनुमान ने पूरी सोने की लंका को जला कर राख कर दिया। अध्यक्ष सुंदर, अनिल पांडेय, सिद्धनाथ तिवारी आदि मौजूद रहे।

### घायल जटायु ने दी प्रभु राम को सीता हरण की जानकारी

- **उन्नाव।** आवास विकास कॉलोनी स्थित वृंदावन गार्डन में रामलीला महोत्सव में गुरुवार को कलाकारों ने जटायु और रावण युद्ध व लंका दहन के प्रसंग का मंचन किया। गुरुवार को कलाकरों ने खर-दूषण वध के बाद अपमान से आहत बहन शूर्पणखा रावण के दरबार में पहुंची। उसने रावण को खर-दूषण के वध की सूचना दी। उन्होंने कहा कि मेरी यह दशा वन में आए दो संन्यासियों ने की है। दूसरे दृश्य में रावण मामा मारीच के पास पहुंचता है। इसके बाद तीसरे व अंतिम व तीसरे दृश्य में मारीच सोने के हिरण का रूप लेकर माता जानकी की कुटिया के पास पहुंचता है। सीता के कहने पर श्री राम उसको मारने के लिए पीछे चले जाते हैं। श्रीराम मारीच को मारते हैं, तभी मारीच राम-राम चिल्लाता है। यह सुनकर माता सीता लक्ष्मण को मदद के लिए भेजती हैं। लक्ष्मण रेखा खींचकर वह चले जाते है। इसी बीच रावण ब्राह्मण के रूप में भिक्षा मांगता है और सीता का हरण कर ले जाता है। जब दोनों भाई लौटकर कुटिया पर आते है तो उनको सीता नहीं मिलती है। तब वे सीता की खोज करने निकल जाते है। जटायु घायल अवस्था में मिलते हैं तो सीता हरण की जानकारी मिलती है। जिसके बाद हनुमान से मिलना होता है।

**शिव धनुष टूटते ही बजी बधाई : फतेहपुर चौरासी।** ऊगू नगर पंचायत के रामलीला मैदान में सार्वजनिक रामलीला समिति के द्वारा चल रही 143 वीं रामलीला में धनुष भंग लीला का मंचन किया गया। सीता स्वयंवर में पहुंचे रावण और बाणासुर के मध्य हुए संवाद से दर्शकों में उत्साहित हो उठे। वहीं जब प्रभु श्रीराम ने शिव धनुष को खण्डित किया तो सीता जी ने वरमाला पहनाई। धनुष टूटने पर हुई गर्जना सुन तपस्या में लीन परशुराम की तंद्रा भंग हो गई। मिथिला पहुंचें परशुराम जी का क्रोध आसमान छू रहा था। लक्ष्मण जी ने परशुराम जी के क्रोध का ही उपहास बना दिया। लक्ष्मण-परशुराम संवाद पर खूब तालियां बजीं। समिति के महामंत्री अवधेश दीक्षित, कृष्ण द्विवेदी, अरुण पांडेय, राजेश कुमार पांडेय, सुनील शास्त्री, सौरभ पटेल, नरेन्द्र सिंह, रामू आचार्य, सुनील कुमार, राम नरेश सैनी, डा. संजीव कन्नौजिया मौजूद रहे।

**अधिवक्ता संघ की रामलीला शुरू : उन्नाव।** अधिवक्ता संघ के 89वें उत्सव में रामलीला मैदान में प्रभारी जिला जज मो. असलम सिद्दीकी ने बार एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश शुक्ला की मौजूदगी में गणेश पूजन के बाद ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि रामलीला के मंचन से स्वस्थ मनोरंजन होता है। अधिवक्ता संतोष मिश्रा ने गणेश पूजन कराया।

**नवरात्र** | श्रद्धालुओं ने मां को लाल चुनरी, फल, फूल, मिठाई आदि चढ़ाकर अपनी मन्नत मांगी

# दुर्गाष्टमी पर देवी मंदिरों में भक्तों का लगा रहा तांता

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)


शहर के बाईपास स्थित मां अन्नपूर्णा देवी का सजा दरवार।


कल्याणी मंदिर में हवन में आहुतियां देते श्रद्धालु।। अमृत विचार

अमृत विचार। दुर्गाष्टमी पर मंदिरों व घरों में हवन-पूजन के साथ भजन-कीर्तन हुए। भक्तों ने व्रत रखकर मां की उपासना की। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की देवी मंदिरों में भारी भीड़ रही। भोरपहर से देरशाम तक मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंजते रहे। लोगों ने घरों व मंदिरों में हवन-पूजन कर कन्याभोज कराया।

गुरुवार को दुर्गाष्टमी की भक्तों में उमंग रही। शहर के प्रसिद्ध बड़े दुर्गा मंदिर, कल्याणी देवी और अन्नपूर्णा मंदिर में खासी भीड़ रही। भोरपहर से ही लोग मंदिरों में मां के दर्शनों को पहुंचने लगे थे। दोपहर में तो भीड़ इतनी बढ़ी कि श्रद्धालुओं को लाइन लगाकर मां के दर्शन करने पड़े। श्रद्धालुओं ने मां को लाल चुनरी, फल, फूल, मिठाई आदि चढ़ाकर प्रसन्न किया। अष्टमी के चलते मंदिरों व घरों में हवन होते रहे। शहर व ग्रामीण क्षेत्र के प्रसिद्ध मंदिरों में बने हवनकुंड में सैकड़ों भक्तों ने आहुतियां डालकर मां से सुख समृद्धि मांगी। घरों में पूरे दिन पूजापाठ के साथ ही हवन-पूजन चलता रहा। भक्तों ने व्रत रखकर मातारानी की उपासना की और मंदिरों व घरों में दुर्गा सप्तशती का पाठ चलता रहा। कुछ भक्तों ने कन्याभोज भी कराया। इसमें अपनी यथाशक्ति के अनुसार दान दक्षिणा भी दी। ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में भीड़ के चलते मेला सा लगा रहा। सुबह से शाम तक मंदिरों में जमकर भीड़ रही। शहर के बड़े दुर्गा मंदिर कल्याणी मंदिर क्षेत्र के अलावा क्षेत्र की पड़री कला की माता बालेश्वरी देवी, जरगांव की तपेश्वरी माता, शुक्लापुर की विंध्यवासिनी, ओरहर की साखों माता सहित अन्य मंदिरों में महिलाओं ने सामूहिक भजन-कीर्तन किया। मंदिरों में छोटे बच्चों के कारण छेदन, मुंडन व अन्नप्राशन जैसे कार्यक्रम होते रहे।

### कल्याणी देवी मंदिर में हुए हवन में भक्तों ने दी आहुतियां

- शहर के मां कल्याणी देवी मंदिर परिसर में दुर्गाष्टमी पर कन्या पूजन, हवन व विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य व्यवस्थापक सर्वेंद्र सिंह चौहान व नीरज तिवारी आदि रहे। समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष पीके मिश्रा, सचिव कमलेश नाथ अवस्थी, विनोद कुमार शुक्ला, गोपाल तिवारी, विजय कुमार तिवारी एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# घरों और मंदिरों में हुई पूजा-अर्चना

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


दुर्गा मंदिर में दर्शन के लिये उमड़ी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के महागौरी स्वरूप के दर्शन की पूजा अर्चना मंदिरों और घरों में की गई। राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गामंदिर में पूर्णाहूति की गई। जिसके बाद माता की महाआरती का आयोजन हुआ।

नवरात्र के अवसर पर रविवार को महाअष्टमी पर मां दुर्गा का पट खुलते ही दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। विधि विधान से मां की पूजा-अर्चना की। श्रद्धालु हाथ में सजी पूजा की थाल जिसमें नारयिल, चुनरी, धूप, दीप, नवैद्य आदि लेकर अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे थे। जैसे ही मंदिर के पट खोले गए। भक्तों ने मां के दर्शन किए। आचार्य विनोद पांडे के अनुसार अष्टमी को मां की महागौरी स्वरूप की पूजा-अर्चना की जाती है। मां महागौरी की आष्टमी शक्ति का नाम महागौरी है। नवरात्र के आठवें दिन इनकी उपासना व पूजन करने की परंपरा रही है। माता के आठवें रूप का वर्णन करते हुए आचार्य विनोद पांडे ने बताया कि इनके शरीर का रंग अति सुन्दर है। गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। इनके तीन नेत्र ब्रह्माण्ड की तरह गोल हैं, जिनसे विद्युत की ज्योति चमकती रहती है। मां महागौरी के दिव्य स्वरूप का ध्यान हमें लोभ, स्वार्थपरतता जैसी आसुरी शक्तियों से निजात दिलाकर हमें आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने की राह दिखाता है। पंडितों के सानिध्य में महागौरी का पाठ कर विधिपूर्वक मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। इसके अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के दुर्गा मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिये भक्तों की भीड़ रही।

### सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः

- श्री दुर्गा मंदिर में गुरुवार को सहस्त्र चण्डी महायज्ञ में आचार्यों ने पूर्णाहूति दी। आचार्यों ने सर्वे भवन्तु सुखिन : सर्वे सन्तु निरामया। इसके साथ ही लोक कल्याण की कामना की।

देवो रुष्टे गुरुस्त्राता गुरो रुष्टे न कश्चन:।
गुरुस्त्राता गुरुस्त्राता गुरुस्त्राता न संशय:॥

भाग्य रूठ जाए तो गुरू रक्षा करता है। गुरु रूठ जाए तो कोई नहीं होता। गुरु ही रक्षक है, गुरु ही शिक्षक है, इसमें कोई संदेह नहीं।

## संपादकीय

# शास्त्रीय भाषाओं का संवर्द्धन

सांस्कृतिक विविधता एवं समृद्धि की दृष्टि से भारत विश्व में अतुलनीय स्थान रखता है। 'कोस-कोस पर बदले पानी, चार कोस पर बानी' की विशिष्टता वाले हमारे देश में अनेक प्राचीन भाषाएं हैं, जो अभी भी प्रचलन में हैं। यह सच है कि कुछ भाषाएं अध्ययन एवं अनुसंधान समेत कुछ विशेष कार्यों के लिए प्रयुक्त होती हैं, पर वे विलुप्त नहीं हुई हैं। शास्त्रीय भाषाएं भारत की गहन और प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की संरक्षक के रूप में काम करती हैं, जो प्रत्येक समुदाय के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मील के पत्थर का सार है। हाल ही में भारत सरकार ने पांच नई भाषाओं को 'शास्त्रीय' (क्लासिकल) भाषाओं की श्रेणी में शामिल किया है। ये भाषाएं मराठी, पाली, प्राकृत, असमी एवं बांग्ला हैं। संस्कृत, तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और उड़िया पहले से ही इस सूची में हैं। इस प्रकार अब देश में मान्यता प्राप्त शास्त्रीय भाषाओं की संख्या 11 हो गई है।

गौरतलब है कि 12 अक्टूबर 2004 को तमिल भाषा के साथ इस सूची का प्रारंभ किया गया था। उसी वर्ष नवंबर में संस्कृत और बाद के वर्षों में अन्य भाषाओं को शास्त्रीय दर्जा दिया गया। अब इन पांच भाषाओं को शामिल करने का निर्णय किया गया है। ये निर्णय विशेषज्ञ समिति एवं साहित्य अकादमी द्वारा तैयार मानदंडों के आधार पर लिए जाते हैं। हालांकि इस वर्ष सुझावों के आधार पर मानदंडों में कुछ संशोधन भी किए गए हैं। संविधान की आठवीं अनुसूची के अंतर्गत भारतीय भाषाओं का एक वर्गीकरण होता है। जनगणना के दौरान लोगों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर भाषियों की गिनती की जाती है। केंद्र और राज्यों के स्तर पर विभिन्न भाषाओं को संरक्षित करने, उपलब्ध साहित्य का अनुवाद एवं प्रकाशन कराने तथा विकसित करने के कई कार्यक्रम चलते रहते हैं। पांडुलिपियों के संग्रहण और संरक्षण पर भी बहुत ध्यान दिया जाता है। ऐसे में शास्त्रीय भाषाओं की सूची का विस्तार एक उत्साहजनक व स्वागतयोग्य निर्णय है। इससे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भाषाओं के सांस्कृतिक एवं अकादमिक महत्व को बढ़ाने में मदद मिलेगी। साल 2008 में शास्त्रीय तमिल के लिए एक केंद्रीय संस्थान की स्थापना की गई, जिसमें प्राचीन तमिल ग्रंथों के अनुवाद के साथ-साथ तमिल भाषा सिखाने के पाठ्यक्रम भी चलाए जाते हैं। कन्नड़, तेलुगू, मलयालम और उड़िया भाषाओं के लिए भी विशिष्ट केंद्र खोले गए हैं। वर्ष 2020 में संस्कृत के लिए तीन विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में भारतीय भाषाओं के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए कार्यक्रम एवं पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उम्मीद की जा सकती है कि जिन भाषाओं को शास्त्रीय श्रेणी में शामिल किया गया है, उनके विकास के लिए भी अकादमिक प्रयास होंगे। साथ ही संस्थाओं और नागरिकों को भी इस दिशा में योगदान करना चाहिए।

# क्या ईश्वर के स्थान पर बैठ गया है इंसान



आर्य सागर खारी
नोएडा

प्रोटीन पर कार्य करने के लिए यह नोबेल पुरस्कार मिला है तो सबसे पहले प्रोटीन को हमें समझना होगा प्रोटीन क्या है? प्रोटीन मनुष्य सहित समस्त जीवधारियों व पेड़-पौधों के शरीरों का आधारभूत बिल्डिंग ब्लॉक है।

वर्ष 2024 का रसायन शास्त्र का नोबेल पुरस्कार किन वैज्ञानिकों को रसायन शास्त्र में किस काम के लिए मिला है,यह जानने समझने से पहले हमें यह जानना होगा कि 21 वीं सदी का रसायन शास्त्र बीकर, परखनली जैसे आधारभूत उपकरणों पर आश्रित न होकर कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे टूल पर निर्भर हो गया है। वर्ष 2024 का रसायन शास्त्र का नोबेल दो अमेरिकी व एक ब्रिटिश वैज्ञानिक को मिला है। अचरज की बात यह है कि इन तीन वैज्ञानिकों में कोई भी विशुद्ध तौर पर रसायन शास्त्री (केमिस्ट) नहीं है। पुरस्कार पाने वाले वैज्ञानिकों में दो कंप्यूटर वैज्ञानिक एआई विशेषज्ञ हैं तो तीसरे वैज्ञानिक कंप्यूटेशनल बायोलॉजिस्ट हैं। यह विज्ञान की आधुनिक शाखा है,जो कंप्यूटर साइंस, बायोलॉजी के मिश्रण से मिलकर बनी है।

प्रोटीन पर कार्य करने के लिए यह नोबेल पुरस्कार मिला है तो सबसे पहले प्रोटीन को हमें समझना होगा कि प्रोटीन क्या है? प्रोटीन मनुष्य सहित समस्त जीवधारियों व पेड़-पौधों के शरीरों का आधारभूत बिल्डिंग ब्लॉक है। हमारे बाल, नाखून, मसल्स जानवरों के सींग-पक्षियों के पंख हड्डियों को जोड़ने वाली कॉलेजन सभी प्रोटीन हैं। हमारे रक्त में पाए जाने वाला हीमोग्लोबिन शरीर में ग्लूकोज को नियंत्रित करने वाली इंसुलिन शरीर में पाए जाने वाले सभी हार्मोन यहां तक की एंजाइम सभी प्रोटीन हैं। प्रोटीन को यदि मानव शरीर से निकाल दे तो मानव शरीर पानी और हवा का एक बुलबुला मात्र रह जाएगा। शरीर की एक कोशिका दूसरी कोशिका से संपर्क जिन केमिकलों के माध्यम से करती है,वह केमिकल भी प्रोटीन है। शरीर संक्रमित होने पर अपनी रक्षा के लिए जिन एंटीबॉडी रसायनों का निर्माण करता है वह भी प्रोटीन ही है।

यह प्रोटीन प्रकृति में कुल 25 व हमारे शरीर में पाए जाने वाले 20 अमीनो एसिड से मिलकर बने होते हैं। आज दो करोड़ के लगभग प्रोटीन को आइडेंटिफाई किया जा चुका है। अमीनो एसिड क्या है? कार्बन आधारित जैविक अणु हैं,जो दहाई से लेकर हजारों की संख्या में जुड़कर एक खास सीक्वेंस में विभिन्न सरल से लेकर जटिल तीन आयामी प्रोटीन का निर्माण करते हैं। 1970 तक वैज्ञानिक एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी की सहायता से कुछ हजार प्रोटीनों की संरचना के विषय में जान पाए थे,जो समय साध्य प्रक्रिया थी। वैज्ञानिक यह तो जान गए थे कि किसी प्रोटीन विशेष में कुल कितने अमीन एसिड का प्रयोग हुआ है,लेकिन प्रोटीन की संरचना बेहद जटिल होती है। आप इसे ऐसे समझ सकते हैं, प्रोटीन एक ऐसी गाय-भैंस को बांधने वाली धातु की बेल है,जिसके प्रत्येक के कुंदे को तो आप जानते हैं। एक कुंदे से दूसरा कुंदा किस क्रम में जुड़ा हुआ है,आप बेल की संरचना को आसानी से समझ सकते हैं। सरल प्रोटीन के मामले में तो आप इस उदाहरण को लागू कर सकते हैं,लेकिन वही कुंदे मिलकर किसी जटिल बेल रूपी प्रोटीन संरचना का निर्माण करते हैं,जिसकी ओर छोर का हमें पता नहीं है। अब वह बेल मानो ऐसे उलझ गई है कि हम चाहकर भी उसे सुलझा नहीं सकते। जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी के कारण आतंकित होकर घरों में सिमटी हुई थी तब ऐसी जटिल प्रोटीन संरचना के विषय में वर्ष 2020 तक दुनिया को कुछ पता नहीं था कि कैसे मिनटों में उसकी संरचना ज्ञात करें।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इस दुनिया को बदलने वाला है। दशकों में नहीं सालों में यह सब कुछ बदलने की क्षमता रखता है। क्या जीवन के रहस्य को सुलझा लिया जाएगा? क्या जीवन दाता ईश्वर को एक तरफ उपेक्षित बैठा दिया जाएगा,क्योंकि कुछ लोग ऐसी रिसर्च के आधार पर ही यह तर्क गढ़ते हैं।

प्रोटीन की संरचना को लेकर 50 वर्षों से अबूझ बनी हुई इस पहेली को सुलझाने में एंट्री होती है, जॉन जंपर व डेमिस हस्साबिक नामक दो कंप्यूटर वैज्ञानिकों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विशेषज्ञ की,जिनमें एक अमेरिकी तो दूसरे ब्रिटिश हैं। दोनों डीप एआई नामक कंपनी के संस्थापक हैं,जिसका अधिग्रहण अब गूगल ने कर लिया है। इन दोनों वैज्ञानिकों ने अल्फा फोल्ड टू नामक एआई टूल विकसित किया,जिसके माध्यम से चार चरणों में अमीनो एसिड के प्रथम सीक्वेंस का पता लगाकर फिर किसी भी प्रोटीन की संरचना का पूर्व अनुमान लगा सकते हैं। भले ही उस प्रोटीन की संरचना कितनी ही जटिल हो,पूर्व अनुमान एकदम सटीक निकलता है। इनके द्वारा विकसित इस टूल का 190 देशों के 20 लाख मॉलेक्युलर बायोलॉजिस्ट इस फील्ड से जुड़े हुए विशेषज्ञ प्रयोग कर रहे हैं।

स्वीडिश नोबेल पुरस्कार कमेटी ने इन दोनों वैज्ञानिकों के काम की सहराना करते हुए,नोबेल पुरस्कार की आधी राशि इन दोनों को देने की घोषणा की है। इन दोनों वैज्ञानिकों की खोज के आधार पर ऐसे एंजाइम जो प्रोटीन ही होते बनाए जा रहे हैं,जो पर्यावरण की शत्रु प्लास्टिक को अपघटित करेंगे। साथ ही एंटीबायोटिक दवाइयों से बैक्टीरिया में होने वाले रेजिस्टेंस की समस्या का समाधान भी इनकी खोज से संभव हो रहा है।

अब बात करते हैं तीसरे वैज्ञानिक डेविड बेकर की,जिन्हें पुरस्कार की आधी धनराशि मिली है। उन्होंने ऐसे प्रोटीन के निर्माण में महारत हासिल की,जो प्रकृति मानव शरीर या अन्य किसी जीव के शरीर में नहीं पाए जाते। इन्होंने रोसेटा नाम का कंप्यूटर प्रोग्राम खुद विकसित किया,जिसके माध्यम से 93 अमीनो एसिड को लेकर इन्होंने टॉप 7 नामक प्रोटीन बनाई जो नेचर में उपलब्ध नहीं है। इन्होंने अपनी बुद्धि को अनूठे तरीके से लगाया। इन्होंने अपने प्रोग्राम में प्रोटीन के घटक अमीनो एसिड के सीक्वेंस को न डालकर अपनी मनोवांछित प्रोटीन के डिजाइन को डाला,जिससे इन्हें अमीनो एसिड का सीक्वेंस मिल गया।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इस दुनिया को बदलने वाला है। दशकों में नहीं सालों में यह सब कुछ बदलने की क्षमता रखता है। क्या जीवन के रहस्य को सुलझा लिया जाएगा? क्या जीवन दाता ईश्वर को एक तरफ उपेक्षित बैठा दिया जाएगा,क्योंकि कुछ लोग ऐसी रिसर्च के आधार पर ही यह तर्क गढ़ते हैं। यहां तक की जिनमें अधिकांश वैज्ञानिक नहीं होते वह कहते हैं जब वैज्ञानिक ऐसी प्रोटीन का निर्माण कर सकते हैं,जो ईश्वर की बनाई इस दुनिया में उपलब्ध नहीं हैं तो क्या यह संभव नहीं है? मनुष्य ईश्वर के स्थान पर आ गया है। इन सभी तर्कों का एक ही निराकरण है कि वैज्ञानिक जो भी कुछ करते हैं। भले ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी पॉवरफुल टूल उन्हें मिल गई है। वह सृष्टि रचना के नियमों का ही सहारा लेकर कुछ रचकर पाते हैं। वैज्ञानिकों के पास सृष्टि रचना सृष्टि में काम कर रहे विविध भौतिक रासायनिक जैविक नियमों से भिन्न कोई भी व्यवस्था नहीं है। अमीनो एसिड के बगैर कोई भी वैज्ञानिक कोई प्रोटीन नहीं बना सकता। अमीनो एसिड कार्बन नाइट्रोजन हाइड्रोजन जैसे तत्वों से मिलकर बने होते हैं। इन तत्वों के एक परमाणु को भी कोई वैज्ञानिक नहीं बना सकता।

यदि कोई प्रोटीन 100 अमीनो एसिड के सीक्वेंस से मिलकर बनी है तो उससे रैंडमली 10 की पावर 47 डिफरेंट संरचना बन सकती है। यह आंकड़ा इतना विशाल है कि आप इसकी गणना नहीं कर सकते अर्थात 10 के आगे 47 शून्य। अब इतनी विशाल संख्या में बनने वाली संरचनाओं की संभावना में से जो जीवन के लिए आवश्यक प्रोटीन हैं,वह यदि बने तो उसके लिए इतना समय चाहिए जितना समय सृष्टि की उत्पत्ति से लेकर आज पर्यंत हो चुका है अर्थात अरबों वर्ष। हमारे शरीर में तो हमारी कोशिकाएं अंग कुछ मिली सेकंड में ही हीमोग्लोबिन एल्बुमिन जैसी प्रोटीन बनाती हैं, जो रक्त का निर्माण करती है। वैज्ञानिकों ने अपनी गणनाओं से निष्कर्ष निकला कि यह पूर्व निर्धारित होता है। प्रत्येक अमीनो एसिड में यह जानकारी होती है,उन्हें किस उपयोगी प्रोटीन का निर्माण करना है, जिससे समय की बचत हो। अव्यवस्था का शरीर की कोशिका में कोई स्थान नहीं है। सब कुछ व्यवस्थित तरीके से होता है।

इस व्यवस्था की ही, जो व्यवस्थापक शक्ति है वही तो ईश्वर है। वेदों में जिसे प्रचेता अर्थात उत्कृष्ट ज्ञान देने वाला कहा गया है। आम आदमी जो शरीर की संरचना से अनभिज्ञ हैं। जीवन व्यवहार का उपयोगी ज्ञान ईश्वर उसको भी देता है और हमारे 2024 के रसायन शास्त्र के पुरस्कार विजेताओं को भी वही ज्ञान देता है। अंतर केवल इतना है कि आस्तिक व्यक्ति इसे शुद्ध अंतःकरण से स्वीकार करता है। इन वैज्ञानिकों ने अपने परिश्रम से एक सुखद रोगों से रहित दुनिया बनाने की दिशा में अपना सार्थक योगदान दिया है। मूल में ईश्वर के साथ-साथ हम इन वैज्ञानिकों के भी आभारी रहेंगे।

## प्रसंगवश

# क्या शोभा की वस्तु हैं गनर और पुलिस

यों तो पुलिस का नाम ही है आरक्षी और रक्षा करना उनका पावन कर्तव्य है। थानों में गीता के एक श्लोक की पहली पंक्ति दीवार पर मोटे अक्षरों में अंकित रहती है, "परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्:"। यानी वे सज्जनों की रक्षा और दुष्टों के विनाश के लिए हैं।


इसके अलावा तमाम विशिष्ट लोगों को शासन अलग से रक्षक प्रदान करता है, जो शैडो, गनर, पीएसओ आदि पद नामों से पुकारे जाते हैं। इतना होते हुए भी कानून व्यवस्था को धज्जियां उड़ती रहती हैं और ये 'रक्षक' 'तटस्थ' बने रहते हैं। बात करते हैं उत्तर प्रदेश के लखीमपुर की, जहां 'अर्बन कोऑपरेटिव बैंक' के प्रतिनिधियों के चुनाव के समय स्थानीय भाजपा विधायक योगेंद्र वर्मा की पिटाई हुई। यह तब हुआ जब वहां पुलिस और एसडीएम मौजूद थे। यही नहीं, उन्हें व्यक्तिगत रक्षक गनर भी मिला हुआ था। यह घटना कारित करने वाला कोई साधारण व्यक्ति न होकर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह व उनके समर्थक थे,जिनकी पत्नी पुष्पा सिंह इस चुनाव में प्रत्याशी थीं। वे अध्यक्षा रह भी चुकी हैं। यह उदाहरण उद्धृत करने योग्य इसलिए भी है कि इस कानून भंजक घटना के पात्रों में एक कानून बनाने वाला है तो दूसरा न्याय पीठों को सही निर्णय तक पहुंचने में कानून बताकर मदद करने वाला नामचीन आधिवक्ता है। चूंकि मजिस्ट्रेट, पुलिस और गनर मूक दर्शक बने रहे और अपराध कारित होता रहा, तो इतना तो स्पष्ट हो ही गया कि प्रदेश में पुलिस, गनर आदि शोभा की ही वस्तु हैं। दोनों पक्ष भारतीय जनता पार्टी के हैं। अतः कम ही उम्मीद है कि कोई मुकदमा दर्ज होकर कार्यवाही होगी।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

एक और उदाहरण याद आ रहा है। अमेरिका की एक यूनिवर्सिटी में सभी छात्र 'श्वेत' थे। संयोग से एक 'अश्वैत' ने भी एडमीशन ले लिया। उसे श्वेत सताने लगे। यूनिवर्सिटी जाना दूभर हो गया। शासन ने पुलिस लगाई। विद्यार्थियों की संख्या बहुत थी। अश्वेत की रक्षा बेहद कठिन थी। अंततः उस एक विद्यार्थी के नागरिक अधिकारों की रक्षार्थ कई हजार पुलिस लगाई गई और वह बच्चा सकुशल वहां पढ़ता रहा। यूपी के इस प्रकरण में यदि लीपापोती हुई, तो कानून व्यवस्था पर से लोगों का विश्वास बहुत शिथिल हो सकता है।

# बिच्छू का मंत्र न जाने, पर सांप के बिल में हाथ डाले



रामचंद्र ओझा
रांची, झारखंड

पहले तो यह समझें कि 'वैदिक हिंसा हिंसा न भवति,' यह वेद और उपनिषद का वाक्य नहीं है। यह भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा रचित नाटक सत्य हरिश्चन्द्र का अंश है।

इन दिनों हिंदुओं को हिंसक बताने का चलन सा हो गया है। कहा जाता है कि हिंदू धर्म हिंसक है! इसकी पुष्टि में प्रायः एक उद्धरण प्रस्तुत कर दिया जाता है, "वैदिक हिंसा हिंसा न भवति।" एक मित्र के पटल पर इस आशय का विमर्श दिखा था। उसे देखकर मेरे मन में जो भाव उठे, वे निवेदित हैं। हमारी चिंतन प्रणाली इतने निचले दर्जे पर कभी न रही। कहने के लिए हम विज्ञान के प्रवर्तक हैं, किंतु वैज्ञानिक बुद्धि का हममें लेश भी नहीं। अधकचरे ज्ञान से हम लबालब हैं,पर इससे काम चलने वाला नहीं है। यह धोखा देगा।

सवाल है कि हिंदुओं को अपमानित करने के लिए अपनी समझ को धूल धूसरित करने से क्या फायदा? सोचे-समझे वगैर दिए गए उद्धरणों से ज्ञान के संस्कार आपके गिरेंगे। भावी पीढ़ियां और आपके प्रपौत्र आप पर हंसेंगे और तब कोई पुरुषोत्तम आप की रक्षा करने के लिए न होगा। पहले तो यह समझें कि 'वैदिक हिंसा हिंसा न भवति,' यह वेद और उपनिषद का वाक्य नहीं है। यह भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा रचित नाटक सत्य हरिश्चन्द्र का अंश है। उसका प्रसंग अलग और सीमित है। यह कोई विश्वजनीन सूक्ति नहीं है। ध्यान रहे किसी भी उक्ति की अर्थवत्ता प्रसंग पर निर्भर होती है। प्रसंग बदलते ही अर्थ बदल जाता है। कभी-कभी अर्थ का अनर्थ भी हो जाता है। सवाल है कि हम यह सब कब समझेंगे? कब समझेंगे कि नाटक दर्शन नहीं है। वह साहित्य का अंग है और एक कलात्मक विधा है। अन्य कलाओं की तरह इसका अलग महत्व है। रस एवं ग्राह्य मनः स्थिति उत्पन्न करना इसका साध्य है। भावोद्वेलन इसका जरिया है। अब रही बात जैन धर्म की! तो निःसंदेह जैन धर्म में जिस रूप में अहिंसा का प्रतिपादन है, वैसा अन्यत्र नहीं। वहां अहिंसा की पराकाष्ठा है,किंतु इसका यह अर्थ कदापि नहीं कि जैनियों के समाज में हिंसा के दृष्टांत नहीं मिलते। क्या जैन राजा युद्ध में हिंसा नहीं करते थे? क्या अपराधियों को दंड का प्रावधान जैन समाज में नहीं है? क्या हिंसा का दृष्टांत भर मिल जाने से हम जैन धर्म को हिंसक बता देंगे? इन सवालों पर विचार करना चाहिए।

बौद्धों ने रोहिंग्या में मुसलमानों के साथ जो किया,वह सभी जानते हैं, किंतु इस आधार पर बौद्ध धर्म को कोई हिंसक धर्म नहीं मानता। बौद्धों ने 'जय बुद्ध' का नारा लगा तलवार नहीं खींची थी। गौर करें तो हर समाज में हर चीजों के दृष्टांत मिलेंगे,किंतु धर्म के मूल्यांकन का आधार उसका दर्शन है। कुरान के अनुसार काफिरों को मार देने की बात कही गई है तो क्या मुसलमान सभी हिंदुओं की हत्या करते चलते हैं? प्रेम और दोस्ती का भी तो प्रमाण मिलता है। दृष्टांत से कसौटी नहीं बदलती। इसलिए टॉर्च लेकर दृष्टांत न खोजें। क्या हम समझते हैं जैन और बौद्ध धर्म आसमान से टपके हैं या भारतीय धार्मिकता के अंग रहे हैं? हमें जानना चाहिए कि जैन धर्म में बताया गया सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह वस्तुतः उपनिषदों में भी है। एक नहीं कई उपनिषदों में ये प्रबलता से मौजूद हैं। छांदोग्य उपनिषद में सत्य, आर्जवम (ईमानदारी), दान, तप और अहिंसा, पांच आवश्यक गुण अपरिहार्य बताए गए हैं। शांडिल्य उपनिषद में दस संयमों की सूची दी गई है,जिसमें अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, दया, आर्जव, क्षमा, धृति, मिथ्याहार और शौच प्रमुख हैं।

सनातन, बौध और जैन में अंतर इन गुणों को लेकर नहीं है, बल्कि कुछ दार्शनिक बिंदुओं में भेद के कारण है। सत्य की अवधारणा और उस तक पहुंच के मार्ग को लेकर है। कुछ अंतर देश-काल के कारण है। किंतु अहिंसा भारतीय सभी धर्मों के मूल में है। परंतु वह अकारण नहीं है बल्कि उसकी एक दार्शनिक पृष्ठभूमि है। सवाल है कि इस अहिंसा का निहितार्थ क्या है। इसका अभिप्राय जानना जरूरी है।

इसका अभिप्राय केवल इतना है कि किसी की हत्या हमें इस कारण नहीं करनी चाहिए कि वह दूसरे धर्म और दूसरे देवता का उपासक है। मतभिन्नता के कारण किसी को शत्रु समझना वर्जित है। मत भिन्नता को उनका धर्म ग्रंथ शत्रु मानता हैं। इस पाग में मार्क्सवाद भी पगा हुआ है। अतः सांप के बिल में हाथ देने के पहले बिच्छू का मंत्र अवश्य जान लेना चाहिए और यह भी जान लेना चाहिए कि सनातन, जैन और बौद्ध अहिंसा का प्रतिपादन करते हैं, पर वहां भी आत्म रक्षा में हिंसा कहीं वर्जित नहीं है।

## सोशल फोरम

# प्रेम प्रकृति का वरदान

प्रेम प्रकृति का महान वरदान है। वह सहज-सुलभ नैसर्गिक आनंद है। उसमें बाधा डालने से मनुष्य सुखी नहीं हो पाएगा। सुयोग्य शिक्षक तो वह है, जो उस प्रेम की रक्षा करते हुए अध्ययन के प्रति प्रेम पैदा कर सके। सही शिक्षक वह है, जो प्रेमकला सिखाए न कि प्रेम से डराए।

खान सर की जानकारी और उनके शिक्षण कौशल का मैं प्रशंसक हूं, लेकिन बच्चों को प्रेम करने से हड़काने का जो काम वे करते हैं,वह घातक है। लाखों विद्यार्थियों को प्रतियोगिता की आग में झोंककर भी वे सफलता तो उतने को ही दिला पाएंगे न जितनी सीटें हैं? कुछ सौ या हजार विद्यार्थी मन को मारकर अगर सफल भी होते हैं तो उन लाखों असफल के लिए वे क्या सोचते हैं,जो न इधर के रहे, उन उधर के रहे। जो प्रेम और नौकरी दोनों से हाथ धो बैठे उनके प्रति उनका कोई दायित्व नहीं?



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

प्रेम प्रकृति का महान वरदान है। वह सहज-सुलभ नैसर्गिक आनंद है। उसमें बाधा डालने से मनुष्य सुखी नहीं हो पाएगा। सुयोग्य शिक्षक तो वह है,जो उस प्रेम की रक्षा करते हुए अध्ययन के प्रति प्रेम पैदा कर सके। सही शिक्षक वह है,जो प्रेमकला सिखाए न कि प्रेम से डराए। प्रेम अमृत है,नौकरी तो जीविका का साधन मात्र है। प्रेमरहित जीवन नीरस है,चाहे व्यक्ति कितनी ही बड़ी नौकरी क्यों न हासिल कर ले। समाज में प्रेमकला सिखाने वालों का घोर अभाव है। इसकी वजह से बच्चों का जीवन यौवन ऊर्जा की अग्नि में झुलस रहा है। अगर बच्चों में प्रेम का भाव नहीं पैदा किया तो गुरु या शिक्षक होने का हक नहीं है। शिक्षक को सदैव प्रेम को सकारात्मक ऊर्जा के रूप में छात्रों के समक्ष रखना चाहिए।

खान सर भी रूढ़िवादियों की तरह प्रेम के प्रति दृष्टि रखेंगे तो वे जितना उपकार नहीं कर पाएंगे, उससे ज्यादा अपकार कर बैठेंगे। इसलिए आग्रह है कि वे अपनी प्रेम विरोधी दृष्टि पर पुनर्विचार करें।

-फेसबुक वॉल से

# समाज के लिए आघात हैं तलाक के बढ़ते मामले



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

भारतीय समाज में विवाह भले ही एक सामाजिक और धार्मिक संस्कार माना जाता रहा हो, परंतु एक पक्ष हमेशा से इसे पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंग के रूप में देखता रहा है, जो पति द्वारा पत्नी के शोषण पर आधारित था।


मान्यता है कि वैवाहिक जोड़े ईश्वर स्वर्ग में बनाता है, लेकिन हमेशा इन जोड़ों की आपस में नहीं बनती और ये बीच सफर में ही अलग होने का फैसला कर लेते हैं। सात जन्म का यह रिश्ता सही तरीके से एक जन्म भी नहीं चल पाता है और बात तलाक या विवाह विच्छेद तक पहुंच जाती है। पहले भारत में तलाक के किस्से आम नहीं थे, क्योंकि हमारे यहां विवाह एक सामाजिक और धार्मिक संस्कार के रूप में माना जाता था, जिसमें दंपति तमाम वैवाहिक और पारिवारिक समस्याओं के बावजूद इसे जीवनपर्यंत निभाने की कोशिश करते थे। अनेक ऐसे परिवार हैं, जिनमें पति-पत्नी में कभी नहीं बन पाई, परंतु उन्होंने समाज और परिवार को ध्यान में रखकर अलग होने की बात कभी नहीं सोची, परंतु अब बदलते समय के साथ लोग इस दिशा में मुड़ने लगे हैं।

भारत में तलाक के मामले पिछले कुछ दशकों में बहुत तेजी से बढ़े हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार 2019-21 में तलाक की दर 0.8 प्रतिशत से बढ़कर 1.2 प्रतिशत हो गई, जिसमें शहरी क्षेत्रों में सबसे अधिक वृद्धि हुई है। पिछले दो दशकों में तलाकों की संख्या दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है। आज दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे शहरों में तलाक की दर वैवाहिक जोड़ों में 30 प्रतिशत से भी ज्यादा है। दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई, कोलकाता और लखनऊ जैसे बड़े शहरों में तलाक के मामलों में तीन गुना वृद्धि हुई है। हालांकि पितृसत्तात्मक समाज प्रधानता वाले राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और राजस्थान आदि जैसे में तलाक और अलगाव की दर अपेक्षाकृत कम है। पूर्वोत्तर क्षेत्रों में तलाक की दर बहुत अधिक है। चिंताजनक बात यह है कि भारत में छोटे शहरों व गांवों में भी तलाक की दर में वृद्धि देखी जा रही है। दिल्ली में तलाक के प्रतिवर्ष लगभग 9 हजार मामले दर्ज किए जाते हैं, जो नब्बे के दशक में दर्ज होने वाले औसतन एक हजार मामलों से बहुत अधिक हैं। कोलकाता और चेन्नई में भी तलाक की दर में 200 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। केरल में तलाकों में 350 प्रतिशत की तो पंजाब और हरियाणा में तलाक के मामलों में 150 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। एक आंकड़े के अनुसार 2021 में देश भर की पारिवारिक न्यायालयों में विवाह विच्छेद के मामले करीब पांच लाख थे, वहीं वर्ष 2023 में बढ़कर आठ लाख से अधिक हो गए। महिलाओं की अपेक्षा तलाक की मांग करने वाले पुरुषों की संख्या बढ़ रही है। भारतीय समाज में विवाह भले ही एक सामाजिक और धार्मिक संस्कार माना जाता रहा हो, परंतु एक पक्ष हमेशा से इसे पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंग के रूप में देखता रहा है, जो पति द्वारा पत्नी के शोषण पर आधारित था। पाश्चात्य संस्कृति से उपजी सोच ने तलाक को स्त्री स्वतंत्रता से जोड़कर देखना शुरु कर दिया है, जिसने परंपरागत वैवाहिक मूल्यों को कमजोर कर दिया है। भारत में शादी दो लोगों के बीच नहीं, बल्कि दो परिवारों के बीच होती है। हमारे देश में प्यार, नफरत, विवाह और दूसरी शादी जैसी समस्या को सामाजिक स्तर पर सुलझा लिया जाता रहा है। सर्वप्रथम वर्ष 1955 में संसद में हिंदू कोड बिल पारित किया, जिसमें महिलाओं को संपत्ति का अधिकार दिया गया। बहु विवाह पर रोक लगाई और तलाक मांगने का अधिकार भी मिला। वर्ष 1976 में इस में संशोधन किया गया तथा इसमें पति-पत्नी के बीच सहमति से तलाक लेने की अनुमति दी गई। पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव में समय के साथ ही परंपरागत संयुक्त परिवार टूटने लगा और स्त्री घरेलू से कामकाजी होते हुए आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने लगी। हालांकि पति भी अब पहले जैसे पुरुषवादी सोच के नहीं रहे हैं। तलाक के अधिकतर मामलों में यह मुख्य कारण उभर आता है कि दंपति द्वारा शादी के पहले के वादे पूरे न करना। इसके अतिरिक्त अपनी नौकरी की वजह से पत्नी को कम समय देना, नौकरी के कारण अलग-अलग शहरों में रहना। पत्नी की जिम्मेदारी न उठाना, विवाहेतर संबंध इत्यादि आम कारण रहा है। कई लोग घर वालों के दबाव में शादी कर लेते हैं, लेकिन बाद में यह रिश्ता कड़वाहट के साथ टूट जाता है। तलाक के निरंतर बढ़ते मामले एक बड़े सामाजिक बदलाव की ओर संकेत कर रहे हैं। हालांकि अभी भी भारत में तलाक की दर दुनियाभर में सबसे कम है, परंतु जिस तीव्र गति से इनमें वृद्धि हो रही है,उससे क्या यह आशंका नहीं कि भविष्य में हम पश्चिमी देशों के बराबर खड़े हो जाएंगे? यदि ऐसा हुआ तो इसका बुरा असर समाज के साथ-साथ देश पर भी पड़ेगा। सामान्यत संबंध विच्छेद की सबसे अधिक पीड़ा बच्चों के हिस्से में आती है। एकल परिवार में पले लड़कों में निष्क्रिय रहने की प्रवृत्ति होती है और लड़कियों में अवसाद एवं भटकाव की आशंका काफी अधिक बढ़ जाती है।

लंदन की किंगस्टन यूनिवर्सिटी में हुए एक रिसर्च के अनुसार तलाक लेने के पांच साल बाद पुरुषों की तुलना में महिलाएं ज्यादा खुश रहती हैं, क्योंकि तलाक के बाद उन्हें खुलकर जीने का मौका मिला था। इसका सबसे बुरा असर यह पड़ रहा है कि जोड़े अब विवाह के बजाय लीव इन रिलेशनशिप में रहना ज्यादा पसंद करने लगे हैं, जिसमें कोई आपसी उत्तरदायित्व नहीं है और जब चाहें अलग हो जाएं, कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं और कोई पारिवारिक दायित्व नहीं। परंतु इससे विवाह नाम की संस्था की समाप्ति का डर है और परिवार का तो अंत ही हो जाएगा। यह भारतीय समाज के लिए बहुत बड़ा आघात होगा।

# शालीनता के प्रतीक रतन टाटा

हम सबके बीच रतन टाटा नहीं रहे। खबर सुनकर उनसे जुड़ी ढेर सारे किस्से कहानियां और घटनाएं, जहन में एक-एक कर उभरने लगी थी। इनमें कुछ घटनाएं ऐसी भी हैं, जिन्हें जानने-सुनने के बाद उनके गंभीर और शालीन व्यक्तित्व का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।



विजय सिंह
रुद्रपुर, उत्तराखंड

वर्ष 2014 की बात है। देश में अभी सत्ता का परिवर्तन नहीं हुआ था। उन्हीं दिनों रतन टाटा ने एक इंटरव्यू के दौरान अपने साथ घटित, एक ऐसे वाकये का जिक्र किया था, जिसे सुनकर सारा देश चौंक गया। चौंकना स्वाभाविक भी था, यदि प्रधानमंत्री के कार्यालय में कोई अधिकारी स्वयं रतन टाटा से किसी काम के एवज में पैसे की डिमांड करता है। देश के गिने-चुने शीर्ष उद्योगपतियों में से एक, रतन टाटा एक दिन स्वयं प्रधानमंत्री से मिलने उनके कार्यालय गए हुए थे। उन्हें 2जी स्पेक्ट्रम के संदर्भ में बातें करनी थीं। प्रधानमंत्री की अनुपस्थिति के चलते उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री से नहीं हो पाती। लौटने से पूर्व, कुछ सोचकर वो वहां के एक अधिकारी के पास अपनी समस्या के निदान हेतु पहुंच गए। रतन टाटा आवाक रह गए, जब उस अधिकारी ने काम के एवज में पैसे की डिमांड रख दी। वो अपने चेहरे पर निर्विकार भाव लिए, वगैर कुछ कहे, वहां से वापस लौट आए। अपने इंटरव्यू में इस पूरे वाकये पर उन्होंने एक लाइन की टिप्पणी की थी "जब एक अदना सा अधिकारी रतन टाटा से रिश्वत की मांग कर सकता है, फिर तो सहज ही देश की हालात और सर्वत्र व्याप्त भ्रष्टाचार की कल्पना की जा सकती है"। धीर गंभीर दिखने वाले रतन टाटा का व्यक्तित्व ही कुछ ऐसा था कि उनकी प्रेम कहानियों की कोई खास चर्चाएं कभी भी गासिप कालम तक नहीं पहुंची, जबकि उनकी अंतिम दोस्ती तो फिल्म इंडस्ट्रीज की बहुचर्चित अभिनेत्री सिम्मी गरेवाल के साथ भी चली थी, जो पूरे सात सालों तक मंजिल की तलाश में भटकती रही।

# स्कॉर्पियो की टक्कर से कार सवार इंजीनियर की मौत, साथी घायल

कार्यालय संवाददाता, उरई



क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के जालौन-उरई स्टेट हाईवे पर कुकरगांव के समीप सीएनजी टैंक के पास एक स्कॉर्पियो की टक्कर से कार सवार निजी कंपनी के इंजीनियर की मौत हो गई। हादसे में उसका साथी घायल हो गया। बताया जाता है कि स्कॉर्पियो भाजयुमो के नेता की है। खबर लिखे जाने तक पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली।

शहर कोतवाली क्षेत्र के जालौन-उरई स्टेट हाईवे स्थित कुकरगांव के पास नोएडा में कार्यरत निजी कंपनी का इंजीनियर जितेंद्र यादव अपनी बीमार दादी को देखने के लिए नोएडा से उरई आया था। जब वह सीएनजी लेने के लिए कुकरगांव के पास बने सीएनजी टैंक पर मुड़ा तभी तेज रफ्तार स्कार्पियो ने इंजीनियर की कार में टक्कर मार दी। स्कार्पियो की गति इतनी तेज थी कि टक्कर मारने के बाद भी वह रूकी नहीं और कई मीटर तक कार को घसीटते हुए ले गई। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार इंजीनियर जितेंद्र और उसका साथी राहुल यादव घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद स्कार्पियो सवार गाड़ी छोड़कर मौके से भाग गए। वहीं जालौन से लौटकर आ रहे जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने बीच रास्ते में इस हादसे को देखा, तो काफिला रोककर घायल पड़े दोनों लोगों को तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने इंजीनियर जितेंद्र यादव को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल का इलाज शुरू कर दिया। कोतवाल अजयब्रह्म तिवारी ने बताया कि शव का पंचमाना किया गया है। अभीतक किसी ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# नेताजी की याद में अखिलेश के छलके आंसू

संवाददाता, सैफई (इटावा)


मुलायम सिंह यादव को नमन करते पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव।


नेताजी को श्रद्धांजलि देने के लिए स्मारक स्थल पर उमड़े समर्थक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी के विधानसभा उपचुनाव में सपा-कांग्रेस गठबंधन से ही मजबूती चुनाव लड़ेंगे और जीत दर्ज कराएंगे। वह गुरुवार को सपा संस्थापक एवं अपने पिता स्व. मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर सैफई में श्रद्धांजलि देने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे।

सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव का 10 अक्टूबर 2022 को निधन हुआ था। गुरुवार को सैफई में उनके समाधि स्थल पर उनकी द्वितीय पुण्यतिथि मनाई गई। यहां सपा प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने पिता स्व. मुलायम सिंह यादव को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित करने के दौरान काफी देर तक अखिलेश

- सपा संस्थापक मुलायम सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर उमड़े लोग

यादव सिर झुकाये बैठे रहे। उनकी आंखों में आंसू छलक रहे थे। मौजूद लोगों ने उनको ढांढस बंधाया।

श्रद्धांजलि देने के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि जहां हम लोग आज नेताजी को याद कर रहे हैं, वहीं दूसरी दुखद खबर भी मिली है कि रतन टाटा हमारे बीच नहीं रहे। वह एक ऐसे उद्योगपति थे, जिन्होंने देश की अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान दिया है। उनसे व्यक्तिगत तौर पर भी मेरी कई बार मुलाकात हुई। उनकी सोच यही रही कि कारोबार करते समय उसूलों के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिये। उन्होंने राजनीतिक सवालों के जवाब में कहा कि आज श्रद्धांजलि देने की मौका है, इस पर बाद में बात करेंगे।

यहां सपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो.रामगोपाल यादव, राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सांसद धर्मेंद्र यादव, सांसद अक्षय यादव, सांसद आदित्य यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव समेत परिवार के सभी लोगों ने नम आंखों से सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने के लिए इटावा, मैनपुरी, औरैया, कन्नौज ही नहीं, दूरदराज तमाम जिलों से भी पार्टीजन और समर्थक पहुंचे। इस अवसर पर सांसद जितेंद्र दोहरे, पूर्व राज्यमंत्री अशोक यादव, जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बब्लू, महासचिव बीरू भदौरिया, उत्तम सिंह प्रजापति, डॉ. ब्रजेश यादव, डॉ. अरविंद यादव, राजवीर बाबा, मुकदम सिंह सरपंच, सोनू यादव, जितेंद्र यादव मोना, सीताराम कश्यप, रामफल बाल्मीकि प्रधान सैफई, अनिल दोहरे, बबलू यादव पूर्व प्रधान आदि मौजूद रहे।

# फांसी की सजा आजीवन कारावास में बदली

## उच्च न्यायालय के आदेश पर दोबारा हुई मामले की सुनवाई

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार ने थाना एरवा कटरा क्षेत्र के ग्राम ऐरवा टीकुर में करीब दस वर्ष पहले घर में घुसकर किशोरी की तमंचे से गोली मारकर हत्या करने की दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देने वाले अजय कुमार को आजीवन कारावास सजा से दण्डित किया है। इस हत्यारे को 2019 में तत्कालीन जिला जज ने फांसी की सजा सुनाई थी। हाइकोर्ट के निर्देश पर मामले की पुनः सुनवाई हुई। जिसमें कोर्ट आजीवन कारावास के अलावा दोषी पर 65 हजार रूपये अर्थदंड भी लगाया गया।

### पहले आरोपी को फांसी हुई थी

- गौरतलब बात यह है कि इस हत्या के मुकदमे का निर्णय अप्रैल 2019 को तत्कालीन जिला जज सुशील त्यागी ने किया था और कोर्ट ने अभियुक्त अजय कुमार को फांसी की सजा दी थी। बाद में अभियुक्त ने इस निर्णय के विरोध में अपील इलाहाबाद उच्च न्यायालय में की। जिसमें यह तर्क दिया गया कि इस मामले के दो गवाहों की विचारण के दौरान जिरह नही हो पाई थी। जिस पर हाईकोर्ट ने फांसी की सजा स्थगित कर दोबारा इस मामले को विचारण हेतु सत्र न्यायालय औरैया को वापस को भेज दिया और दोनों गवाहों की जिरह कराने का आदेश दिया। इस पर यह मुकदमा दोबारा सत्र न्यायालय औरैया में चला। बचाव पक्ष की ओर से चीफ लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल जितेंद्र सिंह तोमर व अभियोजन की ओर से डीजीसी अभिषेक मिश्रा ने मामले में बहस की। दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार ने गुरुवार को निर्णय सुनाया तथा अभियुक्त अजय कुमार को आजीवन कारावास व 65 हजार रूपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया। इस तरह अभियुक्त की फांसी की सजा आजीवन कारावास में परिवर्तित हो गई। अर्थदंड अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। बचाव पक्ष के वकील ने यह दलील भी दी कि अभियुक्त के गृह माता पिता है तथा पत्नी का भरण पोषण करने वाला कोई नहीं है। दोषी को जिला कारागार इटावा भेज दिया गया।

उक्त मामले की अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्रा ने बताया ऐरवा टीकुर निवासी रामप्रताप अवस्थी ने 10 अक्टूबर 2014 को यह मुकदमा थाना ऐरवा कटरा में दर्ज कराया। वादी ने बताया कि 10 अक्टूबर 2014 की शाम वह अपने घर में था। उसकी 14 वर्षीया पुत्री निशा आंगन में पढ़ रही थी। उसी समय पड़ोसी अजय कुमार पुत्र रामनरेश कोरी घर में घुस आया और देखते ही उसकी पुत्री के सीने में तमंचा से गोली मार दी।

फायर की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग भी आ गए। सबने मिलकर पकड़ने की कोशिश की तो आरोपी भागने लगा। इसी बीच आरोपी के परिजन आ गए व उन्होंने उसे भागने में सहयोग किया। वादी के अनुसार अभियुक्त अजय कुमार अक्सर उसकी पुत्री को स्कूल आते-जाते परेशान करता था और उसे भी धमकी देता था। वादी की तहरीर पर पुलिस ने विवेचना कर चार्जशीट कोर्ट में प्रस्तुत की। यह मुकदमा सत्र न्यायालय में चला।

# हत्या के दोषी को उम्र कैद 10 हजार का जुर्माना भी

संवाददाता फतेहपुर

- एससीएसटी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश ने सुनाया फैसला



**अमृत विचार।** जिला न्यायालय के स्पेशल जज एससी, एसटी कोर्ट की अदालत ने युवक की गैर इरादतन हत्या के मामले की अंतिम सुनवाई करते हुए गवाहों के बयान व सबूतों के आधार पर मनोज दुबे पुत्र पुत्तन, निवासी ग्राम वइथापुर, रायपुर भसरौल थाना किशनपुर को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास, 10 हजार जुर्माना की सजा सुनाई।

लगभग चार वर्ष पूर्व मामूली विवाद के चलते दोषी ने गांव के ही एक युवक की पीट पीटकर हत्या कर दी थी। मृतक के स्वजनों की दी गई तहरीर के आधार पर किशनपुर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकद्दमा दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जो कि कुछ समय बाद जेल से जमानत पर रिहा हो गया लेकिन मुकद्दमा अदालत में विचाराधीन था। जिला न्यायालय के स्पेशल जज एससीएसटी कोर्ट ने मामले की अंतिम सुनवाई कर अपना फैसला सुनाया। सजा का ऐलान होते ही अदालत परिसर में मौजूद पुलिस कर्मियों ने उसे हिरासत में लेकर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। दोषी के जेल जाते ही उसके स्वजनों के चेहरों में निराशा व मायूसी छा गई। जबकी वादी पक्ष के लोगों के चेहरे में न्याय पाने की खुशी छलक उठी। जिन्होंने जज, अधिवक्ता समेत एसपी धवल जायसवाल व उनकी पूरी पुलिस का आभार जताया।

# सड़क हादसे में 3 युवकों की मौत

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)


मृतकों के परिजनों को समझातीं सांसद, सदर विधायक और पूर्व विधायक।

**अमृत विचार।** पंडालों में स्थापित देवी प्रतिमाओं के दर्शन करके घर लौट रहे बाइकसवार तीन युवकों की बुधवार देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई। इनकी बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। युवकों की मौत से घरों में रोनापीटना मच गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हादसा रात लगभग 11 बजे का है। जानकारी के मुताबिक, थाना कोतवाली अंतर्गत कपसेठी गांव निवासी अभिलाष निषाद (20) पुत्र सबलाल निषाद, अपने रिश्ते के भाई हमउम्र संजय निषाद पुत्र कुंजल और बुआ के बेटे टिकरा निवासी राजू पुत्र अर्जुन निषाद के साथ एक ही बाइक से सीतापुर देवी पांडालों में दर्शन को गए थे।

बताया जाता है कि लौटते समय रामघाट-बेड़ी पुलिया मार्ग पर एक होटल के सामने इनकी बाइक ट्रक से टकरा गई और तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल से रेफर कराकर जिंदगी की आस में परिजन इनको प्रयागराज ले जा रहे थे रास्ते में ही इनकी सांसे थम गईं। **अस्पताल पहुंचे नेता, बंधाया ढांढसः**तीनों युवकों के परिजनों का हादसे से हाल बेहाल हो गया। तीनों की माताओं के पोस्टमार्टम हाउस में विलाप से माहौल गमगीन हो गया। सांसद कृष्णा पटेल, सदर विधायक अनिल प्रधान और पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

### संदिग्ध हालात में महिला की मौत हत्या का आरोप

- **फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के कुम्हारन का पुरवा गांव में संदिग्ध हालात में महिला की मौत हो गई। पिता ने पति समेत चार ससुरालियों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर गला दबाकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस महिला को मिर्गी रोग से ग्रसित होना बता रही है। गांव निवासी सलमान नट उर्फ मनीष की शादी चार साल पहले सलमा उर्फ मनीषा (22) से हुई थी। महिला की सुबह संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस में रायबरेली जिला सलवन थाने के सरायं अख्तियार गांव निवासी पिता जलील ने बताया कि शादी के बाद से पुत्री को ससुराली प्रताड़ित करते हैं। ससुरालियों ने पुत्री को मार डाला है। थानाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि आरोप गलत लगाए जा रहे है। महिला की मौत घर के बाहर मिर्गी रोग से ग्रसित होने की वजह से हुई है।

# खेत में अचानक हुआ 14 फीट का गहरा गड्ढा

संवाददाता अछल्दा,औरैया


खेत में पानी लगाने के दौरान हुआ गहरा गड्ढा।

**अमृत विचार।** धान के खेत में पानी लगाते समय अचानक गहरा गड्ढा हो गया इस गड्ढे को देखने के लिए आसपास के खेतों किसान जमा हो गए। बाद में गड्ढे के चारो तरफ रस्सी बांधी गई जिससे कोई भी गड्ढे के न गिर सके। अचानक हुए इस गड्ढे की चर्चा आसपास के गांव तक रही।

अछल्दा ब्लाक के ग्राम भैंसोल में संतोष अग्निहोत्री की दो बीघा खेती है। इस खेती को उन्होंने बटाई पर राम बहादुर को दे रखा है।इस दो बीघा जमीन पर धान के फसल की बुआई की गई है। बुधवार शाम के समय इस खेत मे राम बहादुर व उनकी पत्नी मिलकर इस खेत मे समर से पानी लगा रहे थे देर तक समर चलने के बाद जब वह खेत के अंदर घुसे तो देखा खेत मे पानी नही भर रहा है। जैसे ही वह खेत मे और अंदर की तरफ बढ़े तभी खेत मे अचानक 14 फीट गहरा गड्ढा हो गया।

# बाजार में 4 घंटे लगा जाम, रोकनी पड़ी ट्रेन

संवाददाता अछल्दा, औरैया

- दस मिनट खड़ी रही सुपर फास्ट एक्सप्रेस
- जाम में फंसे रहे बड़े वाहन परेशान हुए यात्री


रेलवे क्रासिंग पर लगा जाम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नवरात्र पर्व के चलते कस्बे में बाजार में भारी भीड़ जुटने से क्रॉसिंग पर जाम लग गया। अगर समय से क्रासिंग खुलती रहे तो जाम न लगने पाए अतिव्यस्त दिल्ली - हावड़ा रूट होने के चलते क्रासिंग 13-बी का फाटक समय से न खुलने से जाम लग गया। यातायात प्रभारी को जाम खुलवाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। फाटक पर जाम लगे रहने से स्टेशन पर टाटा जम्मूतवी एक्सप्रेस व अन्य ट्रेन खड़ी रहने से रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाकर क्रासिंग फाटक बंद होने बाद ट्रेनें गन्तव्य को रवाना हुई।

बाजार का दिन गुरुवार और नवरात्र के चलते सुबह से क्रासिंग के दोनो तरफ वाहनों की कतारें लगी रही।11:37 से क्रासिंग बंद रही दोपहर 12 बजकर 53 पर खुलने तक जाम लग गया जाम खुलवाने में पुलिस को पसीना आ गया। कस्बे में जाम लगने से व्यापार प्रभावित होता है। हरी गंज बाजार, सराय बाजार, नहर बाजार जाम स्थिति बनी रही जाम को खुलवाने के लिए यातायात प्रभारी देवेन्द्र कुमार टीम सुनील कुमार, कृष्ण कांत त्रिपाठी जाम खुलवाने में लग गए। घंटो लगे रहे लेकिन जाम लंबा होने की वजह से नही खुल सका। आउटर पर ट्रेन खड़ी होने पर फाटक को बंद करा दिया ।

### सियालदाह एक्सप्रेस क्रासिंग बीच रुकने से लगा जाम

- **अछल्दा,औरैया।** रेलवे क्रासिंग 13 बी के बीचों बीच गुरुवार शाम सियालदाह से चलकर अजमेर जा रही अजमेर सियालदाह एक्सप्रेस में 7 मिनट खड़ी रहने पर क्रासिंग के दोनो तरफ जाम लग गया।एक्सप्रेस खड़ी रहने पर राहगीर पैदल ट्रैक पार नहीं कर सके।शाम 4 :35 पर खड़ी हुई 7 मिनट रुकने बाद 4 :42 पर गंतव्य को रवाना हुई।

# खीर बनाते वक्त सिलेंडर में लगी आग, 10 झुलसे

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के रामनगर मोहल्ले में स्थित एक मकान में कन्या भोज के लिए खीर बनाते समय गैस सिलेंडर लीक हो गया। इससे उसमें आग लग गई। आग बुझाने के दौरान एक महिला सहित 10 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। सभी को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

नवरात्र पर्व को लेकर गुरुवार को रामनगर मोहल्ले में राजाराम प्रजापति के आंगन में सुबह करीब नौ बजे कन्या भोज के लिए खीर बनाई जा रही थी। तभी गैस सिलेंडर लीक हो गया। इससे उसमें आग लग गई। आग बुझाने के लिए वहां मौजूद लोगों ने प्रयास किया, लेकिन इस आपाधापी में राजाराम प्रजापति (60), उसकी पत्नी तेजिया (55) के अलावा अमित (22), दुर्गेश (24), रोहित (17), सुमित (17), विनोद (24), आशीष (18), संदीप (18), सुनील (24) के अलावा राजाराम की 10 बकरियां भी झुलस गई हैं। आंगन में रखा सामान जल गया, लेकिन वहां मौजूद लोगों ने बालू डालकर गैस सिलेंडर को बुझाया। आनन- फानन में सभी को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

कार्यक्रम | पीएसएम कालेज के मैदान पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, राज्यमंत्री और जिलाधिकारी ने दिया आशीर्वाद

# एक–दूजे के हमसफर बने 142 जोड़े, 3 का निकाह

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


पीएसएम कालेज प्रांगण में विवाह मंडप में रस्मे निभाते जोड़े और मौजूद परिजन।

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में गुरुवार को 142 जोड़ों ने अग्नि के साथ फेरे लेकर सात जन्म साथ निभाने का वचन दिया। इसके अलावा तीन मुस्लिम जोड़ों का निकाह करवाया गया।

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), समाज कल्याण विभाग असीम अरुण एवं जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की उपस्थिति में पीएसएम डिग्री कॉलेज के मैदान पर दीप प्रज्ज्वलित कर सामूहिक विवाह समारोह शुरू हुआ। इस अवसर पर मंत्री ने प्रत्येक वर-वधू को वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सभी वर-वधू अपने परिवार को मजबूती देने की कोशिश करें। बेटे और बेटियां जो शिक्षा ग्रहण की है, उसका लाभ अवश्य उठाएं और युवा कौशल विकास से जुड़कर रोजगार का लाभ लें। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत युवाओं को 05 लाख रुपये का ब्याज मुक्त लोन की जानकारी दी। यह भी कहा कि अगर कोई एक रुपये की भी रिश्वत मांग रहा है तो सीधे उनसे (मंत्री) शिकायत करें। संबंधित पर कार्रवाई करेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के विवाह की व्यवस्था इस सरकार की योजना के माध्यम से करें। समारोह में विकास खंड कन्नौज में 49, जलालाबाद 57, गुगरापुर 16, कन्नौज नगर क्षेत्र 23, कुल 145 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ, जिसमें 03 जोड़े मुस्लिम समुदाय के रहे।

### योजना में ये मिलते हैं लाभ

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत कुल 51 हजार रुपये की धनराशि व्यय की जाती है, जिसमें 35000 रुपये कन्या के खाते में और 10000 रुपये की विवाह संस्कार सामग्री जैसे–वर–वधू के लिए वस्त्र, आभूषण–चांदी की पायल, बिछिया, स्टील डिनरसेट, कुकर, ट्राली बैग, लड़के का पैन्ट–शर्ट, आदि प्रदान किये जाते है। शेष धनराशि 6000 रुपये प्रति जोड़ा विवाह समारोह में व्यय किये जाते है।

### यह है पात्रता

- जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि मुख्य सामूहिक विवाह योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक का उत्तर प्रदेश का निवासी होना अनिवार्य है। इसके साथ ही आवेदन की वार्षिक आय 2 लाख रुपये से कम हो। वर की आयु 21 वर्ष और वधू की आयु 18 वर्ष से अधिक हो। विधवा की पुत्री, दिव्यांग आवेदक की पुत्री और विधवा विवाह को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। सामूहिक विवाह हेतु कन्या व वर पक्ष सहमत हो।


# पूर्व विदेश मंत्री ने हरियाणा की हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ा

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- पूर्व विदेश मंत्री एवं कांग्रेस नेता ने आवास पर मीडिया से बात की

**अमृत विचार।** पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ा है। चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। पूर्व विदेश मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हमने चुनाव आयोग को 99 प्रतिशत बैटरी चार्ज होने की शिकायत की है। मतगणना गणना के दौरान ईवीएम की बैटरी का इतना चार्ज होना संदेह पैदा करता है। पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा कि फिलहाल अभी वह किसी को दोषी ठहरना उचित नहीं समझते। प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में गठबंधन को लेकर जब उनसे सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि सपा ने अब तक 6 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। बाकी चार पर अभी निर्णय लिया जाना बाकी है। उन्होंने सुझाव दिया कि उपचुनाव में भी लोकसभा चुनाव की तरह गठबंधन के तहत चुनाव लड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गठबंधन का नतीजा है कि जम्मू कश्मीर में हमारी पूर्ण बहुमत की सरकार बन रही है। अनुच्छेद 370 की बहाली पर पूछे गए सवाल पर


सलमान खुर्शीद

सलमान खुर्शीद ने स्पष्ट किया कि हमारा गठबंधन इस मुद्दे पर नहीं हुआ है। हालांकि उन्होंने केंद्र सरकार के 370 हटाने के तरीके पर असहमति जताई और कहा कि जिस तरीके से इसे हटाया गया वह उचित नहीं था। जब उनसे कांग्रेस द्वारा बार-बार लोकतंत्र के खतरे में होने की बात कहे जाने पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि जिस तरह से बड़े-बड़े नेताओं को जेल भेजा जा रहा है। वह इस बात की ओर इशारा करता है कि लोकतंत्र खतरे में है। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री के अरविंद केजरीवाल का सामान मुख्यमंत्री आवास से निकलवाने पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह न्याय संगत नहीं है।

## एक नजर

### राज्य संपत्ति विभाग लेगा चार माह के बकाया किराए पर ब्याज

**लखनऊ।** राज्य संपत्ति विभाग ने अपने अधीन भवनों में रह रहे लोगों को आगाह किया है कि लगातार चार माह तक किराया न वालों से बकाए धन में ब्याज भी जोड़ा जाएगा। राज्य संपत्ति अधिकारी पवन कुमार गंगवार ने जारी शासनादेश में सभी अमर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव व विभागाध्यक्षों को नए प्रावधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। कहा है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### प्रदेश में मलेरिया ने पिछले साल के रिकार्ड तोड़े

**लखनऊ।** प्रदेश में मलेरिया का प्रभाव लगातार जारी है। लगातार बढ़ रही है रोगियों की संख्या ने पिछले साल के रिकार्ड को काफी पीछे छोड़ दिया है, अब तक साढ़े 12 हजार मलेरिया रोगी मिल चुके हैं, जबकि पिछले साल इस समय तक रोगियों की संख्या 11 हजार थी। हालांकि डेंगू मामले में पिछले साल जैसी भयावह स्थिति नहीं है, अभी तक करीब जांच हजार रोगी मिल चुके हैं, रोजाना 225 से 230 मरीज मिल रहे हैं।

# रुहेलखंड विवि में ऑनलाइन मिलेगा माइग्रेशन और डिग्री

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को माइग्रेशन और डिग्री के लिए विश्वविद्यालय में आकर लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। उन्हें ऑनलाइन ही डिग्री और माइग्रेशन मिलेंगे। दीक्षांत समारोह के बाद ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

यूनिवर्सिटी प्रशासन के मुताबिक डिजिटल परिवर्तन से विद्यार्थियों का अनुभव बेहतर होगा और पारदर्शिता आएगी। विश्वविद्यालय में सुविधाओं का भी विकास किया जा रहा है। ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म, वर्चुअल क्लासरूम और ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली भी विकसित की जाएगी। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि इस पहल से छात्रों को एक समृद्ध और तकनीकी रूप से सक्षम शिक्षा प्रदान करना है। यह पहल न छात्रों के लिए एक नई दिशा प्रस्तुत करेगी।

### बड़ी बहन की राह पर चलकर अस्मिता ने पाया स्वर्ण

- **बरेली** : रुहेलखंड विश्वविद्यालय कैंपस के एमएससी प्लांट साइंस में अस्मिता गंगवार ने टॉप किया है। उन्होंने 87 .8 प्रतिशत अंक पाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। अस्मिता की बड़ी बहन शुभा गंगवार ने वर्ष 2021 में एनिमल साइंस में टॉप किया था। 22 वें दीक्षांत समारोह में उन्हें सम्मानित किया जाएगा। उनके पिता भूपेंद्र सिंह बिजनेस और मां सवित्री देवी गृहणी हैं। अस्मिता ने बताया कि बहन शुभा हमेशा उनके लिए प्रेरणा का स्रोत रही हैं। अस्मिता का सपना पीएचडी करने का है।

# अल्मोड़ा से देहरादून के लिए हेलीकाप्टर सेवा शुरू

संवाददाता, अल्मोड़ा

- केंद्रीय राज्य मंत्री टम्टा पहले यात्री बनकर अल्मोड़ा पहुंचे
- 4800 रुपये निर्धारित किया गया है किराया

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा-देहरादून हेली सेवा का गुरुवार को शुभारंभ हो गया है। अब घंटो की दूरी चंद मिनटों में पूरी होगी। वहीं, अल्मोड़ा से हेली सेवा शुरू होने से गंभीर मरीजों देहरादून पहुंचने में आसानी होगी। देहरादून के सहस्त्रधारा हेलीचंड से केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा पहले यात्री बनकर अल्मोड़ा पहुंचे।

अल्मोड़ा से हेली सेवा का का वर्चुअल शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कहा कि अल्मोड़ा से देहरादून के लिए शुरू की गई हेली सेवा अल्मोड़ा के पर्यटन व्यवसाय में बहुत लाभकारी सिद्ध होगी। कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार उत्तराखंड में एयर कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। अल्मोड़ा के लिए शुरू की गई हेली सेवा से धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। अल्मोड़ा में जागेश्वर धाम, चितई गोलू महाराज, कसार देवी, नंदा देवी, कटारमल जैसे अनेक प्राचीन मंदिर हैं। जिनमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, हेली सेवा से यहां श्रद्धालुओं को सुविधा के साथ साथ जनपद की आर्थिकी को भी बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।



अल्मोड़ा के टाटिक हेली पैड में यात्रियों को लेकर पहुंचा 11 सीटर हेलीकाप्टर।

केंद्रीय राज्य मंत्री टम्टा ने कहा कि अल्मोड़ा में हेली सेवा की शुरुआत होने से पर्यटन को बूस्ट मिलेगा। जबकि गंभीर मरीजों देहरादून पहुंचने में आसानी होगी। वहीं, अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी ने हेली सेवा शुरू करने के लिए धामी सरकार को धन्यवाद देते हुए अल्मोड़ा के लिए वरदान बताया। उन्होंने हेली सेवा के किराया को ज्यादा बताते हुए किराए में सब्सिडी देने की मांग की।

### पांच हजार किराया निर्धारित

- हेली सेवा शुरू होने से अल्मोड़ा से देहरादून पहुंचने में यात्रियों को घंटों का सफर तय करने से निजात मिलेगी। यात्रियों के लिए करीब पांच हजार रुपया किराया निर्धारित किया गया है। जबकि 11 सीटर डबल इंजन वाला हेलीकाप्टर यात्रियों के लिए प्रयोग किया जाएगा। अब अल्मोड़ा से देहरादून को यात्रा करने वाले यात्रियों को घंटों का सफर चंद मिनटों में तय हो सकेगा।

### सोमवार से शनिवार तक मिलेगी सेवा

- डीएम आलोक कुमार पांडे ने बताया कि सोमवार से शनिवार तक हेली सेवा के संचालन को रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है। सोमवार से शनिवार तक देहरादून से 11 बजे करीब हेलीकाप्टर अल्मोड़ा के लिए उड़ान भरेगा। जबकि 12 बजे करीब अल्मोड़ा हेलीपैड पहुंचेगा। वहीं, अल्मोड़ा से 12 बजकर पांच मिनट पर देहरादून के लिए हेलीकाप्टर उड़ेगा। अल्मोड़ा से देहरादून की यात्रा करीब 45 से 53 मिनट की भीतर पूरी होगी। हेलीकाप्टर में दो पायलट होंगे।

### ये लोग रहे मौजूद

- एसएसपी देवेंद्र पींचा, सीडीओ दिवेश शाशनी, एडीएम सीएस मर्तोलिया, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, एसडीएम सदर जयवर्धन शर्मा, तहसीलदार अल्मोड़ा ज्योति धपवाल, धमेंद्र बिष्ट, कैलाश गुरुरानी, देवाशीष नेगी, राहुल बिष्ट, दर्शन रावत, चंदन बहुगुणा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# सपा-भाजपा कार्यकर्ताओं में भिड़ंत, भगदड़

## गन्ना समिति चुनाव में निदेशक पद के पर्चे के लिए बवाल, सदर और मसौधा समिति पर हुई मारपीट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** जिला गन्ना समिति के पदों पर कब्जेदारी को लेकर गुरुवार को भाजपा और सपा कार्यकर्ता आमने-सामने हो गए। डायरेक्टर पद के चुनाव के लिए फ़ैजाबाद और मसौधा गन्ना समिति पर मारपीट और बवाल हुआ। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी गई है। नामांकन के लिए पर्चा न खरीद पाने वालों की श्रेणी में विपक्षी दल सपा के साथ किसान यूनियन और सत्ताधारी दल भाजपा सरकार में शामिल रालोद भी रहा।

डेलीगेट पदों का चुनाव संपन्न होने के बाद दूसरे चरण में गुरुवार को डायरेक्टर पद पर चुनाव के लिए गन्ना समितियों पर नामांकन पत्र की बिक्री होनी थी। समितियों पर कोई नामाकंन पत्र न खरीदने पाए इसको लेकर लोगों को पहले ही मुश्तैद कर दिया गया था। आरोप है कि लोग नामांकन पत्र खरीदने पहुंचे तो पहले से मुश्तैद लोगों ने चुनाव कार्यालय में घुसने से रोक दिया। दोनों पक्षों में विवाद हुआ। पुलिस की मौजूदगी में हंगामा चला। भगदड़ के हालात बन गए और कई के मोबाइल तोड़ दिए गए। सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह का कहना है कि नियावां स्थित समिति पर मोबाइल से वीडियो रिकार्डिंग को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग-अलग करवा दिया। शिकायतों की जांच कराई जा रही है।



मसौदा गन्ना समिति विवाद के बाद हिरासत में ले जाती पुलिस। अमृत विचार

**सपा का आरोप, पर्चा खरीदने से रोका, किया प्राणघातक हमलाः** सपा की ओर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी गई शिकायत में महाराजगंज थाना क्षेत्र के तारगौहान गांव निवासी रविंद्र पाल उर्फ छोटू का कहना है कि उनके चचेरे भाई राजकुमार सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड अयोध्या के प्रबंध कमेटी का सदस्य (डायरेक्टर) पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं, जिसको लेकर वह गुरुवार दोपहर पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय व अन्य के साथ नामांकन पत्र खरीदवाने जा रहा था।

दोपहर बाद 12.30 बजे नियावां स्थित फ़ैजाबाद गन्ना समिति के गेट पर पहुंचते ही पहले से ही अवैध असलहों से लैस महाराजगंज थाना क्षेत्र के शिवेंद्र सिंह, दीपेंद्र सिंह व उनके अन्य सहयोगियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी तथा हमला बोल दिया। संदीप यादव सनी, शुभम वर्मा, विजय बहादुर वर्मा तथा उसे लात-घूंसों व डंडा-रॉड आदि से मारा पीटा। उस पर तथा सनी यादव पर प्राण घातक हमला किया गया। उन्होंने शिवेंद्र के साथियों पर फायरिंग तथा संदीप यादव के सिर पर बट से प्रहार का भी आरोप लगाया है। कहा है कि विपक्षियों की साजिश के चलते ना तो नामांकन पत्र खरीद पाया और ना ही नामांकन हो पाया। एसएसपी से सुरक्षा और कार्रवाई की मांग की है।

### भाजपा ने लगाया निर्वाचन नामांकन बूथ पर कब्जे का आरोप

- प्रकरण में भाजपा के महानगर महामंत्री व चुनाव संयोजक शैलेंद्र कोरी ने शिकायत कैंट थाना पुलिस को दी है। उनका आरोप है कि नामांकन के दौरान लगभग 12 :30 बजे समाजवादी पार्टी के हिस्ट्रीशीटर रविंद्र पाल उर्फ छोटू निवासी तारगौहान, थाना महाराजगंज तथा उनके साथी इसी थाना क्षेत्र के काजीपुर बिस्वा निवासी पवन यादव व शिव कुमार, जरही निवासी संदीप यादव उर्फ़ सनी, छतरा निवासी मनोज यादव व गोसाईगंज के रामापुर निवासी बिजय बहादुर वर्मा और 10–15 अन्य नामांकन स्थल पर पहुंचे और नामांकन कक्ष पर कब्जा करने की कोशिश की, जिससे अव्यवस्था फैल गई। भाजपा समर्थकों ने विरोध किया तो उनको जाति सूचक गाली दी गई व मारपीट की गई, जिससे कई की चोटें आई हैं। आरोप लगाया है कि अरविंद पाल उर्फ छोटू ने खुद अपना कपड़ा फाड़ लिया। कागजात व रुपया छीनने का आरोप लगाने लगे।

# प्राथमिक सदस्यता अभियान में यूपी भाजपा अव्वलः दुष्यंत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री ने सक्रिय सदस्य बनाने के दिए टिप्स
- सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर हुई वर्चुअल प्रदेश स्तरीय कार्यशाला

**अमृत विचार।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व राष्ट्रीय सक्रिय सदस्यता अभियान के प्रमुख दुष्यंत गौतम ने कहा कि देश भर में चलाए जा रहे प्राथमिक सदस्यता अभियान में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। उप्र अपने लक्ष्य को न सिर्फ पूरा करेगा बल्कि उससे कहीं आगे बढ़ने की ओर अग्रसर है। अब सक्रिय सदस्यता अभियान में 16 से 31 अक्टूबर तक कार्यकर्ताओं दम दिखाना होगा।

वे गुरुवार को सक्रिय सदस्यता अभियान की योजना को लेकर वर्चुअल माध्यम से प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्राथमिक सदस्यता के अभियान में जिस तरह से पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपने भूमिका का निर्वहन किया, उसी तरह सक्रिय सदस्यता के अभियान में भी सक्रिय भागीदारी निभानी होगी।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि समाज के हर जाति वर्ग व क्षेत्र के लोग पार्टी के सक्रिय सदस्य बनें इसके लिए योजनानुसार 15 अक्टूबर तक अधिक से अधिक लोगों को पार्टी का सदस्य बनाने का कार्य करना होगा। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बताया कि 16 अक्टूबर से शुरू हो रहे सक्रिय सदस्यता अभियान में वही प्राथमिक सदस्य जिसने अपने विधानसभा अथवा बूथ में अनिवार्य रूप से 50 प्राथमिक सदस्य बनायें हों, उनका विवरण पार्टी द्वारा निधारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने पर ही सक्रिय सदस्य बन सकेगा। साथ ही सक्रिय सदस्यता के लिए नमों एप के माध्यम से 100 रूपये का शुल्क जमा करना होगा।

### आज से जिला स्तर पर कार्यशालाएं

- कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, राम प्रताप सिंह, अनूप गुप्ता और अमर पाल मौर्या को उत्तर प्रदेश में सक्रिय सदस्यता अभियान की टोली का सदस्य बनाया गया। सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर 11 से 15 अक्टूबर के मध्य जिला स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएगीं।

### टाटा के निधन पर जताया शोक

- प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पद्मविभूषण से सम्मानित प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। कहा कि मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ है।

# सेंट्रल जेल के कृषि फार्म से कैदी फरार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जेल की टीमों के साथ पुलिस देर रात तक करती रही तलाश

**अमृत विचार :** हत्या के जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहा कैदी सेंट्रल जेल से सुरक्षा घेरा तोड़कर फरार हो गया। जेल की टीमों के साथ पुलिस देर रात तक उसकी तलाश में जुटी रही लेकिन कैदी का कोई सुराग नहीं लग पाया।

जेल प्रशासन के मुताबिक हत्या के जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहे फतेहगंज पूर्वी के गांव खनी नवादा निवासी 46 वर्षीय हरपाल को जुलाई 2023 में जिला जेल से सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया था। हरपाल ट्रैक्टर चलाना जानता था, इसलिए यहां उसे जेल के कृषि फार्म में काम पर लगा दिया गया था। बृहस्पतिवार को शाम 4 बजे वह कृषि फार्म में ट्रैक्टर से जुताई कर रहा था। इसी बीच अचानक ट्रैक्टर रोककर भाग निकला। जेल के सिपाहियों ने उसका पीछा किया लेकिन वह उनके हाथ नहीं आया। कैदी के फरार होने की सूचना से जेल प्रशासन में खलबली मच गई। जेल के कर्मचारियों के साथ पुलिस भी हरपाल की तलाश करती रही लेकिन देर रात तक उसका कुछ पता नहीं चल पाया। सेंट्रल जेल के वरिष्ठ अधीक्षक अविनाश गौतम ने बताया कि फरार कैदी की तलाश की जा रही है। इसके साथ जेलकर्मियों की लापरवाही की जांच कराई जा रही है।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** औंग थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार डिलीवरी ब्वाय की मौत हो गई। मृतक गोरखपुर के शहबाजगंज का मूल निवासी था तथा कानपुर में परिवार सहित रहता था।

औंग थाना क्षेत्र में गोधरौली हाईवे ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की बुधवार रात तीन बजे मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एम्बुलेंस से सीएचसी, गोपालगंज भेजा था। डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर फतेहपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में डॉक्टर ने मौत होने की पुष्टि कर शव को शवघर भेज दिया है। पुलिस ने जेब में मिले परिचय पत्र से परिजनों को फोन से सूचित किया है। गुरुवार सुबह थाने पहुंचे मृतक के साले दीपक शर्मा ने हादसे की तहरीर दी है। गोरखपुर जिले के कोतवाली क्षेत्र के शिवपुर, शहबाजगंज के कमलेश जायसवाल के पुत्र आदित्य जायसवाल (38) बाइक से कानपुर से फतेहपुर जा रहा था। हाल मुकाम कानपुर पी रोड रामबाग में पत्नी शानू जयसवाल तथा बेटी ईश्वरी के साथ रहता था। आदित्य कानपुर नेहरू नगर बजरिया स्थित स्वीगी ऑनलाइन डिलीवरी कंपनी में डिलीवरी ब्वाय था। कंपनी के काम से फतेहपुर जा रहा था। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया गोरखपुर से परिजन फतेहपुर के लिए निकल चुके हैं। पत्नी परिजनों के साथ फतेहपुर पहुंच चुकी है।



मौके पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

- कानपुर में रहकर करता था परिवार का भरण-पोषण

# 6 गोतस्करों को दबोचा एक के लगी गोली

**फर्रुखाबाद।** थाना जहानगंज क्षेत्र में ग्राम बर्ना खुर्द के पास पुलिस मुठभेड़ में गो तस्करी करने वाले गैंग के एक सदस्य के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। 5 अन्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने मंगलवार 25 गोवंश पकड़े थे। गोतस्कर मौके पर कंटेनर छोड़कर फरार हो गए थे। बुधवार रात्रि थानाध्यक्ष जहानगंज जितेंद्र पटेल को तस्करों के निकलने की सूचना मिली। ग्राम बर्ना खुर्द के पास पुलिस ने रोकने की कोशिश की। गो तस्करों ने पुलिस के ऊपर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में गोली लगने से तस्कर उबैश निवासी ग्राम नगलिया, जिला रामपुर घायल हो गया। जबकि अन्य 5 को दौड़ाकर पकड़ लिया। घायल को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया।

## सार-संक्षेप

### जौनपुर के सीआरओ व बिजनौर के एसडीएम सस्पेंड

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने वित्तीय अनियमितता के आरोप में दो पीसीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया। इनमें जौनपुर के मुख्य राजस्व अधिकारी (सीआरओ) गणेश प्रसाद सिंह व बिजनौर के उप जिलाधिकारी आदेश सिंह सागर शामिल हैं। इन अधिकारियों को राजस्व परिषद से संबद्ध किया गया है। अलग-अलग मंडलों के मंडलायुक्तों को इन अधिकारियों के खिलाफ जांच सौंपी गई है। सूत्रों के अनुसार जौनपुर के सीआरओ पर वित्तीय अनियमित्ताओं के साथ ही सरकारी कामकाज में गड़बड़ी करने का भी आरोप है। जौनपुर के जिलाधिकारी ने उन्हें निलंबित किए जाने के संबंध में नियुक्ति विभाग को पत्र भेजकर संस्तुति की थी। इसी तरह, बिजनौर के एसडीएम आदेश सिंह सागर पर आरोप है कि उन्होंने फिरोजाबाद में तैनाती के दौरान एक पीड़ित की जमीन का कुछ हिस्सा अपने कंप्यूटर आपरेटर के नाम करा दिया। उन्होंने इसके एवज में चार लाख रुपये भी लिया था। पीड़ित ने जमीन पर कुछ लोगों के कब्जा करने पर एसडीएम के यहां इसे खाली कराने का प्रार्थना पत्र दिया था, पर जमीन का कब्जा खाली नहीं कराया गया था। इसकी शिकायत शासन से की गई थी। दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए शासन ने निलंबन के आदेश जारी किए।

### फर्जी एसएसबी जवान को सतर्कता दल ने पकड़ा

**लखीमपुर खीरी :** उप-महानिरीक्षक क्षेत्रक मुख्यालय, लखीमपुर की तृतीय वाहिनी में एसएससी (जीडी), पीएसटी, टीपीटी, डीएमई और आरएमई की भर्ती प्रक्रिया 23 सितंबर से चल रही है। बुधवार को एसएसबी तृतीय वाहनी के सतर्कता दल ने गेट संख्या 3 के समीप एक संदिग्ध युवक को देखा। वह एसएसबी की पीटी ड्रेस में था, जो अभ्यर्थियों से बातें कर रहा था। सतर्कता दल को संदेह हुआ तो उसे पकड़कर पूछताछ की। सतर्कता टीम ने अभ्यर्थी अभय पाण्डेय से भी जानकारी ली। उसने बताया कि पीटी ड्रेस पहने युवक खुद को एसएसबी के रानीखेत सेंटर में तैनात बता रहा है।

**राहत** महानवमी की छुट्टी शनिवार की जगह शुक्रवार हो जाने से मिला फायदा

# कर्मचारियों को मिली 3 दिन की छुट्टी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** सरकारी कर्मचारियों को नवरात्र और दशहरे के मौके पर राज्य सरकार की घोषणा से काफी राहत मिल गई है। महानवमी की छुट्टी शनिवार की जगह शुक्रवार 11 अक्टूबर घोषित हो जाने से सरकारी कर्मचारियों को लगातार तीन दिन की छुट्टी मिल गई है। ऐसे में अब सरकारी कर्मचारी न सिर्फ शहर के बाहर भी छुट्टी बिताने जा सकते हैं। या पूरा आनन्द परिवार और बच्चों के साथ तीन दिन तक ले सकेंगे।

दरअसल, इससे पहले सरकारी कर्मी शनिवार को महानवमी की छुट्टी घोषित होने से चिंतित थे। महीने का दूसरा शनिवार होने के कारण पहले ही उनकी छुट्टी खराब हो रही थी। इसके बाद शुक्रवार को भी अष्टमी के साथ महानवमी होने के कारण त्योहार को ठीक से मनाने की चिंता उन्हें सता रही थी।

ऐसे में अलग अलग जिलों से कर्मचारी संगठनों की ओर से भी कई दिनों से इसे लेकर सरकार से मांग की जा रही थी। कर्मचारी महानवमी की छुट्टी शुक्रवार को चाहते थे। बहरहाल, लाखों कर्मचारियों की मांग गुरुवार को पूरी हो गई। राज्य सरकार ने गुरुवार की शाम शनिवार की जगह शुक्रवार को ही महानवमी के अवकाश की घोषणा कर दी।

### पहले दे दी रामनवमी की छुट्टी, फिर किया सुधार

- **लखनऊ।** बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह की सोशल मीडिया पर एक पोस्ट को लेकर रामनवमी और महानवमी पर चर्चा छिड़ गई। मंत्री ने गुरुवार को एक्स पर पोस्ट कर रामनवमी का सभी परिषदीय स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया। बाद में गलती का एहसास हुआ तो पोस्ट सही की गई। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि रामनवमी के पावन अवसर पर उप्र. में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में अवकाश रखा गया है। मंत्री ने इसे दोपहर 3 :20 मिनट पर यह पोस्ट किया और थोड़ी ही देर बाद शिक्षकों के वाट्सएप ग्रुपों पर चर्चा होने लगी कि रामनवमी तो चैत्र नवरात्र की नवमी को पड़ती है जो कि सात अप्रैल वर्ष 2025 को पड़ेगी। फिर मंत्री के इंटरनेट मीडिया को संभालने वाली टीम ने इसे डिलीट कर एक्स पर दोपहर 3 :46 मिनट पर नया पोस्ट कर उस पर महानवमी के अवकाश की सूचना और बधाई दी।

### बैंक भी आज बंद रहेंगे

- **लखनऊ।** शुक्रवार को सभी पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर बैंक बंद रहेंगे। 11 अक्टूबर को महानवमी का त्योहार मनाया जाएगा। इस अवसर पर उप्र. समेत ज्यादातर राज्यों में शुक्रवार को बैंक बंद रहेंगे। हालांकि, ग्राहकों को बैंकिंग सर्विस में कोई परेशानी न हो, इसके लिए ऑनलाइन बैंकिंग सर्विस मिलती रहेगी।

# गर्म तेल की कढ़ाई उड़ेली सगे भाई-बहन झुलसे

- सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर, बाइक चोर ने वारदात को दिया अंजाम

**बहराइच।** जिले के सत्संग नगर कालोनी निवासी एक युवक की बाइक गांव निवासी दूसरे युवक ने चोरी कर ली। दुर्गा पूजा मेले में बाइक की पहचान करने पर युवक नाराज हो गया। उसने मेले में लगे दुकान पर तेल की कढ़ाई उड़ेल दिया। जिसमें सगी बहनें और भाई झुलसकर घायल हो गए। तीनों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

पयागपुर थाना क्षेत्र के सत्संग नगर कालोनी निवासी करन विश्वास (24) पुत्र दीनू विश्वास ठेला लगाने का काम करते हैं। इस समय करन की बहन ससुराल से अपने मायका माही सिंह (22) पत्नी पुष्पेंद्र सिंह और पूनम राय (29) पत्नी पिंटू राय आई हुई है। दोनों गांव में लगे दुर्गा पूजा स्थल पर भाई करन का हाथ बंटवा रही है। जिला अस्पताल में भर्ती करन का कहना है कि पिता की हादसे में मौत हो चुकी थी। दो पहिया वाहन सही कराकर उसने घर पर रखा था। गांव निवासी सागर सरकार बाइक चोरी कर चले गए थे। गांव में मेला में करन ठेला लगाए था। उसने मेला आने पर बाइक देखकर पहचान कर ली और बाइक की मांग की। गुरुवार को मेला में करन अपनी बहनों के साथ सामान बनाकर बिक्री कर रहे थे।

पूनम का कहना है कि वह पापड़ तल रही थी। तभी सागर सरकार आए और उसने तेल की कढ़ाई उड़ेल दिया। जिससे करन और उसकी बहन जल गईं। तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। अभी थाने में तहरीर नहीं दी गई है। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय का कहना है कि तहरीर मिलते ही केस दर्ज किया जाएगा।

# अवैध पटाखा फैक्ट्री का पकड़ी, 5 गिरफ्तार

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचारः** कौड़िया थाने की पुलिस ने अवैध पटाखा कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में संचालित अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीम की इस कार्रवाई में पांच कारोबारी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। मौके से 16 क्विंटल पटाखा व 8.70 क्विंटल बारूद व अन्य सामग्री बरामद की गयी है।

बेलसरडीहा गांव में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट के बाद अवैध पटाखा कारोबारियों के खिलाफ पुलिस की निगाह टेढ़ी हो गयी है। एसपी की नाराजगी के बाद जिले भर में इस अवैध कारोबार के खिलाफ चलाया गया अभियान रंग ला रहा है। बुधवार की रात कौड़िया पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम मौहरिया मौजा रामापुर व लैबुड़वा में दबिश देकर अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। बिना लाइसेंस के संचालित हो रही इस फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर पटाखा बनाने का कारोबार चल रहा था। छापेमारी में पुलिस ने 16 क्विंटल पटाखा व 8.70 क्विंटल बारूद व पटाखा बनाने की अन्य सामग्री बरामद किया है जिसमें 2 क्विंटल बुरादा, एक क्विंटल लाल रेत, एक क्विंटल पेपर, 50 किलो सुतली, 1.5 क्विंटल सन, 2.5 क्विंटल बारूद व 20 किलो पीला पाउडर मिला है। पुलिस ने सभी पटाखों और सामग्री को जब्त कर लिया है। मौके से जुमई उर्फ मक्खन, रिजवान, इमरान उर्फ गुल्लू, अली मोहम्मद व मोहम्मद आरिफ को गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गयी है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ उप निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल राकेश यादव, कांस्टेबल विनीत प्रसाद, हरिकेश यादव व रंजना अवस्थी शामिल रहीं।

### करनैलगंज में 6 बोरे पटाखे बरामद

- **करनैलगंज :** नगर में स्थानीय पुलिस द्वारा छापेमारी कर करीब छह बोरे पटाखे बरामद किये गए। बरामद पटाखों को कोतवाली लाकर उनकी विस्फोटक क्षमता का मूल्यांकन किया जा रहा है। मामले में गुरुवार शाम तक पुलिस द्वारा कोई मामला दर्ज नहीं किया गया। तरबगंज थाना क्षेत्र में हुए पटाखा विस्फोट को लेकर पुलिस एलर्ट मोड पर है। गुरुवार को करनैलगंज पुलिस को सूचना मिली कि स्टेशन रोड स्थित दो व्यवसाइयों की दुकान में बड़ी मात्रा में गोला पटाखा मौजूद है। पुलिस ने व्यवसइयों की दुकान में छापेमारी की तो करीब छह बोरा आतिशबाजी की सामग्री बरामद की गई। प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक व क्षेत्राधिकारी उमेश्वर प्रभात सिंह ने मौके पर पहुंचकर सामग्री को कब्जे में लिया। उन्होंने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है यह आतिशबाजी का सामान कहां से और कब लाया गया। हालांकि प्रथम दृष्टया विस्फोटक का निर्माण नहीं किया जा रहा था। जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण व प्रोत्साहन योजना को 15 अरब का ऋण

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण व प्रोत्साहन योजना के तहत शासन ने यूपीसीडा के माध्यम से उप्र एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को 1500 करोड़ रुपये ब्याजमुक्त ऋण की स्वीकृति दी है। इस वित्तीय वर्ष में 5000 करोड़ के सापेक्ष अभी 1000 करोड़ रुपये मिलना शेष है। स्वीकृत राशि मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीसीडा की ओर तय शर्तों एवं प्रतिबंधों के तहत निर्गत की जाएगी।

### केंद्र से कर हस्तांतरण में यूपी को मिले 31962 करोड़

**अमृत विचार , लखनऊ :** केंद्र सरकार ने गुरुवार को राज्यों को 1,78,173 करोड़ रुपये का कर हस्तांतरण (टैक्स डिवाल्यूशन) दिया है। इसमें सर्वाधिक राशि 31,962 करोड़ उत्तर प्रदेश को जारी की गई है। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताते हुए अपने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि यह अग्रिम धनराशि त्योहारों के मौसम की तैयारियों को काफी बढ़ावा और राज्य भर में विकास व कल्याण की पहल को गति देगी।

### स्वामीनारायण मंदिर छपिया का सौन्दर्यीकरण होगा

**अमृत विचार ,लखनऊ :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि गोण्डा स्थित स्वामीनारायण मंदिर छपिया को पर्यटन विभाग द्वारा 22.19 करोड़ रूपये से सौन्दर्यीकरण व विकास किया जाएगा। इसके लिए पहली किस्त आठ करोड़ रूपये की जारी कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत बजट में बस शेल्टर का विकास, मुख्य गेट व अन्य कई गेट का विकास, फसाड लाइटिंग के अलावा अन्य पर्यटक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

### 11 नव प्रोन्नत अधिशासी 144 नवनियुक्त अवर अभियंताओं को मिली तैनाती

**अमृत विचार , लखनऊ :** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को यहां तेलीबाग स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के परिकल्प भवन सभागार में अवर अभियंताओं का पदस्थापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के 11 नव प्रोन्नत अधिशासी अभियंताओं (यांत्रिक) और 144 नवनियुक्त अवर अभियंताओं (सिविल) को उनके द्वारा मांगे गये विकल्प के अनुरूप पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत पदस्थापन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जलसंसाधन अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष अखिलेश सचान, प्रमुख अभियंता परियोजना संदीप कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ज्ञान, विज्ञान और तकनीक भारत के डीएनए में : मुख्यमंत्री

## एमपीआईटी प्रथम बैच के विद्यार्थियों से योगी ने किया संवाद, कहा- संघर्षों से राह बनाएं युवा तो सफलता कदम चूमेगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ज्ञान, विज्ञान और तकनीक भारत के डीएनए में है। अपार संभावनाओं से परिपूर्ण युवाओं की तरफ पूरी दुनिया नई उम्मीद से देख रही है। निश्चित ही आने वाला समय भारत है। युवा संघर्षों से अपनी राह बनाएं, सफलता कदम चूमेगी।

वे गुरुवार को गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) के प्रथम बैच के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में ज्ञान, विज्ञान और श्रम की त्रिवेणी अनवरत प्रवाहित है। परंपरा, परिश्रम और प्रगति हमारी प्रवृत्ति का हिस्सा है। यही प्रवृत्ति हमें दुनिया में सबसे विशिष्ट बनाती है।


गोरखनाथ मंदिर में महानिशा की पूजा और हवन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

उन्होंने कहा कि ऐसी तकनीकी पर ध्यान देना चाहिए जो जीवन को सरल और सहज बनाए, समस्याओं का समाधान करे। ऐसी तकनीकी पर फोकस करने की आवश्यकता है जो प्रकृति के साथ समन्वय बनाकर विकास को नई ऊंचाई पर ले जाए।

### मुख्यमंत्री ने दी बधाई, शुरू की महानिशा पूजा

गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु गोरखनाथ की तपस्थली गोरक्षपीठ में शारदीय नवरात्र में अनवरत तीन दिन अनुष्ठान की शुरुआत अष्टमी की शाम गोरक्षपीठ के पारंपरिक निशा पूजा और हवन से की। इसके पहले महाअष्टमी एवं महानवमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके पहले गुरुवार पूर्वाह्न देवीपाटन शक्तिपीठ से गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधिस्थल पर जाकर शीश नवाया। देर शाम वह महानिशा पूजा में सम्मिलित हुए। शुक्रवार पूर्वाह्न नवमी तिथि के मान में कन्या पूजन तथा शनिवार को दशमी तिथि पर श्रीनाथ जी के विशिष्ट पूजन और गोरक्षपीठ से निकलने वाले परंपरागत विजयादशमी शोभायात्रा तक सीएम योगी गोरक्षभूमि पर शक्ति की भक्ति में रत रहेंगे।

# पहले दे दी रामनवमी की छुट्टी, फिर किया सुधार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह की सोशल मीडिया टीम का कारनामा

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह की सोशल मीडिया टीम का कारनामा शिक्षकों के बीच रामनवमी और महानवमी को लेकर छाया रहा।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शुक्रवार दोपहर 3:20 मिनट पर पोस्ट डालकर सभी परिषदीय स्कूलों में रामनवमी का अवकाश घोषित कर दिया। साथ ही रामनवमी की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी गईं। थोड़ी ही देर बाद शिक्षकों के वाट्सएप ग्रुपों पर चर्चा होने लगी कि रामनवमी तो चैत्र नवरात्र की नवमी को पड़ती है जो कि सात अप्रैल वर्ष 2025 को पड़ेगी। फिलहाल मंत्री के इंटरनेट मीडिया को संभालने वाली टीम को इस गलती का जैसे ही आभास हुआ उन्होंने इसे डिलीट कर एक्स पर दोपहर 3:46 मिनट पर नया पोस्ट कर उस पर महानवमी के अवकाश की सूचना और बधाई दी गई।

# उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा स्मार्ट प्रीपेड मीटर का कोई खर्च

## तीन किलोवाट के कनेक्शन पर ही मिलेगी थ्री-फेज कनेक्शन की सुविधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने स्पष्ट किया है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर का खर्च उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा। इसके साथ ही, ऊर्जा निगमों के कर्मियों पर शत-शत मीटर लगाने का निर्देश दिया गया है।

आयोग ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि थ्री फेस कनेक्शन के लिए अब उपभोक्ताओं को पांच किलोवाट का कनेक्शन नहीं लेना पड़ेगा, बल्कि तीन किलोवाट के कनेक्शन पर ही यह सुविधा दी जाएगी। इस वर्ष बिजली दरों का निर्धारण 10.67 प्रतिशत लाइन हानियों के आधार पर किया गया है। नई दरों के प्रस्ताव में बिजली कंपनियों ने लगभग 11,203 करोड़ का 'गैप' दिखाया था, जिसे आयोग ने खारिज कर दिया है। बिजली कंपनियों की ओर से दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्यकता प्रस्ताव में लगभग एक लाख 1784 करोड़ दिखाया गया था, इसमें भारी कटौती की गई है। कंपनियों पर इस साल भी उपभोक्ताओं का 1944 करोड़ रुपये 'सरप्लस' निकला है।

### मौजूदा कनेक्शन से चार्ज हो सकेंगे इलेक्ट्रिक वाहन

आयोग के फैसले के तहत अब किसी भी श्रेणी के उपभोक्ता अपने मौजूदा कनेक्शन से ही इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्ज कर सकेंगे। आयोग ने सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की ईवी टैरिफ दरें राज्य सड़क परिवहन ईवी चार्जिंग स्टेशनों पर भी लागू करने की अनुमति दे दी है। पर मल्टी-स्टोरी इमारतों और कॉलोनियों में सिंगल पॉइंट कनेक्शन धारकों के जरिये ओवरचार्जिंग पर सख्ती कर दी गई है। शिकायतों को ध्यान में रखते हुए आयोग ने बिलिंग जानकारी के खुलासे के लिए नए प्रक्रियात्मक प्रावधान बनाए हैं। निर्देशों का पालन न करने पर सिंगल पॉइंट फ्रेंचाइजी पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### उपभोक्ताओं को बिल वितरण ईमेल व व्हाट्सएप पर

आयोग ने बिजली कंपनियों की ओर से उपभोक्ताओं को बिल वितरण ई-मेल, व्हाट्सअप व अन्य डिजिटल माध्यम से भेज सकेंगे। आयोग के निर्देश के तहत उपभोक्ताओं को पूरी बिलिंग जानकारी देने व बिल को अधिकृत प्रतिनिधि से हस्ताक्षरित किया गया होना चाहिए।

### ज्यादा भार पाए जाने पर अगले वर्ष बढ़ाया जाएगा भार

बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर ज्यादा बिजली भार पाए जाने पर अगले वित्तीय वर्ष विभाग की ओर से भार बढ़ाया जाएगा। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने नई बिजली दरों में यह प्रावधान किया है। नए प्रावधान के तहत बिजली की अधिकतम मांग में वृद्धि के मामले में जहां रिकार्ड की गई अधिकतम मांग एक वित्तीय वर्ष के दौरान कम से कम तीन बार स्वीकृत भार सीमा से अधिक हो गई हो, उनमें से सबसे कम मांग पर उपभोक्ता को आधार बताते हुए अगले वित्तीय वर्ष से बिजली भार बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। आयोग के फैसले के तहत सिंगल प्वाइंट कनेक्शन पर स्थानीय निवासियों के बिजली उपभोग करने व निवासियों के जरिये बिलिंग का खुलासा न करने पर दंडित किया जाएगा। आयोग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पांचों वितरण निगमों में 1,47,901.52 मिलियन यूनिट की बिजली खरीद व 1,01,783.45 करोड़ की समेकित वार्षिक राजस्व आवश्यकता के दावे के समकक्ष आयोग ने 1,47,904.69 मिलियन यूनिट व 96,225.02 करोड़ अनुमोदित किए हैं।

### हरित ऊर्जा दर में की गई कमी

नियामक आयोग ने हरित ऊर्जा (ग्रीन टैरिफ) को घटाते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 के 0.44 रुपए प्रति यूनिट से घटाकर 0.36 रुपए प्रति यूनिट कर दिया है। इससे हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।यह उपभोक्ताओं के लिए सस्ती साबित होगी। आईटी व आईटीईएस उद्योगों के लिए औद्योगिक श्रेणी के प्रयोग के संबंध में राज्य सरकार को नीतिगत निर्णय लेने का प्रावधान किया गया है। यानी आईटी क्षेत्र को उद्योग का दर्जा मिल जाने से इन्हें औद्योगिक दर पर बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।

**ट्रांसमिशन की दरों में 12 प्रतिशत की कमी :** आयोग ने पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन की दरों में 12 प्रतिशत की कमी करते हुए इन्हें 26 पैसे से घटाकर 23 पैसे कर दिया गया है। ग्रिड का संचालन करने वाली बिजली कंपनी यूपीएसएलडीसी का पहली बार 536 प्रति मेगावाट प्रति माह का वार्षिक राजस्व आवश्यता प्रस्ताव अनुमोदित किया गया है।

# टैक्स चोरी करने वाले डॉक्टर की संपत्ति की जांच हो : देवेन्द्र प्रताप

**अमृत विचार,लखनऊ :** उप्र. विधान परिषद सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह ने गोरखपुर में निजी अस्पताल चलाने वाले चिकित्सक डॉ.अनुज सरकारी और उनके परिवार सदस्यों की आय से अधिक संपत्ति की जांच कराने की मांग प्रर्वतन निदेशालय, नई दिल्ली से की है। इसके लिए उन्होंने गुरुवार को प्रर्वतन निदेशालय के निदेशक को पत्र भी लिखा है।

# राज्य के तीन सरकारी अस्पताल देश में अव्वल

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ एनक्वास जांच में बाराबंकी व सीतापुर के जिला अस्पताल और हरदोई का स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्धारित मानक पर खरे उतरे

**अमृत विचार :** आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मामले में बाराबंकी जिला अस्पताल, सीतापुर में जिला महिला अस्पताल और हरदोई के सब हेल्थ सेंटर ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह जानकारी नेशनल हेल्थ सिस्टम रिर्सोस सेंटर, भारत सरकार ने मिशन निदेशक उप्र. पिंकी जोवल को पत्र के जरिए दी है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से जारी पत्र के अनुसार नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) सर्टिफिकेट में बाराबंकी में जिला अस्पताल (पुरुष) को 97.19 प्रतिशत अंको के साथ मानक पूर्ण माना गया है। गर्भवती महिलाएं, नवजात शिशु और सामान्य चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने में जिला महिला अस्पताल सीतापुर ने 90.56 प्रतिशत अंक और हरदोई के सब हेल्थ सेंटर सोम ने 82.22 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। मालूम हो कि बेहतर व्यवस्थाओं के लिए मानकों की जांच कर सरकार द्वारा एनक्यूएएस अवार्ड दिया जाता है। इसके लिए अस्पताल में जलापूर्ति, फायर सेफ्टी, चिकित्सा सेवाओं के लिए सभी जरूरी उपकरण, मरीजों की संतुष्टि, सामुदायिक शौचालय, हर्बल गार्डन, कचरे का निस्तारण आदि मानकों की जांच की जाती है और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर अंक प्रदान किए जाते हैं।

# लखनऊ कुंभ समिट को मिला 25.11 लाख का बजट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 18 मंडल मुख्यालयों पर होना है आयोजन, प्रत्येक में खर्च होंगे करीब 45 लाख रुपये

**अमृत विचार :** महाकुंभ 2025 की तैयारी को लेकर सरकार माहौल बनाने में जुटी हुई है। शासन से प्रत्येक समिट का खर्च करीब 45 लाख रुपये प्रस्तावित है। हालांकि सरकार ने लखनऊ में संपन्न हुए पहले समिट के लिए शासन ने 25.11 लाख रुपये का बजट स्वीकृत कर दिया है।

इस राशि से कलाकारों का मानदेय, मार्ग व्यय, मंच निर्माण, लाइट एवं साउंड व्यवस्था, साज-सज्जाव प्रचार-प्रसार के लिए भुगतान किया जाएगा। प्रस्तावित 44.96 लाख से शेष धनराशि वित्त नियंत्रक के परीक्षणोपरांत कलाकारों के आवास एवं भोजन, स्थानीय यातायात, कुंभ अभिनंदन रथ, गायत्री परिवार के प्रतिभागियों के लिए जलपान, अंगवस्त्र, मोमेंटो, वीडियोग्राफी, लाइफ स्ट्रीमिंग, बहुरूपिया क्राफ्ट, बैक स्टेज, अभिलेखीकरण के लिए बाद में दी जाएगी।

### आज से झांसी में समिट, 14 दिसंबर को प्रयागराज में समापन

11-12 अक्टूबर को झांसी, 14-15 अक्टूबर को वाराणसी, 17-18 अक्टूबर को चित्रकूट में कुंभ समिट के बाद कानपुर, अयोध्या, मेरठ, अलीगढ़, आगरा, गोरखपुर, आजमगढ़, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, मीरजापुर, देवीपाटन, बस्ती मंडल में भी समिट का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत रोड-शो, बाल-युवा कुंभ, शक्ति कुंभ, कला-संस्कृति कुंभ, कवि कुंभ, तथा भक्ति कुंभ जैसे कार्यक्रम होने हैं। इसके लिए संस्कृति विभाग ने 12,600 लोक कलाकारों का पंजीकरण किया है।

# महानिदेशक प्रशिक्षण बनी डॉ.सुषमा सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग में महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल को स्थायी रूप से महानिदेशक परिवार कल्याण बना दिया गया है। अभी तक उनके पास इसका अतिरिक्त कार्यभार था। उनके स्थान पर निदेशक सीएचसी डॉ.सुषमा सिंह को महानिदेशक प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है। डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल इसी माह अक्टूबर 2024 में सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

# रायबरेली समेत चार जिलों के सीएमओ बदले

**अमृत विचार,लखनऊ :** राज्य के चार जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बदल गए हैं। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार द्वारा जारी आदेश में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में बतौर रेडियोलॉजी कार्यरत डॉ.नवीन चंद्रा को रायबरेली का मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा गाजीपुर में मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.सुनील पाण्डेय और कन्नौज में डॉ.स्वदेश गुप्ता, महाराजगंज में डॉ.श्रीकांत शुक्ल को सीएमओ नियुक्त किया गया है।

# ट्रांजिट बीमा में फंसा गाय खरीद का अनुदान, बाध्यता खत्म

## मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना : 1250 लाभार्थियों का हुआ था चयन, 1013 के आवेदन लंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अब लाभार्थियों को चयन प्रमाण पत्र मिलते ही खरीदनी होगी गाय

**अमृत विचार :** पशुपालन के साथ दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए 2023 में मंडलीय जिलों में शुरू हुई नंद बाबा मिशन के तहत मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना साकार नहीं हो पाई है। बाहरी राज्य से गाय खरीदने पर वहीं से ट्रांजिट बीमा कराने की बाध्यता और अन्य कठिन कागजी प्रक्रिया के कारण योजना में चयनित कुल 1250 लाभार्थियों में 1013 को अनुदान नहीं मिला है और आवेदन लंबित हैं।

जबकि योजना के ज्यादातर लाभार्थी हरियाणा, राजस्थान समेत अन्य राज्यों से साहीवाल, गिर, थारपाकर व गंगातीरी दुधारू गाय खरीदकर इकाई संचालित कर रहे हैं। ट्रांजिट बीमा यानी बाहरी राज्य से गाय लाने पर जोखिम को देखते हुए कुछ दिन के लिए कराया जाता है। इसमें आ रही समस्या के कारण सरकार ने बीमा की बाध्यता हटा दी है। साथ ही अब लाभार्थियों को चयन प्रमाण पत्र मिलते ही जल्द गाय खरीदनी होगी और अनुदान जल्द मिलेगा। इससे पहले गाय खरीदने के लिए दो माह का समय निर्धारित था। दुग्धशाला अधिकारी संजय सिन्हा ने बताया कि बीमा स्वैच्छिक हो गया है। साथ ही सभी जिलों में योजना संचालित की जाएगी।

### मंडलीय जिलों में इतने आवेदन लंबित

लखनऊ 72, बरेली व सहारनपुर 61-61, मुरादाबाद 60, आगरा 43 आवेदन, अलीगढ़ 45, मिर्जापुर, बांदा व झांसी 59-59, कानपुर नगर 67, आजमगढ़ 37, गोरखपुर 33, गोंडा 45, बस्ती 52, अयोध्या व वाराणसी 70-70, प्रयागराज 56, मेरठ 64

### दो गाय पर 80 हजार रुपये अनुदान

यह दो गाय की दो लाख रुपये से इकाई लगाने की दुग्ध विकास विभाग की योजना है। इसका नोडल पशुपालन विभाग है। चयनित लाभार्थी को बाहरी राज्यों से साहीवाल, गिर, थारपाकर व गंगातीरी में कोई दो गाय खरीदने के साथ उनका तीन साल का बीमा, टीनशेड, चारा मशीन समेत अन्य संसाधन खुद से पहले करने हैं। इसके बाद कुल 80 हजार रुपये अनुदान मिलता है। वहीं, मिशन निदेशक राकेश कुमार मिश्र ने समीक्षा में खराब प्रगति मिलने पर दो माह के अंदर गाय खरीदकर 100 फीसद अनुदान भुगतान करने के निर्देश दिए हैं।

## वर्ग पहेली-218

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी का विनाश करने वाली, विनाशिनी 2. मार डालने वाली, नष्ट करने वाली।
5. अंगारों पर दग्ध किया हुआ, भूना हुआ, जलाया हुआ।
7. हठधर्मी, दुराग्रही, अड़ियल।
8. 1. धांधली करने वाला, घोटालेबाज़ 2. भ्रष्टाचारी, बेईमान 3. धूर्त।

**ऊपर से नीचे**

2. तीन रंगों वाला।
3. 1. (संगीत) एक रागिनी जिसे प्रात:काल गाते हैं 2. (संगीत) चार मात्राओं का एक ताल।
4. भौतिकवादी, पदार्थवादी।
6. 1. धोखा देने वाला, जालसाज़ी या कपटपूर्ण व्यवहार करने वाला, ठग, विश्वासघाती 2. छली, कपटी, बेईमान, दगाबाज़, धूर्त, कुटिल।

### वर्ग पहेली -217 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ज | ■ | 2 के | ■ | 3 सिं | ■ |
| तु | ■ | जु | ■ | गा | ■ |
| क | ■ | अ | ■ | रि | ■ |
| ■ | 4 ढो | ल | 5 कि | या | ■ |
| 6 पू | ■ | ■ | लो | ■ | 7 झाँ |
| ज | ■ | 8 पी | ल | पाँ | व |
| न | ■ | ■ | ■ | ■ | ली |

## सुडोकू -131

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | 9 | | | | 4 | |
| | 7 | | | 1 | 6 | | | |
| | | | | | | 5 | 3 | |
| 6 | | 4 | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 8 | | 7 | | | 9 |
| | | | | 5 | | 2 | | |
| | | 5 | | | | | | 8 |
| | | | 3 | 2 | | | | |
| | 9 | | | | 1 | 7 | | |

### सुडोकू - 130 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 7 | 2 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 9 | 1 |
| 9 | 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 6 | 8 |
| 1 | 6 | 2 | 4 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 | 2 | 7 |
| 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 1 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 अक्टूबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 12.06 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 12 अक्टूबर 05.25 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** — आज परिजनों की इच्छाओं को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। व्यापार में आय बढ़ने से आप विस्तार का विचार कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन बेहद खुशहाल रहेगा। अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें।

**वृष** — आज परोपकार के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी को आभूषण उपहार में दे सकते हैं। अधीनस्थ सहकर्मियों से तालमेल में कमी देखने को मिलेगी। मित्रों से मिलने के लिए जा सकते हैं।

**मिथुन** — आज विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकालेंगे। अत: सोच-समझकर ही आप अपनी प्रतिक्रिया दें। युवा प्रेम विवाह के लिए परिजनों से चर्चा कर सकते हैं। धर्म-ग्रंथों के अध्ययन के प्रति आकर्षित होंगे।

**कर्क** — आज मन में निराशाजनक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। गले में दर्द और बुखार की समस्या हो सकती है। आप कुछ चिंतित रहेंगे। व्यापार में नया प्रयोग न करें। विरोधियों के सामने आप कमजोर दिखाई देंगे।

**सिंह** — आज व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। चारों ओर का वातावरण बहुत शुभ रहेगा। घर में अतिथियों का आगमन होने की संभावना बन रही है। आपकी रचनात्मक क्षमताओं का विकास होगा।

**कन्या** — आज दोपहर के बाद धन को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। परिवार के साथ धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है।

**तुला** — आज पुराना कर्जा उतार सकते हैं। जीवनसाथी आपको कुछ उपहार दे सकता है। मित्र आपको उत्तम सलाह देंगे,जिसका आपको भी लाभ मिलेगा। करियर में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। सुबह-सुबह आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज अपने लक्ष्य को लेकर लापरवाह न रहें। संतान को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है। आपके स्वभाव की लोग आलोचना कर सकते हैं। इसीलिए व्यवहार में संतुलन बनाए रखें। महिलाओं को कुछ स्वास्थ्य समस्या हो सकती है।

**धनु** — आज उधार दिया हुआ धन आपको वापस प्राप्त होगा। घर में अतिथियों का आगमन होगा। नए संपर्क से आपको धन लाभ हो सकता है। आपके व्यवहार में ताजगी बनी रहेगी। युवाओं को अच्छी नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**मकर** — आज मेडिकल छात्रों को कुछ नया सीखने को मिलेगा। काम की अधिकता की वजह से ओवरटाइम करना पड़ सकता है। विदेश में नौकरी ढूंढ रहे लोगों के लिए दिन शुभ है। प्रशासन से जुड़े लोगों को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा।

**कुंभ** — आज उच्च अधिकारी आपके काम में बाधा डाल सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनावश्यक यात्रा करनी पड़ सकती है। कार्य की अधिकता के कारण परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। अपने साथियों से प्रतिस्पर्धात्मक व्यवहार न करें।

**मीन** — आज लोग आपके विचारों का विरोध कर सकते हैं। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। परिजनों के व्यवहार से थोड़े क्षुब्ध होंगे। अपने आसपास के लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। अपने काम करने के तरीके में बदलाव कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U Movies
सत्ते पे सत्ता — सुबह : 11.04
फूल और कांटे — शाम : 04.05

&pictures
होगी प्यार की जीत — सुबह : 11.02
दबंग — रात : 07.30

Sony Pix
होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 — सुबह : 11.27
जॉन विक — रात : 09.00

Zee Cinema
शूरवीर — सुबह : 11.22
भीमा — रात : 08.00

Zee Action
जिगर — सुबह : 10.46
सूर्या 3 — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मुन्ना- मम्मी मैं कल से स्कूल नहीं जाऊंगा।
मम्मी- क्यों बेटा, क्या बात हो गई?
मुन्ना- मम्मी आज स्कूल में हम सभी बच्चों का वजन किया गया था।
मम्मी- तो क्या हुआ?
मुन्ना- मुझे डर है कि अगर रेट अच्छा मिल गया तो ये स्कूल वाले हमें बेच ही न दें।

पति (किताब पढ़ते हुए) - एक लेखक ने लिखा है कि पतियों को भी बोलने की आजादी होनी चाहिए।
पत्नी (हंसते हुए)-देखो वो भी बेचारा लिख ही पाया, बोल नहीं पाया।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2800-2850 आर.आर.21. 2900-2950 गेहूंफारम 3050-3100 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6900 -7000 अरहर 8500 -9000 मसूर 5500 -5600 मटर 3300 -3400 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15200-15300 अरहरस्पेशल 11700-11800 चनादाल 8500-8600 मटरदाल 4300-4400 मसूरमलका 7150-7250 मसूरदाल 7350-7400 उड़ददाल 9000- 13500 उड़द धोवा 10000- 12500 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01. 10500 - 11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600-1700 मैदा 1670-1720 सूजी 1700-1750 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1570-1590 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5900-6000 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 11000- 11500 मूंगफली दानाषिवपुरी 9400- 11200 बटाली 8500-11000 सेहुआं 4000 - 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसोंकोल्हू 14700-14800 अलसी 12600-12800 अण्डी 13800-14000 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1975-1989 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2600-2625 अलसी 4800-4900 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1975-1974 मयूर 1975-1974 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौरलड्डू 4800 देशीभेली 4400-4500 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम. 30. 4200-4260 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000-60100 औरय्या 51300-51400 माधौगढ़ 53300-53400

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 91000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 100000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 105000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 76850 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 57300-57500 |

# 2047 तक सर्वाधिक विकसित देशों में एक होगा भारत : शाह

## पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सत्र को गृहमंत्री ने किया संबोधित

- **बोले- मोदी सरकार पर 10 साल में भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं**

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 119वें वार्षिक सत्र में पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि 2047 तक मोदी सरकार की विभिन्न नीतियों के कारण भारत दुनिया के सर्वाधिक विकसित देशों में से एक के रूप में उभरेगा। नरेन्द्र मोदी सरकार के खिलाफ 10 साल में भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है। नीतिगत निर्णय लेने में जो शिथिलता थी, उसे भी समाप्त किया और भारत को पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं से बाहर निकालते हुए एक आकर्षक स्थान में बदला गया। शाह ने उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सालाना सत्र को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि जब से प्रधानमंत्री ने 2014 से कार्यभार संभाला है, सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में सुधार किए हैं। परिणामस्वरूप अन्य बातों के अलावा बुनियादी ढांचा बेहतर हुआ, संपर्क सुविधा अच्छी हुई, डिजिटल अर्थव्यवस्था और रेलवे नेटवर्क का विस्तार हुआ तथा सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिक वाहन के लिए विनिर्माण इकाइयों की स्थापना हुई है। शाह ने विकसित भारत एट 2047: प्रगति के शिखर की ओर विषय पर आयोजित सत्र में कहा कि हम देश में सुधार और आर्थिक विकास लाए हैं।

# कैंडल : तकनीकी विश्लेषण का महत्वपूर्ण उपकरण

कैंडल पैटर्न तकनीकी विश्लेषण का महत्वपूर्ण उपकरण है, जो वित्तीय बाजारों में कीमतों की चाल को समझने में मदद करता है। कैंडलस्टिक चार्ट में हर कैंडल एक निश्चित समय अवधि के दौरान उच्चतम, न्यूनतम, प्रारंभिक और समापन कीमत को दर्शाता है। ये पैटर्न निवेशकों को बाजार की प्रवृत्तियों और भावनाओं का आकलन करने में सहायता करते हैं। सही कैंडल पैटर्न को पहचानकर, निवेशक एंट्री और एक्जिट प्वाइंट तय कर सकते हैं, जिससे उनके ट्रेडिंग निर्णय अधिक प्रभावशाली बनते हैं। आइये इस पर जरा गौर करें ...

### कैंडलस्टिक का निर्माण

हर कैंडल चार महत्वपूर्ण डेटा को दर्शाती है

- **ओपन (प्रारंभिक कीमत):** उस समय अवधि की शुरुआत में कीमत।
- **हाई (उच्चतम कीमत):** उस अवधि के दौरान सबसे ऊँची कीमत।
- **लो (न्यूनतम कीमत):** उस अवधि के दौरान सबसे नीची कीमत।
- **क्लोज (समापन कीमत):** उस अवधि के अंत में कीमत।

### कैंडल की संरचना

- **कोर (बॉडी):** ओपन और क्लोज के बीच का क्षेत्र। यदि क्लोज ओपन से ऊपर है, तो बॉडी हरे रंग की होती है (बुलिश) और यदि क्लोज ओपन से नीचे है, तो बॉडी लाल रंग की होती है (बेयरिश)।
- **विक (विक्स):** कैंडल के शीर्ष और नीचे की लकीरें। ये हाई और लो को दर्शाती हैं।

### देखने का तरीका

- **चार्ट का चयन:** कैंडलस्टिक चार्ट का चयन करें और उपयुक्त समय अवधि निर्धारित करें।
- **पैटर्न पहचानना:** विभिन्न कैंडल पैटर्न्स की पहचान करें। विशेष रूप से, एक पैटर्न की पुष्टि के लिए उसे अन्य तकनीकी संकेतकों के साथ मिलाएं।



### कैंडल पैटर्न के जोखिम

- **गलत संकेत:** कैंडल पैटर्न कभी-कभी गलत संकेत दे सकते हैं। एक पैटर्न जो रिवर्सल या ट्रेंड की निरंतरता का संकेत देता है, वास्तव में विपरीत दिशा में भी जा सकता है।
- **अनिश्चितता:** बाजार की अस्थिरता कैंडल की प्रभावशीलता को प्रभावित करती है। समाचार या घटनाएं कीमतों में बदलाव ला सकती हैं, जिससे पैटर्न अप्रभावी हो जाते हैं।
- **तकनीकी दोष:** कैंडल पैटर्न पर निर्भर रहने से निवेशक अन्य कारकों को नजरअंदाज कर सकते हैं, जैसे राजनीतिक घटनाएं, आर्थिक या अन्य संकेतक। इससे जोखिम बढ़ता है।

### उपयोग कैसे करें

- **ट्रेंड पहचानना:** कैंडल पैटर्न से आप यह जान सकते हैं कि बाजार में बुलिश (उच्च) या बेयरिश (निम्न) ट्रेंड है। उदाहरण के लिए, लगातार बुलिश पैटर्न दिखने पर आप खरीदारी पर विचार कर सकते हैं।
- **एंट्री और एक्जिट प्वाइंट:** कैंडल पैटर्न देखकर आप तय कर सकते हैं कि कब खरीदना या बेचना है। जैसे, यदि एक बुलिश पैटर्न दिखाई दे, तो आप एंट्री कर सकते हैं। वहीं, बेयरिश पैटर्न देखकर आप अपने पदों को समेट सकते हैं।
- **स्टॉप लॉस सेट करना:** कैंडल पैटर्न के आधार पर आप अपनी जोखिम प्रबंधन रणनीति को बेहतर बना सकते हैं। यदि कैंडल पैटर्न आपके अनुमान के विपरीत जाती है, तो आप एक स्टॉप लॉस सेट कर सकते हैं।

## टाटा समूह के शेयर में करीब 10% की तेजी

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनियों के शेयर में गुरुवार को 10 प्रतिशत तक की तेजी आई। टाटा केमिकल्स और टाटा टेलीसर्विसेज के शेयरों ने सबसे अधिक बढ़त दर्ज की। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि निवेशक टीसीएस, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, टाटा कंज्यूमर और इंडियन होटल्स जैसे शेयरों को खरीदकर रतन टाटा और उनके द्वारा निर्मित महान कॉर्पोरेट साम्राज्य को श्रद्धांजलि दे सकते हैं। लाखों साधारण निवेशकों को रतन टा00टा के दृष्टिकोण से लाभ मिला।

## विश्व बैंक ने बढ़ाया भारत का विकास अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **चालू वित्त वर्ष में 7% और अगले वित्त वर्ष में 6.7% रहने की जताई उम्मीद**

विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर 7% और अगले वित्त वर्ष में इसके 6.7% रहने का अनुमान जताते हुये गुरुवार को कहा कि श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर और वैश्विक व्यापार एवं निवेश के लिए आगे बढ़कर अप्रयुक्त क्षमता का दोहन करने से विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।

विश्व बैंक ने जारी अपने नवीनतम दक्षिण एशिया विकास अपडेट में यह अनुमान जताया है। इससे पहले की रिपोर्ट की तुलना में चालू वित्त वर्ष में भारत के विकास अनुमान में 0.7% की और अगले वित्त वर्ष के अनुमान में 0.4% की वृद्धि की गयी है। उसने कहा है कि अपेक्षा से अधिक कृषि उत्पादन और रोजगार वृद्धि को बढ़ावा देने वाली नीतियों से निजी खपत में मजबूत वृद्धि में योगदान मिलेगा। इसमें कहा गया है कि दक्षिण एशिया में वृद्धि इस वर्ष 6.4% तक बढ़ने की उम्मीद है, जो पहले के अनुमानों से अधिक है और इस क्षेत्र को दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्र के रूप में बनाए रखेगा। विश्व बैंक ने कहा है कि श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर, वैश्विक व्यापार और निवेश के लिए आगे बढ़कर अप्रयुक्त क्षमता को अनलॉक करने से और भी तेजी से बढ़ने और विकास करने में मदद मिल सकती है।

## प्रदेश को मिलेगी 4.80 लाख एमटी डीएपी

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- **सरकार ने मांग के हिसाब से आवंटित किया अक्टूबर का लक्ष्य, प्लान तैयार**
- **यूरिया 5,03,500, एनपीके 2,84,900 व एमओपी 72,050 एमटी मिलेगी**

**अमृत विचार:** प्रदेश में रबी की फसलों के लिए उर्वरकों की कमी नहीं होगी। कृषि विभाग के आपूर्ति वितरण योजना के अनुसार सरकार ने अक्टूबर माह का लक्ष्य आवंटन कर दिया है। इसमें 4,80 लाख एमटी डीएपी और 5,03,500 एमटी यूरिया मिलेगी। एक-दो दिन में रैक आते स्टॉक जिलों को पहुंचेगा व जांच कराई जाएगी।

कृषि विभाग के उर्वरक वितरण योजना के अनुसार सरकार ने अक्टूबर का लक्ष्य आवंटित किया है। इसमें कुल डीएपी 4,80,000 एमटी, यूरिया 5,03,500 एमटी, एनपीके 2,84,900 एमटी व एमओपी 72,050 एमटी उपलब्ध कराई जाएगी। कृषि निदेशक जितेंद्र तोमर ने सभी जिलों को लक्ष्य सौंपा है। एक-दो दिन में कंपनियों द्वारा रैक के माध्यम से उर्वरक भेजी जाएगी। रबी फसलों में ज्यादा डीएपी की खपत होती है। जो पिछले वर्ष की अपेक्षा अतिरिक्त स्टॉक उपलब्ध कराया जाएगा। विभाग का दावा है कि कहीं पर किल्लत नहीं होगी। उपलब्धता होते ब्लॉकवार नोडल व सह नोडल अधिकारी नामित करके स्टॉक और वितरण की जांच कराई जाएगी। वहीं डीएपी के स्थान पर एनपीके और एसएसपी उर्वरक बेहतर विकल्प हैं। जो अधिक मात्रा में उपलब्ध है। यह दोनों उर्वरक खासकर दलहनी, तिहलनी व आलू के लिए अधिक उपयुक्त हैं। सभी में पोषकतत्व एक होते हैं। इनके दाम भी कम हैं।

## यूपीआई लेनदेन की संख्या 52% बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में त्वरित भुगतान प्रणाली यूपीआई के जरिये होने वाले लेनदेन की संख्या वर्ष 2024 के पहले छह महीनों में सालाना आधार पर 52% बढ़कर 78.97 अरब हो गई। भुगतान प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाता वर्ल्डलाइन ने गुरुवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। वर्ल्डलाइन ने जनवरी-जून, 2024 के लिए तैयार अपनी रिपोर्ट में कहा कि यूपीआई भुगतान का बाजार पर दबदबा कायम है और इसकी पहुंच तेजी बढ़ रही है। रिपोर्ट कहती है कि जनवरी, 2023 में यूपीआई लेनदेन की संख्या 8.03 अरब थी जो जून, 2024 तक बढ़कर 13.9 अरब हो गई।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### बच्चे की मौत पर राज्य और पुलिस प्रमुख को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने गुरुवार को कहा कि उसने अलीपुर इलाके में एक खुले नाले में कथित तौर पर गिरने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत के मामले में दिल्ली सरकार, शहर के पुलिस प्रमुख, डीडीए और एमसीडी को नोटिस जारी किए हैं। आयोग ने कहा कि हाल के दिनों में राष्ट्रीय राजधानी में यह पांचवीं ऐसी घटना है। उसने मीडिया की खबर पर स्वत: संज्ञान लिया है कि सात अक्टूबर को अलीपुर इलाके में खुले नाले में गिरने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई।

### रिश्वतखोरी के आरोप में जीएसटी अधिकारी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने अहमदाबाद शहर में रिश्वतखोरी के मामले में दो केंद्रीय जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) अधिकारियों और एक बिचौलिए को गिरफ्तार किया है। एसीबी ने गुरुवार को बताया कि आरोपियों की पहचान सीजीएसटी लेखा अधीक्षक मोहम्मद रिजवान शेख, सीजीएसटी निरीक्षक कुलदीप कुशवाह और बिचौलिए भौमिक सोनी के रूप में हुई है। द्वितीय श्रेणी के अधिकारी शेख ने हाल ही में सर्राफा व्यापार फर्म के मालिक को जुलाई 2017 से मार्च 2023 तक के उनके खातों का लेखा परीक्षण करने के लिए नोटिस जारी किया था। व्यापारी के खातों में त्रुटियों पर 35 लाख का जुर्माना देने को कहकर आरोपियों ने 1.25 लाख की रिश्वत मांगी थी।

### जबरन वसूली गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार

**जालंधर।** जालंधर ग्रामीण पुलिस ने अंतर-जिला वसूली गिरोह का भंडाफोड़ करके ब्लैकमेलिंग और पैसे ऐंठने में शामिल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में चन्ननविंडी के जोबनप्रीत सिंह, ढंडोवाल के राजेश उर्फ सनी, सैदपुर झरी के जसकरण गिल उर्फ जस्सा, संधवाल के बरजेश उर्फ मेशी, बाल्मीक मोहल्ला तलवान के बूटा सिंह उर्फ बूटा और मेहराजवाला की बरखा है। आरोपी कई जिलों में सक्रिय थे। जालंधर ग्रामीण के एसएसपी हरकमल प्रीत सिंह खख ने गुरुवार को कहा कि डीएसपी ओंकार सिंह बराड़ और एसपी जगरूप कौर बाठ की देखरेख में यह गिरफ्तारियां हुई।

### आग लगने से पटाखों में हुए विस्फोट से छह घायल

**होशियारपुर।** धार्मिक जुलूस के दौरान गुरुवार को बैग में रखे पटाखों में दुर्घटनावश आग लगने पर उसमें हुए विस्फोट से छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना प्रह्लाद नगर इलाके की है। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि आसपास की दुकानों, मकानों की खिड़कियां और कारें क्षतिग्रस्त हो गईं।

# हार पर दिग्गजों ने किया मंथन

## हरियाणा विस चुनाव : खरगे और राहुल ने समीक्षा के लिए की बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- **पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा व महासचिव सैलजा बैठक में नहीं हुए शामिल**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के कारणों पर गुरुवार को वरिष्ठ पर्यवेक्षकों तथा प्रभारी के साथ समीक्षा की। खरगे के आवास 10 राजाजी मार्ग पर हुई इस समीक्षा बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, इस चुनाव में वरिष्ठ पर्यवेक्षक की भूमिका निभाने वाले राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दो अन्य पदाधिकारी थे। प्रभारी दीपक बाबरिया वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े क्योंकि वह पिछले कुछ सप्ताह से अस्वस्थ हैं।


बैठक के बाद माकन ने कहा कि इस बैठक में हरियाणा के चुनाव नतीजों की समीक्षा की गई। आप लोग व मीडिया भी इस बात को मानते होंगे कि नतीजे अप्रत्याशित थे। एग्जिट पोल और असल नतीजों में जमीन और आसमान का फर्क था। अलग अलग कारण क्या हो सकते हैं, इस पर चर्चा की गई। उनका कहना था कि आगे के कदमों की जानकारी बाद में दी जाएगी। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा के नहीं शामिल होने पर माकन ने कहा कि जिनको बुलाया गया था, वो सभी आए थे।

### कांग्रेस बनाएगी तथ्यान्वेषी समिति

कांग्रेस हरियाणा चुनाव में अप्रत्याशित हार के कारणों का पता करने के लिए जल्द ही तथ्यान्वेषी समिति का गठन करेगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक में यह निर्णय किया गया। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी इस चुनाव परिणाम के कारणों के तह तक जाने और जवाबदेही तय करने को लेकर गंभीर हैं।

## जम्मू-कश्मीर के दूसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे उमर

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को गुरुवार को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया, ऐसे में वे जम्मू-कश्मीर के दूसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे। नेकां के नव-निर्वाचित विधायकों की श्रीनगर में हुई बैठक में अब्दुल्ला के विधायक दल के नेता के रूप में मंजूरी दी गई।



नेकां उपाध्यक्ष ने बैठक के बाद कहा कि मुझे अपना नेता चुनने के लिए मैं पार्टी विधायकों का आभारी हूं। हमें चार निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन मिला है और हम सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए अपने गठबंधन सहयोगी कांग्रेस से पत्र का इंतजार कर रहे हैं। अब्दुल्ला ने कहा कि कांग्रेस से पत्र मिलने के बाद वह सरकार गठन की तारीख तय करने के लिए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात करेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक अली मोहम्मद सागर ने घोषणा की कि अब्दुल्ला को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुन लिया गया है।

## बंगला विवाद : आतिशी की कार्टन के बीच काम करते तस्वीरें वायरल, भाजपा पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी**


अपने नए निवास पर काम करतीं मुख्यमंत्री आतिशी।

आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को कुछ तस्वीरें साझा कर दावा किया कि मुख्यमंत्री आतिशी अपने आवास पर सामान के कार्टन के बीच फाइलों पर दस्तखत कर रही हैं। इससे पार्टी ने दावा किया था कि मुख्यमंत्री से राष्ट्रीय राजधानी के 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगले को जबरन खाली कराया गया है।

एक्स पर तस्वीरें पोस्ट करते हुए आप नेता संजय सिंह ने भाजपा पर नवरात्रि में महिला मुख्यमंत्री का सामान उनके घर से फिंकवाने का भी आरोप लगाया। सिंह ने भाजपा पर मुख्यमंत्री आवास पर कब्जे का आरोप लगाया। उपराज्यपाल वीके सक्सेना के कहने पर आतिशी का सामान बंगले से हटाया गया। कालकाजी में रहने वाली आतिशी को तत्कालीन केजरीवाल सरकार में मंत्री बनने पर ये बंगला आवंटित हुआ था।

### चुनाव से पहले आप ने की विधायक निधि में पांच करोड़ रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** आप सरकार ने विधानसभा चुनावों से पहले गुरुवार को वार्षिक विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि को 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 15 करोड़ कर दिया। मुख्यमंत्री आतिशी ने दावा किया कि दिल्ली में विधायक निधि देश में सबसे अधिक है। उन्होंने बताया कि दिन में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में प्रति विधायक प्रति वर्ष पांच करोड़ रुपये की राशि बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

## दोहरे हत्याकांड के दोषी की मौत की सजा आजीवन कारावास में तबदील

**मुंबई, एजेंसी**



- **दोषसिद्धि को रखा बरकरार, बम्बई हाईकोर्ट ने कहा- मामला दुर्लभतम नहीं, इसलिए किया बदलाव**

बंबई हाईकोर्ट ने गुरुवार को दोहरे हत्याकांड के मामले में एक व्यक्ति की दोषसिद्धि को बरकरार रखा, लेकिन उसे सुनायी गयी मौत की सजा को यह कह कर आजीवन कारावास में बदल दिया कि यह मामला दुर्लभतम नहीं है। मुंबई में 2017 में एक किशोरी और दो साल की बच्ची को जलाकर मार डालने के मामले में सुनवाई करने वाली न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे एवं न्यायमूर्ति श्याम चांडक की पीठ ने कहा कि यह मामला दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता है।

पीठ ने कहा कि वह आरोपी दीपक जाट की दोषसिद्धि को बरकरार रखती है, लेकिन उसे सुनाई गई मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल रही है। अदालत ने कहा कि हमने माना है कि यह मामला दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता है। इस मामले में मौत की सजा ही एकमात्र सजा नहीं है। मामले की सुनवाई कर रही सत्र अदालत ने 2023 में दोषी को यह कहते हुये मौत की सजा सुनायी थी कि दीपक जाट ने जो अपराध किया है वह दुर्लभतम श्रेणी में आता है।

## डॉक्टरों का दुर्गा पूजा उत्सव के बीच अनशन जारी

**आरजी कर मामला**

**कोलकाता, एजेंसी**

आरजी कर अस्पताल में सहकर्मी से दुष्कर्म- हत्या के विरोध में आंदोलन कर रहे जूनियर डॉक्टरों ने दुर्गा पूजा उत्सव के बीच पांचवें दिन भी आमरण अनशन जारी रखा। कई मेडिकल कॉलेजों के नौ जूनियर डॉक्टर 108 घंटे से अनशन पर हैं। उन्होंने काम रोको हड़ताल खत्म करने के बाद शनिवार शाम को धर्मतल्ला के डोरीना चौराहे पर आमरण अनशन शुरू किया। राज्य सरकार ने बुधवार को प्रदर्शनकारियों के साथ बैठक की, लेकिन गतिरोध दूर करने में असफल रही। मुख्य सचिव मनोज पंत की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने आरोप लगाया कि उन्हें राज्य सरकार की ओर से मौखिक आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला।

### सीलबंद डिब्बे में खून से सने मिले सर्जिकल दस्ताने

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के कनिष्ठ चिकित्सक ने आरोप लगाया कि एक मरीज का इलाज करते समय उन्हें सीलबंद डिब्बे में खून से सने सर्जिकल दस्ताने मिले। ऐसे दस्ताने के उपयोग से संक्रमण हो सकता है। उन्हें ये दस्ताने उस समय मिले जब वह अस्पताल के ट्रॉमा केयर सेंटर में एक संक्रामक रोग से पीड़ित मरीज का इलाज कर रहे थे। राज्य स्वास्थ्य विभाग के केंद्रीय चिकित्सा आपूर्ति विभाग ने कहा कि वह जांच करेगा।

### बंगाल में हो रहे अन्याय से लड़ने को भाजपा प्रतिबद्ध : नड्डा

**कोलकाता।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी बंगाल में हो रहे अन्याय से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कोलकाता में दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचने के बाद यह बात कही। कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म-हत्या को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। नड्डा एक दिवसीय यात्रा के लिए पूर्वाह्न करीब 11 बजे कोलकाता पहुंचे। भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी भी उनके साथ थे।

## चुनाव जीतने के बाद माकपा और नेकां कर रहे गुंडागर्दी : इल्तिजा



**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने आरोप लगाया कि नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में जीत के बाद गुंडागर्दी कर रही हैं। पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने नेकां को जीत और उमर अब्दुल्ला को पार्टी का विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई दी, लेकिन साथ ही सवाल किया कि भारी बहुमत क्या गुंदागर्दी करने और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने के लिए मिला है। उन्होंने कहा कि श्रीगुफवाड़ा-बिजबेहरा से नेकां के निर्वाचित विधायक (बशीर वीरी) गुंडागर्दी में शामिल हैं। उनके नेता पीडीपी कार्यकर्ताओं के घरों की बाहरी दीवारों को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं। पीडीपी कार्यकर्ता की एक जगह को भी आग लगा दी गई।

## अरुणाचल : चिकित्सकों ने की एक महीने की बच्ची की दुर्लभ सर्जरी

- **आंख से जुड़ी दुर्लभ बीमारी रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमेच्योरिटी का किया इलाज**

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के नाहरलागून में टोमो रिबा स्वास्थ्य एवं मेडिकल विज्ञान संस्थान (टीआरआईएचएमएस) के चिकित्सकों ने आंख से जुड़ी दुर्लभ बीमारी रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमेच्योरिटी (आरओपी) प्लस से पीड़ित एक महीने की बच्ची का इलाज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लड़की को एनेस्थीसिया देकर इंट्राविटरियल एंटी-वीईजीएफ (वैस्क्युलर एंडोथेलियल ग्रोथ फैक्टर) का इलाज किया गया। टीआरआईएचएमएस के नेत्र रोग विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. तॉ एनी दीपू के नेतृत्व में एक टीम ने सर्जरी की।

## राज्यों को विकास संबंधी व्यय के लिए केंद्र ने दिए 1.78 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **केंद्रीय करों और शुल्कों की शुद्ध आय में से राज्यों की जारी की गई धनराशि**

केंद्र सरकार ने 10 अक्टूबर को राज्य सरकारों को 1,78,173 करोड़ रुपये का कर हस्तांतरण जारी किया है जबकि सामान्य मासिक हस्तांतरण 89,086.50 करोड़ है। इसमें अक्टूबर 2024 में देय नियमित किस्त के अलावा एक अग्रिम किस्त भी शामिल है।

वित्त मंत्रालय ने बताया कि राज्यों को विकास/कल्याण संबंधी व्यय को वित्तपोषित करने में सक्षम बनाने के लिए है। केंद्रीय करों और शुल्कों की शुद्ध आय में से राज्यों की राशि जारी हई है। आंध्र प्रदेश को 7,211 करोड़, अरुणाचल को 3,131, असम को 5,573, बिहार को 17,921, छत्तीसगढ़ को 6,070, गोवा को 688, गुजरात को 6,197, हरियाणा को 1,947, हिमाचल को 1,479, झारखंड को 5,892, कर्नाटक को 6,498, केरल को 3,430, मप्र को 13,987, महाराष्ट्र को 11,255, पंजाब को 3,220, राजस्थान को 10,737, तेलंगाना को 3,745, उत्तर प्रदेश को 31,962 करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं।

## शिल्पा-राज की अर्जी पर फैसले तक कार्रवाई नहीं

**मुंबई।** ईडी ने गुरुवार को बंबई हाईकोर्ट से कहा कि वह अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा को जारी बेदखली नोटिस पर तब तक कार्रवाई नहीं करेगा, जब तक अपीलीय न्यायाधिकरण संपत्ति की कुर्की से जुड़े आदेश को चुनौती देने वाली दंपती की अर्जी पर फैसला नहीं सुना देता। ईडी ने 27 सितंबर को शिल्पा एवं राज कुंद्रा को धन शोधन से जुड़े एक मामले में नोटिस जारी कर मुंबई के जुहू इलाके में स्थित उनका घर और पुणे का एक फार्महाउस खाली करने का निर्देश दिया था।

## हरियाणा के 96% विधायक करोड़पति 13% के खिलाफ आपराधिक मामले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **90 विधायकों में से 44% के पास 10 करोड़ से अधिक, सिर्फ 2.2% की संपत्ति 20 लाख से कम**

नवनिर्वाचित 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में 86 विधायक (96%) करोड़पति हैं जबकि 12 (13%) अपने खिलाफ आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। चुनाव संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के विश्लेषण से यह जानकारी सामने आई है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) एंड हरियाणा इलेक्शन वॉच ने सभी 90 उम्मीदवारों के हलफनामे का विश्लेषण करने के बाद बताते हैं कि करोड़पति विधायकों का आंकड़ा 2019 के 93% से बढ़कर इस बार 96% है। 90 विधायकों में से 44% के पास 10 करोड़ से अधिक की संपत्ति है जबकि सिर्फ 2.2% के पास 20 लाख रुपये से कम की संपत्ति है।

# स्टाफ को संयुक्त सचिव के निर्देश लेने से रोका

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने गुरुवार को आईओए स्टाफ को संयुक्त सचिव कल्याण चौबे और कार्यकारी परिषद के बाकी सदस्यों से कोई भी निर्देश लेने से रोक दिया। उन्होंने इसके साथ ही 25 अक्टूबर को होने वाली विशेष आमसभा (एसजीएम) के लिए चौबे द्वारा घोषित किए गए एजेंडा को अवैध और अनधिकृत करार दिया।

चौबे ने बुधवार को आईओए के आधिकारिक लेटरहेड पर एक सर्कुलर जारी किया जिसमें 25 अक्टूबर को होने वाली आमसभा की बैठक के लिए 26 एजेंडा शामिल किए गए थे। इनमें कथित संवैधानिक उल्लंघनों से जुड़े मामलों के लिए उषा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का विषय भी शामिल है। चौबे ने आईओए के संयुक्त सचिव और कार्यवाहक सीईओ के रूप में इस पर हस्ताक्षर किए थे। उषा ने घोषणा की कि चौबे कार्यवाहक सीईओ के पद पर नहीं हैं। जनवरी में रघुराम अय्यर के पद संभालने से पहले चौबे ने आईओए के कार्यवाहक सीईओ के रूप में कार्य किया था। उषा ने चौबे की कार्रवाई को अवैध और आईओए संविधान का उल्लंघन बताया। मैंने आईओए के संयुक्त सचिव को बैठक बुलाने या 25 को होने वाली एसजीएम का एजेंडा घोषित करने के लिए अधिकृत नहीं किया है। आईओए के एकमात्र सीईओ रघुराम अय्यर हैं।



● उषा ने अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को अवैध घोषित किया चौबे को लगाई लताड़

### बैठक को लेकर जारी नोटिस अवैध और अनाधिकृत

उषा ने कहा उस बैठक को लेकर जारी किया गया कोई भी अन्य एजेंडा या नोटिस अवैध और अनाधिकृत है। इसमें कल्याण चौबे द्वारा जारी किया गया नोटिस भी शामिल है। इसे दुर्भावनापूर्ण इरादे से जारी किया गया माना जाना चाहिए और इसकी उपेक्षा की जानी चाहिए। उषा ने कहा था कि अय्यर की नियुक्ति को कार्यकारी परिषद ने पांच जनवरी को एक बैठक में मंजूरी दे दी थी। केवल उनका वेतन ही एकमात्र ऐसा मुद्दा था जिस पर चर्चा होनी बाकी थी। चौबे सहित आईओए कार्यकारी परिषद के 12 सदस्यों (15 में से) ने सीईओ के रूप में अय्यर की नियुक्ति की पुष्टि करने से इनकार कर दिया था। उषा ने कहा मेरे संज्ञान में लाया गया है कि कल्याण चौबे ने आईओए के कार्यवाहक सीईओ के रूप में एसजीएम के लिए आधिकारिक आईओए स्टेशनरी का उपयोग करते हुए एजेंडा जारी किया है।

# नीतिश ने हरफनमौला प्रदर्शन का श्रेय गौतम गंभीर को दिया

नई दिल्ली। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी20 में भारत की 86 रन से जीत में बल्ले और गेंद से योगदान देने वाले हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी ने इसका श्रेय मुख्य कोच गौतम गंभीर को देते हुए कहा कि उनका लक्ष्य बांग्लादेशी स्पिनरों को निशाना बनाना था।

पिछली बार जब दोनों टीमों का मुकाबला यहां हुआ था तब भारत को बांग्लादेश ने हराया था। दूसरे टी-20 में भी पावरप्ले में भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज आउट हो गए थे लेकिन रेड्डी और रिंकू सिंह ने टीम को जीत तक पहुंचाया। दोनों ने चौथे विकेट के लिये 49 गेंद में 108 रन की साझेदारी की। रेड्डी ने 74 रन बनाए। रेड्डी ने वीडियो में कहा हम आपस में यही बात कर रहे थे कि कोई दबाव नहीं लेना है। हमने स्पिनरों को निशाना बनाने का लक्ष्य रखा था। ईमानदारी से कहूं तो इसका श्रेय गौतम सर को जाता है। उन्होंने काफी आत्मविश्वास दिया। उन्होंने मुझे कहा कि अपनी गेंदबाजी पर भरोसा रखो। गेंदबाजी करते समय गेंदबाज की तरह सोचो, ऐसे बल्लेबाज की तरह नहीं जो गेंदबाजी कर सकता है।

# भारत दौरे पर अपने तरीके से टीम को तैयार करेंगे लाथम

वेलिंगटन, एजेंसी

● 16 से भारत में शुरू हो रही तीन टेस्ट मैचों की शृंखला में कप्तान होंगे टॉम

न्यूजीलैंड के नए टेस्ट कप्तान टॉम लाथम ने कहा कि वह कार्यवाहक से पूर्णकालिक कप्तान बनने को लेकर उत्साहित है क्योंकि इससे भारत दौरे के लिये अपने तरीके से टीम तैयार कर सकेंगे। पिछले चार मैचों में न्यूजीलैंड के कप्तान रहे लाथम को पिछले सप्ताह टिम साउदी के कप्तानी छोड़ने के बाद पूर्णकालिक कप्तान बनाया गया है।

वह 16 अक्टूबर से भारत में शुरू हो रही तीन टेस्ट मैचों की शृंखला में टीम के कप्तान होंगे। 32 वर्ष के लाथम ने कहा पूर्ण कालिक कप्तान बनना खास अहसास है। वह बहुत सम्मान की बात है। मैं पहले कार्यवाहक कप्तान रह चुका हूं लेकिन अब हालात अलग है। अब मैं अपने तरीके से कुछ चीजें कर सकता हूं। एक टेस्ट टीम के तौर पर हमने अतीत में अच्छा प्रदर्शन किया है। हम कीवी मार्का क्रिकेट खेलने में कामयाब रहे हैं। यह शानदार टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी दोनों हैं। आने वाला समय रोमांचक और चुनौतीपूर्ण होगा।

भारत के खिलाफ शृंखला के मैच बेंगलुरु, पुणे और मुंबई में खेले जाएंगे। गैरी स्टीड न्यूजीलैंड टीम के मुख्य कोच होंगे जबकि ल्यूक रोंची बल्लेबाजी और जैकब ओरम गेंदबाजी कोच होंगे। श्रीलंका के रंगाना हेराथ स्पिन कोच होंगे।

## खेल डायरी

### पीकेएल : जयपुर पिंक पैंथर के कप्तान नियुक्त देशवाल

**जयपुर।** जयपुर पिंक पैंथर ने स्टार रैडर अर्जुन देशवाल को प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 11वें सीजन के लिए कप्तान बनाने की घोषणा की है। देशवाल ने आठवें सीजन में पिंक पैंथर में शामिल हुए थे। अर्जुन जल्द ही प्रशंसकों के बीच लोकप्रिय हो गए। उन्होंने अपने प्रदर्शन ने टीम को सीजन नौ में ट्रॉफी जीतने और सीजन दस में सेमीफाइनलिस्ट बनने में मदद की। अर्जुन ने कप्तान ने टीम का कप्तान बनाये जाने पर कहा मैं पीकेएल में एक और सीजन का इंतजार कर रहा हूं, टीम कड़ी मेहनत कर रही है और मैं इस टीम को आगे ले जाने के लिए उत्सुक हूं और उम्मीद है कि इस बार मैं जयपुर पिंक पैंथर्स को उनके तीसरे सिल्वरवेयर तक ले जाने में मदद कर सकूंगा। पिंक पैंथर का इस सीजन में पहला मुकाबला 20 को होगा।

### ग्रीस फुटबॉलर बाल्डॉक स्विमिंग पूल में मृत मिले

**ग्लाइफाडा (ग्रीस)।** इंग्लैंड में जन्मे ग्रीस के अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी जॉर्ज बाल्डॉक दक्षिणी एथेंस के ग्लिफाडा में अपने घर के स्विमिंग पूल में मृत पाए गए है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पुलिस ने बुधवार को घटनास्थल पर 31 वर्षीय बाल्डॉक को होश में लाने का प्रयास किया लेकिन उसे होश में नहीं लाया जा सका और चिकित्सा आपातकालीन इकाइयों ने खिलाड़ी की मौत की पुष्टि की। पुलिस ने कहा कि मौत का कारण अज्ञात है। बाल्डॉक सात साल तक ब्लेड्स में रहने के बाद गर्मियों में ग्रीस के पैनाथिनाइकोस क्लब में शामिल हुए थे।

### विस्ट्रॉन लेडीज ओपन में दीक्षा की निराशाजनक शुरुआत

**ताओयुआन (चीनी ताइपे)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने ताइवान एलपीजीए टूर पर विस्ट्रॉन लेडीज ओपन टूर्नामेंट के पहले दौर में छह ओवर 78 का कार्ड खेलकर निराशाजनक प्रदर्शन किया जिससे वह संयुक्त 97वें स्थान पर बनी हुई हैं। वहीं स्विट्जरलैंड की खिलाड़ी चियारा टम्बुरलिनी और चोनलाडा चायनुन ने छह अंडर पार से संयुक्त पहले स्थान पर बनी हुई हैं। दीक्षा ने दसवें होल पर शुरुआत बोगी से की और फिर 18वें होल पर डबल बोगी कर गई। उन्होंने तीसरे होल पर दिन की एकमात्र बर्डी लगाने के बाद चौथे होल पर ट्रिपल बोगी और आठवें होल पर बोगी कर दी। इस तरह उनका कुल स्कोर छह ओवर रहा। दीक्षा अब कट में जगह बनाने से चूक सकती हैं।

### हीरो महिला इंडिया ओपन में दीक्षा करेंगी अगुवाई

**नई दिल्ली।** अनुभवी दीक्षा डागर इस महीने होने वाले हीरो महिला इंडिया ओपन 2024 में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी जबकि लेडीज यूरोपीय टूर आर्डर आफ मेरिट में शीर्ष पर काबिज स्विटरजलैंड की चियारा ताम्बुरलिनी खिताब के प्रबल दावेदारों में होंगी। यह टूर्नामेंट 24 से 27 अक्टूबर तक गुरूग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब पर खेला जाएगा। इसमें कुल ईनामी राशि चार लाख डॉलर होगी। पिछले साल तीसरे स्थान पर रही दीक्षा के अलावा आठवें स्थान पर रही गौरिका बिश्नोई प्रमुख भारतीय खिलाड़ियों में हैं। आयोजकों द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार तीन पूर्व चैंपियन क्रिस्टीन वोल्फ (2019), कामिले चेवालियर (2017) और कैरोलिन हेडवाल भी इसमें भाग लेंगी।

### भारतीय पुरुष टीम ने एशियाई टेबल टेनिस में कांस्य जीता

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष टीम गुरुवार को कजाकिस्तान के अस्ताना में चल रही एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में चीनी ताइपे से 0-3 से हार गई जिससे उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय महिला टीम ने बुधवार को इसी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था जो 1972 से शुरू हुई इस चैम्पियनशिप के इस वर्ग में देश का पहला पदक है। विश्व रैंकिंग में 42वें नंबर पर काबिज दिग्गज अचंता शरत कमल को दुनिया के सातवें नंबर के प्रतिद्वंद्वी लिन युन जू से कड़ी चुनौती मिली और वह 11-7, 12-10, 11-9 से पराजित हो गए। इसके बाद मानव ठक्कर को दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी काओ चेंग-जुई से शिकस्त झेलनी पड़ी। चीनी ताइपे के इस खिलाड़ी ने ठक्कर को 11-9, 8-11, 11-3, 13-11 से हरा दिया। भारतीय टीम 0-2 से पिछड़ रही थी। तीसरे मैच में हरमीत देसाई को भी निराशा का सामना करना पड़ा जो हुआंग यान-चेंग से 6-11, 9-11, 7-11 से हार गए। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने कहा हार के बावजूद भारतीय पुरुष टीम गर्व महसूस कर सकती है क्योंकि इस प्रतिष्ठित एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है।

# नडाल के साथ विदा होगा एक युग

## अगले महीने डेविस कप फाइनल्स के बाद टेनिस से संन्यास लेंगे राफेल नडाल

मैड्रिड, एजेंसी

22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने गुरुवार को घोषणा की कि वह अगले महीने होने वाले डेविस कप फाइनल्स के बाद टेनिस को अलविदा कह देंगे। 38 वर्ष के नडाल से अधिक ग्रैंडस्लैम पुरूष वर्ग में नोवाक जोकोविच (24) ने जीते हैं जबकि रोजर फेडरर 20 बार विजेता रहे हैं। तीनों टेनिस के बिग थ्री कहे जाते रहे हैं।

स्पेन के नडाल ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। उन्होंने संकेत दिया कि उन्होंने यह फैसला लगातार चोटों के कारण लिया है। नडाल ने कहा मैने जो कुछ भी अनुभव किया है, वह सपना सच होने जैसा है। मैं इस इत्मीनान के साथ जाऊंगा कि मैने अपनी ओर से पूरा प्रयास किया और सर्वश्रेष्ठ दिया। हकीकत यह है कि पिछले कुछ साल काफी कठिन रहे, खासकर पिछले दो साल। यह कठिन फैसला था जिसे लेने में मुझे कुछ समय लगा, लेकिन जीवन में हर चीज की एक शुरूआत और एक अंत होता है। लाल बजरी के बादशाह कहे जाने वाले नडाल ने लाल कोर्ट पर रिकॉर्ड 14 फ्रेंच ओपन खिताब जीते। रोलां गैरो कोर्ट के प्रवेश द्वार पर नडाल की प्रतिमा इसकी गवाह है कि उन्होंने इस पर अपने प्रदर्शन की छाप किस कदर छोड़ी है।



नडाल ने चार बार अमेरिकी ओपन और दो-दो बार विंबलडन और ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता है। उन्होंने आखिरी ग्रैंडस्लैम 2022 ऑस्ट्रेलियाई ओपन जनवरी में और जून में फ्रेंच ओपन जीता था। फेडरर ने 2022 सत्र के आखिर में 41 वर्ष की उम्र में संन्यास का ऐलान किया था। नडाल ने फेडरर और जोकोविच के खिलाफ खेलते हुए तस्वीरों के बीच कहा मैं समूचे टेनिस जगत और खेल से जुड़े हर व्यक्ति खासकर अपने पुराने प्रतिद्वंद्वियों को धन्यवाद देना चाहता हूं। डेविस कप के जरिये विदा लेने को लेकर वह काफी रोमांचित है। डेविस कप फाइनल्स स्पेन के मालागा में 19 नवंबर से खेला जाएगा। नडाल ने पेरिस ओलंपिक के बाद से नहीं खेला है जिसमें वह एकल वर्ग में जोकोविच से हार गए थे। मुझे लगता है कि यह उस कैरियर पर विराम लगाने का सही समय है जो इतना लंबा रहा और मैने जितना सोचा था, उससे ज्यादा सफल भी।

### फ्रेंच ओपन के बाद टेनिस को अलविदा कह देंगे रिचर्ड गास्केट

**पेरिस।** फ्रांस के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रिचर्ड गास्केट ने गुरुवार को कहा कि वह अगले साल होने वाले फ्रेंच ओपन के बाद संन्यास ले लेंगे। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी को अपने एक हाथ से लगाए गए बैकहैंड के लिए जाना जाता है लेकिन वह अभी तक अपने करियर में कोई ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं जीत पाए हैं। गास्केट ने कहा मैं अगले साल फ्रेंच ओपन के बाद खेलना बंद कर दूंगा। मेरा मानना है कि यह मेरे लिए टेनिस से संन्यास लेने का सबसे उपयुक्त समय होगा। संन्यास लेने के लिए यह सर्वश्रेष्ठ टूर्नामेंट है। फ्रांस का खिलाड़ी होने के कारण हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें इस अविश्वसनीय टूर्नामेंट में संन्यास लेने का मौका मिलता है। खेल को अलविदा कहना आसान नहीं होता है जैसा कि सभी पूर्व खिलाड़ी कहा करते थे। आप नहीं जानते कि आपके करियर का कब और कहां अंत होगा।

# सिनर शंघाई मास्टर्स के सेमीफाइनल में, गॉफ वुहान ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**शंघाई।** इटली के शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक सिनर ने गुरुवार को यहां शंघाई मास्टर्स में पांचवीं रैंकिंग के दानिल मेदवेदेव को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



सिनर का यह सत्र का पांचवां एटीपी मास्टर्स सेमीफाइनल है। सिनर ने सिर्फ एक ब्रेक प्वाइंट का सामना किया और रूसी खिलाड़ी को 6-1, 6-4 से शिकस्त दी। अब उनका सामना दूसरे रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और टॉमस मचाक के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। वहीं वुहान ओपन में कोको गॉफ ने एक घंटे से ज्यादा चले मुकाबले में 17वीं रैंकिंग की मार्टा कास्तयुक को 6-4, 6-1 से शिकस्त देकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। गॉफ का सामना 45वीं रैंकिंग की माग्डा लिनेटे से होगा जिन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त दारिया कसातकिना को 6-2, 6-3 से हराया। तीसरी रैंकिंग जेसिका पेगुला को 51वीं रैंकिंग की वांग जिन्यु से 3-6, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। हेली बापटिस्टे को इकेटरीना एलेक्सांद्रोवा ने 6-1, 6-1 से पराजित किया। पेरिस ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने लेला फर्नांडिज को 5-7, 6-3, 6-0 से और छठी रैंकिंग की जैस्मिन पाओलिनी ने एरिका आंद्रीवा को 6-3, 6-2 से शिकस्त दी।

# स्मृति और मैं पूर्व निर्धारित योजना के साथ नहीं उतरते : शेफाली वर्मा

**दुबई।** भारतीय बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि वह और उनकी सलामी जोड़ीदार स्मृति मंधाना किसी विशेष प्रकार की गेंदबाजी के लिए मैदान पर पूर्व निर्धारित योजना के साथ मैच में नहीं उतरतीं जिससे उन्हें सफलता हासिल करने में मदद मिली है।

इन दोनों ने बुधवार को श्रीलंका पर भारत की 82 रन की शानदार जीत के दौरान 98 रन की साझेदारी की। मंधाना ने 50 रन की अपनी पारी के दौरान स्पिनरों को निशाना बनाया क्योंकि पहले वह आमतौर पर स्पिनरों को खेलने के लिए शेफाली पर निर्भर रहती थी। शेफाली ने मैच के बाद कहा जैसा कि आपने कहा कि हमारा संयोजन बहुत अच्छा है। अब हम पहले से तय नहीं रहते। जो भी उस दिन गेंद से बल्ला अच्छी तरह कनेक्ट कर रहा होता है तो हम उसे ज्यादा गेंद खेलने देते हैं। अभी वह स्पिनरों को बहुत अच्छी तरह से हिट कर रही है।

### पिता के निधन के कारण पाकिस्तान लौटेगी की फातिमा

**दुबई।** पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मैच में नहीं खेल पाएगी क्योंकि वह अपने पिता के निधन के कारण स्वदेश लौट रही हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि वह फातिमा की जल्द से जल्द स्वदेश लौटने की व्यवस्था कर रहा है। उनके पिता का गुरुवार की सुबह निधन हो गया था। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले मैच में नहीं खेल पाएगी। उनकी अनुपस्थिति में उप कप्तान मुनीबा अली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम की अगुवाई करेगी। 22 वर्षीय फातिमा ने टूर्नामेंट में अभी तक बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

# इंग्लैंड के 823 रन, बुक का तिहरा शतक

मुल्तान, एजेंसी

● टेस्ट क्रिकेट का 2553वां मैच रिकॉर्ड बुक में हुआ दर्ज

● 1997 में भारत के खिलाफ श्रीलंका ने बनाए थे 952 रन




पाकिस्तान के खिलाफ विकेट लेने क बाद जश्न मनातीं इंग्लैंड की टीम। ● एजेंसी

टेस्ट क्रिकेट का 2553वां मैच रिकॉर्ड बुक में हमेशा अपना विशेष स्थान बनाए रखेगा क्योंकि इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ यहां खेले जा रहे मैच में अपनी पहली पारी सात विकेट पर 823 रन बनाकर समाप्त घोषित करके कुछ नए रिकॉर्ड बनाए।

यह टेस्ट क्रिकेट में केवल चौथा अवसर है जबकि किसी टीम में 800 से अधिक रन बनाए। यह टेस्ट क्रिकेट में चौथा बड़ा स्कोर भी है। रिकार्ड श्रीलंका के नाम पर है जिसने 1997 में भारत के खिलाफ छह विकेट पर 952 रन बना कर अपनी पारी समाप्त घोषित की थी। श्रीलंका ने तब टेस्ट क्रिकेट में सर्वोच्च स्कोर के इंग्लैंड के रिकॉर्ड को तोड़ा था जिसने 1938 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पारी सात विकेट पर 903 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। इंग्लैंड ने इससे पहले 1930 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 849 रन बनाए थे। जो रूट ने 262 रन बनाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। इस दौरान वह इंग्लैंड की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने एलिस्टेयर कुक को पीछे छोड़ा। वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, जाक कैलिस और राहुल द्रविड़ के बाद पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। हैरी ब्रूक ने 317 रन की बड़ी पारी खेली जो टेस्ट क्रिकेट में किसी एक पारी में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर की सूची में संयुक्त रूप से 20वें नंबर पर है। वह टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले इंग्लैंड के छठे बल्लेबाज बन हैं। यह 1990 में ग्राहम गूच के भारत के खिलाफ लगाए गए तिहरे शतक के बाद पहला अवसर है जबकि इंग्लैंड के किसी बल्लेबाज ने यह उपलब्धि हासिल की।

## बॉलीवुड हलचल

# भूल भुलैया 3 के ट्रेलर ने बनाया रिकॉर्ड, 24 घंटे में 155 मिलियन व्यूज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फ़िल्म भूल भुलैया 3 के ट्रेलर ने रिकॉर्ड बना दिया है और 24 घंटे में 155 मिलियन से ज्यादा व्यूज हासिल कर लिए हैं। भूल भुलैया 3 का ट्रेलर अब रिलीज हो गया है और यह हर जगह पसंद किया जा रहा है। फिल्म की टीम ने राज मंदिर सिनेमा जयपुर में ट्रेलर के साथ प्रमोशनल कैंपेन की शुरुआत की, जिसके चलते फिल्म को लेकर चर्चा जोरों पर है। ट्रेलर ने सिर्फ 24 घंटे में 155 मिलियन व्यूज हासिल कर लिए हैं, जो इसे सबसे ज्यादा देखा जाने वाला ट्रेलर बनाता है। इसे हर तरफ से काफी तारीफ मिल रही है और यह अब तक का सबसे ज्यादा देखा गया ट्रेलर बन गया है, जिसने सिर्फ 24 घंटे में 155 मिलियन से ज्यादा व्यूज हासिल किए है। कार्तिक आर्यन के साथ तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित भी नज़र आएंगी। इसे अनीस बज्मी ने निर्देशित किया है और भूषण कुमार ने इसे प्रोड्यूस किया है। 1 नवंबर को ग्रैंड रिलीज में लिए तैयार है।






# 70 बरस की हुई अभिनेत्री रेखा, 1966 में आई थी पहली फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री रेखा आज 70 वर्ष की हो गई। 10 अक्टूबर 1954 को मद्रास में जन्मीं रेखा (मूल नाम भानुरेखा गणेशन) को अभिनय की कला विरासत में मिली रेखा के पिता जैमिनी गणेशन अभिनेता और मां पुष्पावली जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री थीं। घर में फिल्मी माहौल से रेखा का रूझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेत्री बनने के ख्वाब देखने लगीं। रेखा ने अपने करियर की शुरूआत बाल कलाकार के रूप में वर्ष 1966 में प्रदर्शित तेलुगु फिल्म रंगुला रतनम से की। रेखा ने अभिनेत्री के रूप में अपने करियर की शुरूआत कन्नड़ फिल्म गोदाली सी .आई .डी 999 से की। फिल्म में उनके नायक की भूमिका सुपरस्टार डा .राजकुमार ने निभाई थी। हिंदी फिल्मों में रेखा ने अनजाना फिल्म से अपने अभिनय की शुरूआत की। अरसे बाद यह फिल्म दो शिकारी के नाम से प्रदर्शित हुई। फिल्म टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई। बतौर अभिनेत्री के रुप में उनके सिने करियर की शुरूआत 1970 में प्रदर्शित फिल्म सावन भादो से हुई। फिल्म में उनके नायक की भूमिका नवीन निश्चल ने निभाई। वर्ष 1976 में प्रदर्शित फिल्म दो अनजाने उनके करियर की महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुयी। सही मायनों में अभिनेत्री के रूप में उनकी यह पहली फिल्म थी। इस फिल्म में पहली बार उन्हें अमिताभ बच्चन के साथ काम करने का मौका मिला। वर्ष 1978 में प्रदर्शित फिल्म घर रेखा के सिने करियर के लिये अहम फिल्म साबित हुयी। इस फिल्म में दमदार अभिनय के लिये वह पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित की गईं।

# रतन टाटा ने अमिताभ को लेकर बनाई थी ऐतबार

**मुंबई।** प्रसिद्ध उद्योगपति एवं टाटा संस के मानद अध्यक्ष पद्म विभूषण रतन एन टाटा ने महानायक अमिताभ बच्चन को लेकर फिल्म ऐतबार बनाई थी। भारत मे दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का बुधवार की रात निधन हो गया। वैसे तो उन्हें उद्योगपति के तौर पर जाना जाता है लेकिन रतन टाटा ने एक बॉलीवुड फिल्म को भी प्रोड्यूस किया था। रतन टाटा ने वर्ष 2004 में फिल्म प्रोडक्शन में कदम रखा। उन्होंने टाटा इन्फोमीडिया के बैनर तले साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म ऐतबार बनाई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, जॉन अब्राहम, बिपाशा बासु और सुप्रिया पिलगांवकर की अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म का निर्देशन विक्रम भट्ट ने किया था। फिल्म ऐतबार वर्ष 1996 में प्रदर्शित अमेरिकन फिल्म फियर से प्रेरित थी। फिल्म ऐतबार में अमिताभ ने एक ऐसे प्रोटेक्टिव पिता का किरदार निभाया था, जो बेटी को उसके सनकी और खतरनाक बॉयफ्रेंड से बचाने के लिए किसी भी हद तक चला जाता है। यह फिल्म अपनी लागत भी वसूल नहीं कर पाई। रतन टाटा को काफी कसान हुआ था। इस फिल्म के बाद रतन टाटा ने अपनी जिंदगी में कभी कोई फिल्म नहीं बनाई। इस तरह ऐतबार रतन टाटा की बनाई गई पहली और आखिरी फिल्म साबित हुई।



# रणजी में यूपी आज बंगाल के खिलाफ शुरू करेगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● राजधानी में 18 साल के बाद दोनों टीमें होगी आमने-सामने

**अमृत विचार :** रणजी के रण में यूपी टीम शुक्रवार से अभियान की शुरुआत इकाना स्टेडियम में करेगी। इस बार पहले मुकाबले में उसके सामने पश्चिम बंगाल की टीम होगी। लखनऊ में 18 साल बाद यह दोनों टीमें एक-दूसरे के आमने-सामने होगी।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 18 वर्ष पूर्व इस टीम को फाइनल में हरा कर यूपी टीम चैंपियन बनी थी। इस मुकाबले के लिए यूपी टीम ने पिछले दस दिनों से इकाना स्टेडियम में अभ्यास कर रही थी। उधर, पश्चिम बंगाल टीम भी इस सत्र में जीत से आगाज करना चाहेगा। पिछले सत्र में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। मुकाबले से एक दिन पूर्व भी दोनों टीमों ने आज इकाना स्टेडियम में जमकर अभ्यास किया। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने इस बार यूपी टीम की कमान विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यन जुयाल को सौंपी हैं। आर्यन ने पिछले रणजी सत्र में सबसे अधिक रन बनाये थे।


### टीमें इस प्रकार हैं

**उत्तर प्रदेश :** आर्यन जुयाल (कप्तान), आदित्य शर्मा, आकिब खान, स्वास्तिक चिकारा, प्रियम गर्ग, माधव कौशिक, कृतज्ञ सिंह, अक्षदीप नाथ, विप्रज निगम, अंकित राजपूत, नीतिश राना, सौरभ कुमार, शिवम शर्मा, सिद्धार्थ यादव, विजय कुमार, यश दयाल।

**पश्चिम बंगाल :** ए. मजूमदार (कप्तान), अभिषेक पोरेल, आकाश दीप, सुदीप चटर्जी, डब्ल्यू. चटर्जी, अभिमन्यु ईश्वरन, आमिर गनी, सुदीप कुमार घरामी, एवलिन घोष, सूरज सिंधु जायसवाल, मोहम्मद कैफ, मुकेश कुमार, प्रदीपता प्रमनिक, रिषव विवेक, रोहित कुमार, रिद्धिमान साहा, शाहबाज अहमद, शुवम डे, युद्धजीत।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# मोदी ने रामायण का लाओ संस्करण देखा, बौद्ध भिक्षुओं से लिया आशीर्वाद



लाओस में बौद्ध भिक्षुओं को नमन करते प्रधानमंत्री मोदी।

## आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए लाओस पहुंचे प्रधानमंत्री, आध्यात्मिक गुरुओं से मिले

विएंतियान, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को रामायण के लाओ संस्करण की प्रस्तुति देखी, जो भारत और लाओस के बीच साझा विरासत एवं सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए लाओस की राजधानी में हैं।

विएंतियान पहुंचने के बाद उन्होंने लाओ रामायण फलक फालम या फ्रलक फ्रराम की एक कड़ी का मंचन देखा, जिसे प्रतिष्ठित रॉयल थिएटर ऑफ लुआंग प्रबांग के कलाकारों ने प्रस्तुत किया। फ्रलकफ्रराम डॉट कॉम के मुताबिक, लाओ रामायण मूल भारतीय संस्करण से अलग है। बौद्ध समूहों के माध्यम से यह 16वीं शताब्दी के आसपास लाओस पहुंचा था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि साझा विरासत और परंपरा दोनों देशों को करीब ला रही है... यह प्रस्तुति भारत-लाओस के समृद्ध और साझा जुड़ाव का एक उत्कृष्ट प्रदर्शन थी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि लाओस में आज भी रामायण का मंचन किया जाता है और यह महाकाव्य दोनों देशों के बीच साझा विरासत और सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों को दर्शाता है। लाओस में सदियों



रामायण फलक फालम की एक कड़ी का मंचन देखते प्रधानमंत्री।

से भारतीय संस्कृति और परंपरा के विभिन्न पहलुओं का पालन एवं संरक्षण किया जा रहा है। इसमें कहा गया है कि दोनों देश अपनी साझा विरासत को रोशन करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। इससे पहले, मोदी ने लाओ पीडीआर के केंद्रीय बौद्ध फेलोशिप संगठन के वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओं के आशीर्वाद समारोह में हिस्सा लिया।

### क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने पर चर्चा की

**वियतनाम।** आसियान और एआईपीए के सदस्य देशों के नेताओं ने आसियान समुदाय के भीतर जुड़ाव और लचीलेपन को मजबूत करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बैठक की। लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्से शिफानडोन ने आसियान के भीतर वर्तमान विकास की रूपरेखा तैयार की, जिसमें आसियान समुदाय विजन 2025 को लागू करने में प्रगति और अध्यक्षता के तहत वर्ष 2024 के लिए आसियान प्राथमिकताओं की पूर्ति पर प्रकाश डाला गया।

# स्कूल पर हवाई हमला, 28 की मौत

## मध्य गाजा पट्टी में गई महिलाओं और बच्चों की जान, इजराइल ने कहा- आतंकवाद का केंद्र था स्कूल

काहिरा, एजेंसी

मध्य गाजा पट्टी में विस्थापित व्यक्तियों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर गुरुवार अपराह्न इजराइली हवाई हमले में कम से कम 28 फिलिस्तीनी मारे गये और 54 अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी (पीआरसीएस) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि उसकी टीमों ने दीर अल-बलाह शहर में पीआरसीएस मुख्यालय के पास स्थित राफिदा स्कूल को इजराइली सेना द्वारा निशाना बनाये जाने के बाद हताहतों की मदद की।

चिकित्सा कर्मियों ने बताया कि एम्बुलेंस कर्मियों और नागरिक सुरक्षा तंत्र ने बच्चों और महिलाओं सहित कई लोगों के शव बरामद किये, जिनमें से कुछ के शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गये थे। इस बीच, इजराइली सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उसने दीर अल-बलाह में राफिदा स्कूल के परिसर में एक कमांड और नियंत्रण केंद्र के अंदर आतंकवादियों को निशाना बनाकर सटीक हमला किया। सेना ने बताया कि इस केंद्र का इस्तेमाल इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के सैनिकों और इजरायल के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए किया गया था। उसने हमास पर नागरिक आबादी के भीतर से काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के जोखिम को कम करने के लिए कई कदम उठाये गये, जिसमें गोला-बारूद का सटीक उपयोग, हवाई निगरानी और अतिरिक्त खुफिया जानकारी (हमले से पहले) शामिल हैं। गाजा में संघर्ष सात अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायल पर हमास के हमले के कारण शुरू हुआ, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गये और लगभग 250 बंधक बनाये गये थे। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, हमास के हमले के जवाब में गाजा में चल रहे इजराइली सैन्य अभियानों में 42,065 लोगों की मौत हुई है और 97,886 अन्य घायल हुए हैं।



स्कूल की ध्वस्त हुई बिल्डिंग से बाहर भागते बच्चे व अन्य लोग।

### इजराइल पर 360 गोले दागे

**यरूशलम।** इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्लाह ने इजराइल की ओर 360 गोले दागे, जिनमें से लगभग 220 इजराइली क्षेत्र में पहुंचे। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, 9 अक्टूबर 23:00 बजे तक, हिजबुल्ला आतंकवादी संगठन ने लेबनान से इजराइली क्षेत्र की ओर 360 गोले दागे, जिनमें से लगभग 220 गोले इजराइल में प्रवेश कर गए। इसने कहा कि वह इजरायल और उसके लोगों की रक्षा करता रहेगा।

### तुर्किये की नौसेना ने बेरूत से अपने नागरिकों को निकालना शुरू किया

**बेरूत।** इजराइल और हिजबुल्ला के बीच जारी संघर्ष के कारण तुर्किये ने अपने नागरिक को वहां से सुरक्षित बाहर निकालने के लिए नौसेना का जहाज भेजा और बुधवार देर रात तुर्की के 2,000 से अधिक नागरिक और कुछ विदेशी लोग इस पर सवार हुए। तुर्की के दक्षिण-पूर्वी शहर मार्डिन की निवासी जेहरा सिब्बिन अन्य शरणार्थियों के साथ बस से उतरीं। उनके साथ उनके दो बच्चे थे और उनके हाथ में सामान था। वह अपने लेबनानी पति के साथ बेरूत में रहती हैं। सिब्बिन (46) ने कहा, इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने हमारे घर के नीचे वाली गली में बमबारी की। उस पल तो मुझे लगा कि सब कुछ खत्म हो गया।मैंने कहा कि मैं अब बेरूत में नहीं रहना चाहती।

### दक्षिणी लेबनान के असैन्य सुरक्षा केंद्र पर पांच स्वास्थ्यकर्मियों की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के दरदघया शहर में बुधवार को एक लेबनानी असैन्य सुरक्षा केंद्र पर इजराइली हवाई हमले में वहां कार्यरत पांच स्वास्थ्यकर्मी मारे गए। नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता एली खैरल्ला ने यह जानकारी दी। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी एक बयान में इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि इजराइल ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों, मानदंडों और मानवीय समझौतों की अवहेलना करते हुए बुधवार की रात फिर से बचाव दल और एम्बुलेंस कर्मचारियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। खैरल्ला ने बताया कि पीड़ितों में लेबनानी असैन्य सुरक्षा केंद्र में 'टायर रिजनल सेंटर' के प्रमुख अब्दुल्ला अल-मौसावी भी शामिल हैं।

# अमेरिका से लेकर ब्रिटेन तक टाटा को श्रद्धांजलि


- लंदन में इंडिया आल पार्टी पार्लियामेंटरी ग्रुप ने किया याद

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने जानेमाने उद्योगपति रतन टाटा के 86 वर्ष की आयु में निधन की मुंबई से सूचना आने पर उनकी स्मृति में कुछ पल का मौन रखा। बुधवार को लंदन में संसद भवन के पास भारतीय उच्चायोग और इंडिया आल पार्टी पार्लियामेंटरी ग्रुप (एपीपीजी) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित पूर्व-निर्धारित दिवाली कार्यक्रम के दौरान, दोरईस्वामी ने टाटा समूह के अध्यक्ष को भारत-ब्रिटेन साझेदारी का महान समर्थक बताते हुए श्रद्धांजलि दी।

सांसदों, उद्यमियों और समुदाय के नेताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए दोराईस्वामी ने कहा मैं बहुत दुख के साथ भारत के जानेमाने उद्योगपतियों में से एक रतन टाटा के निधन की खबर साझा कर रहा हूं। उनके लिए मुंबई/भारत और लंदन/ब्रिटेन दोनों ही घर थे।

उन्होंने भारत-ब्रिटेन साझेदारी की भावना को हर चीज में समाहित किया - एयर इंडिया से लेकर, जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) से ताज होटल से लेकर टाटा स्टील तक वास्तव में हर चीज में, जिसमें ब्रिटेन में एक बैटरी कारखाने में निवेश का उनका निर्णय भी शामिल है।



### गूगल के सीईओ सुंदर पिचई बोले- प्रेरणादायक था दृष्टिकोण

**वाशिंगटन।** गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, रतन टाटा के साथ गूगल में मेरी आखिरी मुलाकात में हमने वेमो की प्रगति के बारे में बात की और उनका दृष्टिकोण प्रेरणादायक था। वह एक असाधारण व्यवसाय और परोपकारी विरासत छोड़ गए हैं। उन्होंने भारत में आधुनिक व्यावसायिक नेतृत्व को मार्गदर्शन प्रदान करने और विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमेरिका-भारत व्यापार परिषद के अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा कि पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा भारत के अद्वितीय और महान पुत्र, कुलीनता और उदारता के प्रतीक थे।

## एक नजर

### पूर्व सांसद मोहिबुर रहमान न्यायिक हिरासत में

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व सांसद मोहिबुर रहमान माणिक को अगले सोमवार को उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई होने तक गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई है। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, माणिक को सुनामगंज के न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मद आलमगीर की अदालत में पेश किया गया जहां उन्हें सुनामगंज जिला जेल में स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया। पूर्व सांसद को मंगलवार रात ढाका के बशुंधरा आवासीय क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था। ।

### ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज के प्रस्ताव को किया खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अक्टूबर के अंत में राष्ट्रपति पद के लिए बहस की मेजबानी करने के फॉक्स न्यूज के प्रस्ताव को खारिज किया और दावा किया कि तत्कालीन डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बाइडन और वर्तमान डेमोक्रेटिक उम्मीदवार उम्मीदवार कमला हैरिस के खिलाफ पिछली दो जीत के बाद बहस करने के लिए कुछ भी नहीं बचा है। ट्रम्प ने बुधवार को ट्रुथ सोशल के माध्यम से कहा, मैंने पिछली दो बहसें जीतीं... प्रक्रिया में बहुत देर हो चुकी है, मतदान पहले ही शुरू हो चुका है और यह दोबारा नहीं होगा।

### सीमा अवरुद्ध करने पर द. कोरिया ने की निंदा की

**सोल।** दक्षिण कोरियाई एकीकरण मंत्रालय ने उत्तर कोरिया की ओर से सीमावर्ती राज्य के साथ सभी सड़क और रेल संपर्क काटने के निर्णय की गुरुवार को कड़ी निंदा की। दक्षिण कोरिया ने इसे एकीकरण विरोधी कृत्य बताया है। योनहाप समाचार एजेंसी ने मंत्रालय के हवाले से कहा हम उत्तर कोरिया के इस कदम की कड़ी निंदा करते हैं, क्योंकि यह एकीकरण विरोधी और राष्ट्र विरोधी कृत्य है, जो उत्तर कोरिया में हमारे लोगों और निवासियों की एकीकरण की आकांक्षा को नकारता है। उत्तर कोरियाई जनरल स्टाफ ने बुधवार को कहा है कि उनका इरादा दक्षिण कोरिया के साथ अपने क्षेत्र को जोड़ने वाले सभी राजमार्गों और रेलमार्गों को अवरुद्ध और बंद करने का है और क्षेत्र में अपने रक्षात्मक ढांचे को मजबूत करना है।

### पाकिस्तान में विस्फोट तीन पुलिसकर्मी घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को एक बम विस्फोट में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गये। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बाजौर पुलिस के सूत्रों के हवाले से बताया कि यह घटना प्रांत के बाजौर जिले में हुई जब नियमित गश्त के दौरान पुलिस के वाहन के पास सड़क किनारे एक बम विस्फोट हुआ। बम हमले के निशाने पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जांच चल रही है। घटना के बाद, सुरक्षा बल और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को जिले के नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और आतंकवादी हमले के अपराधियों को पकड़ने के लिए आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

## ताइवान ने चीन की धमकियों के बीच मनाया अपना राष्ट्रीय दिवस

**ताइपे।** ताइवान ने चीन से मिलने वाली धमकियों के बीच गुरुवार को अपना राष्ट्रीय दिवस मनाया। चीन स्वशासित द्वीपीय गणराज्य को अपना क्षेत्र बताकर उस पर दावा करता रहा है। यह उत्सव चीन गणराज्य की स्थापना का प्रतीक है, जिसने 1911 में छिंग राजवंश को उखाड़ फेंका था। 1949 में गृह युद्ध के बाद माओत्से तुंग के कम्युनिस्टों ने मुख्य भूमि पर कब्जा जमा लिया था। 1980 और 1990 के दशक में पूर्ण लोकतंत्र को अपनाने तक ताइवान में मार्शल लॉ लागू था, लेकिन वहां चीन से लाया गया मूल संविधान और चीनी गणराज्य का ध्वज भी कायम था। राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के आठ साल के शासन को जारी रखते हुए मई में पदभार संभाला। यह पार्टी ताइवान को चीन का हिस्सा मानने से इनकार करती है।

# समर्थन जुटाने ब्रिटेन और नाटो नेताओं से मिल रहे जेलेंस्की

- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और नाटो महासचिव से करेंगे मुलाकात

लंदन, एजेंसी

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस के खिलाफ युद्ध के लिए अपनी शांति योजना पर ब्रिटेन और नाटो के नेताओं के साथ बातचीत के लिए गुरुवार को लंदन पहुंचे। जेलेंस्की ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीअर स्टॉर्मर और नाटो महासचिव मार्क रूते से मुलाकात करेंगे। उसके बाद वह राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिलने के लिए पेरिस की यात्रा करेंगे।

जेलेंस्की ने कहा कि वह योजना पर चर्चा के लिए इस सप्ताह जर्मनी और इटली के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। जेलेंस्की को जर्मनी में पश्चिमी देशों के नेताओं और रक्षा मंत्रियों के साथ सप्ताहांत बैठक में अपनी योजना का खाका प्रस्तुत करना था लेकिन इस बैठक को स्थगित कर दिया गया क्योंकि



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने फ्लोरिडा में तूफान 'मिल्टन' के दस्तक देने के बाद देश में ही रहने का हवाला दिया था। जेलेंस्की ने बुधवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बैठक की तारीख जल्द ही फिर तय कर ली जाएगी।

## चीन में 30 करोड़ बुजुर्ग राष्ट्रपति बोले- देखभाल को प्राथमिकता दें

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गुरुवार को अपनी पार्टी को देश में बुजुर्गों की तेजी से बढ़ती आबादी पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया। चीन में बुजुर्गों की संख्या 30 करोड़ हो गई है, जिससे विवाह और जन्मदर में गिरावट के कारण जनसांख्यिकीय संकट बढ़ गया है। चीन की 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र की आबादी 2023 के अंत तक 30 करोड़ हो गई। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, अनुमान है कि यह 2035 तक 40 करोड़ से अधिक हो जाएगी और 2050 तक इसके 50 करोड़ पर पहुंच जाने की संभावना है। चीन में शुक्रवार को वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया जाता है। शी ने बुजुर्ग लोगों को शुभकामनाएं देते हुए सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की समितियों और सभी स्तरों की सरकारों से बुजुर्गों से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

# मानवाधिकार परिषद के लिए 18 नए सदस्य देश चयनित

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 47 सदस्यीय मानवाधिकार परिषद के लिए 2025-2027 के कार्यकाल के लिए 18 नए सदस्य देशों का चुनाव किया है। संयुक्त राष्ट्र ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि 18 देशों में बेनिन, बोलीविया, कोलंबिया, साइप्रस, चेकिया, कांगो, इथियोपिया, गाम्बिया, आइसलैंड, केन्या, मार्शल द्वीप, मैक्सिको, उत्तरी मैसेडोनिया, कतर, कोरिया गणराज्य, स्पेन, स्विट्जरलैंड और थाईलैंड शामिल हैं, जिन्हें मतदान द्वारा चुना गया है। इन सभी देशों को एक जनवरी, 2025 से तीन वर्षों के कार्यकाल के लिए चयनित किया गया है और उन सदस्य देशों का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त होने वाला है। सभी निवर्तमान सदस्य देश अर्जेंटीना, बेनिन, कैमरून, इरीट्रिया, फिनलैंड, गाम्बिया, होंडुरास, भारत, कजाकिस्तान, लिथुआनिया, लक्जमबर्ग, मलेशिया, मोंटेनेग्रो, पैराग्वे, कतर, सोमालिया, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका तत्काल पुनः निर्वाचन के लिए पात्र हैं, उन देशों को छोड़कर जिन्होंने लगातार दो कार्यकाल पूरे किए है।

### संरा ने टॉम फ्लेचर को नया मानवीय प्रमुख नियुक्त किया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने पूर्व ब्रिटिश राजनयिक टॉम फ्लेचर को विश्व निकाय का नया मानवीय प्रमुख नियुक्त किया। वर्तमान में ऑक्सफोर्ड के हर्टफोर्ड कॉलेज के प्रिंसिपल और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के कॉन्फ्रेंस ऑफ कॉलेजेज के उपाध्यक्ष फ्लेचर अपने ब्रिटिश साथी मार्टिन ग्रिफिथ्स का स्थान लेंगे।

## संरा के कई अधिकारी बांग्लादेश का करेंगे दौरा

**ढाका।** बांग्लादेश में संयुक्त राष्ट्र के उच्च अधिकारियों की यात्रा जल्द होने वाली है, जिसमें मानवाधिकार उच्चायुक्त वॉल्कर टर्क भी शामिल हैं। यह यात्रा बांग्लादेश में मानवाधिकार की स्थिति पर चर्चा करने और सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण होगी। 'ढाका ट्रिब्यून' ने बांग्लादेश और अमेरिका के अधिकारियों के हवाले से बताया कि उन्होंने अपनी यात्रा के दो मुख्य कारण बताए।पहला, नए अंतरिम प्रशासन की स्थापना और दूसरा बांग्लादेश की संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता का 50 वर्ष पूरा होना।श्री टर्क ने अगस्त में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस से मुलाकात की थी। न्यूयॉर्क की अपनी हालिया यात्रा के दौरान, प्रोफेसर यूनुस ने बांग्लादेश के खुशहाल और सफल भविष्य के लिए विदेशी सहयोगियों से सहायता मांगी थी।

# मरियम ने भारत से जलवायु कूटनीति का किया आह्वान

- दोनों देशों में प्रदूषण के कारण होने वाले स्मॉग के प्रभाव से निपटने की बात कही

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने दोनों देशों में प्रदूषण के कारण होने वाले स्मॉग के प्रभाव को कम करने के लिए भारत के साथ जलवायु कूटनीति का आह्वान किया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत और भारत के पंजाब राज्य के साथ-साथ उत्तर-पश्चिम भारत के कई अन्य इलाकों में लोगों को हर साल अक्टूबर से फरवरी के महीनों के दौरान भारी वायु प्रदूषण का सामना करना पड़ता है।

लाहौर और नयी दिल्ली नियमित रूप से इस मौसम में दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में शामिल होते हैं, जब किसान सर्दियों की फसल की तैयारी से पहले पराली जलाते हैं। मरियम ने बुधवार को जलवायु परिवर्तन 'लीडरशिप इंटर्नशिप' कार्यक्रम में कहा, भारत और पाकिस्तान दोनों को पंजाब को स्मॉग से निपटने के लिए संयुक्त प्रयास करने चाहिए।

### धुएं और कोहरे के संयोजन को कहते हैं स्मॉग

धुएं और कोहरे के संयोजन को स्मॉग उपनाम से जाना जाता है। यह एक विशिष्ट घटना है जो तब होती है जब कुछ प्रदूषणकारी सूक्ष्म कण ठंडी, नम हवा के साथ मिल जाते हैं और जमीन के करीब रह जाते हैं, जिससे दृश्यता कम हो जाती है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं।

## मुइज्जू ने आर्थिक सहायता के लिए भारत का जताया आभार

**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत की आर्थिक सहायता एवं लगातार समर्थन के लिए गुरुवार को आभार जताया। पत्नी साजिदा मोहम्मद के साथ भारत की पांच दिन की राजकीय यात्रा समाप्त कर वापस लौटे राष्ट्रपति ने मालदीव को, विशेष तौर पर मुश्किल समय में, आर्थिक सहायता देने और लगातार समर्थन करने के लिए भारत के प्रति आभार जताया। पदभार ग्रहण करने के बाद मुइज्जू की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निमंत्रण पर यह पहली भारत यात्रा थी। यात्रा के दौरान, मुइज्जू ने राष्ट्रपति मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत सरकार के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठकें कीं।


खगोल विज्ञान | चट्टानी एक्सोप्लैनेट वातावरण का पता लगाने की विधि खोजी

# पृथ्वी जैसे जीवनयोग्य ग्रहों का पता लगाना होगा आसान

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने चट्टानी एक्सोप्लैनेट वातावरण का पता लगाने का एक नया तरीका खोज निकाला है। नई तकनीक से पृथ्वी जैसे जीवनयोग्य ग्रहों का पता लगाना आसान हो जाएगा। शिकागो विश्वविद्यालय के पीएचडी छात्र किआओ जू के नेतृत्व में नई विधि खोजी गई है। ज्ञात हो अब तक खोजे गए एक्सोप्लैनेट की कुल संख्या 5288 है।

उनमें से कई चट्टानी, पृथ्वी जैसे एक्सोप्लैनेट हैं लेकिन उनमें से किसी में भी वायुमंडल नहीं है। साथ ही अनेक गैसीय हैं। चट्टानी ग्रहों के वातावरण का पता लगाना बड़ा चुनौतीपूर्ण कार्य है । मगर शोधकर्ताओं की टीम का मानना है कि अब उन्हें नई सरल तकनीक मिल गई हैं। इसमें ग्रह के पीछे से गुजरने से ठीक पहले किसी तारे और एक्सोप्लैनेट के संयुक्त तापमान को मापा जा सकता श है। इस विधि से ग्रह के तापमान व वातावरण का आसानी से पता लगाया जा सकता है। नई तकनीक से सुदूर तारों के आसपास अन्य ग्रहों को खोजने से ब्रह्मांड में जीवन की संभावना के बारे में और अधिक समझने में मदद मिल सकती है। जिससे जीवनयोग्य ग्रह की जानकारी संभव हो सकेगी। आधुनिक खगोल विज्ञान में किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश सर्वाधिक रोमांचक चुनौती है। नई तकनीक की पुष्टि के लिए वैज्ञानिकों ने 41 प्रकाश वर्ष दूर जी जे 1132 बी नामक ग्रह का अध्ययन किया। अध्ययन के बाद निष्कर्ष निकाला कि इस ग्रह ओर वायुमंडल नहीं है। ग्रह के तापमान की गणना के बाद नई तकनीक की पुष्टि हो सकी।



इस तरह से पता लगेगा किसी भी ग्रह के वातावरण के बारे में।

### अधूरी है जीवन की तलाश

किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश का सपना अभी तक साकार नही हो सका है। कई दशकों से खगोल वैज्ञानिक जीवन योग्य ग्रह की तलाश में जुटे हैं। कई ग्रहों पर सूक्ष्म जीवन की पुष्टि हुई है, लेकिन मानव जैसे बुद्धिमान जीवन की तलाश नही हो सकी है। वैज्ञानिकों को पूर्ण विश्वास है कि इतने विशाल में हम अकेले नही हो सकते।